SHRĪ MAHĀVĪRA COMMEMORATION VOLUME.

VOLUME I.

1948-49

श्री महावीर स्मृति ग्रन्थ।

(भाग १)

(१९४८-४९)

EDITORIAL BOARD :—

1. Dr. Bimala Churn Law, M. A., B. L., Ph. D., D. Litt., F. R. A. S., Calcutta.
2. Prof. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt., Kolhapur.
3. Shrī Raoji Nemchand Shah; B. A., B. L., Sholapur.
4. Shrī Kāmtā Prasād, Jain, M. R. A. S., D.L., Aliganj (Chief Editor),

सम्पादक मन्डल:—

प्रधान सम्पादक :—

श्री कामता प्रसाद जैन, अलीगंज (एटा)

सन्माननीय सम्पादकगण :—

१. श्री डॉ० विमलाचरण लाहा, एम. ए., पी-एच. डी., डी. लिट., कलकत्ता

२. प्रो. आदिनाथ नेमनाथ उपाध्ये, एम. ए., डी. लिट., कोल्हापूर

३. जैन वाङ्मयप्रदीप श्री रावजी नेमचंद शहा, वकील, सोलापूर

प्रकाशक

महावीर जैन सोसायटी, आगरा

प्रकाशकीय वक्तव्य

श्री महावीर स्मृति ग्रन्थ प्रकाशनकी योजना आग्राकी महावीर जैन सुसाइटीने सन् १९४८ में स्वीकार की थी। और यह ग्रन्थ उस वर्ष ही श्री महावीर जयन्ती पर प्रकाशित होनेको था; परन्तु छपाई की समुचित व्यवस्था न हो सकने के कारण देरसे प्रकाशित हो रहा है। इसके लिए हम प्रिय पाठकों एवं माननीय लेखकों को निकट क्षमा प्रार्थी हैं।

इस प्रकाशनके लिए हम ग्रन्थके प्रधान सम्पादक बन्धुवर श्री 'कामताप्रसादजी अलीगंज निवासीके अत्यन्त कृतज्ञ हैं; जिन्होंने न केवल लेख चयन करनेमें ही परिश्रम किया है बल्कि प्रेसका प्रबन्ध तथा प्रूफ संशोधन आदि प्रकाशन सम्बन्धी सभी कार्य करनेकी उदारता दिखाई है।

ग्रन्थके अन्य सन्माननीय सम्पादकों एवं माननीय लेखकोंकाभी हम आभार स्वीकार करते हैं जिन्होंने अपनी अमूल्य कृतियाँ प्रकाशनार्थ देकर हमें अनुग्रहीत किया है।

यदि ग्रन्थसे पाठकोंको भगवान महावीर और उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तोंके सम्बन्धमें जानकारी और रुचि पैदा होगी तो हम अपना परिश्रम सफल समझेंगे।

मंत्री

महावीर जैन सोसायटी, आग्रा

सम्पादकीय वक्तव्य

प्रस्तुत ग्रन्थका प्रकाशन गतवर्ष श्रीमहावीर-जयन्तीके सुअवसर पर हो जाना निश्चित था, परन्तु प्रेसकी कठिनाईके कारण वह इतने समयके पश्चात् प्रकाशित हो रहा है। हमें यह प्रगट करते हुये हर्ष है कि श्रीमहावीर जैन सोसायटी आगराका यह उद्योग सफल हो रहा है और यह अपने ढंगका पहला और निराला प्रयत्न है। इसके लिये सोसायटीके कार्यकर्तागण हार्दिक बधाईके पात्र हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थके लिये संसारके लब्धप्रतिष्ठ विद्वानोंने और हमारे सन्माननीय सहयोगी संपादक महोदयोंने जो हमें सहयोग प्रदान किया है, उसके लिये हम उनका आभार स्वीकार करते हैं। अंग्रेजी लेखोंका भाव हिन्दीमें दे दिया गया है कि जिससे हिन्दी विज्ञ पाठक उनके लाभसे वंचित न रहें। आशा है, हमारा यह तुच्छ प्रयत्न हिन्दी साहित्यके गौरवशाली भंडारमें समुचित स्थान प्राप्त करके लोकका कल्याण करनेमें सफल होगा.

अलीगंज, जिल्हा एटा;
२१-११-१९४९

कामता प्रसाद जैन
प्रधान संपादक

EDITOR'S NOTE.

In 1948 we desired to bring out a Volume, containing learned articles on the life and teachings of Lord Mahāvīra, the last Tīrthaṃkara of the Jainas, under request of the Secretary of Shrī Mahāvīra Jaina Society of Agra. But owing to printing restrictions and other handicaps, it was delayed. Although a delayed publication, we have the pleasure of bringing it out under the title of "Shrī MAHĀVĪRA COMMEMORATION VOLUME" in its present form, containing learned contributions from the pens of distinguished scholars from all over the world. Thus gratified we are to achieve our long-cherished desire. The dream of our Society has come out true.

It is the first attempt of its kind and our aim to bring it out has been simply to spread right knowledge about the great personality and sublime teachings of the last Tīrthaṃkara, who was the greatest of the Apostles of Ahiṃsā—Ahiṃsā which is the only panacea for all the ills from which modern humanity is suffering. Hence we hope that our humble effort will be appreciated by our readers.

We take this opportunity to convey our grateful thanks to our all contributors and our co-editors, specially Bro. R. N. Shah, who have spared no pains to make the publication a success.

Our hearty congratulations to the Mahāvīra Jaina Society of Agra for publishing a work of cultural value of the kind.

May the light of Truth and Ahiṃsā pervade the universe and may happiness prevail around the world.

KĀMTĀ PRASĀD JAIN,
Chief Editor.

Aliganj, (Etah), U. P.
INDIA.
21-11-1949.

विषय-सूची।

(CONTENTS)

		पृष्ठ
	प्रकाशकीय वक्तव्य । सम्पादकीय वक्तव्य ।	अ
	Editor's Note	आ
	विषयसूची	१
	Prof. Einstien's Message	
	नमस्कार सन्मति वाणी को—(कविता) सौ. सरोजिनीदेवी जैन, कायमगंज	
१.	सन्देश और श्रद्धांजलियां	१–८
	(Tributes and Messages):—	
१.	अहिंसाके अवतार—म. गांधी	२
२.	Lord Mahāvīra's Message—Dr. Tagore	२
३.	जन-जीवनके भगवान (कविता)—श्री. मुकुल	३
४.	सन्देश (Message from H. E. The Governor of Bihar)	५
५.	माननीय लाठे सा.का सन्देश	६
६.	Lord Mahāvīra's Message of Universal Love—Dr. W. H. Talbot	७
२.	भ. महावीर : जीवन-ज्योति एवं अध्ययन	११–१००
	(Life Studies of Lord Mahāvīra):—	
१.	चिर अतीतके धर्मवीर उतरो नूतन बन (कविता)—श्री. शिवसिंह चौहान 'गुञ्जन'	११
२.	भ. महावीर और उनकी विचारधारा—ले. श्री. प. कैलाशचंद्रजी शास्त्री, काशी	१३
३.	ऋषभदेव और महावीर— (सचित्र Fig. I) श्री. कामताप्रसाद जैन, अलीगंज	१८
४.	राम और महावीर—श्री. अयोध्याप्रसादजी गोयलीय, डालमिया नगर	२२
५.	महावीर हनूमान और तीर्थंकर वर्द्धमान—(सचित्र). (Figs. II & III) —कुमार वीरेन्द्र प्रसादजी अलीगंज	२६
६.	कृष्ण और महावीर—श्री. हरिसत्य भट्टाचार्य, एम. ए., पी-एच. डी., हावडा	२८
७.	महावीर और बुद्ध—श्री. कामताप्रसाद जैन अलीगंज	३१
८.	तुम सफल अराधना—(कविता) श्री. ज्ञानचंद्र अल्या	३७
९.	भ. महावीर और म. गांधी—श्री. का. प्र.	३८
१०.	गुञ्जरित होगा अहिंसक वीरके सन्देश का रव—(कविता) श्री. शशिजी	४१
११.	ज्ञातृपुत्र भ. महावीरकी जन्मभूमि वैशाली—महापंडित श्री. राहुल सांकृत्यायनजी प्रयाग	४२
१२.	भ. महावीरकी निर्वाणभूमि पावाकी स्थिति—श्री. डॉ. राजबलि पांडेय, एम. ए., डी. लिट., काशी	४५
१३.	भ. महावीरका निर्वाणोत्सव और दीपमालिका—श्री. पी. के. गोडे, पूना	४९

१४. *Mahāvīra : His Life and Work*—by Dr. Bool Chand, M. A., Ph. D., Bombay ६०
१५. *The Last Teacher*—by Śrī W. George Trott, Bovingdon, (England) ६६
१६. *Socialism and Śrī Vīra*—by Dr. H. Bhattāchārya, M. A., B. L. : Ph. D., Howrah ६८
१७. *Lord Mahāvīra*—by Śrī L. A. Phaltane, B. A., LL. B., Islampur (Satara) ७२
१८. *Significance of the name Mahāvīra*—by Śrī K. P. Jain, Aliganj ८०
१९. *Lord Mahāvīra Vardhamāna*—by Śrī L. A. Phaltane ८६
२०. विश्वविभूति भ. महावीरकी जयन्ती (कविता) श्री. सुरेन्द्र सागरजी प्रचंडिया ९०
२१. *Date of the Nirvāṇa of Lord Mahāvīra*—by Śrī M. Govind Pai, Manjeshwar ९१

३. धर्म्म और सिद्धान्त १०१-१६६
(Jaina Religion and Philosophy):—
२२. जैनधर्मकी विशिष्टता—श्री. प्रो. बलदेव उपाध्याय, एम. ए., साहित्याचार्य, काशी १०३
२३. भगवानका धर्म—श्री. प्रो. दलसुख मालवणिया, हिंदू विश्वविद्यालय काशी १०९
२४. जैनधर्मः विश्वधर्म—श्री. प्रो. हेल्मुथ फॉन ग्लॉस्नाप्प, पी-एच. डी., जर्मनी ११२
२५. जैनधर्म : भौतिक जगत और विज्ञान—श्री. नंदलाल जैन, बीएस. सी., काशी ११६
२६. जैनधर्म क्या है ?—श्री. अजित प्रसाद, एम. ए., एलएल. बी. १२९
२७. वीर सद्धर्म सन्देश (कविता) श्री. नाथूरामजी प्रेमी १३०
२८. भ. महावीरके धर्ममें क्रियाकांडकी वैज्ञानिक स्थिति—श्री. नाथूलालजी जैन, १३१
२९. जैनधर्ममें जातिवाद—श्री. चैनसुखदासजी न्यायतीर्थ, जयपूर १३८
३०. *Jaina Teachings and Ahimsā*—Śrī Matthew McKay, Brighton (England) (सचित्र) १४२
३१. *Jaina Doctrines of the last Arhat*—Śrī Herbert Warren, London (सचित्र) १४९
३२. *Essence of Jainism*—Dr. B. C. Law, M. A., B. L., Ph. D., D. Litt. १५१
३३. *The Jaina View of Ahimsā*—Dr. Harisatya Bhāttachārya, M. A., B. L., Ph. D. Howrah १६०

४. जैन साहित्य और कला १६७-२३८
(Jain Literature and Art):—
३४. जैनविद्या—श्री. डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, एम. ए., डी. लिट्., दिल्ली १६९
३५. सन्तसाहित्य और जैन अपभ्रंश ग्रंथ—श्री. हजारीप्रसादजी द्विवेदी, एम. ए., साहित्याचार्य शान्तिनिकेतन १७४
३६. जम्बूस्वामी चरित्र—श्री. प्रो. रामसिंहजी तोमर, एम. ए., प्रयाग १७८
३७. जिनवाणी (कविता)—कविवर वृंदावन १८२
३८. जैनस्तूप और पुरातत्व—श्री. नीलकण्ठ पु. जोशी, लखनऊ १८३

३९. मथुराका देवनिर्मित बौद्ध स्तूप—(सचित्र) श्री. कृष्ण दत्तजी वाजपेयी, एम. ए., मथुरा १८८
४०. प्रयाग संग्रहालयमें जैन मूर्तियाँ—(सचित्र) (Figs. IV—XI) श्री. सतीश चन्द्रजी काला एम. ए. प्रयाग १९२
४१. जैन ज्योतिषकी व्यवहारिकता—श्री. पं. नेमिचन्द्रजी जैन ज्योतिषाचार्य, आरा १९६
४२. विदेशोंमें प्राकृतका प्रचार—श्री. डॉ. बनारसीदासजी जैन, एम. ए., पी-एच. डी., लुधियाना २०३
४३. *Māgadhī, Ardhamāgadhī and Sanskrit*—Dr. S. K. Belvalkar, M. A., Ph. D., F. R. A. S., Poona २०७
४४. *The Contribution of Jainism to Indian Culture*—Śrī T. K. Tukol, M. A., B. L., Special Officer, Political Dept., Bombay २१३
४५. *Kṣetrapāla in Jain Iconography*—(सचित्र Figs. XII-XIII) Śrī Umākānt P. Shah, M. A., Baroda २२१
४६. *The Tree of Life and Other Group Symbols of Jain Art*—Prof. Asoka Kumāra Bhattāchārya; M. A., Calcutta २२७
४७. विश्वविभूति भ. महावीरकी ज्ञानसाधना (कविता)—श्री. प्रचंडिया २३८

५. जैन समाज और इतिहास २३९--२७८
(Jaina Community and History):—
४८. जैनधर्म और समाज—श्री. ए. एन. उपाध्याय, एम. ए. डी. लिट. कोल्हापूर २४१
४९. वे वर्द्धमान (कविता)—कवि ' तन्मय ' बुखारिया २४७
५०. भ. महावीरकी महिला समाजको देन—श्री. " स्वतंत्र " सूरत २४९
५१. *Karanāṭaka South and Jaina Tradition*—by Prof. D. R. Bendre, M. A., Sholapur २५३
५२. *Koṇḍakundācārya's Birth Place*—Dr. B. A. Saletore, M. A., D. Litt., Ahmedabad २५७
५३. पव्वइया नगरी—इतिहासमहोदधि श्री. विजयेन्द्र सूरी २५९
५४. *Jaina Code and Jainism*—Śrī R. N. Shah, B. A., B.L., Sholapur २६१
५५. वीर वन्दना (कविता) श्री. बीरेन्द्र कुमार, एम. ए., २७२
५६. प्राचीन हिंदी गद्यका अभावः उसके कारण—श्री. प्रेमनारायणजी टंडन, साहित्यरत्न, एम. ए. २७३
५७. भ. महावीर (कविता)—श्री. रामकृष्ण ' मुज्तर ' ककोड २७८

६. अहिंसा और विश्वशान्ति २७९–३३६
(Ahimsā and World Peace)
५८. अहिंसा और विश्वशान्ति—माननीय गवरनर महोदय मध्यप्रान्त २८१
५९. ओ वर्धमान (कविता)—श्री. सुरेन्द्रसागर जैन प्रचंडिया, कुरावली २८२

६०. भगवानके अहिंसा धर्ममे अशान्ति मेंटनेकी शक्ति—श्रीमान् स्व० चम्पतरायजी विद्याबारिधी २८
६१. हे मुक्तिदूत—श्री. नरेशचन्द्र 'हेम' २८६
६२. विश्वकी विभूति (कविता)—श्री. प्रचंडिया २८७
६३. मांसाहार एवम् पैशाचिक बुद्धिहीनता—श्री. डॉ. किशोरीलाल वर्मा, M. O. अलीगंज २८९
६४. *The Way to Salvation*—Śrī Walter Leifer, Germany २९३
६५. *World Peace*—by Miss McDowell २९५
६६. *Establishment of World Peace*—by Prof. Hira Lal R. Kapadia, M.A. Surat २९८
६७. *The Urgent Necessity of Universal Love and Non-Violence*—Śrī Thomas H. Lawrence, Liverpool (England) ३०२
६८. *Ahimsā in Sino-Indo Culture*—Prof. Tan Yun-Shan, Śāntiniketan ३०५
६९. *Ahiṃsā : The Crest Jewel of Indian Religion and Ethics*—Prof. P. K. Gode, M. A., Poona ३१७
७०. *Thoughts for World Peace*—Mrs. E. Kleinschmidt, Downer's Grove, U. S. A. ३२२
७१. *Vegetarianism vs. Insanity*—Dr. W. H. Talbot, Fareham (England) ३२५

चित्र सूची

(ILLUSTRATIONS)

१. भगवान महावीर (तिरंगा) मुखपृष्ठ
२. तीर्थंकर ऋषभ और महावीर (Fig. I) १८
३. भ. महावीर की आमली क्रीडा (,, II) २६
४. सर्वतोभद्रिका जिन प्रतिमा (,, III) २७
५. श्री. मैथ्यू मैके (अंग्रेज जैन बन्धु) (Mr. M. McKay) १४६
६. श्री. डॉ. विलियम टॉल्बोट (Dr. W. H. Talbot) १४७
७. बोद्धस्तूपका शिलालेख १८८
८-१५. प्रयाग संग्रहालयकी जिन मूर्तियां (Figs. IV—XI) १९२-१९५
१६-१७ क्षेत्रपाल (Figs. XII-XIII) २२०-२२१
१८. श्रीमती क्लीनस्मिथ (Mrs. E. Kleinschmidt.) ३२२
१९. श्री हर्बर्ट वेरन (अंग्रेज जैन बन्धु) (Mr. H. Warren) ३२२
२०. श्री. वाल्टर लाइफर (Herr Walter Leifer) ३२२
२१-२२. मथुरा संग्रहालयकी जिन प्रतिमायें ३२३

Message from Professor Albert Einstien to the World Pacifist Meeting.

The initiative of India which finds such a vivid expression in this Congress is a new and welcome proof that Gandhi's great original idea has deeply affected the thinking of his people. Brutal force cannot be met successfully for any length of time with similar brutal force, but only with non-cooperation towards those who have undertaken to use brutal force. Gandhi recognized that this is the only solution of the vicious circle in which the nations of the world have become caught. Let us do whatever is within our power, so that all the peoples of the world may accept Gandhi's gospel as their basic policy before it is too late.

ALBERT EINSTEIN.

Princeton, New Jersey,
November 2nd, 1948.

नमस्कार सन्मति–वाणीको !

(रचयिता—श्री सौ० सरोजिनीदेवी जैन)

(१)

कवि नहीं कल्पना कर सकता;
लेखककी रुकी लेखनी है !
वक्तागण भी असमंजस—
में; शैलीभी नहीं बनी है !!

(२)

तब सहसा मुखसे निकला यह,
' जो शब्द कहे सब व्यर्थ रहे !
और बुद्धिमान ज्ञाता नरभी—
समझानेमें असमर्थ रहे ! '

(३)

वह निरक्षरी वाणी प्रभुकी !
शब्दोंसे कैसे करूं व्यक्त ?
उसके रहस्यका अनुभवसे–
कर सकते हैं ज्ञान, भक्त !!

(४)

गौतम गणधरभी कहते कहते,
कह गये कि बतलाना दुर्लभ !
तात्पर्य ' सुख-साधन उत्सर्ग
वैसा, जैसा करता है शलभ !! '

(५)

उस विस्तृत वाणीका आंशिक,
दर्शन होता है इस युगमें;
दर्शनसे कुछ शुभ स्वभाव
जागृत होते जीवन-मगमें !

(६)

वह वर्द्धमानकी वाणी है,
वृष-पथ-दर्शक प्रति प्राणीको;
श्रद्धा सहित झुका कर मस्तक,
नमस्कार सन्मति-वाणीको !

SHRI AILAK PANNALAL D... JIN SARASVATI BHAVAN
श्री ...
झालरापाटन सिटी.
JHALRAPATAN CITY.

सन्देश और श्रद्धाञ्जलियां।

(TRIBUTES & MESSAGES)



श्रद्धाञ्जलि

" श्रीमन्महावीरी विजयका गान करना चाहिये।
तल्लीन होकर आज उनका ध्यान करना चाहिये॥
जिनदेवके उपकारका सम्मान करना चाहिये।
उनके पगों पर प्राण अपना दान करना चाहिये॥

—पं० रामचरित् उपाध्याय।

(१)

अहिंसाके अवतार !




"भ० महावीर अहिंसाके अवतार थे। उनकी पवित्रताने संसारको जीत लिया था।....महावीर स्वामीका नाम इस समय यदि किसीभी सिद्धान्तके लिये पूजा जाता हो, तो वह अहिंसा है।....प्रत्येक धर्मकी उच्चता इसी बातमें है कि उस धर्ममें अहिंसातत्वकी प्रधानता हो। अहिंसा-तत्वको यदि किसीने अधिकसे अधिक विकसित किया हो, तो वे **महावीर स्वामी** थे।"

—म० मोहनदास कर्मचंद गांधी।

(२)

Lord Mahāvīra's Message of Salvation.



"Mahāvīra proclaimed in India, the message of salvation that religion is reality and not a mere convention, that Salvation comes from taking refuge in that true religion and not from observing the external ceremonies of the community; that religion cannot regard any barriers between man and man as an eternal verity. Wondrous to say, this teaching rapidly overtopped the barriers of the race's abiding instinct and conquered the whole country."

—Dr. Rabīndranātha Tagore

(३)

प्रेमके महावीर !

"वे महावीर अर्थात् महान् विजयी—इतिहासके सच्चे महापुरुष हैं। वे उद्धतता और हिंसाके नहीं, किन्तु निराभिमानता और प्रेमके महावीर थे।"

—साधु टी. एल. वास्वानी।

—जन-जीवनके भगवान—

सत्य-अहिंसाके पथदर्शक, जय जन-जीवनके भगवान।
आज वंदनाके स्वर लेकर, करें तुम्हारा हम आह्वान॥
राष्ट्र-राष्ट्र हिंसक बनकर अब सर्वनाशके हेतु बने;
एक तुम्हारेही इंगितपर, विश्व-शांतिका सेतु बने॥
धधक रहा है घरका आंगन लपटें झपट रहीं विकराल।
यौवन जरा भेद नहीं जाने, मृत्यु दे रही निर्भय ताल॥
नारीका सौन्दर्य शाप बन, आज दे रहा पाप महान्।
कौन-किसीकी लज्जा रखले, कौन अभयताका दे दान?
तुम्हीं एक थे सच्चे स्वामी, सच्चे सेवक जन जनके।
आज अंधेरी काल रात्रिमें, तुम्हीं दीप हो मन मनके॥
गांधी सा अनुगामी तेरा, ईसा जैसा शिष्य पुनीत;
प्राण गंवाकर भी जिनने, अंतिम सांसो तक गाये गीत॥
तूने भेदभावकी उठती, दीवारोंको गिरा दिया।
ऊँच-नीचका भेद हटाकर, दानवताको हिला दिया॥
"करुणा-शान्ति विश्वकी रक्षक," कहकर मंत्र बताया एक।
जन जनको स्वातन्त्र्य दिलाकर, रखली मानवताकी टेक॥
सुलगातीं हैं आज शक्तियाँ, महानाशकी ज्वालाएं।
किंतु तुम्हारी शक्ति महाप्रभु, मिटा रही भव बाधाएं॥
आज तुम्हारी स्मृति लेकर हम, सोच रहे हैं विधि तत्काल।
कैसे हिंसाकी हिंसा कर, मेटें भव भवके जंजाल॥
तुम न हुए होते तो स्वामी, मानव दानव बन जाता।
तुम न हुए होते तो स्वामी, विश्व नर्कही बन जाता॥
आज तुम्हारेही कारण तो जीवन जीवन कहलाता।
आज तुम्हाराही प्रकाश, तम भरे मार्ग है दिखलाता॥
मानवता लौटेगी फिरसे, महावीर स्वामी आओ।
वसुधाको कुटुम्ब कर डालो, अपनी करुणा बरसाओ॥

—कविवर "मुकुल"

सन्देश

(श्रीमान् गवर्नर महोदय बिहार प्रान्त)

श्रीमान् माननीय एम. एस. अणे महोदय, (बिहार प्रान्तके गवर्नर) ने निम्न-लिखित सन्देश अंग्रेजीमें लिखकर भेजनेका अनुग्रह किया है ! श्री गवर्नर महोदयकी इस कृपाके लिये हम उनके आभारी हैं। आपने अपने संदेशमें बताया है कि महापुरुषोंकी आध्यात्मिक प्रेरणासेही मानव अपनी उन्नति करता आया है। ऐसे महापुरुष किसी एक समय अथवा एक देशमेंही नहीं जन्मते बल्कि वे प्रत्येक समय और प्रत्येक देशमें जन्म लेते है। उन सबका कार्य एक यही होता है कि वे मानवको उसका कर्तव्य सुझाएं, जिससे वह सुखी हो सके। इन महापुरुषोंको लोग अवतार अथवा आचार्य कह कर पुकारते हैं। भगवान महावीर मानव समाजके ऐसे महान शिक्षकोंमेंसे एक थे। उन्होंने अहिंसा और दयाका उपदेश दिया था, जिससे लोग भोजन एवं देवार्चामें पशुपक्षियोंकी हिंसा करना भूले थे। किन्तु उन्होंने अहिंसा सिद्धान्तको उससेभी बहुतही आगे बढाया और ऐसे चारित्र-नियम निर्माण किये कि कोईभी मानव एक कीडे तककी हिंसा मनवचनकायसे न करे। भ. महावीरकी शिक्षामें अहिंसा और संयमके सिद्धांतोंका विकास चरम सीमाको प्राप्त हुआ था। आज बहुतसे जैनी बडे २ व्यापारी हैं और उद्योगधन्धा करते हैं। उनमें कोई कोई चींटियोको शकर चटाते हुएभी मिलते हैं। किन्तु उन्हीमेंसे कभी कभी कोई जैनी अपने दैनिक व्यवहारमें अन्याय करते और अनुचित लाभ उठानेकी त्रुटि करते हैं। वे धर्मकी शाब्दिक पालना करते हैं— उसके भावको ग्रहण नहीं करते, किन्तु भावहीन द्रव्यपालना तो पाखंडको जन्म देती है, जो हिंसाकाही दूसरा रूप है ; महावीर जैसे महापुरुषोंने मानवके दैनिक जीवनको धर्मसे अनुप्राशित करनेके लिएही इन सिद्धान्तोंका प्रचार किया था। दैनिक व्यवहार और धर्म-सिद्धान्त साथ २ चलना चाहिए वरन् मानव जाति एक भयंकर चक्रमें फंस जायगी। यह समय है जबकि मानवोंको महावीर जैसे आचार्योंकी शिक्षाओं और कार्योंकी याद दिलाई जाय। आज यू. एन. ओ. जैसी अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओंका जन्म बडे २ सिद्धान्तोंके नामपर हुआ है; किन्तु व्यवहारमें उनके सदस्य अपने स्वार्थके कारण उन सिद्धान्तोंपर दृढ नहीं रहते। भगवान महावीरके अनुयायीं मानव समाजकी बडी सेवा करेंगे यदि वे ऐसी संस्थाको जन्म देनेमें सफल हों जो अहिंसा, सत्य और संयम जैसे सुन्दर चारित्रनीयमोंका पालन दृढतासे मानव जीवनमें करा सके। क्या जैनी गवर्नर महोदयके इस सामयिक चेतावनीसे सुबोध लेंगे ? —सं०

MESSAGE FROM H. E. THE GOVERNOR OF BIHAR

Governor's Camp, Bihar.

July 23, 1948.

Man's progress has always been due to the effort of some highly spiritual personalities who have graced the earth with their presence now and then. Such outstanding personalities are not necessarily born in one country or at one time. If we read the history of man's progress in the world we find that they have been born at different times and in different countries. Yet the work of them all is ultimately to make the world happier by making the man conscious of his duties towards those among whom he lives. These great personalities are generally known as awatārs, incarnations or prophets, founders of religion or teachers of mankind, āchārya or muni. Mahāvīra was one of such great teachers of humanity. The religion of mercy and non-violence was preached by Him firstly to dissuade people from indulging in indiscriminate slaughter of animals and birds for the sake of their food or for propitiating their gods. But He did not stop there ; He carried the doctrine to its logical end and insisted upon men and his followers to observe a code of conduct in which scrupulous attention has been paid to avoid physical or mental violence to anybody, even the meanest creature crawling on the earth which may come in contact with him. The doctrine of non-violence, mercy and forbearance reached in Mahāvīra's teachings its highest expression. Many people, who profess to be the followers of Jainism, of which Mahāvīra was the most pious and brilliant exponent, are engaged in big industries and money-making business. Some of them are seen at the end of the day's work moving about in open spaces round the town in search of ant-hills and spreading on the ground a pinch of sugar to feed the little creatures. But if we scan the nature of the daily transactions in which they are engaged, we may find some of them, if not all, guilty of unfairness and injustice to those who have to deal with them. This indicates that they try to conform to the teachings of Mahāvīra by observing only the letter of the law and not the spirit of it. Adherence to the form at the cost of the spirit brings about a downfall as it encourages hypocrisy and sycophancy, which is nothing but violence in another form. Great men like Mahāvīra urge these principles in order to create harmony between the principles which they accept in the name of religion and the worldly transactions which they carry on for the sake of making worldly gains. In a way there is a gap between morality and practice. Great teachers of humanity like Mahāvīra have come down to bridge up this gap. Principle and practice must go together, otherwise mankind will be precipitating towards a great crisis. There is need for reminding men of the work and teachings of prophets like Mahāvīra at the present time. Institutions like the United Nations Organisation and other international associations are created in the name of very high principles, but

(*Continued on next page*)

Lord Mahāvīra's Ahimsā : A Golden Mean!

(MESSAGE)

There is a general awakening among the people of all countries in the world regarding the principle of Ahimsā and much of the credit of this awakening must naturally go to Mahatma Gandhi. But, I fear, there is more sound than substance in the homage which people are today paying to the principle which Lord Mahāvīra taught. It is not easy to say why we talk so much about Ahimsā while we allow that principle to affect our life and conduct to such a negligible extent. One reason may be that Ahimsā as taught by Lord Mahāvīra and his disciples has not been studied and taught with the care with which the Āchāryas have propounded the principle many generations ago. I hope the volume you are editing will explain the principle in all its aspects with a view particularly to explain its applications to life in the present-day world. On the one hand we have what we may call the extreme view of those who say that complete Ahimsā can be and should be observed in conduct even by those who cannot free themselves completely from the duties of worldly life : at the other end come the majority of the people who believe in the rule of might and in the principle that the stronger should swallow the weaker. The first extreme is impracticable, while the second is thoroughly immoral. I think that the Ahimsā as preached by Lord Mahāvīra avoids both the extremes and strikes the golden mean which is a path of progress of the Soul to its final liberation.

I wish your volume all the success which you and Sjt. Kamta Prasad so richly deserve.

Yours Sincerely,

Sd. A. B. LATTHE, M.A., LL.B.,

Constitutional Adviser to H. H. Chhatrapati

Maharaj, Kolhapur

(*Continued from 5 page*)

the members do not show the same regard for the principles when they are called upon actually to apply them in the worldly affairs in which their own interests are involved. Those who are followers of Mahāvīra will be doing a great service if their endeavour will succeed in creating an organisation that will stand rigidly for observance of the rules of morality, non-violence, truth and forbearance in all spheres of human activity.

M. S. ANEY,

Governor of Bihar.

Lord Mahāvīra's Message of Universal Love!

By Dr. William Henry Talbot, Fareham (England)

The name of Mahāvīra and 'Ahimsā' culture, is replete with Peace-unutterable, the Bliss embodied in such seed name vibrations. Holy, Holy, Holy Art Thou Mahāvīra and Thy Co-Conquerors. The example of Thy Victory is the measure for which mankind and indeed all life imprisoned in matter can aspire.

I cry to Thy shell or imprint indelibly left on unconscious Mind of this world, to which mind all mankind are co-heir, that Thou voluntarily vacate Thy throne of omniscience and return to the tortured world, that Thou overcome in the East and again show us this time in the West – the Nadir of human habitation – how to meet the full fury of frustrated desire.

In the East the climate is in harmony with food of one sense life but not in the West.

In the East thought is not tantamount to its material fulfilment as in the West.

In the West we cannot differentiate between the shadow and the substance and we hurt each other in the name of love.

In the West our religion is mockery and there is no health in us.

Otherwise-cause to be sent to us in the West such an Exhibition, Demonstration, Exhortation, or even Dictation of 'Ahimsā' culture as will, by its intensity, proclivity and sheer concentrated power become a Solvent of our case-hardened materiality.

Embraced in simplicity, the "hallmark of Ahimsā culture" against what could one rebel! The harshness of outline becomes merged into Unity. Boundary or limitation imposed by desire, no longer in evidence. The life and teachings of our Lord Mahāvīra will surely demonstrate the path to this end and we welcome the English Version – the end product – of Eastern initiated thought, and demonstrated practice.

There was a period when the West sent chicken out to forage for themselves, they now have returned to roost, we do not recognise them now as chicken but as Monsters and their sharpened claws or spurs have now no one to sharpen themselves on but their progonitions, we twist and turn and writhe in our self-determined agony and cry in no uncertain manner for surcease from our travail.

Our mucous membranes are constipated obstruction to vital energy is present in our physical bodies, friction therein impedes our progress and we have yet to learn that the body is healthy only when "*One Govtt.*" is in control of the whole world – or body, with "*One Language*" too completed, when "*One Wage*" is paid to all the cells, whether they be executive cells or scavengers.

What should one expect or demand, that all others cannot possess, or have little or no opportunity of doing so? Does the father say to his child — "I am stronger than you, so I will take the lion's share"? Should the

executive say to the Workman : ' I am more advanced than you, therefore, I am entitled to greater possession ' or should he say, ' the greater possessions are yours, you too become an executive when they automatically will pass again to the weaker ' ?

Did we not agree to work for a penny a day ?

Mahāvīra's life and teachings were carried forward by others. Did that make these others worthy to be regarded as divine and their repeated teaching new scripture ? Many think so in the West and even in the East, but is such detraction worthy of substraction from original simplicity and can allegory much longer obscure reality ?

In order to remove obstruction from the physical body a mucous-less diet is necessary for right thought to operate harmoniously, right knowledge and right action then follows as a matter of course.

May this new Volume take us back to the simple way from which we have wandered and show us yet again the path to freedom and emancipation from error.

राधास्वामी महर्षि श्री. शिवव्रतलालजी वर्मन; एम. ए., एलएल. डी.:—

" गए दोनों जहान नजरसे गुजर तेरे हुस्नका कोई बशरही न मिला। ये भ० महावीर जैनोंके गुरू थे। पाकदिल, पाकखयाल, मुजस्सिम पाकी व पाकीजगी थे। हम इनके नामपर इनके कामपर और इनकी बेनजीर नफ्श कुशी व रियाजतकी मिसाल पर, जिस कदर नाजकरें बजा है ! ये दुनियाके जबरदस्त रिफार्मर-जबरदस्त उपकारी और बडे उंचे दर्जेके उपदेशक और प्रचारक हो गुजरे है। यह हमारी कौमी तवरीखके कीमती रत्न है।

प्रसिद्ध नेता श्री. विजयराघवाचार्य—

" प्राचीन भारतके निर्माता पुरुषोंमें श्री. महावीर स्वामी एक थे। "

प्रोफेसर डॉ. वाल्टर शूब्रिंग—

" संसार सागरमें डूबते हुये मानवोंने अपने उद्धारके लिये पुकारा। इसका उत्तर श्री. महावीरने जीवके उद्धारका मार्ग बतला कर दिया। दुनियामें ऐक्य और शान्ति चाहने-वालोंका ध्यान श्री. महावीरकी उदात्त शिक्षाकी ओर आकृष्ट हुए बिना नहीं रह सकता। "

श्रीमती जोजेफ मेरी, बॉन (जरमनी) :—

" Through His *Jñāna* and the creed of Ahimsā, Mahāvīra destroyed the world of the materialistic creed and ethics in a way that we may call Him a Superman of the first kind : We claim for Him the verses of the German Thinker Herder :—

" He's hero the conqueror of Battlefields,
He's hero the conqueror in Lion hunting !
But He's *Hero of Heroes*, the Conqueror of Himself ! "

इटलीके विद्वान् डॉ० अल्बर्टो पाग्गी, जिनोवा—

" महावीरजीकी शिक्षायें ऐसी प्रतीत होती हैं, मानो विजयी आत्माका विजयज्ञान हो, जिसने अन्ततः इसी लोकमें स्वाधीनता और जीवन पा लिया हो ! हजारों आदमी उनकी ओर टकटकी लगाये हैं। उनको वैसी पवित्रता और शांतिकी चाह है। "

भगवान्‌की जीवन-ज्योति एवं अध्ययन !



LIFE STUDIES OF LORD MAHĀVĪRA.

जय-वीर !

१.

'सो जयइ जस्स केवलणाणुज्जलदप्पणम्मि लोयालोयं ।
पुढ पदिबिंबं दीसइ वियसिय सयवत्तगब्भगउरो वीरो ॥'

—कसायपाहुड (जयधवल)

अर्थ — 'जिसके केवलज्ञानरूपी उज्ज्वल दर्पणमें लोक और अलोक विशदरूपसे प्रतिबिम्बकी तरह दिखाई देते हैं अर्थात् झलकते हैं, और जो विकसित कमलके गर्भ अर्थात् भीतरी भागके समान समुज्वल अर्थात् तयार हुये सोने के समान पीतवर्ण है, वे वीर भगवान् जयवन्त हों !'

२.

" जयइ जगजीव जोणी, विहाण ओ जगगुरु जगाणन्दो,
जगनाहो जगबन्धु, जयइ जगपिया महा भयवं ॥ १ ॥

जयइ सुयाणयभवो, तित्थयराणं अपच्छिमो जयइ,
जयइ गुरूलोयाणं, जयइ महप्पा महावीरो ॥ २ ॥

—नन्दीसूत्र

अर्थ — " जगतके संपूर्ण चराचर जीवोंके जाननेवाले भगवान् महावीर जोकि जगतके गुरू, नाथ, हितैषी और आनन्दरूप हैं उन जगत पितामह भ. महावीरकी जय हो, जय हो !

" द्वादशांङ्ग सूत्रोंके जन्मदाता, तीर्थंकरोमें अन्तिम तीर्थंकर, समग्र लोकके गुरू ऐसे महान् आत्मावाले भ. महावीर की जय हो ! जय हो ! ! "

चिर अतीतके धर्म्म-वीर उतरो नूतन बन !

(श्री. शिवसिंह चौहान, 'सरोज' साहित्य-रत्न)

हे पूर्ण पुरातन, अनघ, अभय,
हे दिव्य, अनामय चिर-अशेष !
तुम अभिनव, अभिनव गति महान
अभिनव अभिनन्दन, नय-निवेश ! !

युग-परिवर्त्तक, युग गति-वाहक,
युग युग अजेय दुर्द्धर्ष 'वीर'।
भारत-भूतल कर गये स्वर्ग
नारकी विश्वका वक्ष चीर ॥

हिंसक समष्टिकी दृष्टि हुई–
नय-स्नात, मिला आलोक सघन।
अभिनवोत्थान-पथ पर पहुँचा
इस जीर्ण जातिका जर्जर मन ॥

हिंसाकी वेदी पर पोषित
युग-राष्ट्रधर्म अनुदार प्रबल।
अभिसिञ्चित हुआ अहिंसाके–
शुचि मधु रससे पावन अविरल ॥

वैशालीके अवशेष वहन–
करते अबभी वे सदुपदेश।
करता अबभी आख्यान सरल
निज भाल उठा हिमगिरि नगेश ॥

वहता है पुण्य-प्रसू भू पर
नैसर्गिक जीवनका प्रवाह।
गुञ्जित अम्बरमें, श्रुतियोंमें–
नय-मिश्रित वे स्वर अनवगाह–

"रे, सत्य-अहिंसा सीख, सीख–
यम-नियम, जाति-विद्वेष त्याग।
कर दया-वाहमें पुण्य-स्नान,
रे जीर्ण रूढिगत मनुज, जाग ॥

"कैसा जगती पर अनाचार.
कैसा दुख, कैसा पर-पीडन !
उपकार त्रस्त-अभिशापित का,
रे, महामहिम मानवका धन ॥"

अस्वस्थ देख, हो मनः क्लान्त,
इस भ्रान्त राष्ट्रको स्वस्थ ज्ञान–
था दिया तुम्हींने 'महावीर'
क्षत निठुर वीरता कर महान ॥

अपमानित हो नित दलित-वर्ग
सहता था क्या-क्या अनाचार !
तुम साम्यरूप ! बन गूँज उठे
समताकी ममताका प्रसार ॥

बोले तुम—"जगका महत्सृजन
रे विश्व-नियंताकी माया।
अभिनय युग-नाटकका महान
करती प्रतिदिन भङ्गुर काया ॥

"इति पर अभिनयकी, भूप-भृत्य
होते हैं प्रतिपल सब समान।
उस अविकारीके रूप मनुज
हों विषम—अरे कैसा विधान !"

तुम बढे, बढ चला विश्व, पुण्य-
शिक्षा-दीक्षाका ले प्रश्रय।
अमृतवाणीसे फूट पडा
मृतकोंके प्रति जीवन अक्षय॥

तुमने उस हिंसाके युगमें
थे दिये देशके नयन खोल।
हिंसा-प्रतिहिंसाके उरमें
भर भ्रातृभावका स्वर अमोल॥

तुमने परार्थ बलिदान किया
हे 'वीर'! स्वका तुम हो महान।
तुमने विनाशके खण्डहर पर
नव सृजन किया दे अभयदान॥

तुमने बन्धनके जराजीर्ण,
बन्धनको ध्वस्त किया उदार!
दासत्व मिटाया कर निनाद
सम भ्रातृभावका महोचार॥

मानवताका जयघोष, अमर-
शंखध्वनि प्रचुर प्रगति अमन्द।
निर्दयताका दृढ भाल तोड
निर्मम पशुबलि हो गई बन्द॥

नर्तित था जाति-अहंताके-
वक्षस् पर समता-सुधाराग।
अनुराग बढा भिन्नता भूल
बह चला पुण्य पावन पराग॥

जुड चलीं भिन्न भंगुर कडियाँ
बननेको फिर श्रृंखला एक।
हो चले एकमय-महा एक-
वे छिन्न भिन्न अगठित अनेक॥

हम जगे, जगी जगती अशेष
कर उच्च भव्य भारत-ललाट।
जग धन्य हुआ, सीखा हमसे
प्रिय-'विश्व-बंधु'-सिद्धान्तराट्॥

चिर अतीतके धर्म्म-वीर, उतरो नूतन बन।
पुनर्दर्शसे मुखरित हो अभिशापित जन मन॥

भगवान् महावीर और उनकी विचार-धारा।

(ले. श्री. पं. कैलाशचन्द्रजी शास्त्री, काशी)

चैत्रका महीना जैन-धर्मके अन्तिम तीर्थङ्कर भगवान् महावीरका स्मारक है। २५४६ वर्ष पहले वे इसी पुण्य मासमें अवतीर्ण हुये थे। उनकी जन्म-तिथि चैत्र शुक्ला त्रयोदशी भारतके इतिहासमें स्मरणीय है। इस तिथिने उस महापुरुषको जन्म दिया था, जिसने संसारको 'सत्त्वेषु मैत्री'-का शुभ सन्देश देकर क्षुद्रसे क्षुद्र जीवधारीके प्रति आत्मीयता प्रदर्शित की थी।

भारत आज दरिद्र है, किन्तु फिरभी श्रीसम्पन्न है। उसकी श्री वे विभूतियां हैं, जिन्होंने समय समय पर भारतमें जन्म लेकर भारतभूको पुण्यभू बना दिया। उन्हीं विभूतियों में से भगवान् महावीर थे। वे महावीर थे, किन्तु हिंसा, संहार, अत्याचार, परपीडन और क्रूरताके नहीं; अहिंसा, करुणा, संरक्षा, परदुःख-कातरता और शान्तिके महावीर थे। वे क्षत्रिय पुत्र थे। उनके पिता सिद्धार्थ एक क्षत्रिय राजा थे। उनकी माता त्रिशला वज्जियोंके प्रजातन्त्रके मुखिया चेटककी पुत्री थी। अतः वे न केवल क्षत्रिय पुत्र थे, किन्तु राजपुत्रभी थे। वे चाहते तो राजा हो सकते थे, प्रजाको सता कर अपने राजकोष भर सकते थे और उसके बल पर एक बडी भारी सेना रख कर बहुतसे हरेभरे देशोको उजाड बना कर, अनेक माताओंको निपूती करके और असंख्य ललनाओंकी मांगका सिन्दूर पोंछ कर महाराजा बन सकते थे, और इस तरह राजशक्तिके द्वारा जनताके हृदयोंको आतङ्कित करके 'वीर'की उपाधिभी प्राप्त कर सकते थे; पर 'महावीर' नहीं कहला सकते थे। वीरप्रसू भारत भूमें वीरोंकी कमी नहीं है, उसका आकाश-मण्डल सदा उन नक्षत्रोंसे जगमगाता रहा है। किन्तु इन शारीरिक योद्धा वीरोंके मध्यमें उनसे ऊपर उठकर यदि कोई आत्मिक योद्धा महावीर भारतमें न जन्मा होता, तो न केवल भारतके अपितु विश्वके आकाश मण्डलमें सदा कृष्ण-पक्षही दृष्टि गोचर होता।

यह सच है कि महावीर दुनियासे भागने वाले थे। दुनियाने उन्हें अपने रंगमें रंगना चाहा, किन्तु फिरभी वे उससे बच निकले। उनके सामनेभी यौवनने अपने प्रलोभनोंके पांसे फेंके, किन्तु दाव[1] खाली गये। माता पिताकी ममताने अपना जाळ बिछाया, माताके आंसुओंने उनका रास्ता रोकना चाहा, किन्तु हिंसासे त्रस्त संसारकी असंख्य माताओंकी आंखोंसे सदा बहनेवाली आंसुओंकी धारामें माताके आंसू योंही बह गये। उन्होंने समझाया — 'माता! मैं तो केवल तुमसेही विलग हो रहा हूँ, इस जीवनसेतो विलग नहीं हो रहा हूँ। किन्तु इस दुनियांमें तो न

---

१. तृष्णार्चिषः परिदहन्ति न तृप्तिरासामिष्टेन्द्रियार्थविभवैः परिवृद्धिरेव।
स्थित्यैव काय परितापहरं निमित्तमित्यात्मवान् विषयसौख्य पराङ्मुखोऽभूत्॥
बृह० स्वयंभू०

जाने कितनी माताओंके लाल उनकी गोदीसे जबर्दस्ती छीनेजाकर यज्ञ और युद्धोंकी बलिवेदीपर बलिदान कर दिये जाते हैं। न जाने कितने युवक और युवतियां वासनाओंके शिकार बनकर अपने जीवनको धूलमें मिला देते हैं। वे मांस[1] के लिये दूसरोंके शरीरका हनन करते हैं, पर मांस खाकर स्वयं अपनी आत्मा की हत्या करते हैं। मांससे सुरा, सुरासे सुन्दरी और सुन्दरीसे धनसंग्रहकी बलवती तृष्णासे सताये जाकर दूसरोंको सताते हैं। अतः जिन आध्यात्मिक शत्रुओंने मानवसंसारको और मानवसंसारके द्वारा पशुजगत् को पीडित कर रक्खा है, उनसे मैं संसारको मुक्त करना चाहता हूं। लेकिन यह तब तक संभव नहीं, जबतक मैं अपनेको शत्रुओंसे मुक्त न करा सकूं।'

लोककल्याणकी इस भावनासे प्रेरित होकर महावीरने दुनियावी सुखोंका परित्याग किया और बारह वर्षकी कठोर साधनाके द्वारा ऋजुकूला नदीके किनारे जृम्भक ग्राममें आध्यात्मिक शत्रुओंसे मुक्त होकर परम आत्मज्ञानको प्राप्त किया। अब वे तीर्थङ्कर हो गये और तीस वर्षतक उन्होंने समस्त भारतभूमिमें विहार करके उस सत्य ज्ञानका उपदेश दिया, जो उन्हें प्राप्त हुआ था। उनका प्रधान लक्ष्य अहिंसा था। 'अहिंसा का पालन किये बिना न व्यक्ति सुखशान्ति प्राप्त कर सकता है और न समाज' यही उनका मूल-मन्त्र था। किन्तु प्रश्न यह था कि अहिंसा का पालन किस प्रकार किया जाय? उसके लिये उन्होंने प्रत्येक गृहस्थको नीचे लिखे आठ मूल गुणोंके पालनेका आदेश दिया था —

१ — मांस मत खाओ।

२ — शराब मत पियो।

३ — मधु — असंख्य मधुमक्खियों और उनके अण्डोंको निचोडकर प्राप्त किया गया मधु— मत खाओ।

४ — किसी प्राणीको मत सताओ।

५ — झूठ मत बोलो।

६ — चोरी मत करो!

७ — अपनी विवाहिता पत्नीके सिवाय दुनियाकी शेष स्त्रियोंको माता, बहिन और पुत्रीके तुल्य समझो।

८ — अपने कुटुम्ब-पोषणके लिये आवश्यक धन-धान्यका संग्रह करो और उससे अधिककी इच्छा न करो।[2]

अहिंसाके आचरणको शक्य और सरल बनानेके लिये महावीरने हिंसाको चार मार्गोंमें

---

१. मांसास्वादनलुब्धस्य, देहिनो देहिनं प्रति।
हन्तुं प्रवर्तते बुद्धिः, शाकिन्य इव दुर्धियः॥

१. धनधान्यादि ग्रन्थं परिमाय ततोऽधिकेषु निस्पृहता।
परिमितपरिग्रहस्यादिच्छा परिणाम नामापि॥ ६१॥ रत्नकरण्ड०

बांटा–सङ्कल्पी, आरम्भी, उद्योगी और विरोधी। बिना अपराधके, जानबूझ कर जब किसी जीवके प्राण लिये जाते हैं या उसे दुःख दिया जाता है, तो वह सङ्कल्पी हिंसा है। जैसे कसायी पशुवध करता है। झाडने-बुहारनेमें, रोटी बनानेमें, आने जानेमें सावधानी रखते हुयेभी जो हिंसा हो जाती है, वह आरम्भी हिंसा है। व्यापार अदिमें जो हिंसा हो जाती है, वह उद्योगी हिंसा है। जैसे अन्नादिके व्यापारमें हिंसा होती है। अपने या अपने किसी आत्मीयकी रक्षा करनेमें जो हिंसा हो जाती है, वह विरोधी हिंसा है। इनमेंसे गृहस्थ केवल सङ्कल्पी हिंसाका त्याग करता है। गृहस्थाश्रमकीभी ग्यारह श्रेणियां हैं। ज्यों ज्यों गृहस्थ कौटुम्बिक उत्तरदायित्वसे निवृत्त होता जाता है, त्यों त्यों उसके अहिंसा पालनकी जिम्मेदारियांभी बढती जाती है। जिनके ऊपर दूसरोंकी रक्षाका भार है, सङ्कट आने पर उनका घरमें छिप कर बैठ जाना अहिंसा नहीं है, कायरता है। सच्चा अहिंसक कायर कभी नहीं हो सकता। सच्ची अहिंसा वही पाल सकता है जो निर्भय है। जिसे दुनियाका कोईभी भय सताता है वह सुदृष्टि[1]–महावीरका सच्चा उपासक–नहीं है। क्योंकि जीवनसे मोह हुये बिना भय नहीं होता। और मोहही संसारमें सबसे बडा आन्तरिक शत्रु है, इस लिये कहा है—

गृहस्थो मोक्षमार्गस्थो निर्मोही नैव मोहवान्।
अनगारो गृही श्रेयान् निर्मोहो मोहिनो मुनेः॥ रत्नकरण्ड० ३३

अर्थात् 'निर्मोही गृहस्थ मोक्षके मार्ग पर है, किन्तु मोही मुनि मोक्षके मार्ग पर नहीं है। मोही मुनिसे निर्मोही गृहस्थ श्रेष्ठ है।' अतः यदि कोई आततायी किसी अनाथ स्त्री या बच्चेको मारना या दूषित करना चाहे, तो उसवक्त अपने श्रावक पुरुष को ज्ञात-पुरुष महावीर मन, वचन, और शरीरपर संयम रखकर आततायी के हाथ में अपनी इज्जत अपनी लज्जा और अपने पौरुष सब कुछका समर्पण करनेकी आज्ञा देते हैं, ऐसा कहना महावीरकी अहिंसाका बडा ही दूषित चित्रण कयना है।[2] महावीरकी अहिंसा में स्वादके लिये, मनोविनोदके लिये, नीरोगता लाभ करनेके लिये और धर्मबुद्धिसे किसी प्राणी की हत्या करनेका सख्त निषेध है। रहजाती है आत्मरक्षा और आत्मीयोंकी रक्षा का प्रश्न उसके लिये दोही मार्ग हैं — पहला और सर्वोत्कृष्ट मार्ग है विरोधीका निःशस्त्र मुकाबला करना और अपने प्राणोंका हंसते हंसते उत्सर्ग करके विरोधीको सच्चा पाठ पढाना। किन्तु यह मार्ग उन सर्वस्वत्यागी ऋषियोंके लिये है, जिनके सामने आत्मरक्षाका कोई प्रश्नही नहीं है।

---

१. 'नापि स्पृष्टः सुदृष्टिर्यः स सप्तभिर्भयैर्मनाक्।' —पञ्चाध्यायी

२. देखिये राहुलजीका 'सिंह सेनापति'। खेद है कि अपने इस उपन्यासकी भूमिकामें सिंह-सेनापतिके समकालीन समाजको चित्रित करनेमें ऐतिहासिक कर्तव्य और औचित्यका पूरा ध्यान रखनेकी दुहाई देकरभी लेखक उसका ध्यान नहीं रख सके। कमसे कम महावीरके चरित्र और उनके उपासकोंके प्रतितो उन्होंने कतई न्याय नहीं किया। त्रिपिटकोंमें महावीरका जो चित्रण किया गया है, उसका तो एक लक्ष है अपने पाठकोंकी दृष्टिमें महावीरको गिराना और बुद्धको उठाना। क्या यही राहुलजीकाभी लक्ष है? ले.

महावीरने अपने जीवनमें इसी सर्वोत्कृष्ट मार्गको अपनाया था। दूसरा मार्ग है विरोधीका सशस्त्र प्रतिरोध करना और जहाँतक शक्य हो उसका खून बहायेबिना ही अपने कार्यमें सफल हो जाना। किन्तु जीवनके मोहसे निराश्रितोंका असहाय छोडकर कभी न भागना। राजन्य-वर्गके लिये महावीरका आदेश था —

"यः शस्त्रवृत्तिः समरे रिपुः स्याद् —
यः कण्टको वा निजमण्डलस्य।
अस्त्राणि तत्रैव नृपाः क्षिपन्ति
न दीनकानीनशुभाशयेषु॥"

अर्थात, 'जो रणाङ्गणमें शस्त्र लेकर युद्ध करनेके लिये आया हो, अथवा स्वदेशके लिये बाधक हो, उसीपर राजन्य वर्ग शस्त्र उठाते हैं; दीन कायर और सदाशयी पुरुषोंपर नहीं।'

संक्षेपमें महावीरकी अहिंसाका सार एक वाक्यमें यह है 'तुम खुद जियो और जीने दो जमानेमें सभी को'। जो व्यक्ति वर्ग, समाज या राष्ट्र इस भावनाको लक्ष्यमें रख कर दूसरे व्यक्तियों-वर्गों, समाजों और राष्ट्रोंके प्रति व्यवहार करता है — उनकी सुरक्षाका ध्यान रखते हुये अपना निर्वाह करता है, वह व्यक्ति, समाज और राष्ट्र अहिंसाका अनुयायी है, किन्तु जिस व्यक्ति, वर्ग, समाज या राष्ट्रमें केवल अपनेही जीवनकी भावना है, जो दूसरे व्यक्तियों, वर्गों, समाजों और राष्ट्रोंको अपने स्वार्थका साधन बनाये हुये हैं उनको उतनेही अंशमें जीवित रखना चाहते हैं, जितने अंश में उनका जीवन उनके स्वार्थका साधक हो सकता है, वे व्यक्ति, वर्ग, राष्ट्र, और समाज अहिंसाके अनुयायी नहीं हैं।

जहाँतक हम जानते हैं महावीरके समयमें आजके जैसा रोटीका प्रश्न नहीं था। किन्तु मनुष्य-जातिमें सदासे चली आई हुई, स्वार्थपरताकी नैसर्गिक प्रवृत्तिको संयमित बनाके रखनेका प्रश्न उस समयभी था। जैनधर्मके सभी तीर्थङ्करोंकी एक विशेषता यह रही है कि उन्होंने मनुष्यकी किसीभी स्वार्थपरक वृत्तिकी 'प्रवृत्तिरेषा भूतानाम्' कह कर उपेक्षा नहीं की। उन्होंने सदा अपने उपदेशों और आदेशोंके द्वारा उसको सीमित बनाये रखनेकाही प्रयत्न किया है। उसी प्रयत्नके फल स्वरूप भगवान् महावीरनेभी मनुष्यकी कामिनी और काञ्चनकी बलवती तृष्णा परही न केवल रोक लगाई, किन्तु अपने गृहस्थके लिये उन्हें मूल नियमोंमें निर्धारित किया। प्रत्येक गृहस्थका यह एक आवश्यक कर्तव्य है कि वह अपनी भोग-तृष्णाको सीमित रखनेके लिये अपनी विवाहिता पत्नीके सिवाय संसारकी शेष स्त्रियोंमें माता और बहनका भाव रखे, तथा अपनी धन-तृष्णाको सीमित रखनेके वास्ते अपने लिये आवश्यक रुपया, जायदाद आदिकी एक सीमा निर्धारित करले और किसीभी वस्तुका अनावश्यक सङ्ग्रह न करे। आजका समाजवाद कानूनोंके द्वारा मनुष्यकी जिस संचितवृत्तिका नियमन करना चाहता है, दीर्घदर्शी महावीरने और उनसेभी पहले अन्य जैन तीर्थङ्करोंने अपने धर्मके आवश्यक नियमोंके द्वारा उसके नियमनका प्रयत्न किया था। किन्तु राजकीय नियमोंके पीछे शासन सत्ताका बल रहता है; अतः उसे मानना पडता है। पर धार्मिक नियम मनुष्यकी अपनी नैतिक

जिम्मेदारीपर निर्भर होते है — उनके तोडनेपरभी तत्काल दण्ड मिलनेकी कोई आशङ्का नहीं रहती। अतः आजके महावीरोपासकभी दूसरे लोगोंकी तरह सङ्ग्रही और लोभी बन गये हैं। अन्यथा महावीरका तो कहना है —

"शुद्धैर्धनैर्विवर्द्धन्ते सतामपि न सम्पदः।
न हि स्वच्छाम्बुभिः पूर्णाः कदाचिदपि सिन्धवः॥ ४५॥"

अर्थात्—सज्जनोंकी सम्पदा शुद्ध न्यायोपार्जित धनसे नहीं बढती। क्या नदियोंको किसीने स्वच्छ जलसे भरा देखा है? नदियोंमें जबभी बाढ आती है; बरसातके गंदे पानीसेही आती है।" इससे अधिक और कोई क्या कह सकता है?

यह तो हुआ गृहस्थोंके लिये विधान। श्रमणों—जैन--साधुओंके लिये तो कमण्डलु और मयूर-पंखोंकी पिच्छिकाके अतिरिक्त किसीभी प्रकारके परिग्रह रखनेका सख्त निषेध था। इससे अधिक उन्हें चाहियेभी क्या था? जैन श्रमण-सङ्घमें वेही प्रवेश पा सकते थे, जो पूर्ण निर्विकार हों, जिन्हें अपने इन्द्रियविकारको ढकनेके लिये प्रच्छादनकीभी आवश्यकता न रह गई हो। जिनमें इन्द्रिय-विकारका थोडाभी चाञ्चल्य पाया जाता था, वे गृहस्थ श्रेणीमेंही रक्खे जाते थे। इस तरह श्रमण-सङ्घको वस्त्रकीभी चिन्ता नहीं थी। और भोजन दिनमें एक बार किसीभी श्रावकके घर मिल जाता था; अतः भोजनकीभी चिन्ता नहीं थी। रहनेके लिये जो अयाचित स्थल सुलभ होते थे, वहीं बैठ जाते थे। जङ्गलोंकी कमी तो थी ही नहीं। सारांश यह है कि जैन श्रमणको अधिक-से-अधिक आत्म निर्भर, अयाचक, सन्तोषी, कष्ट-सहिष्णु और निर्विकार होना चाहिये। गृहस्थाश्रममें जिन दो मानवीय वृत्तियोंके नियमनका श्रीगणेश किया गया है, उनकी पूर्णता श्रमणमें होती है।

सम्भवतः भगवान् महावीरके इस कठोर मार्गको लक्ष्यमें रख करही यह धारणा बनाली गई है कि उन्होंने केवल कायपीडनकोही प्रधानता दी; किन्तु बात ऐसी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि कामक्रोधादि कषायोंका कृश करना आवश्यक है। उनको कृश किये बिना जो मात्र शरीरको कृश कर डालते हैं, उनका व्रतधारण 'कायक्लेशाय केवलम्' है। भगवान् महावीरका कहना है —

न दुःखं न सुखं यद्वद् हेतु र्दृष्ट श्चिकित्सिते।
चिकित्सायांतु युक्तस्य स्याद् दुःखमथवा सुखम्॥
न दुःखं न सुखं तद्वद्धेतु र्मोक्षस्य साधने।
मोक्षोपाये तु युक्तस्य स्याद् दुःखमथवा सुखम्॥

'जैसे रोगके प्रतीकारमें न दुःखही कारण है न सुखही कारण है; किन्तु चिकित्सा प्रारंभ कर देनेपर दुःख हो या सुख, उसे सहाही जाता है; वैसेही मोक्षका साधन न दुख है और न सुख। किन्तु मोक्षके मार्गमें पैर रख देनेपर दुःख हो या सुख, उसकी परवाह नहीं की जाती है।'

संक्षेपमें यही महावीरकी वैयक्तिक और सामाजिक विचारधारा है। उनकी दार्शनिक विचार-धाराभी अहिंसामूलक है। दार्शनिकक्षेत्रमें 'अनेकान्तवाद' 'स्याद्वाद' और 'नयवाद' का सर्जन-करके उन्होंने हमें प्रत्येक व्यक्तिको हर दृष्टिकोणसे समझनेका मार्ग सुझाया है और इस बातका ध्यान रखा है कि इस क्षेत्रमेंभी हिंसा मूलक व्यवहार न हो। ऐसे प्रभावशाली भगवान महावीरकी विचारधारा वर्तमान विश्वकी समस्याओंको सुलझानेमे बहुत कुछ मदद कर सकती है।

ऋषभदेव और महावीर!

(ले० श्री० कामताप्रसाद जैन)

'वावीसं तित्थयरा सामाइयं संजमं उवदिसंति।
छेदोवट्ठावणियं पुणा भयवं उसहो य वीरो य ॥ ७ ॥ ३२ ॥'

* * *

पुरिम चरिमादु जम्हा चलचित्ता चेव मोहलक्खाय
ता सव्व पडिक्कमणं अंधलय घोड-दिट्ठंतो ॥ ८ ॥ २९ ॥'

— मूलाचार.

जैन मान्यताके अनुसार इस कल्पकालमें जो चौवीस तीर्थंकर हुये, उनमें ऋषभदेव आदि और महावीर अन्तिम तीर्थंकर थे। तीर्थंकर महावीरके ऐतिहासिक व्यक्तित्वमें विद्वानोंको शङ्का नहीं है; परन्तु ऋषभदेवको ऐतिहासिक महापुरुष माननेमें कतिपय विद्वान् हिचकते हैं। जैनशास्त्रोंमें ऋषभदेवकी महान् आयु और कायका वर्णन पढकर वह समझते हैं कि ऐसा महामानव शायदही हुआ हो। अतः ऋषभदेव उनके निकट एक पौराणिक व्यक्ति मात्र रह जाते हैं। किन्तु वस्तुस्थिति कुछ औरही बताती है। राम और कृष्णके चरित्र और समयभी भारतीय साहित्यमें विलक्षणसे जंचते हैं; फिरभी राम और कृष्णके अस्तित्वमें शङ्का नहीं की जाती, तो ऋषभको एक यथार्थ महापुरुष माननेमें हम क्यों शङ्का करें? ऐसा कोइ पुष्ट कारण नहीं है जिससे जैन मान्यताको अमान्य ठहराया जावे। उसपर ऋषभसम्बन्धी जैन मान्यताका समर्थन ब्राह्मण[1] और बौद्ध स्रोतोंसेभी होता है।[2] बौद्धग्रंथ 'मञ्जुश्री मूलकल्प'में भारतके प्राचीन राजाओंमें राजा नाभि और उनके पुत्र ऋषभदेवकी

---

१. भागवत, स्कन्ध ५ अ. ३-६ में ऋषभदेवका वर्णन है, जहां उन्हें कैवल्यपति और योगधर्मका आदि उपदेशक बताया है। वह जैन तीर्थंकरसे अभिन्न हैं। (विश्वकोष, भा० ३ पृ० ४४४ और स्टीवेन्सन, कल्पसूत्र भूमिका, पृ० १६) ऋग्वेद (८।२४) मेंभी ऋषभदेवका उल्लेख है। वैदिक ग्रंथोंमें जिनेन्द्र ऋषभका उल्लेख हुआ है, यह बात 'प्रभासंपुराण'के निम्न श्लोकसे स्पष्ट है:—

"कैलाशे विमूले रम्ये वृषभोऽयं जिनेश्वरः। चकार स्वावतारं च सर्वज्ञः सर्वगः शिवः ॥ ५९ ॥"

२. बौद्धाचार्य आर्यदेवने 'सत्शास्त्र'में ऋषभदेवको जैनधर्मका आदि प्रचारक लिखा है। (वीर ४।३५३) धर्मकीर्तिनेभी सर्वज्ञके उदाहरणमें ऋषभ और महावीरका समान रूपमें उल्लेख किया है। (न्यायबिन्दु ३) 'धम्मपद'के 'उसभं पवरं वीरं' पद नं. ४२२ मेंभी तीर्थंकर ऋषभका उल्लेख हुआ बताया गया है। (इंडियन हिस्टॉरीकल क्वार्टर्ली, कलकत्ता, भा० ३ पृ० ४७३-४७५).

श्री आदितीर्थंकर वृषभदेव और अंतिमतीर्थंकर भ. महावीर वर्द्धमान।



(ओड़ीसा १२-१३ वी शती; देखो "वृषभदेव और महावीर" शीर्षकलेख)

Fig. 1 Ṛṣabha and Mahāvīra
(Images of First and Last Tīrthaṃkaras)

गणना की गई है।[1] उसी ग्रंथमें ऋषभदेवको निर्ग्रन्थ तीर्थंकर लिखा है।[2] इसके अतिरिक्त मोइन-जोदडोकी प्राचीन मुद्राओंपर कायोत्सर्ग आसन और नासाग्रभाग-दृष्टि-युक्त ध्यानमुद्रामें नग्न योगियोंकी आकृतियां अङ्कित हैं; जो बिल्कुल तीर्थङ्कर ऋषभकी मूर्तियोंके अनुरूप हैं। ऋषभदेवका चिन्ह बैलभी उन मुद्राओंपर मिलता है; अतः वे मुद्रायें ऋषभमूर्तिके पूर्व-रूप हैं और उनके अस्तित्वको प्रमाणित करनेके लिये पुष्ट प्रमाण। फिर हम क्यों शङ्का करें कि ऋषभदेव ऐतिहासिक महापुरुष नहीं हैं! वे महावीरके समानही लोकोद्धारक तीर्थङ्कर थे।

ऋषभदेवभी तीर्थङ्कर थे और महावीरभी। किन्तु दोनोंका कार्यक्षेत्र और कार्यकाल भिन्न था। ऋषभदेव कर्मभूमिके प्रारंभमें हुये थे, जब मानव सभ्य और संस्कृत नहीं हुआ था। मानव प्राकृत जीवन बिताता था। विशेष प्रकारके वृक्षोंसे अपनी आवश्यकताओंकी पूर्ति करता था। कई मनु महाराजोंने उसे जीवन निर्वाह और घर-कुटुम्बकी बातें सिखाई थीं; किन्तु फिरभी वह सभ्य और सुसंकृत न हुआ था—आत्मस्वरूपका बोध उसे नहीं था। ऋषभदेवने पहलेही पहले मानवको लौकिक जीवन व्यवहार और परम आत्मधर्मकी शिक्षा दी थी। अपनी ब्राह्मी नामक पुत्रीको उन्होंने सर्व प्रथम् लिपिज्ञान कराया था। इसीकारण वह लिपि 'ब्राह्मी लिपि' के नामसे प्रसिद्ध हुई। असि-मसि-कृषि वाणिज्य-शिल्पादि सत्कर्म करनेका ज्ञान उन्होंने अपने समयके भोलेभाले मानवको कराया। मानव 'कुल' बनाकर रहना सीखा और समाज व्यवस्थाका स्रष्टा हुआ। क्षत्रियोंको देश-रक्षाका भार सौंपा गया—इसलिये वह राजा हुये। वैश्योंको राष्ट्रकी समृद्धिका कार्य संभाला गया—राष्ट्रोन्नतिकी रीढ वह हुये। शूद्र विविध शिल्प-विद्याओंको आगे बढानेके लिये नियत हुये। ऋषभदेवने यह वर्गभेद राष्ट्रहितसे प्रेरित होकर किया था। यह वर्गभेद मानव-मानवमें ऊंच-नीचका भेद नहीं करता था। तबही तो यह संभव हुआ था कि भरत चक्रवर्तीने तीनों वर्गों क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रोंमेंसे श्रेष्ट मेधावी और चारित्रवान् पुरुषोंको चुनकर उनका ब्राह्मण वर्ग स्थापित किया था। किन्तु ऋषभदेव अपने समयके भोले मानवको लोकव्यवहारमें सभ्य और संस्कृत बनाकर संतुष्ट नहीं हुये, उन्होंने मानवको आत्मधर्मकाभी बोध कराया! आत्मबोधिकेविना मानवकी ऐहिक उन्नति पङ्गु रहती है।

---

१. "नाभिनो ऋषभपुत्रो वै स सिद्धकर्म दृढव्रतः॥"
"ऋषभस्य भरतः पुत्रः सोऽपि मन्त्रान् तदा जपेत्॥"
"एते चाऽन्ये च बहवः पार्थिवा लोकविश्रुताः॥" —एन इम्पीरियल हिस्ट्री ऑफ् इंडिया, पृष्ठ १२-१३.

२. "कपिल-मुनिर्नाम ऋषिवरो, निर्ग्रन्थ-तीर्थंकर ऋषभः निर्ग्रन्थ रूपी।" इस उल्लेख पर प्रो. हेल्मुथ फॉन ग्लासेनप्पका निम्न वक्तव्य महत्वपूर्ण है :—

"It is very interesting to note that, together with the founder of Sānkhya philosophy, the first Tīrthaṅkara of the Jainas appears in a Buddhist maṇḍala. The reason is obvious. If the Buddhists wanted to give a complete symbolical picture of the world and the great beings who influenced its destinies in a maṇḍala, they could not omit the great prophet of a religion which though not in accord with their own, had acquired glory all over India."

— (Prof. *H. V. Glasenapp, Ph. D.* JAINA ANTIQUARY, VOL. III P. 47.)

अतः ऋषभदेवने उदाहरण बनकर मानवको बता दिया कि "सावधान! ऐहिक सम्पतिके मोहमें फंसकर अपनी आत्माको मत भूलना, वरन् मानवका पतन अवश्यम्भावी है।" इसलियेही अयोध्याके इक्ष्वाकु राजसिंहासनपर अपने पुत्र भरतको स्थापित करके वह वनवासी हो गये। तनपर उन्होंने एक धागाभी न रक्खा। परिग्रहसे संघर्ष उत्पन्न होता है। अतः निष्परिग्रही होकर जीवित रहनेमें मानवका अपना और सारे लोकका भला है। यह सत्य ऋषभदेवने अपने आदर्शसे मूर्तमान बना दिया। वह अकेले, निरारंभी और निष्परिग्रही होकर गिरि-कन्दराओंमें मौन धारण किये विचरते रहे। त्रियोगकी साधनामें वह ऐसे लीन हुये कि छै महीने बाद उन्हें शरीरपोषणका ध्यान आया। वह भिक्षाके लिये आये जनताके मध्य; किन्तु तबतक जनताका अज्ञान दूर नहीं हुआ था। वह ऋषभदेवको अपना उपकारी मानती थी—उनके विछोहमें बिह्वल हो रही थी। उनको आया सुनकर वह स्वागत करनेके लिये दौड पडी। ऋषभदेवकी साधनामें वह विघ्न-रूप हुई। ऋषभदेव आहार लिये विनाही वनको चले गये और ध्यान-योगमें लीन हो गये। छै महीनेतक तप-तपाकर आत्मशोधन किया उन्होंने। तब फिर वह जनताके मध्य आये। इस बार हस्तिनागपुरके शासक-द्वय श्रेयांस और उनके भाईने विधिवत् बडी शान्तिसे उनका स्वागत किया—कोई कोलाहल नहीं हुआ। ताजा इक्षुरसका आहार श्रेयांसने ऋषभदेवको दिया और अतिथि-सत्कारके महती पुण्य विधानको सिरज दिया। ऋषभ सर्वज्ञ परमात्मा हुये और उन्होंने लोकके लिये आत्मधर्मका निरूपण किया। चूंकि उनके समयके लोग भोले थे, इसलिये उन्होंने हरएक बात अलग अलग समझाई और पांच पापोंसे मुक्त होनेके लिये अलग अलग प्रायश्चित्त और चारित्रपालनका विधान किया। इसलिये वह आदिब्रह्मा और आदि तीर्थङ्कर कहलाये। इस कालमें जैनधर्मके संस्थापक ऋषभदेव हुये!

ऋषभदेवके पश्चात् बाईस तीर्थंकर और हुये, जिन्होंने अपने २ समयके मानवोंको श्रमण धर्म और अहिंसा-संस्कृतिमें आगे बढाया। सर्व-अंतिम तीर्थंकर महावीर थे। उनके समयमें मानव मायावी, वासनासक्त और वक्र हो गया था। हिंसा और वासनामें मानव अंधा बना हुआ था। वानप्रस्थी और भिक्षु होकरभी वह कामिनी और सुरामिषको नहीं भूला था। स्त्रियों पर बलात्कार होते थे और शूद्र पददलित किये जाते थे। तर्कवितर्क करके समय और सम्पको क्षतविक्षत किया जाता था। जातिमद और कुलमदमें लोग मानवताको भूल गये थे। धर्मके नाम पर पशु होमे जाते थे। मानवोंको क्रीतदास बनाया जाता था। ऐसी विषम स्थितीमें तीर्थङ्कर महावीर कुण्डग्राममें अवतरित हुये थे। उन्हें ऋषभदेवके समान राज और समाजकी व्यवस्था नहीं करना पडी थी—न उनको मानवको सभ्यता और संस्कृतिकी नई-नई शिक्षा देना पडी थी। ऋषभदेव सभ्यताके विधायक और धर्मके संस्थापक थे; किन्तु महावीर सभ्य संस्कृतिके उन्नायक और धर्ममार्गके सुधारक थे। उनके समयका मानव बहका हुआ था—जानबूझ कर झूठे श्रद्धानोंमे फंसा हुआ था! आदि-कालके मानवकी भांति वह भोला और अज्ञ नहीं था। ऐसे मानवोंके लिये धर्मविज्ञानका निरूपण स्याद्वादतर्कणाके आधारसे करके महावीरने लोकका महती उपकार किया था। महावीरकोभी मानव-बुद्धिको संतोषित करनेके लिये धर्मसिद्धांतोंका विशद वर्णन ऋषभदेवके अनुरूप करना पडा था; किन्तु महावीरके निरूपणमें तर्कणाको विशेष स्थान था। इस लियेही वट्टकेरस्वामीका यह कथन सार्थक है

कि " अजितसे लेकर पार्श्वनाथ पर्यन्त बाईस तीर्थङ्करोंने सामायिक संयमका और ऋषभदेव तथा महावीर भगवानने छेदोपस्थापना संयमका उपदेश दिया।" छेदोपस्थापना चरित्रमें पंचपापादिके दोषोंको दूर करनेका प्रथक-प्रथक विधान होता है। यह भेदक्रम मानव प्रकृति पर समयके प्रभावका ऋणी था। इसी बातको बट्टकेर आचार्यनेभी स्पष्ट किया है कि " आदि और अन्तके दोनों तीर्थंकरोंके शिष्य चलचित्त और मूढमना होते हैं। शास्त्रका बहुत बार प्रतिपादन करने परभी उसे नहीं जानते। उन्हें क्रमशः ऋजुजड और वक्रजड समझना चाहिये, इस लिये उनके समस्त प्रतिक्रमण-दंडकोंके उच्चारणका विधान बतलाया गया है और इस विषयमें अंधे घोड़ेका दृष्टांत दिया गया है।" यह शास्त्रीय उल्लेख तीर्थङ्करोंके उपदेशोंकी भिन्नताके द्योतक हैं, जो मूलतः अहिंसा पर अवलम्बित थे! इनसे उनके जीवनका वैचित्र्यभी स्पष्ट होता है। ऋषभ और महावीर जीवनकी तुलना इस अन्तरको व्यक्त करती है। ऋषभका विवाह हुआ और सन्तानभी; किन्तु महावीर बालब्रह्मचारी रहे! ऋषभने राजव्यवस्थापक और राष्ट्रपिताका पद पाया, किन्तु महावीर युवराज रहे। ऋषभ राजसुख भोग कर साधु हुये। महावीर युवराज पदको त्याग कर तीस वर्षकी अवस्थामें दीक्षित हुये। मानवोंकी अज्ञताके कारण ऋषभदेवको भोजनका अन्तराय-उपसर्ग हुआ। महावीर पर समयकी वक्रताका उपसर्ग हुआ! सम्प्रदायगत द्वेषने रुद्रको बौखला दिया! ऋषभदेवने केवली होतेके साथही उपदेश दिया; किन्तु महावीर सर्वज्ञ होने परभी मौन रहे--इन्द्रभूति गौतमका समागम हुआ तब उनकी देशना हुई! इस प्रकार दोनों तीर्थंकरोंके जीवनमें महान् अन्तर है! यह अन्तर ही दोनोंको ऐतिहासिक महापुरुष सिद्ध करता है! ऋषभदेव आर्यसभ्यता और अहिंसा संस्कृतिके प्रतिष्ठापक और जैन धर्मके संस्थापक हुये, तो महावीर अहिंसा संस्कृतिके शोधक उन्नायक और जैन धर्मके पुनरोद्धारक हुये! (चित्र नं० १) मोइनजोदड़ोकी प्राचीन सभ्यतासे लेकर आजतक ऋषभकी उपासना होती आ रही है।[1]

---

१. मोइनजोदड़ोके पुरातत्वमें ऐसी मुद्रायें और चिन्ह मिले हैं जो जैन तीर्थंकरोंके अस्तित्वके पोषक हैं। इनका विशद वर्णन हमने अन्यत्र लिखा है, जो 'विशाल भारत'के पुरातत्व-विशेषांक और 'जैन ऐंटीक्वेरी'में (१४।१) द्रष्टव्य है। मोइनजोदड़ोसे उपलब्ध मुद्राओं पर अङ्कित योगियोंकी आकृतियां बिल्कुल दिगम्बर मुनियों जैसी नग्न और ध्यानमुद्रामय कायोत्सर्ग आसनमें है। प्रो० चन्दा उन्हें ऋषभदेवकी मूर्तिका पूर्वरूप मानते हैं। (" A standing image of Jain Rishabha in Kāyotsarga posture.....closely resembles the pose of the standing deities on the Indus seals .....It may be a proto-type of Rishabha etc." Modern Review, Aug. 1932) प्रो० प्राणनाथने मुद्रा नं. ४४९ पर जिनेश्वर (जिनइसर) शब्द पढा था। (इंडियन हिस्टॉ. क्वारटर्ली, भा० ८ परिशिष्ट इन्डस सील्स पृ० १८) उन्होंने सिंधुउपत्यकाके लोगोंके धर्मका सम्बन्ध जैन और हिंदू धर्मोंसे सिद्ध किया है। (The names and symbols on Plates annexed would appear to disclose a connection between the old religious cults of the Hindus and Jainas with those of the Indus people." (Ibid.) मोइनजोदड़ोकी दो एक मूर्तियां तो बिल्कुल जैनमूर्ति हैं (चित्र नं० १० व १५-१६) धाराशिव तेरपुरकी गुफाओंमें संभवतः ईस्वी पूर्व सातवीं-आठवीं शताब्दिकी तीर्थङ्कर मूर्तियां उपलब्ध हैं। (करकुंडचरिउ-कारंजा भूमिका पृ० ४१-४८) मौर्यकालकी जिन प्रतिमा पटनासे मिली हैं। दो हजार वर्ष पहले मथुराके लोग ऋषभकी मूर्ति बनाते और उनकी विनय करते थे। (प्रीयताम्भगवानृषभश्री) Ep. Indica, I, p. 386.

राम और महावीर।

(ले० श्री. अयोध्याप्रसादजी गोयलीय।)

[राम और महावीर भारतके महापुरुष हैं। वे विश्वभूतियाँ है जिनका प्रकाश लोकके लिये कल्याणकर है। रामकी पितृभक्ति, धैर्य, सैन्यसंचालनक्रिया आदि गुण उन्हें एक आदर्श पुत्र, योद्धा और राजनीतिज्ञ प्रमाणित करते हैं। राम और लक्ष्मण राजत्वके प्रतीक और मर्यादापालक पुरुषोत्तम जो थे। जैन शास्त्रोंमें जिन त्रेसठ शलाका-पुरुषोंका वर्णन है, उनमें राम और लक्ष्मण नारायण और बलभद्र माने गये हैं। रामको जैनी सिद्ध-परमात्माके रूपमें पूजते हैं। महावीरभी सिद्ध परमात्मा हैं। किन्तु पहले वे तीर्थङ्कर शलाकापुरुष थे। चौबीस तीर्थङ्कर, बारह चक्रवर्ती, नौ नारायण, नौ प्रति-नारायण और नौ बलभद्र-यह जैनोंके त्रेसठ शलाकापुरुष हैं। जैनी इनको अवतार नहीं मानते; बल्कि उनकी दृष्टिमें वे हम-आप जैसे हाड-मांसके मानव होते हैं, जो अपने विशेष लोकोपकारी कार्योंके कारण महती पुण्य और महान् पदके अधिकारी हो जाते हैं। सदही अपने समयके द्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव अनुरूप समिष्टिका कल्याण करते और स्वयं आत्मस्वातंत्र्य प्राप्त करनेका उद्योग करते हैं। जो सन्मार्गसे बहक जाते हैं वह महान् होकरभी पतितोन्मुख होते हैं। राम और महावीरकी महान-ताका संतुलन भाई अयोध्याप्रसादजीने प्रस्तुत लेखमें सुंदर रूपसे किया है। निस्सन्देह महावीरकी महानताको प्रकाशित और प्रमाणित करनेवाला प्रतिभाशाली साहित्य अभी लिखा ही नहीं गया है। जैनाचार्योंने महावीरकी अपेक्षा महावीर संदेशको विशेष महत्व दिया है। उनके उपदेशों और सिद्धान्तोंको उन्होंने खूब ही संभाल कर रक्खा। उनको इस बातकी परवाह न थी कि कब, कहां और कैसे भ० महावीरने सिद्धांतोंका प्रतिपादन किया था। उनके सिद्धांतही लोकके लिये कल्याण मूर्त रहे हैं। किन्तु संसारका सरागी मानव अपने उपकारीके जीते-जागते दर्शन पाकर संतुष्ट होता है। अतः उसके लिये एक महती और संपूर्ण महावीर जीवन वाञ्छनीय है। —का० प्र०]

कुछ समय हुआ एक ऐसे सज्जनसे वार्तालाप करनेका अवसर प्राप्त हुआ था जो जन्मसे जैन हैं; जैन वातावरणमें ही सदैवसे रहते आये हैं और जैन समाजकी उन्नतिसे हर्षित तथा अवनतिसे दुखी होते हैं,फिरभी जैसी चाहिये वैसी जैन धर्मके प्रति उनकी श्रद्धा भक्ति नहीं है। वे महावीरसे रामके अधिक श्रद्धालु हैं, जैन ग्रन्थोंसे गीताको अधिक उपयोगी समझते हैं!

मुझसे उन्होंने पूंछा: "आपकी रायमें राम हमारे लिये अधिक अनुकरणीय हैं या महावीर? सर्व साधरण के हृदयपटल पर किसके जीवनकी विशेष छाप पडती है? किसका जीवन चरित्र पढतेही हम आत्मविस्मृत और आनन्दविभोर हो जाते हैं? इन दोनोंमें हमारा सच्चा आराध्य कौन है?"

मैने कहा: "दोनों महापुरुष परम पदको प्राप्त हुए हैं, दोनोही अपने युगमें एक महान् आदर्श उपस्थित कर गये हैं, दोनोंही अपने अपने युगकी परिस्थिति और आवश्यकताके अनुसार जुदा जुदा दृष्टिकोण रख गये हैं. हमें आवश्यकता और समयके अनुसार दोनोंकाही अनुकरण करना चाहिये. हमारे लिये दोनोंही आराध्य हैं!"

वे बोले : "आवश्यकताके अनुसार हमें दोनोंकाही अनुकरण करना चाहिये, आपके इस कथनका तात्पर्य मैं समझा नहीं?"

मैंने तनिक स्पष्ट करते हुये कहा : "यदि हमारी परिस्थिति राम जैसी है यानी हमरो पिता किसी कारण हमें घरसे निकालना चाहते हैं तो हमें रामका अनुकरण करके घर छोडकर—पिताके आदेशका पालन करना चाहिये. और यदि हमारी परिस्थिति महावीर जैसी है यानी हमारे माता पिता मोहवश हमें लोकोपयोगी कार्य करनेके लिये घर नहीं त्यागने देते हैं तो हमें महावीरका अनुकरण करके मातापिताको समझाबुझा कर उनका आदेश प्राप्त करके घर त्यागना चाहिये. धार्मिक पुरुषोंको दुष्ट प्रकृति कष्ट पहुचाते हैं, हमारी स्त्रियोंका अपहरण करते हैं, तब हमें रामका अनुकरण करके धार्मिक पुरुषों और स्त्रियोंकी रक्षा करनी चाहिये. और यदि धर्मके नाम पर धार्मिक कहे जानेवाले पुरुष अबलाओं, पतितों और मूक पशुओंसे दुर्व्यवहार करें तो वहां हमें महावीरका अनुकरण करके ऐसे धार्मिक रीति रिवाजोंको नष्ट करना चाहिये. मातृ-पितृ-गुरु-भक्ति, एक-पत्नी-व्रत, बन्धु-प्रेम, अत्याचार-दमनके लिये हमें महावीरका अनुकरण करना चाहिये. दोनोंकेही आदर्श हमारे लिये आवश्यकतानुसार अनुकरणीय हैं और दोनोंही हमारे लिये आराध्य हैं."

"राम और महावीरही क्या जब जैसी परिस्थिति हो और उस समय जो मनुष्यका वास्तविक कर्तव्य हो, उसीके अनुसार अनुकरण करना चाहिये."

"युद्धके अवसर पर अथवा मल्ल-शालाओंमें हमें हनूमान, बाहुबली, द्रोणाचार्य, अर्जुन, भीमका स्मरण करना चाहिये. उन्हींका अनुकरण करना योग्य है. वीर शत्रूसे मुकाबिला होनेपर रामका और कुटिल शत्रुसे सामना होनेपर कृष्णका अनुकरण करना चाहिये. सत्यके लिये हरिश्चन्द्र और दानके लिये कर्ण, ब्रह्मचर्यके लिये भीष्म, पातिव्रत सतीत्वके लिये सीताका अनुकरण करना चाहिये. उन्हींका आदर्श सामने रखना चाहिये. हमारे जीवनके प्रत्येक श्वासमें जिस महापुरुषके अनुकरणकी आवश्यकता पडे, हमें उसीका अनुकरण करना चाहिये. और जो परम पद प्राप्त करके आत्मासे परमात्मा हो गये हैं, उन सभीकी आराधना करना चाहिये."

वे सज्जन बोले : "नहीं, मेरे पूंछनेका मंशा यह नहीं है. मैं पूंछता हूं महावीर और राम इन दोनोंमें महान् कौन है."

मैंने हंसकर कहा: "इन दोनों महापुरुषोंकी तुलना करना ठीक नहीं. रामके जीवनमें महावीर जैसा तप, त्याग, वैराग्य और लोक कल्याणकारी भावनायें ढूंढना और महावीरके जीवनमें राम जैसा युद्ध, सैन्यसंग्रहका कौशल देखना दूधमें दहीका स्वाद खोजना है.

प्रायः सभी महापुरुषोंका जीवन अपनी स्थिति आदिके अनुसार जुदाजुदा होता है और यही उनकी महानता है. उद्यानमें सभी एक रंगके फूल कुछ विशेष आकर्षणीय नहीं होते. जीवनके भिन्न भिन्न पहलूपर भिन्न भिन्न महापुरुषोंके जीवनकी छाप रहती है. जो घटनायें रामके जीवनमें आई वे महावीरके जीवनमें न आयें तो महावीर राम जैसा आदर्श कैसे उपस्थित कर सकते थे? और जो

वातावरण महावीरके समयमें था यह कैसे कहा जा सकता है कि महावीरके बजाय तब राम होते तबभी वे तो वही लीला रचते जो पहले रची थी!"

वे सज्जन बोले: "आप कुछही कहें पर जो आनन्द 'रामायण' पढनेमें आता है वह महावीर जीवन पढनेमें नहीं आता. रामायणमें जीवनके प्रत्येक पहलूपर इस ढंगसे विवेचन किया गया है कि कुछ जाननेको शेष नहीं रहता और महावीरके जीवनमें एक अतृप्तिसी बनी रहती है."

मैंने कहा: "तो आप ये कहिये कि आप राम और महावीरकी तुलना उनके जीवनसे नहीं उनके कथासाहित्यसे कर रहे हैं"

उन्होंने कहा: "जी हां, आप यही समझ लीजिये."

मैंने कहा: "कथा साहित्यकी जब तुलना की जाती है तब नायककी बात गौण होकर कथाकारकी कला परखी जाती है.

जिस व्यक्तिका जीवन लिखनेवाला जितनाही कुशल होता है वह उतनाही ख्यातिको प्राप्त होता है. रामका जीवन वाल्मीकिने लिखा औरभी भवभूति आदि संस्कृत कवियोंने लिखा, पर तुलसीदास मानस लिखकर जो रामको आसन दे गये वह किसीसे देते न बना.

कहते हैं वाल्मीकिने रामायण रामके समयमें लिखी; अतः उसकी प्रामाणिकता अन्य रामायणोंसे अधिक होनी चाहिये और उसीके आधारपर अन्य सब रामायणें बनी हैं. पर नहीं, तुलसीने वाल्मीकि रामायणसे कथा भाग लेते हुयेभी सैकडों वे मौलिक प्रसंग उपस्थित किये हैं और सैकडों स्थानोंपर वाल्मीकि रामायणके दोषोंको इसतरह टाल गये हैं कि पढतेही बनता है. तुलसीने अपने रामको वाल्मीकिके रामसे बहुत ऊंचा उठाया है. वाल्मीकि, भवभूति और तुलसी कृत रामचरित पढनेसे एक प्यास बनी रहती थी और वह यहकि लक्ष्मणकी स्त्री उर्मिलाके सम्बन्धमें लोग विशेष जानकारी चाहते थे. वह पूर्ति 'साकेत' लिखकर श्री मैथिलीशरणजी गुप्तने कर दी. आपने अपने साकेतमें उर्मिलाका जो मौलिक चित्रण किया है, भरत, कैकई, मांडवी आदिका जो वर्णन किया है वह इतना अनूठा और बेजोड है कि लेखकने उनको अमर कर दिया है.

मेरे कहनेका तात्पर्य यही है कि किस महापुरुषके जीवनमें जितनी घटनायें होतीं हैं वह सब कवि आंखोंसे नहीं देखता. साधारणसे साधारण बातको प्रखर बुद्धिकी शानपर वह उसे एक महान् बना देता है. और देशकालको स्थितिके अनुसार अपनी ओरसे मौलिक उल्लेख करता है जो कथानकमें चार चांद लगा देते हैं. जिन व्यक्तियोंको ऐसे कवि मिल जाते हैं वह प्रसिद्ध हो जाते हैं. बाकी ख्याति प्राप्त नहीं कर पाते. रामके गुण गानेवाले वाल्मीकि तुलसी जैसे हुये, इसीसे वे संसार द्वारा जाने गये. वर्ना उनके जीवनमें कितनीही घटनायें ऐसी हैं जो महावीरमें तो क्या सर्व साधारणमें पाई जाती हैं. राम पिताके आदेशसे १४ वर्षको वन गये. वन जाते समय पुनः राज्य प्राप्त भी किया था; पर, महावीर उसी अवस्थामें माता पितासे स्वयं आज्ञा लेकर सदैवके लिये वनमें निकल पडते हैं. रामके साथ सीता है. रक्षाके लिये लक्ष्मण है. खाना पानेके लिये स्वतंत्र हैं. चाहे जब वनसे फलफूल तोडकर

खा सकते और सरोवरसे पानी पी सकते हैं. इसके विपरीत महावीर अकेले हैं, निशस्त्र हैं और अपने आप खाने पीनेकी कोई वस्तु न लेते हैं-न मांगते हैं, न हथियार रखते हैं और न आततायियोंसे अपनी रक्षाका उपायही करते हैं. राम विवाह कर लेते हैं महावीर विवाहतक नहीं करते!

यह सब होते हुयेभी रामकी चर्चा घरघरमें है. उनकी कथा गांवगांवमें महीनों तक होती है. उनकी लीला दिखाई जाती है. फिरभी लोगोंका मन नहीं भरता. इसके विपरीत महावीरका इतना तप त्यागका जीवन होते हुयेभी उन्हें वह ख्याति नहीं. इसका कारण यही है कि उनका जीवन कोई अपनी अमर लेखनीसे लिख दे, अभी तक ऐसा कोई कविही नहीं हुआ।

वर्षमें चैत्र सुदी १३, श्रावण कृष्णा १ और दीपावलीको उनके जन्म, शासनदिवस और निर्वाणोत्सव मनाए जाते हैं. जैनपत्रोंके इन अवसरों पर विशेषांक निकलते हैं. पर वही एक दो बात जो सदासे सुनते आये हैं. जहां रामकी कथा महीनों कही जा सकती है, वहां महावीरकी कथा रातभरभी कहनेवाला विद्वान् नजर नहीं आता. इसका कारण यही है कि जिस अमरवाणीमें उनका जीवन लिखा होना चाहिये, वह नहीं मिलता. यह कहना कि जब लिखने योग्य घटनाही न हो तब क्या लिखा जाय, कुछ ठीक दलील नहीं है. रामकी सब बातें वाल्मीकिने देखीं या सुनी थीं क्या? क्या उन्होंने अपनी कवित्व शक्तिसे कुछ काम नहीं लिया? और थोडी देरको यहभी मान लिया जाये कि वाल्मीकि तो उससमय उपस्थित थे, इस लिये वे सब लिख सके; पर तुलसीदास और मैथिलीशरण गुप्त तो तब उपस्थित नहीं थे. इन्होंने अपनी अलौकिक प्रतिभाके बलपर राम कथानकमें जो नवीन चमत्कार पैदा किया है वह किस आधार पर? अतः राम और महावीरकी तुलना उनके जीवनसे न करके उनके कथासाहित्यसे की जाती है तो मैंभी निःसंकोच कहूंगा कि महावीर सम्बन्धी कथानक नहींके बराबर है.

बुद्ध, ईसा, मुहम्मदकी जीवन घटनायें जुदा जुदा हैं, पर चितेरोंने इस रंगमें अंकित कीं हैं कि मुंहसे बेसाख्ता दाद निकलती है. शकुन्तला क्या थी और क्या न थी, यह कौन जाने? पर कालिदासकी शकुन्तलाको कौन भूल सकता है?

सारांश यह कि जिस नायकको जितनाही श्रेष्ट लेखक मिला, वह उतनाही अधिक ख्यातिको प्राप्त हुआ है. एकही डाल पर खिलनेवाले दो फूल तोडनेवालेकी बुद्धिसे एक देव पर और दूसरा कब्र पर चढ जाता है.

एकही समय और देशमें होनेवाले बुद्ध और महावीरको देखिये. बुद्धके अनुयाई ७० करोड हैं, महावीरके १२ लाख. बुद्धका जीवन दुनियाकी हजारों भाषाओंमें प्रकाशित हो रहा है, महावीरका जीवन एक भाषामेंभी सम्पूर्ण नहीं है.

भ० महावीरके नाम पर लाखों करोडों रुपया दान करनेवाले जैन, उनका एक ऐसा जीवनचरित्र लिखवा सकें, जो आत्मविभोर करदे—जो अपने अंदर संपूर्ण हो—जिसे पढकर पिपासा शान्त की जा सके. ऐसे जैन अब हैं कहीं?" इति शम्।

महावीर हनुमान और तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर।

(ले० श्री० कुमार वीरेन्द्रप्रसादजी जैन, अलीगंज)

वीरशिरोमणि, युगपुरुष भगवान् महावीर वर्द्धमान और पवन-पुत्र महावीर हनुमानको कतिपय व्यक्ति एक बताते हैं; किन्तु उनकी यह धारणा भ्रान्त और निराधार है, क्योंकि हनुमान्‌जी प्राग्-ऐतिहासिक-कालके महापुरुष थे। वह रामचन्द्रजीके समयमें अवतरित हुये थे एवं उन्होंने रामचन्द्रजीके साथही जीवनका अधिक समय व्यतीत किया था। पवनंजय और अंजनाके सुपुत्र हनूमानजी अपने अतुल शारीरिक बलके कारण महावीर नामसे प्रसिद्ध हुए. वह विद्याधर वानर वंशी नरेश थे. कुछ लोग उन्हें वानर (पशु) कहते हैं. पर वास्तवमें वह मानवजातिके महापुरुष थे। जैनी उनको कामदेव बताते हैं. जैन शास्त्रोंमें उनका विशद् वर्णन हैं. उनके मतानुसार हनुमानजीने अन्तमें जैन मुनिकी दीक्षा ली तथा कठोर धर्मसाधना करके कर्म रिपुओंको मार भगाया और मोक्ष सिधारे. किन्तु भगवान् महावीर आजसे २४७५, वर्षपूर्व इस पुण्यभूमि पर अवतरित हुए थे! और वे ऐतिहासिक युगके महापुरुष थे!! जैन तीर्थंकरोंमें वह अन्तिम थे।

आजभी इतिहासके अन्तर्गत् इन जैन तीर्थंकरोंका अस्तित्व सिद्ध है, इसमें संदेहके हेतु स्थान नहीं, क्योंकि आजभी दो हजार वर्षसे पूर्वकी ऋषभादिक तीर्थंकरोंकी मूर्तियाँ प्राप्य हैं. इससे प्रमाणित है कि वे कोई महान् पुरुष, युगपुरुष पथ प्रदर्शकही थे; जिन्होंने पथ भ्रष्टपथिककी नाईं मारे मारे फिरते हुये आत्मोद्धार चाहनेवाले भव्य जीवोंको सच्चा मोक्ष-पथ प्रदर्शित किया था और महान् तीर्थकी स्थापना कीथी। इस महती उपकारकी स्मृतिसें उनकी मूर्तियां बनाई गई है. चौवीसवें तीर्थंकर भ० महावीरके विषयमें तो यह निर्विवादही सत्य है कि वे बुद्धके समकालीन युगवीर महापुरुष थे. महावीर वर्द्धमान लोककी विभूति थे.

कहनेकी आवश्यकता नहीं कि वीरका लोककल्याण और सार्वहितका कार्य इतना प्रभावशाली था, कि सारा ब्रह्माण्ड उनके सामने नत-मस्तक हुआ था. विश्व कवि रवीन्द्रनाथजीने कहाथा, कि महावीरके उपदेशसे प्रभावित होकर सब मानव एक हुये. सबने उनकी पावन स्मृति सुरक्षित रखनेका उद्योग किया। तभी लोगोंने एक सम्वत् चलाया जो आजभी 'वीर-निर्वाण-सम्वत्' के रूपमें प्रचलित है. स्व. मम. श्री हीराचन्द्र गौरीशंकरजी ओझाको अजमेर प्रान्तके बारली नामक स्थानसे एक शिलालेख प्राप्त हुआ था, जिसके अन्तर्गत वीर निर्वाणके ८४ वर्षके पश्चात राजपूताना राज्यकी मज्झिमका नगरीमें कोई भव्य भवन बनाए जानेका उल्लेख है. आधुनिक अन्वेषक वीर निर्वाणको ईसासे ५२७ वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ मानते हैं. तब यह शिलालेख २३९२ वर्ष पुराना है. उसमें भ. महावीरको महापुरुष माना हैं. इससे भ. महावीर ऐतिहासिक महापुरुष सिद्ध हुए.



सराय अघत (तहसील अलीगंज)
जिला एटासे प्राप्त गुप्तकालीन सर्वतोभद्रिका जिन-प्रतिमा। (पृ. २६)
Fig. III A Quadro-Faced Jina Image from Sarāi-Aghat (Etah)
(श्री अध्यक्ष, प्रांतीय संग्रहालय, लखनऊके सौजन्यसे।)



भ. महावीर की आमली-क्रीड़ा दृश्य, कंकालीटीला मथुरा।
(देवकृत परीक्षाके पश्चात्, देव प्रसन्न होकर बालक महावीर को कंधेपर बैठाकर घुमा रहा है)
Fig. II Prince Mahāvīra with His Play-Mates and Celestial Deva
('महावीर हनूमान और तीर्थंकर वर्द्धमान महावीर'–शीर्षक लेखसे सम्बन्धित)

ईसासे पूर्व द्वितीय शताब्दिमें कलिङ्गका जैन सम्राट खारवेल था; जिसके पौरुष तथा राज्य विस्तारके लिये सेनाकी व्यवस्थित तीव्र गतिका वर्णन देखकर सुप्रसिद्ध विद्वान श्री काशीप्रसादजी जायसवालने सम्राट खारवेलका नामकरण किया था: "भारतका नेपोलियन". इनके हाथीगुफा वाले लेखमें उल्लेख है कि खारवेलका सौन्दर्यभी भगवान महावीरके सदृश्य था. इसमें यहभी लिखा हैकि भ. महावीरने कुमारी पर्वतपर आकर उपदेश दिया. उक्त कथनसेभी प्रमाणित होता है कि भ. महावीर तत्कालीन युगके महाविभूति थे.

इतनाही नहीं इसके अतिरिक्त भिन्न भिन्न स्थानोंपर भ. महावीरकी अनेक मूर्तिया प्राप्त हुई हैं. ये मूर्तिया उनकी ऐतिहासिकताके प्रमाण हैं. जिलाएटाकी तहसील अलीगंजके अन्तर्गत सराय अघइत नामक स्थानसे प्राप्त गुप्तकालीन चतुर्मुखी मूर्ति अत्यन्त मनोहर दृश्य है। (चित्र नं. ३) लखनऊके संग्रहालयमें कंकाली टीला मथुराकी खुदाईसे प्राप्त कुछ जैन मूर्तियां तथा शिलालेख संग्रहीत हैं. उनमें एक शिला पट्ट ऐसा है जिसमें भ. महावीरका जन्म कल्याण देवगण मनाते दर्शाये हैं. उसी संग्रहालयमें भ. महावीरकी जननी महारानी त्रिशलाकीभी सुन्दर मूर्ति है. (J ६२६) इस मूर्तिकी कलाकुशलता अनुपम तथा हृदयग्राही है. मथुरा संग्रहालयके अन्तर्गतभी एक शिलापट्ट कुशान कालका है, इसमें भ. वीरके कुमार कालका उस समयका चित्र चित्रित है, जिस समय वे बालसखाओंके साथ आंख मिचौनी खेल रहे थे तथा देवने परीक्षा ली थी, (चित्र नं. २) उपरिलिखित इन प्रमाणोंसे यह सिद्ध है कि भ. महावीर ऐतिहासिक महापुरुष थे!

अन्ततोगत्वा हम इस निस्कर्षपर आते हैं कि भ. महावीर ऐतिहासिक महाविभूति तथा श्री हनुमानजी पौराणिक महापुरुष थे. यदि श्रीहनुमानजी श्रीरामचन्द्रजीके समयमें रामचन्द्रजीकी सहायता कर मैत्री का सुन्दर स्वरूप दे आत्म कल्याण कर मोक्ष सिधारे; तो भ. महावीरने अपने आत्म संयमसे आध्यात्मिक तत्वों सत्य, अहिंसा शीलादिकी अटूट एवं अविचल चट्टानपर खडे होकर लोक-कल्याण किया और मोक्ष पधारे. इस प्रकारसे इन उभय महापुरुषोंका व्यक्तित्व भिन्न भिन्न सिद्ध है !!

कृष्ण और महावीर !

(श्री० हरिसत्य भट्टाचार्य, एम. ए., बी. एल.)

[श्रीकृष्ण बाबीसवें तीर्थंकर अरिष्टनेमिके समकालीन थे। जैनियोंके त्रेसठ शलाकापुरुषोंमें वे अन्तिम नारायण थे। 'हरिवंश पुराण'में उनका विशद चरित्र मिलता है। जैनी श्रीकृष्णजीको भावी तीर्थंकरके रूपमें पूजते हैं। वैष्णवजन उनके दर्शन भक्तरूपमें करते है और उनको सरस लीलाओंके बाह्य रूपमें मग्न रहते हैं। कृष्ण लीलाके आध्यात्मिक रहस्यको वे नहीं पहिचानते। चीरहरण-लीला उनको आत्मबोध करानेमें कारणभूत नहीं होती। भक्तजन नहीं समझते कि गोपियां इन्द्रियोंकी प्रतीक हैं—उनको वस्त्रादि विहीन करना वासनाओंको छीन लेना है। किन्तु कृष्ण-उपासनाका दार्शनिक रूपभी है, जिसका प्ररूपण 'भगवद्गीता'में हुआ है। श्रीभट्टाचार्यजीने कृष्णजीकी तुलनामें उनके इस दार्शनिक रूपकोही दृष्टिमें रक्खा है। पाठक इस अध्ययनसे दोनों महापुरुषोंको ठीक रूपमें समझ सकेंगे। —का० प्र०]

हमारा यह लोक दुख-शोककी लीलाभूमि है। राजमुकुटको धारण किये हुये शक्तिशाली सम्राट्का हृदयभी यहां पीडासे खाली नहीं है। संयोग-वियोगकी आंखमिचौनी यहां होती रहती हैं। रोग, शोक और मृत्युके दुख नित नये होते हैं। दुनियांमें उनसे बचा कौन है? महावीरके विचारशील मन पर इन बातोंकी गहरी छाप पडी थी - दुनियांकी चीजोंमें उनके लिये न कोई आकर्षण था और न मोह! छटवीं शताब्दि ईस्वी पूर्वके प्रबल शासक क्षत्रिय सिद्धार्थ और वैशालीके प्रसिद्ध राजा चेटककी पुत्री रानी त्रिशलाके उस विचक्षण पुत्रका बुद्धिकौशल, बल और विवेक सर्वोपरि था। वीरने पूंछा: "इस दुखसे मुक्ति पानेकाभी कोई मार्ग है? मानवके अनन्त दुख-शोककाभी कोई अन्त है?"

तीस वर्षके उन युवा और राज्यके उत्तराधिकारी महावीरने इस प्रश्नको हल करनेके लिये घर-बार छोडा और आत्मसंयमकी कठोरतम साधनामें वह लीन हो गये। साधनाका फल उन्हें मिला, जो वह चाहते थे। वह सर्वज्ञ हुये। उन्हें परम सुखका मार्ग सूझ गया! वह अपने युगके महा मानव हुये। उनके हृदयमें यूं तो सबके लियेही विश्वप्रेमका सोता बहता था, परंतु तिरस्कृत, अपमानित और दलित जीवोंके प्रति उनकी करुणा अपार थी। उन्होंने सबके लिये अनुभव किया और सबके लिये मोक्ष मार्गकी घोषणा की! दलित दासकन्या रूप चन्दना पर वह सदय हुये और वह आर्यिका संघकी नेत्री हुई! महावीरने अपने अभयदायक सुखसन्देशको तीस वर्षों तक ढौर-ढौर विचर कर फैलाया। सन् ५२७ ई० पूर्वमें जब उन्होंने पावापुरसे निर्वाणधाम पाया, तो यह स्वाभाविक था कि बडे बडे राजा और सारा जनसमुदाय कृतज्ञता ज्ञापनके लिये उनका निर्वाण कल्याणोत्सव धूमधामसे मनाता और दीपावली रचाता! हुआभी यही!

महावीरके इस संक्षिप्त वृत्तान्तसे स्पष्ट है कि उनके संदेशकी आधारशिला अहिंसा थी।

'किसीको कष्ट न पहुंचाओ, सबका भला करो'–यह उनका परम सिद्धान्त था। उनका महान् करुण हृदय लोकके–प्राणियोंके दुखशोकका अनुभव करता था–दुखकी महान् विषमताको वह जानते थे। इसीलिये उन्होंने धर्मका मूल सिद्धान्त अहिंसा घोषित किया!

* * *

एक अत्याचारी शासकके अन्यायने जिनके निरपराध माता-पिताको कारावासमें रक्खा, जिनके नवजात शिशुभाई अकालकालकवलित किये गये और स्वयं राजपुत्र होते हुयेभी दूर-दूर देशमें ग्वालोंके बीच नृशंस कंसके घातक प्रहारके भयमें जिन्हें रहना पडा, उन कृष्णको सचमुच अपने जीवन अस्तित्वके लिये बचपनसेही लडना पडा। अभी वह पूरे युवाभी नहीं हुये कि लोकने जाना, "वह रहेंगे या अत्याचारी कंस!" पर कंसही क्यों? कृष्णका महान् और प्रबल शत्रु तो जरासिंधु आ निकला। अपनी, अपने कुलकी और सभी शान्तिप्रिय लोककी क्षेम-कुशलके लिये कृष्णको जरासिंधु परभी चक्रप्रहार करना पडा! शान्त लोकके द्रोही अत्याचारी लोगों जैसे शिशुपाल, सल्व आदिको भीतो उन्हें यमके घाट उतारना पडा था। किन्तु क्या इन कृत्योंसे लोकमें धर्मराज्यकी स्थापना हुई थी? सचमुच नहीं! पशुबल पर तुले कौरव और पांडवोंको कैसे भुलाया जावे? कृष्णने शान्ति और न्यायके लिये संधि करानी चाही, तो मदमत्त कौरव-पांडव परिहास करने लगे! परिणाम कुरुक्षेत्रका नृशंस और घातक महाभारत युद्ध हुआ! कृष्णके परिजन और सम्बन्धी लोगही वासनामें अंधे हुये अधार्मिक जीवन बिताने लगे और अकाल मृत्युके शिकार हुये। विचारिये कृष्णके हृदय पर मानव प्रकृतिकी इस नृशंस प्रगतिका क्या प्रभाव पडा होगा! उनके चहुंओर नीच क्रूरता नंगी नाच रही थी! इन जीवन घटनाओंने कृष्णको कर्म करनेके लिये प्रेरणा की-उन्होंने घोषित किया, "मानव कर्म करनेमें रत रहे, परंतु उनके फलकी इच्छा न करे!" निष्काम कर्म करना कृष्णका ध्येय था!

* * *

महावीर और कृष्ण–दोनोंही दुनियांकी बुराईकी तह तक पहुंचे हुये थे! दोनोंनेही लोकको मुक्तिका संदेश दिया। किन्तु महावीरने अपनी असीम करुणासे प्रेरित हो दुखी दुनियाको अहिंसा का सिद्धांत दिया! सबको विश्वप्रेमका पाठ पढाया। इसके विपरीत चूंकि कृष्णको अपने जीवन-अस्तित्वको स्थिर रखनेके लिये अन्याय, अत्याचार और अनाचारसे जूझना पडा था, इसलिये उन्होंने कर्ममय सन्यासकी शिक्षा लोगोंको दी। इस प्रकार कृष्ण और महावीरने जिस मानवधर्मका प्रतिपादन किया वह उनके विभिन्न जीवन व्यवहार और दृष्टिकोणपर अवलम्बित हैं। महावीर स्वभावसे बडे दयालु और कृपालु थे। इसलिये उन्होंने मानवको सिखाया कि वह किसी प्राणीकी हिंसा न करे और सबके साथ भलाई और अच्छाईका व्यवहार करे। जीवनकी विषमताओंने कृष्णको कर्म करनेकी आवश्यकता दर्शाई; इसलिये उन्हें संसारके प्रलोभन थोथे भासे। उन्होंने मानवका कर्तव्य निर्धारित किया कि "मानव कर्म करे, परंतु फल पानेकी आकांक्षा न करे।"

किन्तु इस कथनसे यह न समझना चाहिये कि भारतमें सन्यास और अहिंसा सिद्धान्तोंका

प्रतिपादन पहले पहले कृष्ण और महावीर द्वारा हुआ था। वास्तवमें बात यूं नहीं है। सत्य यह है कि कृष्णने सन्यास धर्मका व्यवस्थित निरूपण नये ढंगसे किया था और महावीरने फिरसे अहिंसाकी सार्थकता सिद्ध की थी! वैसे अहिंसाधर्मका निरूपण महावीरसे पहले अनेक तीर्थङ्करों द्वारा किया जा चुका था। जैनियोंके अतिरिक्त वैदिक धर्मानुयायियोंनेभी सीमितरूपमें अहिंसाका पालन किया था। सन्यास धर्मके लियेभी यही बात घटित हुई! उपनिषदोंमें सन्यास धर्मकाही विवेचन मिलता है। सबही भारतीय दर्शनोंमें सन्यासको अपनाया गया है। जैनियोंनेभी उसके महत्वको पहिचाना है। महावीरने अहिंसाको नया व्यवहारिक रूप दिया और कृष्णने बताया कि सन्यास धार्मिक जीवनका मूलाधार कैसे बन सकता है! दोनों महापुरुषोंने किन्हीं नये सिद्धान्तोंका उपदेश नहीं दिया।

कृष्णने अद्वैतवादके दार्शनिकरूपमें मानवधर्मकी विचारणा की। उनके निकट एक ब्रह्मके अतिरिक्त शेष सब माया (छाया non-existence) है। जीवात्माभी ब्रह्मरूप है। इस सिद्धांतके अनुसार लोक तो छाया (illusion) मात्र है–फिर परके प्रति धर्म हो ही क्या सकता है? तोभी लोक व्यवहारकी सत्तासे इनकार नहीं किया जा सकता! इसलिये छायाका लोभ या मोह न करके निष्काम कर्म करना मानवके लिये उचित है। कृष्णने इस सिद्धांतको आगे बढाया था।

जैनी लोकको छाया अथवा असत्व (non-existence) नहीं मानते। उनके निकट लोक शुद्ध द्रव्योंका क्रियाक्षेत्र है। अलबत्ता जैनी यह मानते हैं कि सांसारिक पदार्थ आत्माके स्वभावसे प्रतिकूल हैं। इसलिये वे अग्राह्य हैं। इस हद तक जैन धर्ममेंभी सन्यासका महत्व स्वीकार किया गया हैं। जैन सिद्धांतके अनुसार (१) लोकमें अनन्त जीव हैं (२) और वे जीव कर्म-मल द्वारा अनादिकालसे मलिन हैं, जिसके कारण वे संसारमें भ्रमण करते और दुख उठाते हैं। अतः जैनाचारका निरूपण इस सिद्धांतके अनुकुल होना अनिवार्य रहा है। निस्सन्देह जैनी आत्मोन्नति करनेके साथही संसारके दुखी और संघर्षमें लीन अपने साथियोंको कैसे भूल जाते? अतः मानवधर्म उनके निकट एक यथार्थ वस्तु रही है। दूसरोंका उपकार करना जीवके लिये स्वाभाविक है। महावीर अपने समयके जैनियोंमें प्रधान थे और उन जैसा कोमल एवं दयालु हृदय किसीका नहीं था। उन्होंने अपने चहुंओर देखा कि लोकके सभी प्राणी दुख-शोकके संघर्षमें जर्जरित हो रहे हैं। उनका ध्यान निकट और प्रत्यक्षसे दूर गया। उन्होंने अनुभव किया, सभी युगों, कालों और क्षेत्रोंमें सांसारिक जीवोंके भाग्यमें संसृतिके दुख और शोक लिखे हुये है। उन्होंने अपनी मुक्तिमेंही संतोष नहीं माना, बल्कि दुखी संसारकी मुक्तिके लियेभी कुछ करना उन्हें आवश्यक जंचा! अतः उन्होंने घोषित किया कि मानवका परमधर्म अहिंसाको पालना है। वह अहिंसा नहीं, जो मानवको दीनहीन बनादे! दीन भिखारीके आगे बडे गर्वसे पैसे फेंक देना अहिंसा नहीं है। अहिंसा तो महान् धर्म है। उसके पालनसे तो अपना और पराया सबका उत्कर्ष और गौरव होना चाहिये। इसलिये महावीरने अहिंसाको मुख्य धर्म माना और बताया कि अहिंसाका पालन किये बिना कोई मुक्त नहीं हो सकता!

कृष्ण और महावीरके जीवन और सिद्धांत उनकी महानता स्वतः प्रमाणित करते हैं। इति शम्।

महावीर और बुद्ध।

(ले० श्री० कामताप्रसाद जैन)

अन्तिम तीर्थङ्कर महावीर वर्द्धमानके समकालीन म० गौतम बुद्ध थे, जिन्होंने बौद्ध धर्म्मकी स्थापना की थी। जो लोग जैनधर्म्म और बौद्धधर्म्मको एक माननेकी भूलमें पडे हुये हैं, वह देखें कि दोनों धर्म्मोंके संस्थापक जुदे जुदे थे। ऋषभदेवने जैनधर्म्मकी स्थापना महावीर और बुद्धसे बहुत पहले की थी; जब कि गौतम बुद्धने बौद्धधर्म्मको पहले पहले उससमय चलाया जिससमय जैनधर्म्मके तेईस तीर्थङ्कर हो चुके थे और चौबीसवें तीर्थङ्कर महावीर उसका पुनर्संस्कार करके प्रचार कर रहे थे। प्रो० ल्यूमानने महावीर और बुद्धकी तुलना करते हुये लिखा था कि "महावीरका जन्म ई० स० पूर्व ५७० के आसपास हुआ। वह महान् विजेता रूपमें प्रसिद्ध हुये। बुद्ध ई० स० पूर्व ५५० के लगभग जन्मे और बुद्ध अर्थात् ज्ञानी कहलाये। ये दोनों महापुरुष अर्हन्त (पूज्य), भगवन्त (प्रभू), और जिन (विजेता) नामोंसे ख्यात थे। किन्तु महावीरकी तीर्थङ्कर संज्ञा उसी प्रकार निराली है जैसे बुद्धकी तथागत! दोनों महापुरुषोंके क्रमशः यही नाम लोकप्रिय और प्रचलित थे। तीर्थङ्करका शब्दार्थ 'तारनहार' अथवा 'मुक्तिमार्गके प्रदर्शक' होता है। तीर्थंकरका भावार्थ मार्ग-दर्शक समझना ठीक है। 'तथागत'का शब्दार्थ होता है 'ऐसे गये जो' अर्थात् 'सच्चे मार्ग पर चढे जो।' तथागतका भावार्थ 'आदर्शरूप' ठहरता है। महावीर ज्ञातृकुलमें और बुद्ध शाक्य-कुलमें जन्मे थे। इसलिये महावीर 'ज्ञातृपुत्र' और बुद्ध 'शाक्यपुत्र'भी कहलाये थे। शाक्यपुत्र अपेक्षा शाक्यमुनिभी वह कहलाये। घरके भाई-बन्धुओंमें महावीर 'वर्द्धमान' और बुद्ध 'सिद्धार्थ' नामसे प्रख्यात् थे। बुद्ध नामकी अपेक्षासे उनके अनुयायी बौद्ध (Buddhist) कहलाये और महावीरकी जिन संज्ञाके अनुरूप उनके अनुयायी जैन (Jinist) नामसे प्रसिद्ध हुये।"[१] इस प्रकार महावीर और बुद्ध दो प्रथक महापुरुष ठहरते हैं और दोनोंके धर्मभी स्वाधीन थे। जैनधर्म और बौद्धधर्म एक दूसरेकी शाखा नहीं थे और नहींही उनका उद्गम वैदिक धर्म्मसे हुआ था। अलबत्ता जैनधर्म बौद्धधर्मसे प्राचीन है,[२] किन्तु बौद्धधर्मका साम्य जैनधर्म्मसे अधिक है। बौद्धधर्म्मके अनेक पारिभाषिक शब्द (Technical Terms) और सिद्धान्त नितान्त जैनधर्मके अनुरूप हैं।[३]

---

१. बुद्ध अने महावीर (पूना १९२५), पृष्ठ १२-१३.

२. "Jainism played an important part in the religious history of ancient India. There can be no doubt that it (Jainism) is older than Buddhism. According to tradition the principles of Jainism existed in India from the earliest times." —Dr. B. C. Law, M. A., B. L., Ph. D., D. Litt. etc.

३. विशेषके लिए स्व० ब्र० शीतलप्रसादजीकृत "जैन-बौद्धतत्वज्ञान" (सूरत) नामक पुस्तक देखो।

अहिंसा-दया और मैत्री भावनाको जैनकी तरह बौद्धभी विशेष महत्व देते हैं। संसार और वासनासे दोनोंही मानवको सावधान करते हैं। दोनोंही कर्मसिद्धांत को मानते और आश्रव-बंध शब्दोंका व्यवहार करते हैं। किन्तु यह सादृश्य बाह्यरूपमेंही है। गहरे उतरनेपर जैनोंकी अहिंसा और कर्मसिद्धांत बौद्धोंकी अहिंसा और कर्म्मसिद्धान्तसे विलक्षण ठहरते हैं। जैन अहिंसाका पालक मांस-मदिराको कभी छू नहीं सकता, किन्तु बौद्धभिक्षुगणतक मृतमांस ग्रहण करनेमें संकोच नहीं करते। विनयपिटकमें ऐसे उल्लेख हैं जिनसे भासता है कि स्वयं बुद्धने मांस भोजन किया था[1]। उपरान्त बौद्धोंके 'लंकावतार सूत्र'में 'मांस-भक्षणपरिवर्तो' नामक आठवें अध्याय द्वारा मांसभक्षणका विरोध बुद्धके मुंहसे अवश्य कराया गया है[2]। मूल पिटकसूत्रोंमेंभी जब हम बुद्धको एक जैनके समान त्रस-स्थावरकी रक्षा करने, रात्रि भोजन न करने, वनस्पतिकायकी विराधना न करनेका सूक्ष्म दयामय उपदेश देते देखते हैं, तो संशयमें पडते हैं। हो सकता है कि 'सूकर मद्दव' आदि शब्दोंका अर्थ बुद्धदेवके निकट मांस-मत्स्य न होकर कोई विशेष प्रकारका शाकभोजन रहा हो। श्वेताम्बर जैन सूत्रग्रंथोंमें 'माज्जारकडे' — 'कुक्कुडमंसये' आदि

---

१. 'जीवकसुत्तन्त' (२।१।५), 'मज्झिमनिकाय' (हिन्दी, पृ. २०० और 'महावग्ग' (६।१५।२) में म. बुद्धके १२५० भिक्षुओं सहित मांसभोजन करनेका उल्लेख है।

२. "भगवांस्तस्मै तदवाचत्। अपरिमितैर्महायते कारुणैमांसं सर्वमभक्ष्यं कृपात्मनो बोधिसत्वत्यतेभ्यस्तूपदेशमात्रं वक्ष्यामि।" इन शब्दोंके 'लंकावतारसूत्र' में म. गौतम बुद्धके मुखसे मांसाहारका निषेध कराया गया है, जिससे स्पष्ट है कि बौद्धोंमें मांसाहारके विरुद्ध भावना जागृत हुई थी। चीन-जापानके कतिपय बौद्धभिक्षु इस समयभी मांस नहीं खाते हैं। (विशेषके लिये 'जैन-बौद्ध तत्वज्ञान' (सूरत) पुस्तक पृ. १८४।१८९ देखिये।)

३. 'सुत्तनिपात'के धम्मिकसुत्तमें दयाभाव रखनेके लिये स्थावर और त्रस जीवोंके प्राण न लेनेका उपदेश ठीक जैन शास्त्रके अनुरूप है :—

"पाणं न हाने न च घातयेय्य न चानुजंञ्ञा हनतं परेसं।
सब्बेसु भूतेसु निधायदंडं ये थावरा ये च तसंति लोके॥"

'महावग्ग' (६) केणियजटिल प्रसंगमें लिखा है — "श्रमण गौतमभी रातको उवरत = विकाल भोजनसे विरति हैं। अर्थात् गौतम बुद्ध रात्रिको भोजन नहीं करते हैं।" — बुद्धचर्य्या, पृ. १६७.

"सामंजफलसुत्त" (दीर्घनिकाय) १:६:२ में साधुधर्ममें बताया है कि "साधु बीज-ग्राम-भूत-भूतग्रामके नाशसे विरत होता है। एकाहारी, रातको (भोजनसे) विरत, विकाल भोजनसे विरत होता है। मूलबीज, स्कंधबीज (डाली जो उगती है), फूलबीज, अग्रबीज और पोचवां बीज—बीज—यह या इस प्रकारके बीजग्राम—भूतग्रामके विनाशसे विरत होता है।" वनस्पति कायकी रक्षाका ऐसाही विवेचन जैनशास्त्र 'गोम्मटसार' (जीवकांड) की योगमार्गणामें किया है। वहां वनस्पति (१) मूलबीज, जैसे हल्दी, अदरक; (२) अग्रबीज जैसे आर्यक, (३) पर्वबीज जैसे साठा-गन्ना; (४) कंदबीज जैसे पिंडालू-सूरण; (५) स्कंधबीज जैसे पलास; (६) बीजबीज जैसे गेहूं चना और (७) सम्मूर्छन मिश्रित बीज। साधु इनकीभी रक्षा करता है। जीवदया पालनमें बुद्धनें पूरा ध्यान रक्खा; किन्तु परिस्थिति वश संभवतः उनको मृत मांसकी छूट रखना पडी। (जैन—बौद्ध तत्वज्ञान, पृ. १७६-१७८).

शब्दोंका प्रयोग वनस्पति विशेषके लिये हुआ मिलता है[1]। किन्तु बौद्धोंके 'विनयपिटक' ग्रंथमें सेनापति सीहका प्रकरण इस अनुमानमें बाधक है[2]। वहां बैलके वध करने और वह बैलका मांस बुद्धको आहारमें अर्पित करनेका स्पष्ट उल्लेख है। इससे यह अनुमान होता है कि बुद्ध स्वयं और अपने अनुयायियोंको प्राणिहत्यासे दूर रहनेके लिये जैनोंके समानही सावधान रखते थे; किन्तु जब कोई ग्रहस्थ उनको वह मांस देता था जो उनके उद्देशसे नहीं मारे गये पशुकी हत्यासे प्राप्त हुआ हो, तो वह ले लेते थे[3]। बर्मा आदि देशोंके बौद्ध आजभी इस भ्रामक धारणासे मृतमांस ग्रहण करते हैं। जैन धर्ममें ऐसा कोई संदिग्ध स्थल नहीं है— उसमें मांसभोजनका सर्वथा निषेध है। 'पुरुषार्थ सिद्धयुपाय' में उसे स्पष्ट हिंसा पापका कारण और त्याज्य कहा है :—

"न बिना प्राणविघातान्मांसस्योत्पत्तिरिष्यते यस्मात्।
मांसं भजतस्तस्माप्रसरत्य निवारिता हिंसा ॥ ६५ ॥
यद्यपि किल भवति मांसं स्वयमेव मृतस्य महिषवृषभादेः।
तत्रापि भवति हिंसा तदाश्रितनिगोतनिर्मथनात् ॥६६॥
आमास्वपि पक्वास्वपि विपच्यमानासु मांसपेशीषु।
सातत्येनोत्पादस्तज्जातीनां निगोतानाम् ॥ ६७ ॥"

भावार्थ — "बिना प्राणियोंके मारे मांस नहीं होता है, इसलिये मांस खानेवालेके अवश्य हिंसा होती है। यद्यपि स्वयं मरे हुए भैंस, बैलादिकाभी मांस होता है, तोभी नहीं खाना चाहिये, क्योंकि उनमें उनके आश्रयसे पैदा होनेवाले अनेक जंतुओंकी हिंसा होगी। मांसकी डली चाहे कच्ची हो, चाहे पकी हो, चाहे पक रही हो, उसमें उसी जातिके जंतु निरंतर पैदा होते हैं, जिस जातिके पशुका वह मांस होता है!" इसलिये मांस अभक्ष्य है। श्वेताम्बर जैनोंके 'सूयगडांग' (सूत्रकृताङ्ग) ग्रंथमें दूसरे श्रुत-स्कंधके छठे अध्ययनमें अडतीस गाथाओंके अन्तर्गत मांसाहार करनेवालोंका वर्णन करके अन्तमें लिखा है :—

"ये यावि भुजन्ति तहप्पगारं सेवन्ति ते पावम जाणमाणा।
मणं न एयं कुशलं करन्ती, वायावि एसाबुइया ऊमिच्छा॥"

---

१. 'मार्जारो विरालिकाभिधानो वनस्पति विशेष'—अभयदेवसूरि। 'भगवतीसूत्र' में 'माज्जारकडे' का अर्थ मुरधपर्णी वनस्पति किया है। 'अभिधानसंग्रह-निघंटु' में कपोतको 'कपोताण्ड-तुल्य फल' और कुक्कुटको वनस्पति विशेष (श्रीवारकः शितिवरीवितुन्नः कुक्कुटः शिति) लिखा है।

२. महावग्ग ६:३१:११ (SBE. XVII) p. 115.

३. "जीवक, तीन प्रकारके मांसको मैं (बुद्ध) भोजन कहता हूं :— अदृष्ट, अश्रुत, अपरिशंकित (= जीवका अपने लिये मारा जाना न देखना, न सुनना और न शंका होना.)—जीवकसुत्तन्त (२।१।५) मज्झिमनिकाय (हिन्दी) पृ० २०० 'महावग्ग' (विनय पिटक ६:३१:२४) में भी उपर्युक्त तीन शर्तोंसहित मछली खानेका विधान है। इस तरह अहिंसाको मानते हुयेभी बुद्ध मांसभोजनके सर्वथा विरोधी नहीं थे।

अर्थात् — 'जो भी उस प्रकारका आहार करता है, वह पापको न जाननेवाले अनार्य मानवकी सेवा करता है; परंतु कुशल मनुष्य मांस-भक्षणके पापको जानता है, उसकी अभिलाषाभी मनमें नहीं करता है—ऐसी (मांस-भोजन-विधान-जैसी) मिथ्या वाणी बोलताभी नहीं!' इस प्रकार जैन और बौद्ध अहिंसाका अन्तर स्पष्ट है!

यही हाल कर्मसिद्धांतका है। महावीरके समानही बुद्धभी कर्मसिद्धांतको स्वीकार करते प्रतीत होते हैं। बुद्ध इस बातको मानते हैं कि प्रत्येक प्राणी अपने किये हुये शुभ अथवा अशुभ कर्मोंका फल पाता है। जबतक रूप, वेदना, संस्कार और विज्ञानकी संतान चलती रहेगी तबतक अनेक जन्मोंमें प्राणीको भ्रमण करना पडेगा। जब सब आस्रव क्षीण होंगे, तब क्षय होगा और क्षयसे निर्वाणकी प्राप्ति होगी[1]। किन्तु इस विवेचनसे यह स्पष्ट नहीं कि बुद्धभी महावीरके अनुरूप कर्मको एक विशेष सूक्ष्म पुद्गलकी आत्मा पर प्राक्रिया रूप मानते थे, जो आस्रव (= आगमन), बंध (= स्थिति–विपाक) और निर्जरा (= क्षय) की अवस्थाओंसे युक्त है। अलबत्ता बौद्धसाहित्यमें निम्न प्रकार आस्रव और संवर शब्दोंका प्रयोग हुआ मिलता है :—

(१) 'आसवा संवरा पहा तब्बा' (= आस्रवोंको संवरसे दूर करना चाहिये).

(२) 'भिक्खु सब्बासव संवेर संवुतो विहरन्ति' (= भिक्षु सर्व आस्रवोंका संवर करता हुआ विहार करता है)। —मज्झिमनिकाय, इत्तिवसुत्त, सब्बासव सुत्तं।

(३) 'जिसकर्मफलके लिये अनेक सौ वर्ष, अनेक हजार वर्ष नर्कमें पचना पडता उस कर्मविपाकको ब्राह्मण, तू इसी जन्ममें भोग रहा है।'

—बुद्धचर्या पृ० ३७० (अङ्गुलिमालसुत्त)

इन उद्धारोंमें आस्रव, संवर और कर्मविपाक शब्दोंका प्रयोग हुआ है, जिनसे यह ध्वनित होता है कि बुद्धभी कर्मपुद्गलका आना और फल देना मानते थे; परंतु उन्होंने 'बन्ध' तत्वका जैनकी तरह नहीं माना है। इस लिये यह शंकास्पद है कि उन्होंने महावीरके समानही कर्म-पुद्गलको आस्रव, बंध, संवर और निर्जरा माना है। बंध और निर्जरा नामक तत्व बौद्धधर्ममें नहीं हैं[2]। इस प्रकार बाह्य सादृश्य होतेहुयेभी दोनों धर्मोंकी मान्यताओंमें अन्तर है!

---

१. जैन-बौद्ध तत्वज्ञान (सूरत), पृष्ठ १४४–१५३.

२. *Bandha*—In Jainism it means bondage...In Buddhism, it means Samyojanā. *Nirjarā*—There is nothing like this in Buddhism.

—Dr. B. C. Law, M.A., B.L., Ph.D., D.Litt. (Foreword to Bhagawāna Mahāvīra Aur Mahātmā Buddha, p. 11).

आस्रवके विषयमें जैकोबीने लिखाथा कि विचार पर विशेष असर करनेवाले बाह्य जगतके प्रभाव को बौद्ध आस्रव कहते हैं। यह भाव जैनधर्मके आस्रवसे प्रकट होता है, क्योंकि जीव पर कर्मपुद्गल असर करता है, यह मान्यता केवल जैनदर्शनमेंही है। —जैनधर्म (गुजराती) पृ ४६४.

किन्तु महावीर और बुद्धदेवके सिद्धांतोंमें इसप्रकार बाह्य सादृश्य होनेका कारणभी होना चाहिये। वह कारण जैनाचार्य देवसेनके 'दर्शनसार' ग्रन्थको देखनेसे स्पष्ट होता है। उसमें लिखा है कि तेईसवें तीर्थङ्कर पार्श्वनाथके तीर्थके आचार्य पिहिताश्रवके शिष्य बुद्धकीर्ति मुनि हुये, जो भ्रष्ट होकर मत्स्य भक्षक और अपने मत-बौद्धधर्मके प्रणेता हुये[1]। अपने साधुजीवनमें जैन मुनिचर्याका पालन बुद्धने किया था-इस बातको उन्होंने निम्नलिखित शब्दोंसे स्वीकार किया है; बुद्ध कहते हैं :—

"वहां सारिपुत्र! मेरी यह तपस्विता थी-अचेलक (नग्न) था। मुक्ताचार, हस्तापलेखन (हथचट्टा), नष्ट हिमादन्तिक (बुलाई भिक्षाका त्यागी), न-तिष्ट-भदन्तिक (ठहरिये कह, दी गई भिक्षाको), न अपने उद्देश्यसे किए गएको और न निमन्त्रणको खाता था। ... न मछली, न मांस, न सुरा पीता था। ... शाकाहारी था। ... केशदाढी नोचनेवाला था।" — मज्झिमनिकाय, १।२।२, (हिन्दी), पृ. ४८-४९.

बुद्धकी यह चर्या बिल्कुल दिगम्बर मुनिकी चर्याके अनुरूप है। अतः यह स्पष्ट है कि जैन-मुनिपदसे भ्रष्ट होकर बुद्धने 'मध्यमार्ग' का निरूपण किया था। इसलियेही उनके मतका सादृश्य जैनमत और उसके सिद्धांतोंसे है!

जैनोंकी महान् तपस्यासे घबड़ा कर बुद्ध मध्यमार्गी बन गये — न वह गृहस्थोंकी तरह वासनासक्त थे और नहीं ही श्रमणोंके अनुरूप घोर तपस्वी। वानप्रस्थी परिव्राजकोंके समान बुद्धने सन्यासी जीवनमें स्त्री-सुखकी शिथिलताकाभी निरोध किया था। उसके विपरीत महावीर योगी और महातपस्वी रहे। डॉ. ल्यूमानने ठीक लिखा था कि "महावीर केवल साधुही नहीं, तपस्वीभी थे। किन्तु बुद्धको बोध प्राप्त होनेपर वह तपस्वी न रहे-मात्र साधु रह गये वह! बुद्धने अपना पुरुषार्थ जीवनधर्मपर लगाया। इस प्रकार महावीरका उद्देश आत्मधर्म हुआ तो बुद्धका लोकधर्म! बुद्धने अपना उद्देश्य आत्मधर्मसे विकसित करके लोकधर्म स्थिर किया। इसीकारण वह प्रख्यातभी खूब हुये। बुद्धकी दृष्टि लोक समाजपर लगी-वह सबके थे और उनका आत्मयोगभी सबके लिये था। इस प्रकार उनका धर्म महावीरके धर्मसे सर्वथा-स्पष्टरीतिसे जुदा ठहरता है! महावीरके धर्ममें सर्वोच्च भावना आत्मयोग और आत्मत्यागकी है! प्रत्येकबुद्ध और बुद्ध- इन दो शब्दोंका अर्थ भेद दोनों महापुरुषोंके भेदको स्पष्ट करता है। प्रत्येक बुद्धका अर्थ यह कि 'जो अपने लिये ज्ञानी हुआ हो!'

---

१. "सिरिपासणाहतित्थे सरयूतीरे पलासणयरत्थो।
पिहियासवस्स सिस्सो महासुदो बुड्ढकित्तिमुणी ॥ ६ ॥
तिमिपूरणासणेहिं अहिगयपवज्जाओ परिब्भट्ठो।
रत्तंबरं धरित्ता पवट्टियं तेण एयंतं ॥ ७ ॥
मंसस्स णत्थि जीवो जहा फले दहिय-दुद्ध-सक्करए।
तम्हा तं वंछित्ता तं भक्खंतो ण पविट्ठो ॥ ८ ॥ —दर्शनसार

विशेषके लिये "भ० महावीर और भ० बुद्ध" (सूरत) पृ० ४८-५२ और "जैन-बौद्ध तत्वज्ञान" पृष्ट २००-२०४ देखो.

और बुद्धका अर्थ यहकि 'वह पुरुष जो सबके लिये ज्ञानी हुआ हो!' पहला ज्ञानी एकान्तमें रहता हुआ अपनी आत्मशुद्धि करके संतोष मानता है। दूसरा, लोकसमाजमें विचरता और उपदेश देते हुएभी आत्मशुद्धिका प्रयत्न करता है। महावीरको एकान्तवासी प्रत्येकबुद्धकी संज्ञातो दी नहीं जा सकती, क्यों कि वहभी लोकसमाजमें विचरते थे। बुद्धकी तरह महावीरकेभी अनेक शिष्य थे और उनका अपना संघभी था। महावीर संघका विस्तारभी होता रहा है। भारतकी सीमाके बाहर यद्यपि उसका विस्तार अधिक नहीं हुआ, परन्तु भारतमें उसका अस्तित्व आजतक है।... अतः महावीरका स्थान प्रत्येकबुद्धसे ऊंचा है। निस्सन्देह महावीर उन महापुरुषोंमें थे जो आत्म-चिन्तवनपर विशेष ध्यान देते थे और उनके शिष्यगण आत्मोद्धारके लिये विशेष पुरुषार्थ करते थे। इस प्रकार प्रत्येक बुद्ध और बुद्ध-इन दोनों श्रेणियोंके ऊपर महावीर थे[1]।" वह थेभी एक तीर्थंकर, जिन्होंने योग और ध्यानकी पराकाष्ठाको पहुंचकर मन-वचन-कायकी सीमाओंको जीत लिया था। उन्हें मानवोंके मध्य घूम-फिर कर वैयक्तिक सम्बन्ध स्थापित करनेकी इच्छाही नहीं रही थी। वह यत्र-तत्र निर्मोही होकर विचरते थे। उनकी अमित दया निरन्तर जीवोंको अभय और सुखी बनानेमें कारणभूत थी। धर्मका विश्लेषण मनोविज्ञानके आधारसे करके उन्होंने आत्मज्ञानका उपदेश दिया था। उनके धर्मविज्ञानमें प्रत्येक प्राणी स्वाधीन था—उसे दूसरेका मुंह ताकनेकी आवश्यकता न थी। वह स्वयं पुरुषार्थ करे और सुख-समृद्धिको पा ले। बाह्य समृद्धिको महावीरने हेय बताया था। इसलिये उनके शिष्य आत्मोद्धारके कार्यमें संलग्न रहते थे। वह अपना आत्मोपकार करते थे और लोकका भी! आत्म-स्वातंत्र्य-प्राप्तिका यह मार्ग बुद्धके मध्यमार्गसे अधिक संयममय और श्रमसाध्य था। किन्तु जो व्यक्ति उसके रहस्यको पहिचान लेता था, उसके निकट वह अति सरल और आनन्दका मार्ग था! वह इस जन्मके संयोग-वियोगके दुखोंसे भयभीत होकर वासनासक्त नहीं रहता था और भविष्य जीवनके स्वरूपको समझ कर जन्म-मरणको जीतनेके लिये पुरुषार्थ करता था। महावीरने प्राणीमात्रको बता दिया था, वह क्या है? लोक क्या है? लोकसे उसका सम्बन्ध क्या है? सुख-दुख उसकी आत्म-भ्रान्तिके परिणाम हैं। इसलिये भ्रान्ति-मुक्त होना उपादेय है! बुद्धदेवने लोक और परलोककी ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने संसारके दुखों और उनसे मुक्त होनेके लिये इस जीवनको संयमित बनाने पर जोर दिया। यह जीवन सुधार लिया तो भविष्यभी सुधर जायगा। बात तो ठीक थी; परंतु बुद्धिकी जिज्ञासाको इतनेसे संतोष नहीं होता। इसलिये महावीरने जीवन-विज्ञानका निरूपण किया—मानवको इस जीवन और भावी जीवनका वैज्ञानिक बोध उन्होंने कराया। इससे मानवके मन और बुद्धि दोनोंको संतोष हुआ और वह इस जीवनके साथही भावी जीवनकोभी सफल बनानेमें समर्थ हुआ!

"मज्झिमनिकाय"के 'सामगामसुत'से स्पष्ट है कि जिस समय बुद्ध सामगाममें थे, उस समय ज्ञातृपुत्र महावीर पावासे मुक्त हुये थे[2]। महावीर-निर्वाणसे कुछ समय पश्चात् बुद्ध दिवंगत हुये थे।

---

१. बुद्ध अने महावीर (गुज०) पृ० १८-२०.

२. "एकम् समयम् भगवा सक्केसु विहरन्ति सामगामे, तेन खो पन समयेन निगण्ठो नातपुत्तो पावायम् अधुना कालकतो होति। —मज्झिमनिकाय भा० १ पृ० ९३.

तुम सफल आराधना.....!

(श्री० ज्ञानचन्द्र अलया)

१

तुम सफल आराधना, तुम गान पूरे !
थक न जाए सृष्टि, तुम गति-दान पूरे ! !
जब मनुजता त्रस्थ थी, पशुता विकल,
छा रहा था क्षिति-क्षितिज पर एक छल;
उस विषम वातावरणको चीरते,
तब तुम्हीं तो मुस्कराए थे, सबल !
तुम धराके धर्म, युग-अभिमान पूरे ! !
तुम सफल आराधना, तुम गान पूरे !
थक न जाए सृष्टि, तुम गति-दान पूरे ! !

२

पुण्यकी जागी सुषुम्ना चेतना,
संकुचित, सिमटी सलज्जा वेदना;
मौन माया-मेघ-मद-मसिसे भरे
ढर गए पलमें, नया दिनकर तना !
पापके प्रति तुम सदा पाषाण पूरे !
तुम सफल आराधना, तुम गान पूरे !
थक न जाए सृष्टि, तुम गति-दान पूरे ! !

३

आजभी तुम प्रेरणाके बिन्दुसे,
या निरन्तर साधनाके सिन्धुसे !
चिर-चमत्कृत मन-नभोंके बीचही;
नव उदित निकलङ्क पूरे इन्दुसे !
अन्य सब आधे कि तुम कल्याण पूरे !
तुम सफल आराधना, तुम गान पूरे !
थक न जाए सृष्टि, तुम गति-दान पूरे ! !

भ० महावीर और म० गांधी !

(श्री० कामताप्रसाद जैन)

अहमदाबादमें वि० स० १९१६ के वीरजयन्ती उत्सवमें स्व० म० गांधीने पधारकर जो भाषण दिया उसमें आपने कहा था कि " महावीर स्वामीका नाम इससमय यदि किसीभी सिद्धान्तके लिये पूजा जाता हो तो वह अहिंसा है। मैंने अपनी शक्तिके अनुसार संसारके जुदे जुदे धर्मोंका अध्ययन किया है और जो जो सिद्धान्त मुझे योग्य मालूम हुये हैं, उनका आचरणभी मैं करता रहा हूं। मैं मानता हूं कि प्रत्येक धर्मकी उच्चता इसी बातमें है कि उस धर्ममें अहिंसाका तत्व कितने परिमाणमें है और **इस तत्वको यदि किसीनेभी अधिकसे अधिक विकसित किया हो, तो वे महावीर स्वामी थे**[1]। " इस प्रकार म० गांधीकी दृष्टिमें भ० महावीर अहिंसाके सर्वश्रेष्ठ प्रणेता थे। अब उनकी परस्पर तुलना भला क्याकी जावे ? भ० महावीर धर्मयुगके क्रान्तिकारी वैज्ञानिक महापुरुष थे और म० गांधी कल-युगके क्रान्तिमय सुधारवादी नेता ! उनकी वाणी कहती है कि भ० महावीरसे उन्होंने बहुतकुछ सीखा था। इस युगमें भ० महावीरके अनन्य भक्त शतावधानी जैन कवि **राजचन्द्रजी** हुये हैं। म० गांधीजीने इन कवि राजचन्द्रजीके विषयमें एकबार अहमदाबादमें कहा था कि " **मेरे जीवन पर श्रीमद्राजचन्द्रभाईका ऐसा स्थायी प्रभाव पडा है कि मैं उसका वर्णन नहीं कर सकता**। यूरुपके तत्वज्ञानियोंमें मैं टाल्स्टॉयको पहली श्रेणीका और रस्किन को दूसरी श्रेणीका विद्वान् समझता हूं; पर श्रीमद्राजचन्द्रभाईका अनुभव इन दोनोंसे बढा-चढा था[2]। " इस प्रकार श्रीमद्राजचन्द्रजीके सम्पर्कमें आकर म० गांधीने भ० महावीरकी शिक्षाका परिचय पाया था-इस अध्ययनसे वह ऐसे प्रभावित हुये कि अहिंसाको उन्होंने अपने जीवनका आधार-स्तंभ बनाया और उसके अनुसार सत्याग्रह संग्राममें बिजय पाकर भारतको स्वतंत्र बनाया।

निस्सन्देह जैन धर्माचार्योंका प्रभाव उनके हृदय पर बचपनसे पडा था। उनकी मांके गुरू जैन धर्मानुयायी बेचरजी स्वामी थे और उनके पिताजीके पासभी जैनधर्माचार्य आते थे, जिनकी धर्मचर्चा वे सुना करतो थे[3]। विलायत जानेके प्रसंगमें म० गांधीजीने अपनी " आत्मकथा "में लिखा है कि " माता बोली–' मुझे तेरा विश्वास है। पर दूर विदेशमें कैसः होगा ? मेरी तो अकल काम नहीं करती। मैं बेचरजी स्वामीसे पूछूंगी।' बेचरजी स्वामी मोढ बनियेसे जैन साधु हुए थे। जोशीजीकी तरह सलाहकारभी थे। उन्होंने मेरी मदद की। उन्होंने कहा कि मैं इससे तीनों बातोंकी प्रतिज्ञा लिवा लूंगा। फिर जाने देनेमें कोई हर्ज नहीं। तदनुसार मैंने मांस, मदिरा और स्त्रीसंगसे दूर रहनेकी प्रतिज्ञा ली। माताजीने इजाजत दे दी।[4] " इस प्रसंगसे स्पष्ट है कि महात्माजीके अहिंसक

---

१. जैन जगत्, १ अप्रेल १९२७ से. २. आत्मसिद्धि से.
३. आत्मकथा (प्रथम खंड) अजमेर, पृष्ट ६८. ४. आत्मकथा (१ भाग) पृ० १६.

जीवनके निर्माणमें म० महावीरकी अहिंसा ही कार्यकारी थी। जैन साधुनेही उन्हें अहिंसा व्रतको आंशिक पालनेका प्रण कराया था। आगे अफ्रीकाके अनुभवोंने गांधीजीको धर्मतत्व समझनेके लिये उत्साहित किया था। उससमय उनको जैन कवि श्रीराजचन्द्रजीसे वस्तुतत्व समझनेमें विशेष सहायता मिली थी। वह स्वयं लिखते हैं कि "कितनेही धर्माचार्योंके सम्पर्कमें मैं आया हूं, प्रत्येक धर्मके आचार्योंसे मिलनेका मैंने प्रयत्न किया है, पर जो छाप मेरे दिलपर रायचंदभाईकी पडी वह किसीकी न पड सकी।...रायचंदभाईने अपने सजीव संसर्गसे, टाल्स्टॉयने 'बैकुंठ तुम्हारे हृदयमें है' नामक पुस्तकद्वारा, तथा रस्किनने 'अन्टु दिस लास्ट–सर्वोदय' नामक पुस्तकसे मुझे चकित कर दिया[५]।" अफ्रीकाकी कठिनाइयोंके प्रसंगमें म० जीने लिखा है कि "मैंने अपनी दिक्कतें रायचन्दभाईको लिखीं। हिन्दुस्तानके दूसरे धर्मशास्त्रियोंसेभी पत्रव्यवहार किया। उनके उत्तरभी आये। परन्तु रायचंदभाईके पत्रने मुझे कुछ शान्ति दी। कविजीके साथ तो (पत्रव्यवहार) अन्ततक रहा। उन्होंने कितनीही पुस्तकें भेजी। उन्हेंभी पढ गया। उनमें 'पंचीकरण'–'मणिरत्नमाला'–'मुमुक्षप्रकरण' योगवासिष्ठ-हरिभद्रसूरिका 'षट्दर्शनसमुच्चय' इत्यादि थे।"[६] अतएव म० जीके शब्दोंसेही म० महावीरके धर्मका जो प्रभाव उनपर पडा, वह स्पष्ट है।

नेटाल (अफ्रीका) से म० गांधीने राजचंद्रजीको एक पत्र लिखकर सत्ताइस प्रश्न आत्मधर्म विषयक पूंछे थे, जिनका उत्तर कविजीने तभी अपने पत्रमें दिया था जिसे उन्होंने कुंआर बदी ६ सं० १८५० को लिखा था। यह प्रश्नोत्तर कवि राजचंद्रजीकी पुस्तक 'आत्मसिद्धि' के प्रारंभमें दिये हैं, जो सं० १८७५ में बम्बईसे प्रकाशित हुई थी। इस प्रश्नोत्तरके अवलोकनसे स्पष्ट होता है कि महात्माजीके धर्मसिद्धांन्तोंका निर्माण कवि राजचन्द्रजीके उत्तरों पर कितना निर्भर था। उदाहरणतः अहिंसाविषयक प्रश्न लीजिये। म० जीने पूंछा था कि "सर्प काटने आवे तो उससमय हमें स्थिर रह कर उसे काटने देना उचित है या मार डालना?" कविजीने उत्तर दिया था कि "इस प्रश्नका मैं यह उत्तर दूं कि सर्पको 'काटने दो' तो बडी कठिन समस्या आकर उपस्थित होती है। तथापि तुमने जब यह समझा है कि 'शरीर अनित्य है' तो फिर इस असार शरीरकी रक्षार्थ उसे मारना क्योंकर उचित हो सकता है जिसकी कि शरीरमें प्रीति है–मोहबुद्धि है! जो आत्महितके इच्छुक हैं उन्हें तो यही उचित है कि वे शरीरसे मोह न कर उसे सर्पके आधीन कर दें। अब तुम यह पूछोगे कि जिसे आत्महित न करना हो उसे क्या करना चाहिये? तो उसके लिए यही उत्तर है कि उसे नरकादि कुगतियोंमें परिभ्रमण करना चाहिये। उसे यह उपदेश कैसे किया जा सकता है कि वह सर्पको मार डाले। अनार्यवृत्तिके द्वारा सर्पके मारनेका उपदेश किया जाता है; पर हमें तो यही इच्छा करना चाहिए कि ऐसी वृत्ति स्वप्नमेंभी न हो!" कहना न होगा कि महात्माजीने अपना अहिंसा सिद्धांत इस आर्ष-सत्यके आधार पर निर्धारित किया था। यही कारण है कि ता० १५ अगस्त ४७ को जब भारत स्वतंत्र घोषित हुआ और देशमें साम्प्रदायिक विद्वेषाग्नि जोरसे भडकी तो उन्होंने अत्याचारियोंके प्रतिभी दयामय व्यवहार करनेका उपदेश दिया–बदला न लेनेके

५. आत्मकथा १।१५८–१५९. ६. वही, पृ० २३१–२३३.

लिये सावधान किया। मानव हतबुद्धि होकर भयंकर सर्प बन गया तो क्या उसके अशोभन क्रूर कार्यसे रुष्ट होकर विवेकी अपना आर्यधर्म भुला दे? नहीं! महात्माजीने कहा कि बदलेसे द्वेष नहीं मिटता; बल्कि प्रेम और क्षमासे द्वेषका अन्त किया जा सकता है! भ० महावीरनेभी कहा था कि 'शान्तिसे क्रोधको जीतो।' (उवसमेण हणे कोहं)। इसतरह हम पाते हैं कि म० गांधीद्वारा भ० महावीरके उपदिष्ट सिद्धांतोंकाही प्रसार हुआ था।

म० गांधी खानपानमें पूर्ण शाकाहारी और दिवाभोजी तो थेही; पर परीक्षाके समयमेंभी वह उसपर दृढ रहे। एक बार उनके पुत्र मणिलालजीको तीव्र ज्वर हुआ और डाक्टरने मुर्गीके अंडेका शोरवा एकमात्र औषधि निर्धारित की! औषधिरूपमें एक अबोध बच्चेको अंडेका शोरवा देनेमें डाक्टरने कोई हर्ज न समझा और गांधीजीसे जोर देकर कहा कि दीजिये उसे। हिन्दू घरोंमें आये दिन ऐसा होता है। किन्तु म० जीको डाक्टरकी यह बात नहीं रुची। पुत्र मोहमें वह स्वधर्मसे विचलित नहीं हुये। शोरवा नहीं दिया, बल्कि पानीका इलाज किया। मणिलालजी अच्छे हो गये। इस दृढतासे वह खानपानमें अहिंसाका ध्यान रखते थे।

यद्यपि म० जी अपनेको 'वैष्णव' कहते थे, क्योंकि वह जन्मतः वैष्णव थे; पर वह वैष्णवका बडा व्यापक अर्थ करते थे; जिसके कारण कहना होगा कि वह सम्प्रदाय और जातिकी सीमासे ऊपर उठ गये थे। वे गुणके पुजारी थे। इसी लिये तो उन्होंने हरिजन उद्धारकी बात कही और भंगी बस्तीमें ठहरे। भ० महावीरके इस उपदेशको उन्होंने मूर्तिमान् बनाया था कि ऊंची जातिमें जन्म लेनेसे कोई ऊंचा नहीं होता। मनुष्य अपने कर्मसे ब्राह्मण होता है, कर्मसे क्षत्रिय होता है, कर्मसे वैश्य होता है और कर्मसे शूद्र होता है।

जैनोंकी तरहही म० जी प्रत्येक जीवको ईश्वररूप मानते थे। वह ईश्वरको मानव हृदयमें विराजमान बताते थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि "मेरा ईश्वर तो सत्य और प्रेम है। नीति और सदाचार ईश्वर है, निर्भयता ईश्वर है, ईश्वर प्रकाश और जीवनका मूल है। ईश्वर अन्तरात्मा है। ईश्वरके उतनेही नाम हैं जितने पृथ्वीपर प्राणी हैं और इसलिये हम उसे बिना नामकाभी कहते हैं और चूंकि उसके अनन्त रूप हैं इस लिये हम उसे अरूपभी कहते हैं।" (नवजीवन, ५.३.२५) श्री समन्तभद्राचार्यजीने अहिंसाकोही परमब्रह्म घोषित किया था।

जैनधर्ममें सत्य-अहिंसादि व्रतोंके साथ सल्लेखना व्रतका विशेष महत्व है। सल्लेखना व्रत समतासे मरनेकी कलाको सीखना है–नश्वर देह और शाश्वत आत्माको पहिचानना है। अतएव उपसर्ग होने परभी–युद्धमें शत्रुसे मर्माहत होने परभी समतापूर्वक मरनेकी कलाको सीख लेना सल्लेखना है। म० गांधीने इस तत्वको माना था और स्पष्ट कहा था कि "मरनेका इल्म सीखनेके बादही धर्ममें ताकत पैदा होती है। धर्मके वृक्षको मरनेवालेही सींचते हैं। बहादुर लोग मरते मरतेभी मारनेवालोंकी शिकायत नहीं करेंगे। न उन्हें सजा दिलवानेकी बात सोचेंगे, क्योंकि मारनेवाले सजासे छूट जानेवाले नहीं है। हम तो मरते वक्तभी सबका, मारनेवालोंकाभी भला चाहनेकी कोशिश करते हुये

मरेंगे।"[1] जो उन्होंने कहा, वह करके दिखा दिया–अपने हत्यारोंके प्रतिभी वह दयालु रहे। महान् थे वह।

म० महावीरने जिस प्रकार अहिंसाको परम धर्म माना और लोक जीवनमें उसको प्रतिष्ठापित किया, उसी प्रकार उनके पश्चात् म० गांधीने अहिंसाके प्रयोगोंको मानवी जीवनमें सफल बनाया। उन्होंने स्पष्ट घोषित किया कि "कुछ लोग तलवारसे हिन्दूधर्मको बचानेकी बात करते हैं। वे तलवार लेकर कवायद करते हैं। यह सब क्यों? मारनेके लिये। इस तरह हिन्दूधर्म बढनेवाले नहीं हैं। सत्यसेही धर्म बढता है। "'सत्यान्नास्ति परोधर्म' और 'अहिंसा परमो धर्मः' भी हिन्दूधर्मने सिखाया है[2]।"

म० महावीरको म० गांधीने अहिंसाका महान् उपदेशक माना और उनके अनन्यभक्त कवि राजचंद्रजीसे धर्मतत्वको समझ कर जीवन सफल बनाया और भारतवासियोंको आत्मस्वातंत्र्य-भोगका सुख सुलभ कराया। हमारा कर्तव्य है कि सत्य और अहिंसाको जगमें सजीव बनावें।

गुञ्जरित होगा अहिंसक वीरके सन्देशका रव!

(रचयिता: श्री० कल्याणकुमार जैन, 'शशि')

१

विश्वके हित वह रहा हो
प्रेमका अविभ्रान्त निर्झर
रोम रोम स्वतंत्र हो बन्दी
न हो जीवन हृदय स्वर!

२

एकयता समता क्षमा
सौहाद्र जागे उत्तरोत्तर
शान्ति जननी शुद्ध हार्दिकता
बहे जगमें निरन्तर!

३

विश्व रक्षाके लिये
अन्तर सदा हो प्रोत्साहित
हो धरामय घोर हिंसा
भावना होकर पराजित!

४

आज हिंसा रह गई
बुझते प्रदीपोंका उजाला
विश्वमें होगा अहिंसा
सत्यका फिर बोलबाला!

५

फिर बहायेगा निरर्थक रक्त
मानव का न मानव
गुञ्जरित होगा अहिंसक
वीरके संदेशका रव!

६

जग जलानेके लिये
कोई न फिर दीपक जलेगा
अमर जीवन दीप जल कर
विश्वमें तमहर बनेगा।

७

आज हिंसा दानवोंके केन्द्रमें भीषण प्रलय हो!
विश्वके हित 'वीर' के सन्देशकी जगमें विजयहो!!

१-२. "विश्ववाणी"–श्रद्धाञ्जलिअङ्क, पृष्ठ १९२-१९३.

ज्ञातृ-पुत्र महावीरकी जन्मभूमि वैशाली।

(ले० महापंडित श्री० राहुल सांकृत्यायनजी, प्रयाग)

[प्रस्तुत लेखमें महापंडित राहुल सांकृत्यायनने जो प्रकाश भगवान् महावीर के जन्म स्थानके विषयमें डाला है, उस पर जैनोंको विशेष ध्यान देना उचित है। मुजफ्फरपुर जिलेका बसाढ नामक ग्रामही प्राचीन वैशाली और कुंडग्राम प्रमाणित हुआ है। बसाढकी खुदाईसे ऐसे चिन्ह मिले हैं, जिनसे सिद्ध है कि वैशाली वहीं पर आबाद थी। चीनसे जो यात्री आये उन्होंनेभी अपने यात्रावृत्तोंमें इसी स्थान पर वैशालीकी स्थिति सूचित की है। जैन शास्त्रोंसेभी यह सिद्ध होता है कि वैशालीके पासही भगवान् महावीरकी जन्मभूमि कुंडग्राम अवस्थित थी। बसाढके खण्डहरोंमें वैशाली, कुंडग्राम और वनीय ग्रामके स्मृति-चिन्ह रूप अवशेष बसाढ, बसुकुंड और बनिया, नामके ग्राम मिलते हैं। जैनशास्त्रोंके निम्न लिखित अवतरणोंसे वैशाली और कुंडग्राम विदेह देशमें अवस्थित प्रमाणित होते हैं।

" तएणं से कूणिएराया . . . . . वसमाणे वसमाणे अंगजण वयस्स मज्झं मज्झेणं जेणेव विदेहे जणवए जेणेव वेसाली नयरी तेणेव पहारेत्थ गमणाए। —निरयावलियाओ।

इससे सिद्ध है कि अंग देश (बिहार प्रान्तका भागलपुर जिला) से चल कर विदेह देशमें पहुँचा जाता था जहां वैशाली अवस्थित थी। ' हरिवंश पुराण ' सेभी स्पष्ट है कि कुंडग्राम विदेह देशमें था और वहीं राजा चेटककी राजधानी वैशाली थी। (विदेह इति विख्यातः स्वर्ग खंडसमः प्रियः। . . . . . सुखामः कुंडमाभाति नाम्ना कुंडपुरं पुरं। . . . . . चेतश्चेटक राजस्य यास्ताः सप्तशरीरजाः अतिस्नेहा कुलं चक्रुस्तावाद्या प्रियकारिणीं। इत्यादि) श्रीपूज्यपाद आचार्यभी कुंडपुरको विदेह देशमें बताते हैं (भारतवास्ये विदेह कुंडपुरे) इन और ऐसे अन्य उल्लेखोंसे वैशाली और कुंडग्रामका विदेह देशमें अवस्थित होना स्पष्ट है। बिहारवासियोंने बसाढको भगवान महावीरकी जन्मभूमि मान कर उसका उद्धारकार्य प्रारम्भ कर दिया है और महावीर जयन्तीके दिन वहां उत्सवभी मनाया जाता है। किन्तु खेद है कि जैनी अभीतक यहभी निश्चित नहीं कर सके हैं कि भगवान महावीरकी जन्मभूमि कहाँपर है? राजगृह और नालन्दाके खंडहरोंके पास बसा हुआ बडागांव नामक स्थान कदापि भगवान महावीरका जन्मस्थान नहीं हो सकता है। अतः जैनोंको चाहिये कि बसाढमेंही भगवान महावीरके जन्मस्थान तीर्थकी स्थापना करें। महापंडित राहुलजीके कथनको उन्हें व्यवहारिक रूप देना उचित है। —का० प्र०]

ईसा पूर्व पांचवीं छटीं शताब्दिमें वैशालीका गणराज्य बहुतही शक्तिशाली राष्ट्र था। वह उत्तरीय भारतके मगध, कौसल, वत्स और अवन्तीके विशाल राज्योंसे शक्तिमें समकक्षता करता था। समय आया, जब राजतन्त्रके प्राबल्यके सामने गणों (प्रजातन्त्रों) का विनाश हुआ; यद्यपि ये काम होनेमें शताब्दियां लगीं और भारतका अन्तिम गण-तन्त्र यौधेय ई० चौथी शताब्दिके अन्तमें लुप्त हुआ। अपने जीवनकी पिछली तीन शताब्दियोंमें यौधेय गणका वही उच्च स्थान था, जोकि अपने समयके वैशालीके गणतन्त्रका था। गुप्तों द्वारा यौधेय गणका जब उच्छेद हुआ, वीर यौधेय अपने नगरों अग्रेया, ओस, खण्डिल आदि से निकलकर जहां तहां बिखर गए, और अग्रवाल, खण्डेलवाल,

ओसवाल, बर्न-वाल, रोहतगी (रस्तोगी) आदि नामोंसे प्राख्यात हुए। आजभी यौधेय (हरियाना) की भूमिसे निकलीं इन जातियोंमें ज्ञातृ-पुत्र महावीरकी शिक्षाका आचरण या धर्मके रूपमें अस्तित्व पाया जाता है। महावीर एक बलशाली जनसत्ताक गणमें पैदा हुए और दूसरे गणसे निकले लोगोंमें आज उनका धर्म सुरक्षित है। सोलह शताब्दियों तक निरंकुश स्वदेशी विदेशी राजाओंके जूयेके नीचे दबता पिसता भारत आज फिर एक विशाल प्रजातन्त्रके रूपमें परिणत हो रहा है। गण-तंत्री धर्म-वाले हम बौद्धों और जैनियोंके लिए यह अभिमानकी बात है।

यह आकस्मिक बात नहीं है, कि बुद्ध और महावीरको जन्म देनेवाले राजतन्त्र नहीं, प्रजा-तन्त्र थे। बुद्ध शाक्योंके प्रजातन्त्रमें पैदा हुए, और महावीर वैशालीके लिच्छवियोंके प्रजातन्त्रमें! लेकिन यह कितने आश्चर्यकी बात है, कि महावीरके अनुयायी आज उनकी जन्मभूमिको भूल गए, और वह उसे लिछुवार (मुंगेर जिला) में ले गए। लिछुवार अंग देशमें है, लेकिन जैन ग्रन्थोंके अनुसार महावीरको वैशालिक कहा गया। " विदेह जच्चे, विदेह सुडमाले " का वचन बतलाता है, कि उनका जन्म विदेह देशमें हुआ था। विदेह और वृजि (वैशाली वाला प्रदेश) आपसमें वैसाही सम्बन्ध रखते थे, जैसा कोसल और शाक्य। एकबार कोसलराज प्रसेनजितने बुद्धसे कहा था " भगवानभी कोसलक हैं और मैंभी कौसलक हूं." वस्तुतः गंगा-गण्डकी (तत्कालीन मही) कोसी और हिमालयके बीचके सुन्दर उर्वर समतल भूमिका नाम विदेह था। हां, भाषाकी दृष्टिसे एक होते हुयेभी किन्हीं राजनैतिक कारणोंसे इस भूमिका वह भाग जो आज मुंगेर और भागलपुर जिलोंके गंगाके उत्तरीय अंशके रूपमें परिणत हो गए हैं—को अंगुत्तराय (आप=गंगाके उत्तर वाला अंग) कहा जाता था। यही प्रदेश गुप्तकालमें तीर भुक्ति (नदियोंके तीर वाली भुक्ति=सूबा) कहा जाने लगा, जिसकाही अपभ्रंश आजका तिर्हुत शब्द है। विदेहकी राजधानी मिथला नगरी थी। काशी था देशका नाम, किन्तु पीछे उसकी राजधानी बराणसी (बराणस, बनारस) का पर्याय बाची बन गया। यही बात विदेहके साथ उलटी तौरसे हुई और वहां राजधानी मिथिलाके नामने सारे देशको अपना नाम दे दिया। इसी विशाल विदेह भूमिका पश्चिमी भाग था लिच्छवि गणका वृजि देश, जिसकी राजधानी थी वैशाली। इस प्रकार ज्ञातृपुत्र महावीर 'वैशालिक' भी थे, 'वैदेहिक' भी थे।

भगवान महावीरको ज्ञातृ-पुत्र या ज्ञातृ-सन्तान कहा गया है। पालीमें ज्ञातृका रूप 'नात' बन गया है। नातिका (ज्ञातृका) नामका एक महा ग्राम वैशाली प्रजातन्त्रमें था। वैशाली (बसाढ) और उसके आसपास अबभी एक प्रभावशाली जाति रहती है, जिसे जथारिया कहते हैं। यह भूमिहार या पछिमा ब्राह्मण जातिकी एक शाखा है। जहां छपरा, गोरखपुर, बलिया आदि जिलोंमें भूमिहारके लिए ब्राह्मणका प्रयोग आश्चर्यके साथ सुना जाता था, वहां दरभंगा, भागलपुर आदिके मैथिल ब्राह्मण भूमिहार ब्राह्मणोंको पछिमा ब्राह्मणही नहीं कहते, बल्कि उनके साथ रोटी बेटीके सैकडों उदाहरण मिल सकते है। जथरिया शब्द ज्ञातृसे अपभ्रंश होकर बना है। इसके सिद्ध करनेके लिए बहुत परिश्रमकी आवश्यकता नहीं—ज्ञातृसे ज्ञातर फिर जातर—उपरान्त जतरिया, जथरिया। लेकिन कितने जथरियों और उनसेभी अधिक भूमि-हारोंकी इस पर घोर आपत्ति है। वह इसलिए, कि आज

के जथरिया भूमिहार होनेसे जब कि ब्राह्मण होनेका दावा करते हैं, वहां प्राचीन ज्ञातृ क्षत्रिय थे। उनके ध्यानमें नहीं आता कि ऐसाभी समय था, जब कि आर्योंमें ब्राह्मण-क्षत्रियका भेद न था। एकही पिताके दो पुत्रोंमें एक राष्ट्ररक्षक खड्गस्त क्षत्रिय होता और दूसरा देव अर्चक सुवाधारी ब्राह्मण। वस्तुतः ईसा पूर्व पन्द्रहवीं सदीमें कुरु पांचालकी भूमिमें ब्राह्मण क्षत्रिय भेदका बीजारोपण हुआ। यही दोनों जनपद थे, जिन्होंने सर्व प्रथम राजतन्त्रको स्वीकार किया। प्रजातन्त्रोंने बहुत पीछे तक इन भेदोंको स्वीकार नहीं किया, न ब्राह्मणोंकी प्रधानता तथा उनके जाति श्रेष्ठ होनेकोही। ज्ञातृ उसी तरहका प्रजातन्त्रीय आर्य थे। आयुध जीवी आर्य होनेसे उन्हें क्षत्रियभी कहा जाने लगा था, किन्तु वे वस्तुतः उन आर्योंका प्रतिनिधित्व करते थे, जिनमें ब्राह्मण क्षत्रियका भेद न हो पाया था। इसलिए जथरियोंको ज्ञातृ कहे जानेसे एक सीढीनीचे उतरनेका भय नहीं होना चाहिए। फिर प्रजातन्त्रीय भारतमें तो वह भय औरभी अनावश्यक है जब कि हमें निश्चित जान पडता है, कि आगे सभीकी रोटी बेटी एक होने जा रही है![1]

जथरिया तरुणोंमें तो कितने स्वीकार करने लगे हैं, कि भ० महावीर उन्हींके वंशके थे। लेकिन हमारे जैन भाई तो अबभी इसे माननेके लिए तैयार नहीं हैं, कि वैशाली (बसाढ) ही वह नगरी थी जिसके उपनगर कुण्डग्राममें वर्द्धमानने जन्म लिया था! जिन्होंने मानव दुर्बृत्तियों पर जय प्राप्त कर 'जिन्' बन–अपनी महती वीरताके लिए महावीर नाम पा प्रसिद्ध हुए। यह बडे आश्चर्य की बात है कि जैन परम्परामें भ० महावीरके निर्वाण स्थान और जन्म स्थान दोनोंको भुला कर उनकी जगह नये स्थानोंको स्वीकार किया। कुण्ड ग्रामको वैशाली और विदेहसे हटा कर अंगमें (लिछुआर) और निर्वाण स्थान मल्लोंकी पावा (जो पडरौनाके पास पपौर हो सकती है) से हटा कर मगधके आधुनिक स्थान पावापुरीमें ले गए।

वैशालीके निवासी जाग्रत हुए हैं। भारतीय प्रजातन्त्रमें अपने समयके अत्यन्त बलशाली वैशाली प्रजातन्त्रके ऐतिहासिक गौरवको फिरसे सजीव रुपमें हमारे सामने लानेके लिये वह प्रयत्न कर रहे हैं। पांच वर्षसे वे महावीर जयन्तीका मेला मनाने लगे हैं, और चैत मासके शुक्ल पक्षीय त्रयोदशीको हजारों नर नारी वहां इकट्ठा हो अपने पुण्य इतिहासके प्रति श्रद्धा प्रसून अर्पित करते हैं। भारतीय प्रजातन्त्रोंमें यही एक प्रजातन्त्र था, जिसकी शासन व्यवस्था और पार्लामेन्टरी कार्यवाही हमें मालूम है, क्योंकि बुद्ध इस शासन प्रणालीसे इतने प्रभावित हुए थे, कि अपने संघके नियमोंके बनानेमें उन्होंने वैशाली व्यवस्थाका आश्रय लिया था।

जिस तरह बुद्धकी जन्मभूमि लुम्बिनीको अशोकसे लेकर आज तकके बौद्ध न भुलासके, उसी तरह जैन बन्धुओंको महावीरकी जन्मभूमि वैशालीको भुलाना नहीं चाहिए।

---

१. यह भविष्य बतायेगा। —का० प्र०

भगवान् महावीरकी निर्वाण-भूमि पावाकी स्थिति।

(ले० डॉ० राजबली पाण्डेय, एम ए., डी. लिट्.. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय)

[भ० महावीरके निर्वाणक्षेत्र पावाके विषयमें जैनेतर विद्वानोंके विभिन्न अभिमत प्रगट हो रहे हैं। प्रो० राजबलिजीका प्रस्तुत लेखभी उस दिशामें एक उल्लेखनीय नमूना है। विद्वानोंके यह अभिमत विचारणीय अवश्य हैं, परंतु प्रकृत विषयके निर्णायक नहीं माने जा सकते। जबतक अनुमानित स्थानों पर खननकार्य न हो और उससे कोई ऐसा पुष्ट प्रमाण उपलब्ध न हो जिससे यह सिद्ध होवे कि पावा वहांही थी, तबतक जैन मान्यताको अविश्वनीय नहीं ठहराया जा सकता। जैनी राजगृह और नालन्दाके खंडहरोंसे कुछ दूर पर अवस्थित पावापुरको भ० महावीरका निर्वाणक्षेत्र कई सौ वर्षोंसे मानते आ रहे हैं। खेद है, जैनोंने वहांके पुरातन चिन्होंको मिटाकर नये नये मंदिर निर्माण कर दिये हैं। इस लिये विद्वानोंको शंका होती है। किन्तु डॉ० जैकोबी और डॉ० लाहाने इस स्थानकोही पावा माना था। बौद्ध ग्रन्थ 'अट्ठकथा' (पपञ्चसूदनी ३, १, ४) में लिखा है कि जब भ० महावीर नालन्दामें थे, तब वह अस्वस्थ हो गये थे और उनके शिष्य उन्हें पावा ले गये थे। जहां पहुंच कर वह थोडे दिनों पश्चात् दिवंगत हो गये। बौद्ध ग्रन्थके इस उल्लेखसे स्पष्ट है कि पावा पहुंचनेके पहले भगवान् नालन्दामें थे। अतः वह वहांसे बहुत दूर न जाकर निकटके नगरमेंही गये जंचते हैं। वर्तमान पावा नालन्दाके पास है। अतः इस पावापुरको प्राचीन पावा मानना कुछ अप्राकृत नहीं भासता। —का० प्र०]

इस बातको सभी प्राचीन लेखक और आधुनिक ऐतिहासिक मानते हैं कि भगवान् महावीरका निर्वाण पावा (अपापा) नगरीमें हुआ था। श्रद्धालु जैन आजकल जिस स्थानको उनकी निर्वाण-भूमि समझ कर तीर्थयात्रा करने जाते हैं वह पटना जिलान्तर्गत राजगिर (राजगृह) के पास है। प्रस्तुत लेखकके मतमें आधुनिक पावाकी प्रतिष्ठा भावनाप्रसूत, पीछे स्थानान्तरित और कल्पित है। वास्तविक पावा उससे भिन्न और दूरस्थ थी।

मूल ग्रंथोंमें भगवान् महावीरके निर्वाणके सम्बन्धमें निम्नलिखित वर्णन मिलते हैं :—

(१) जैन कल्पसूत्र और परिशिष्टपर्वनके अनुसार भगवान् महावीरका देहावसान मल्लोंकी राजधानी पावामें हुआ था। मल्लोंकी नव शाखाओं (मल्लकि) ने निर्वाणस्थान पर दीपक जला कर प्रकाशोत्सव मनाया।

(२) बौद्ध ग्रंथ मज्झिम-निकायमें यह उल्लेख है कि जिस समय भगवान् बुद्ध शाक्य देशके सामग्राममें विहार करते थे उस समय निगंठ नातपुत्त (ज्ञातृपुत्र) अभी अभी पावामें दिवंगत हुये थे (पासादिक सुत्तान्त)।

(३) बौद्ध ग्रंथ अट्ठकथासेभी इस बातकी पुष्टि होती है कि मरनेके समय भगवान् महावीर नालन्दासे पावा चले आये थे।

ऊपरके वर्णनोंसे नीचे लिखे निष्कर्ष निकलते हैं :—

(१) जिस पावामें भगवान् महावीरका निर्वाण हुआ था वह मल्लोंकी राजधानी थी।

(२) उपर्युक्त पावा शाक्य देशके निकट थी; दूसरे वर्णनसे यह स्पष्ट ध्वनि निकलती है।

(३) जिस तरह भगवान् बुद्ध निर्वाणके पूर्व राजगृहसे चल कर कुशीनगर पहुँचे थे उसी तरह भगवान् महावीरभी नालन्दासे चल कर पावा आये थे। ऐसा जान पडता है कि मल्ल-राष्ट्रसे दोनों महापुरुषोंका घनिष्ठ स्नेह था; इसी लिये दोनोंने मल्लोंकी राजधानियाँ कुशीनगर और पावाको अपने निर्वाणके लिये चुना।

अब प्रश्न यह है कि मल्लोंकी राजधानी पावा कहाँ पर स्थित थी। यह निश्चित है कि बौद्ध साहित्यमें जिन गणतंत्रोंका वर्णन मिलता है उनमेंसे पावाके मल्लोंकाभी एक गणतंत्र था। मल्लोंकी दो मुख्य शाखायें थीं—(१) कुशीनगर (कुसीनारा) के मल्ल और (२) पावा (अपापा) के मल्ल। मल्लोंकी नव छोटी छोटी शाखाओंकाभी वर्णन मिलता है जिनको मल्लकि (लघुवाचक) कहते थे। इनके सभी वर्णनोंसे यही निष्कर्ष निकलता है कि मल्लोंकी सभी शाखायें निकटस्थ, पडोसी और एकही संघमें संघटित थी। अतः मल्लोंकी दूसरी प्रमुख शाखाकी राजधानी पहली प्रमुख शाखाकी राजधानी कुशीनगरके पास होनी चाहिये। अब यह निर्विवाद रूपसे सिद्ध हो गया है कि कुशीनगर देवरिया जिलान्तर्गत (गोरखपुर जिलासे निकला हुआ एक नया जिला) कसया नामक कसबेके पास अनुरुधवाके दूहों पर स्थित था। बौद्धकालीन गणतंत्र बडे बडे राज्य नहीं थे। गण-राज्योंमें उनकी राजधानी और उसके पडोसका प्रदेश सम्मिलित होता था। ये यूनानके नगर-राष्ट्रोंसे संभवतः कुछ बडे थे। इस परिस्थितिमें पावा कुशीनगरसे बहुत दूर न हो कर उसके पासही कहीं स्थित होनी चाहिये।

बौद्ध साहित्यमें पावाकी स्थिति और दिशाके सम्बन्धमें निम्नलिखित उल्लेख मिलते हैं :—

(१) प्रसिद्ध बौद्ध ग्रंथ परिनिब्बाण-सुत्तान्तमें परिनिर्वाणके पूर्व भगवान् बुद्धकी राजगृहसे कुशीनगर तककी यात्राके मार्ग और चारिका (भ्रमण) का विस्तृत वर्णन मिलता है। इसके अनुसार भगवान् बुद्ध राजगृहसे नालन्दा, नालन्दासे पाटलिपुत्र, पाटलिपुत्रसे कोटिग्राम, कोटिग्रामसे नादिका, नादिकासे वैशाली, वैशालीसे भण्डुग्राम, भण्डुग्रामसे हस्तिग्राम, हस्तिग्रामसे अम्बग्राम, अम्बग्रामसे जम्बुग्राम, जम्बुग्रामसे भोगनगर, भोगनगरसे पावा और पावासे कुशीनगर गये। इस यात्रा-क्रममें पावा भोगनगर और कुशीनगरके बीचमें आती है। एक बात और ध्यान देनेकी है। भगवान् बुद्ध रक्तातिसारसे पीडित होते हुयेभी पावासे कुशीनगर पैदल एक दिनमें विश्राम करते हुये पहुँच गये थे। अतएव पावा कुशीनगरसे एक दिनकी हलकी यात्राकी दूरी पर स्थित होनी चाहिये।

(२) दूसरे बौद्धग्रन्थ चुल्लनिद्देसके सिङ्गियसुत्तमेंभी एक यात्राका वर्णन आता है। इसके अनुसार हेमक, नन्द, दूभय आदि जटिल साधु अलकसे चले थे और उनके मार्गमें क्रमशः निम्नलिखित नगर पडे :—

कोसम्बिञ्चापि साकेतं सावत्थिं च पुरुत्तमं।
सोतव्य कपिलवत्थुं कुसिनारञ्च मंदिरं॥
पावञ्च भोगनगरं वेसालिमागमं पुरं।

ऊपरके अवतरणसेभी स्पष्ट है कि वैशालीकी ओरसे पावानगरी भोगनगर और कुशीनगरके बीचमें पडती थी।

इन सब बातोंको ध्यानमें रख कर जो सडक कुशीनगरसे वैशालीकी ओर जाती है उसी पर पावानगरीको ढूँढना चाहिये। इसी रास्ते पर कुशीनगरसे लगभग ९ मीलकी दूरी पर पूर्व-दक्षिण दिशामें सठियाँव फाजिलनगरके अवशेष (डेढ मील विस्तृत) हैं। ये अवशेष भोगनगर (वर्तमान बदराँव) और कुशीनगरके बीचमें पडते हैं। महापरिनिब्बाण-सुतान्तमें यहभी दिया हुआ है कि पावा और कुशीनगरके बीच दो नदियाँ पडती थी। ये नदियाँ शुन्या अथवा सोना और घाघी (प्राचीन ककुत्था) के रूपमें अबभी बर्तमान हैं। कार्लायल नामक पुरातत्त्वविद्ने १८७५-७६ में गोरखपुर जिलेका पुरातात्त्विक निरीक्षण किया था। उसनेभी साहित्यिक वर्णन और भौगोलिक स्थितिके आधारपर इन्हीं सठियाँव–फाजिलनगरके अवशेषों पर प्राचीन पावानगरीकी स्थिति निश्चित कीथी। अतः सभी स्थितियों पर विचार करते हुये पावानगरीकी स्थिति यहीं निश्चित जान पडती है। फाजिलनगर नाम नया है और यह नाम मुसलिम शासनके समय पडा था। यहाँ एक टीले पर एक मुसलमान साधुकी समाधि है। परन्तु इसके पासहीमें पुराने विहारोंके भग्नावशेष और जैन मूर्तियोंके टुकडे पाये गये हैं जो इस बातकी ओर संकेत करते हैं कि इस स्थानका सम्बन्ध बौद्ध और जैन दोनों धर्मोसे था। और इससे लगा हुआ एक विस्तृत नगर था। दुर्भाग्यवश यहाँ खनन-कार्य अभी बिल्कुल नहीं हुआ है। खोदाई होने पर इस स्थानका इतिहास और स्पष्ट हो जायेगा।

कुछ विद्वानोंने पावाकी स्थिति अन्यत्र निश्चित करनेकी चेष्टा की है। कनिंगहमने पावाको वर्तमान पडरौना (देवरिया जिलेमेंही) और महापण्डित राहुल सांकृतायनने पपउर (रामकोला स्टेशनके पास) से मिलानेका प्रयास किया था। इस अभिन्नतामें थोडेसे शब्द साम्यके अतिरिक्त और कोई प्रमाण नहीं। ये दोनों स्थान कुशीनगरसे पश्चिमोत्तर कपिलवस्तु और वहाँसे श्रावस्ती जानेवाले मार्गपर स्थित हैं, जो वैशाली जानेवाले मार्गकी ठीक उलटी दिशामें हैं। अतः पडरौना और पपउर किसी तरहभी पावा नहीं हो सकते। काशीप्रसाद जायसवालने अपने हिन्दू पॉलिटी नामक ग्रन्थमें, प्राचीन राज्योंकी स्थिति और भूगोल पर ध्यान न देते हुये, मल्लोंके राज्यको कुशी-नगरसे पटना तक विस्तृत और वर्तमान पावाकोही अस्पष्ट रूपसे प्राचीन मल्लोंकी राजधानी पावा मान लिया था। यह मत सर्वथा भ्रान्त था। ग्रन्थके दूसरे संस्करणमें उन्होंने इस मतका परित्याग कर दिया।

वर्तमान पावाको मल्लोंकी राजधानी और भगवान् महावीरकी निर्वाणभूमि माननेमें कई प्रबल आपत्तियाँ हैं:

(१) भगवान् बुद्ध और भगवान् महावीर दोनोंके समकालीन मगधके राजा बिम्बिसार और अजातशत्रु थे। मगध गंगाके दक्षिण सम्पूर्ण दक्षिणी बिहार पर विस्तृत था। उस समय उसकी राजधानी पाटलिपुत्र नहीं, अपितु राजगृह थी। अजातशत्रु बडाही महत्त्वाकांक्षी, साम्राज्यवादी और गणतंत्रोंका शत्रु था। उसने गंगाके उत्तरमें स्थित वज्जिसंघ पर आक्रमण कर १० वर्षके युद्धके बाद उसको परास्त किया। इस युद्धमें वज्जिसंघकी ओरसे मल्लभी लडे थे। अतः राजगृहसे सटी पावापुरी का होना राजनैतिक दृष्टिसे बिल्कुल असंभव था। मगध और काशी दोनों पर अजातशत्रुका शासन था। अतः गंगाके दक्षिणमें मल्लोंका राज्य किसी प्रकारभी नहीं हो सकता था।

(२) महापरिनिब्बाण-सुत्तान्तसे तत्कालीन भूगोल और उस समयके मार्गोंकी दिशायें स्पष्ट मालूम होती हैं। राजगृह (दक्षिण बिहार) से चल कर मार्ग गंगाको पाटलिपुत्र पर पार करता था और इसके बाद वैशाली (मुजफ्फरपुर उत्तर बिहार) पहुँचता था। यहाँसे पश्चिमोत्तरमें चल कर भोगनगर और कुशीनगरके बीचमें उसी मार्ग पर पावानगरी पडती थी। भगवान् बुद्ध बीमारीकी अवस्थामेंभी पावासे चल कर एक दिनमें कुशीनगर पहुँचे थे; अतः पावा कुशीनगरके पास होनी चाहिये। राजगृह कुशीनगरसे लगभग १०० मील दूर है; इस लिये इसके पास पावा नहीं हो सकती। लिच्छवियोंके बाद पावाके मल्लोंमेंही भगवान् महावीरका अधिक आदर था। अतः वे नालन्दा छोड कर इसी मार्गसे पावामें अपना शरीर छोडनेके लिये गये थे। अतः वास्तविक पावाको दक्षिण बिहारमें नालन्दाके पास खोजना व्यर्थ है। आजकलकी कल्पित पावापुरी नालन्दा-राजगृहके बीच बडगाँवमें है। संभव है भगवान् महावीरकी चारिकासे वह स्थान कभी पवित्र हुआ हो, अथवा उनकी अंतिम यात्रा यहाँसे प्रारम्भ हुई हो, और वास्तविक पावाके मुसलमानों द्वारा ध्वस्त होने पर, पीछेसे उसको निर्वाणभूमिका महत्त्व मिल गया हो।

(३) वर्तमान पावापुरीमें प्राचीन नगर अथवा धर्मस्थानके कोई अवशेष नहीं मिलते हैं। वर्तमान मंदिर आधुनिक हैं। यह बात इस स्थानकी प्राचीनतामें सन्देह उत्पन्न करती है। वर्तमान पावा संभवतः चौदहवीं शताब्दीमें स्थानान्तरित हुई। जैन जनताने प्रारम्भमें मुसलिम आतंक और पीछे अपने अज्ञानके कारण वास्तविक पावाका परित्याग करके नवीन पावाकी कल्पना की। किन्तु भय और कल्पना वास्तविकताको ढक नहीं सकते। वास्तविक पावा सठियाँव-फाजिलनगरके खंडहरोंमें अबभी सोयी पडी है।

भ० महावीरका निर्वाणोत्सव और दीपमालिका !

(ले० श्री. प्रो० परशुराम कृष्ण गोडे, एम. ए., क्यूरेटर भाण्डारकर ओ. रि. इंस्टीट्यूट, पूना)

[श्री. प्रो. परशुराम कृष्ण गोडे, एम. ए. ने दीपमालिका त्यौहारके विषयमें उल्लेखनीय गवेषणाकी है और अपने शोध-परिणामोंको वह समय-समय पर अंग्रेजीकी विविध शोध-पत्रिकाओं में प्रकाशित करते रहे हैं। प्रस्तुत लेखमें उनकी अबतककी शोधका परिचय और परिणामका सार उपस्थित किया जा रहा है। पाठकगण देखेंगे कि दीपावली विषयक भारतीय साहित्यमें सर्वप्राचीन लिखित साक्षी 'कल्पसूत्र' की है, जिसे श्वेताम्बर जैनी सम्राट् चन्द्रगुप्त मौर्यके गुरु भद्रबाहु आचार्य द्वारा रचा गया बताते हैं। उसमें भ० महावीरके निर्वाणोपलक्षमें लिच्छवि-मल्लकि आदि राजाओं द्वारा दीपमालिका मनानेका उल्लेख है। श्री जिनसेनाचार्यजीनेभी 'हरिवंशपुराण' (शक सं० ७०५) में यही लिखा है और इस निर्वाण दीपोत्सवके कारण भारतमें 'दीपालिका' (दिवाली) त्यौहार प्रचलित हुआ बताया है।[१] इसी बातको श्री गुणभद्राचार्यने 'उत्तरपुराण' (१६ पर्व) में दुहराया है।[२] अतः जैनमान्यताके अनुसार दीपमालिका या दिवालीका त्यौहार भ० महावीरके निर्वाणोत्सवका प्रतीक ठहरता है। साहित्यिक उल्लेखोंमें यही सर्वप्राचीन है। यक्षरात्रि, सुखरात्रि, दीपालिका आदि रूपमें संभवतः वीरनिर्वाण-दीपोत्सव उपरान्त कालमें परिवर्तित किया जाकर माना जाने लगा। विद्वानोंको इस विषयमें शोध करके वस्तुस्थिति स्थापित करना अपेक्षित है। —का. प्र.]

मानवके सामाजिक और राष्ट्रीय जीवनमें त्यौहारोंका प्रभाव अनूठा है, किन्तु उनके उद्गमका इतिहास कल्पनाके आलोकमें छिपा रहता है। भारतमें अनेक मत-मतान्तर हैं और अनेक धार्मिक एवं अन्य त्यौहारभी हैं। किन्तु उनका परिचय ऐतिहासिक नहीं, बल्कि वर्णनात्मक मिलता है। श्रीऋग्वेदीने मराठी भाषामें "आर्यांच्या सणाचा इतिहास" नामक पुस्तक ३७० पृष्ठोंमें लिखी है,

---

१. चतुर्थकालेर्धचतुर्थमासकैर्विहीनताविश्चतुरब्दशेषके।
सकार्तिके स्वातियु कृष्णभूतसुप्रभात संध्यासमये स्वभावतः ॥ १६ ॥
अघातिकर्माणि निरुद्धयोगको विधूय घातीं घनवद्विबंधनः।
विबंधनस्थानमवाप शंकरो निरंतरायोह सुखानुबंधनं ॥ १७ ॥
ज्वलत्प्रदीपालिकया प्रवृद्धया सुरासुरैः दीपितया प्रदीप्तया।
तदास्म पावा नगरी समंततः प्रदीपिताकाशतला प्रकाशते ॥ १८ ॥
ततस्तु लोकः प्रतिवर्षमादरात्प्रसिद्ध दीपालिकयात्र भारते।
समुद्यतः पूजयितुं जिनेश्वरं जिनेंद्रनिर्वाण विभूति भक्तिभाक् ॥ २१ ॥
—हरिवंश पुराण, षट्षष्टितमः सर्गः।

२. 'उत्तरपुराण' में केवल देवेन्द्रोंद्वारा निर्वाणोत्सव मनाने का उल्लेख है।

परंतु उसमें भी हिन्दू त्यौहारोंका ऐतिहासिक विवेचन नहीं मिलता। 'ऋग्वेदी'ने भारतीय त्यौहारोंका निम्न प्रकार वर्गीकरण किया है :—

(१) ऋतु अपेक्षित त्यौहार : संवत्सर प्रतिपदा, अक्षयतृतीया, चातुर्मास, श्रावणी, नारली पौर्णिमा, विजयादशमी, दीपावली, धात्रीपूजन, मकरसंक्रांति, बसंतपंचमी, होली व शिमगा।

(२) ऐतिहासिक त्यौहार : श्रीरामनवमी, परशुरामजयंती, दशहरा, कृष्णजन्माष्टमी, व वामनद्वादशी।

(३) शैव त्यौहार : त्रिपुरी पौर्णिमा, महाशिवरात्रि।

(४) वैष्णव त्यौहार : नृसिंहजयन्ती, महाएकादशी, अनंतचर्तुदशी, वैकुंठचर्तुदशी, व दोलोत्सव।

(५) कौटुम्बिक त्यौहार : वटसावित्री, मंगलागौरी, पिठोरी अमावस्या, हरितालिका, व ऋषिपंचमी।

(६) शाक्त त्यौहार : गौरी उत्सव, ज्येष्ठा गौरी, ललिता पंचमी, सरस्वती, देवी नवरात्र, व चंपाषष्ठी।

(७) सौर त्यौहार : रथसप्तमी।

(८) गाणपत्य त्यौहार : गणेशचतुर्थी।

इन त्यौहारोंमें श्रीऋग्वेदीने बौद्ध और जैन त्यौहारोंकी गणना नहीं की है। बौद्धोंमें वैशाखी-पूर्णिमाकी विशेष मान्यता है। जैनोंके प्रमुख पर्व और त्यौहार निम्न प्रकार हैं :—

(१) श्रीमहावीर जयन्ती (चैत्र शु० त्रयोदशी), (२) अक्षयतृतीया, (३) श्रुत-पंचमी–ज्येष्ठ शु० ५, (४) श्रावणी प्रतिपदा–वीरशासन जयंती, (५) रक्षाबन्धन–श्रावणी-पूर्णिमा, (६) पर्यूषण-पर्व (भाद्रवमास), (७) क्षमावणी–अश्विन प्रतिपदा, (८) वीर-निर्वाण–दीपमालिका, (९) अष्टान्हिकापर्व (कार्तिक-फाल्गुण-आषाढ), (१०) ऋषभ-निर्वाण, (११) बसंतपंचमी आदि.

प्रस्तुत लेखमें दीपमालिका त्यौहारके विषयमें ऐतिहासिक शोधकी दृष्टिसे विचार करना अभीष्ट है। दीपमालिका त्यौहार जैनीभी मानते हैं और वैष्णवादि हिन्दूभी। इस त्यौहारमें जैनी और हिन्दू प्रायः एक समान रीति-रूप बरतते हैं। अतः हमारे सम्मुख दो प्रश्न उपस्थित होते हैं। पहला प्रश्न तो यह कि जैन और हिन्दू दिवालीमेंसे कौन प्राचीन है? और दूसरा प्रश्न यह है कि क्या यह मानना ठीक है कि प्राचीन दिवालीका प्रभाव अर्वाचीन पर पडा है? इन प्रश्नोंका समाधान ऐतिहासिक साक्षीके आधारसेही किया जा सकता है। अतएव दिवाली त्यौहारके उद्गम और विकासका इतिहास ढूंढना आवश्यक है।

यूं तो दिवालीके त्योहारकी उत्पत्तिके विषयमें अनेक जनश्रुतियां मिलती हैं, परंतु उनकी पुष्टि किसी लिखित अथवा उत्कीर्ण साक्षीसे होना आवश्यक है। श्री. बी. ए. गुप्तेने दिवाली विषयक लगभग आधीदर्जन जनश्रुतियोंका उल्लेख एक लेखमें किया है।[१] उसका निष्कर्ष दिवालीकी उत्पत्ति निम्नलिखित छै रूपमें व्यक्त करता है :—

(१) ऋतुपरिवर्तनके उपलक्षमें यह त्यौहार चला।

(२) शालि-धान्यकी फसलका अन्त होता इस कारण मनाया गया।

(३) दूसरी फसलके लिये खाद डालकर खेत तैयार करनेका समय-प्रतीक।

(४) सूर्यके तुला राशि युक्त होनेके उपलक्षमें।

(५) रामचन्द्रजीके राज्याभिषेककी स्मृतिमें।

(६) विक्रमादित्यके संवत्-प्रवर्तनका दिवस होने रूपमें।

इन जनश्रुतियोंमें अन्तिम दोका ऐतिहासिक महत्व है। शेष जनश्रुतियां ऋतुपरिवर्तन जनित कृषिसम्बन्धी महत्वको प्रगट करती हैं। (किन्तु उस अवसर पर दीपोत्सवका कारण अस्पष्ट है। होलीभी ऋतुसम्बन्धी त्यौहार हैं, परंतु उस पर अथवा ऐसे अन्य त्यौहारों पर दीपमालिका नहीं होती। –सं०) इन जनश्रुतियोंकी पुष्टि ऐतिहासिक आधारसे किये जानेकी आवश्यकता है। रामचन्द्रजीके राज्याभिषेक अथवा विक्रम-संवत्-प्रवर्तनके उपलक्षमें दिवालीकी मान्यता कबसे हुई, यह पता लगाना शेष है। हॉप्किन्स सा० (Hopkins) ने आधुनिक हिन्दू त्यौहारोंमें दिवाली, होली, मकरसंक्रान्ति आदिको गिना है; परन्तु इनका उद्गम कब और कैसे हुआ, इस पर वह चुप हैं।[२] किन्तु वह 'दिवाली' को आधुनिक (नवीन) त्यौहार बताते हैं।

श्री० मॉर्गरेट स्टीवेन्सनने जैन दिवालीका परिचय निम्न प्रकार 'इन्साइक्लोपीडिया ऑव रिलीजन ऐंड ईथिक्स' (भा० ५ पृ० ८७५-८७९) में लिखा है :—

"पर्यूषणके उपरान्त जैनोंका दूसरा पवित्र त्यौहार दिवाली है। पर्यूषण जैनोंकी अहिंसा भावनाका प्रतीक है और दिवाली जैनोंकी वणिकवृत्तिमें धनके महत्वको लिये हुये है। जैनी दिवाली को मनानेके लिये एक विशेष कारण उपस्थित करते हैं, जो प्रायः लक्ष्मीपूजाका हिन्दू त्यौहार प्रतीत होता है। जैनी कहते हैं कि जब भ० महावीरका निर्वाण हुआ तो उनका निर्वाणोत्सव अठारह लिच्छवि-मल्लकि एवं अन्य राजाओंने यह कहते हुये मनाया कि 'ज्ञानप्रकाश लुप्त हो गया है। अतः आओ भौतिक (दीपों) का प्रकाश फैलायें।' (कल्पसूत्र, SBE., भा० २२ पृ० २६६) जैनी दिवाली चार दिनोंतक मनाते हैं, जो प्रायः अक्तूबर या नवम्बरमें पडती है। श्वेताम्बर जैनोंमें पहले धनतेरसके दिन लक्ष्मी देवीके सम्मानमें रत्नाभूषणोंको सुसज्जित किया जाता है। दूसरा दिन

---

१. इंडियन ऐन्टीक्वेरी, भा० १२, पृष्ठ २३७-२३९ (मई १९०१)।

२. इन्साइक्लोपेडिया ऑव रिलीजन ऐंड ईथिक्स, (१९१२) भा० ५ पृ० ८६७-८७१।

'काली चौदस' कहलाता है। इस दिन स्त्रियां पक्वान्न और मिष्टान्न बना कर भूत-प्रेतादिके कोपको शमन करनेके लिये चढातीं हैं और निकटके चौराहे पर रख आती हैं। तीसरा दिन अमावस इस त्यौहारका प्रमुख दिवस है। इस दिनही भ० महावीरने मोक्ष-गमन किया और इन्द्रभूति गौतमने कैवल्य- (-लक्ष्मी) प्राप्त की थी। इस दिनही रातको जैनी बहीपूजा करते और दीपमालिका मनाते हैं। अ[illegible]सके प्रातःही तीनों सम्प्रदायोंके जैनी अपने २ मंदिरों, उपाश्रयों अथवा स्थानकोंमें जाते हैं। वहां जो साधुमहाराज अथवा साध्वी देवी उपस्थित होते हैं, उनके मुखसे भ० महावीरका जीवनवृत्तान्त सुनते हैं और सामायिक, गीत और भजन गाते है। भक्तवत्सल वहां ठहर कर प्रोषध करते हैं। शेष अपने घरोंको लौट जाते और वर्षभरके हिसाब-किताबका चिट्ठा तैयार करते हैं। सायंकालको वे एक ब्राह्मणको बुला कर शारदा-पूजा करवाते हैं, क्योंकि जैनोंमें ब्राह्मण अबभी पौरोहित्यका काम करते हैं। जैनी अपनी बहियां एक चौकी पर रख देते हैं। ब्राह्मण आता है और यजमानके माथे पर टीका कर देता है और उनकी कलम और बहीके आदि पृष्ठको चरच देता है। तब वह बहीके आदि पृष्ठ पर शब्द 'श्री' ५, ७ या ८ बार लिखता है। अब बही पर पुरानेसे पुराने सिक्केको रखते हैं, जो लक्ष्मीका प्रतीक होता है। यह क्रियाही 'लक्ष्मीपूजा' है। वर्षभर यह सिक्का बडा सार-संभालसे रक्खा जाता है; क्योंकि उसे सौभाग्यवर्द्धक माना जाता है। दूसरी दिवाली पर वही सिक्का फिर पूजाके लिये काममें लिया जाता है। इस प्रकार किन्हीं जैन घरोंमें बडे पुराने २ सिक्के मिलते हैं। वहीं पर एक पान, सुपारी, अक्षत आदिभी रक्खे जाते हैं। कपूर जला कर जैनी उनकी आरती करता है और रोरीको बहियों पर छिडक कर पूजा समाप्त करता है। तब पुरोहित और उपस्थित जैनी मिष्टान्न खाते हैं। कई घंटे बहियां खुली रक्खी रहती हैं। उपरान्त जैन उन्हें 'लक्ष-लाभ, लक्ष-लाभ' कहते हुये बन्द करके रख देते हैं। चौथा दिन कार्तिक शुक्ला प्रतिपदाका नव-वर्षका पहला दिन माना जाता है। इस दिन जैन परस्पर एक दूसरेसे मिल कर अभिवादन करते हैं और अपने व्यापारिक वर्षका प्रारंभ करते हैं। इसी दिन अपने मिलनेवालोंको दिवाली-पूजनके मंगलपत्र लिखते हैं।"[१]

---

१. सं० नोट—मूलतः दिवाली निर्वाण उत्सव है, परंतु इन्द्रभूति गौतम द्वारा कैवल्यविभूतिकी प्राप्तिके उपलक्षमें दिवालीको लक्ष्मी (= धन) पूजाका त्यौहारभी माना गया है। एक जैनके निकट सबसे बडी विभूति और महालक्ष्मी केवलज्ञानकी प्राप्ति है। व्यवहारमें धन ही लक्ष्मी है। अतः व्यवहार-रत जैनों द्वारा अध्यात्मलक्ष्मीको गौण करके भौतिक लक्ष्मीकी पूजाका समावेश दिवाली-पूजनमें किया जाना स्वाभाविक है। उत्तर भारतमें गुजरातसे भिन्न रूपमें दिवाली मनाई जाती है। धनतेरस तो ठीक एक ही रूपमें मनाई जाती है, परंतु दूसरे दिनको जैन 'काली चौदस' नहीं कहते; बल्कि 'निर्वाण चौदस' कहते हैं। इस दिन सायंकालको कुछ दीपक जलाकर घरके मुख्य द्वार पर रक्खे जाते हैं और उनको जल-मिष्टान्न चढाते हैं। उनमेंसे बडे दीपकको जलता हुआ घरमें वापस ले जाते हैं और उसे इस तरह संभाल कर रखते हैं कि वह रात भर जलता रहे। इसे 'यमका दिया' कहते हैं। भ० महावीरने यम अर्थात् मृत्युको जीत लिया था। उस विजयका प्रतीक वह दीप है। अमावसके प्रातः जैन नर-नारी मंदिरोंमें जाकर महावीर निर्वाणपूजा करते और धर्मश्रवण करते हैं। कोई २ उपवासभी रखते हैं। पूजामें लाडू

(आगेके पृष्ठ पर देखो)

इस प्रकार जैन दिवालीका उद्गम भ० महावीरके निर्वाणोत्सवसे प्रगट होता है और उनका निर्वाणकाल ई० पूर्व ५२८-५२७ माना जाता है। अतएव जैन दिवाली २४०० वर्षों इतनी प्राचीन ठहरती है। अब प्रश्न यह है कि क्या हिन्दू दिवालीभी इतनी प्राचीन है? क्या उसके उद्गम का आदिस्रोत इतिहासमें प्रमाणित किया जा सकता है? इन प्रश्नोंका उत्तर शास्त्रीय उल्लेखोंके आधारसे देनेके लियेही हमें प्रस्तुत लेख लिखना अभीष्ट है। अतएव शास्त्रीय साक्षीके आधारसे जितनी प्राचीनता हम खोज सके हैं, यहां उपस्थित करते हैं। शेष कार्य अन्य शोधकों पर हम छोडते हैं। वे आगे खोज करें और ठीक निर्णय दें, यह वांछनीय है।

हिन्दू दिवालीके विषयमें श्री० मार्गरेट स्टीवेन्सनने जो कुछ लिखा है, उससे स्पष्ट है कि हिन्दूभी दिवालीका त्यौहार चार दिनोंतक मनाते हैं। पहला दिन धनतेरसका बहुतही पवित्र माना जाता है। इस दिन सभी शुभकार्य किये जाते हैं। देना-लेना चुकता कर दिया जाता है। घरोंकी लिपाई पुताई हो जाती है। पुराने बरतन बदल कर नये कर लिये जाते हैं। लडके गोधूलिवेला पर गउओंके मध्य जा कर लकडीमें बंधी सफेद घज्जियोंको जिन्हें 'भवुडा' कहते हैं, घुमाते हैं। गउयें चौंक कर धूल उडाती हैं। वह धूल बालकोंके शरीर पर पडती है तो बहुत शुभ माना जाता है[१]। इस दिनभी घरोंमें रोशनी की जाती है। दूसरा दिन 'रूप-चर्तुदशी' कहलाता है। इस दिन सब लोग लडके उठ कर खूब नहाते-धोते और अच्छे कपडे पहनते हैं। फिर वे मित्रोंके यहां जा कर जलपान करते और खुशियां मनाते हैं। किन्तु चौदसकी रात्रिको वह 'काल रात्रि' कहते हैं। लोगोंकी धारणा है कि इस दिन दुष्ट प्रेतात्मायें लोगोंको सतातीं हैं। वे टोटके करके चौराहे पर रखते हैं, हनूमानजीपर तेल व सिंदूर चढाते हैं। चढे हुये तेलका काजल पारकर आंखोंमें डालते हैं और तब अपनेको प्रेतात्माओंसे सुरक्षित समझते हैं। कोई २ मंत्र साधनाभी करते हैं। कोली-भील आदि लोग महाकाली-भैरवी आदि देवीको बलि चढाते हैं। किन्तु तीसरा दिन विशेष महत्वका समझा जाता है। इस दिन लडके-लडकियां बहुत तडके उठकर अच्छे कपडे पहनते और पटाखे छुडानेमें मग्न हो जाते हैं। इस दिन गीले कंडेमें गन्नेकी पोई घुरस कर वे दीवट बनाते हैं और उसपर जलता हुआ दीवा रखकर वे घर-घर तेल मांगते जाते हैं। इस दीपकके प्रकाशसे वे अपने मृत पूर्वजोंको प्रकाश पहुचता समझते हैं। इसी दिन शामको बही-पूजन किया जाता है और बडे २ दीपक जलाकर रोशनी की जाती है। पुरोहित आकर यह पूजन करता है और अन्तमें मिष्टान्न खाया जाता है और मित्रोंको भेजा जाता है। इस समय पटाखे छोडे जाते हैं। बहियें रात-

---

(पीछे पृष्ठसे चालू)

चढानेकी प्रथाभी कुछ समयसे चल पडी है। सायंकालको मंदिर और घरोंमें दीपक जलाये जाते हैं तथा बहीपूजन किया जाता है। इधर कोई पुरोहित नहीं बुलाते–सब लोग स्वयं पूजा करते हैं। उचासन पर जैनशास्त्र विराजमान करते हैं, जो ज्ञानलक्ष्मी माने जाते हैं। उसके नीचे बही और सिक्के रख कर पूजा करते हैं। पश्चात् आरती करके बहियोंमें 'श्री महावीराय नमः' और 'श्री केवलज्ञानलक्ष्मी नमः' लिख कर पूजन करनेका उल्लेख तिथिवार सहित करते हैं। मिष्टान्नभी बांटते हैं। —का० प्र०

२. उत्तर भारतमें यह क्रिया नहीं की जाती है। —का० प्र०

भर खुली रक्खी रहती हैं और उनके पास एक दीपक जलता रहता है। प्रातः पुरोहित आता है, जिससे यजमान कहता है "लक्ष लाभ"। पुरोहित कहता है कि "सवालक्ष लाभ हो!" और बहियें बंद कर देता है। रातभर घरमें सब लोग जागरण करते हैं और प्रातः उठकर मंगलकामना करते हैं। इस प्रकार हिन्दू दिवाली मनाई जाती है[1]। इस वर्णनको देखकर देशके भिन्न भागोंमें दिवाली मनानेका अन्तर सरलतापूर्वक जाना जा सकता है।

श्यामदेशमेंभी दिवाली मनाई जाती है। अमावास्याको बांसोंमें लटका कर दीपक रात भर जलाये जाते हैं और चतुर्दशी, अमावस्या एवं प्रतिपदाके दिन नदियोंमें जलते हुये दीपक बहाये जाते हैं। इन दिनों आतिशबाजीभी छोडी जाती है। किन्तु श्याममें इस त्यौहारकी उत्पत्ति कैसे हुई, यह अज्ञात है[2]!

'मराठा क्रॉनीकल' में महदजी सिंधिया (१७७४-१७८५ ई०) के विवरणमें लिखा है कि कोटामें दिवाली चार दिन मनाई जाती थी। कोटा नरेश "दारूची लंका" (आतिशबाजीकी लंका) बनवा कर उसमें हनुमान द्वारा आग लगवाते थे। पूनामें पेशवाकी आज्ञासे महदजीने पार्वती पर्वत पर यह उत्सव रचाया था।[3] संभवतः तभीसे दक्षिणमें दिवाली पर पटाखे छोडनेकी प्रथा चली है।

दिवाली-उत्सवका सचित्र चित्रण जैन 'कल्पसूत्र' में मिलता है, जिसे प्रो० ब्राउनने वाशिंगटनमें (१९३४) छपवाया था। इस चित्रमें एक चंदोवाके नीचे तीन पुरुष हाथोंमें मशाल लिये अंकित है, जो संभवतः लिच्छवि, मल्ल और वैदेहिक राजाओंके द्योतक हैं। उसके नीचे 'दीवाली' लिखा हुआ है। यह चित्र १६ वीं शताब्दीका अनुमान किया गया है।[4]

शास्त्रीय उल्लेखों पर विचार करनेसे हमको 'कल्पसूत्र' के पश्चात् दिवालीका उल्लेख 'काम-सूत्र' (सन् ५०-४००) में 'यक्षरात्रि' के नामसे मिलता है, क्योंकि श्री० हेमचन्द्राचार्यने दीवालीकाही अपर नाम 'जक्खरत्ती' (यक्षरात्रि) लिखा है। यशोधरने अपनी टीकामें 'यक्ष-रात्रि' को 'सुखरात्रि' लिखा है।[5]

---

१. *Stevenson*, Rites of the Twice-Born, (Religious Quest of India Series), pp. 335-340.

'उत्तर भारत' में धनतेरसको रोशनी नहीं की जाती। पटाखे तो किसी दिन नहीं छोडे जाते। लोग मिलनेभी नहीं जाते। चौदसको भूत-प्रेतके शमनके लिये कोई क्रिया नहीं करते। न लडके तेल मांगने जाते हैं। लडकोंकी 'टेसू' प्रथा दिवालीसे पहले होती है। कई दिनोंतक लडके मनुष्याकार दीवट पर दीपक रख कर घर-घर पैसे मांगते हैं। दिवाली पर टेसूका जल प्रवाह कर दिया जाता है। जैनी इस प्रथाको नहीं मानते हैं। **का० प्र०**

२. *Gerini*, Siamese Festivals and Fasts, pp. 885-890 (ERE., V).

३. पेशव्यांची बखर by K. V. Sohoni, ed. K. N. Sane, Poona. p. 149.

४. *Brown*, Miniature Paintings of the Jaina Kalpasutra, p. 40-Plate 25.

५. Annals of Bhandarkara Oriental Research Instt., Vol. XXVI, p. 253.

२. कन्नौजके सम्राट् श्रीहर्ष (सन् ६०६-६४८) ने 'नागानन्द' नामक एक नाटक रचा था। उसमें शरत्समयमें 'दीपप्रतिपदुत्सव' मनानेका उल्लेख है। उस समय इस उत्सव पर वर-वधूको नववस्त्र भेंट करनेकी प्रथा थी। आजकलभी विवाहके पश्चात् पहली दिवाली पर दामादको दावत और आभूषण भेंट करनेकी प्रथा कहीं-कहीं पर है।[१]

३. 'नीलमतपुराण' की रचना काश्मीरमें सन ५०० से ८०० ई. के मध्य हुईथी। इस पुराणमें दिवाली उत्सवकी प्रमुख बातें इस प्रकार लिखीं हैं।— (१) चहुं ओर दीपोंका जलाना, (२) कंडील-ध्वजादि लटकाना, (३) ब्राह्मणों और सम्बन्धियों सहित भोजन करना, (४) संगीत और द्यूतरमण, (५) स्त्रियोंकी संगतिमें रात्रि जागरण, (६) मूल्यमई रत्नाभूषण और वस्त्र धारण करना, (७) मित्रों, सम्बन्धियों, ब्राह्मणों और नौकरोंको नये वस्त्र भेंट करना। (कार्तिक अमायां दीपमाला वर्णनम्).[२]

४. 'आदित्यपुराण' (१००० ई.) में कार्तिक कृष्ण अमावस्या को लक्ष्मी पूजन करना और दिनमें 'सुख सुप्तिका व्रत' मनाने का विधान है। रातको दीपक जलाने, ज्योनार करने और नये वस्त्रोंको भेंट करनाभी लिखा है। किन्तु आजकल 'सुखसुप्तिकाव्रत' दाक्षिणमें आश्विन अमावस्याको मनाया जाता है।[३]

५. हिन्दू 'पद्म पुराण' में 'चैत्रप्रतिपत्' की तरह 'कार्तिक प्रतिपत्' पर स्नान, दिव्य-नीराजन, गोमहिष्यादि भूषण एवं ब्राह्मण भोजनका विधान है। ब्रह्माको इसदिन गुड, दीप व नए वस्त्र चढाकर पूजनाभी आवश्यक है। 'भविष्यपुराण' और बाराहपुराणमेंभी ऐसाही विधान है। 'ब्रह्म-पुराण' और 'भविष्य-पुराणमें' कार्तिक शु. प्रतिपद्के प्रातः दो घडी दिन चढने पर नारी नीराजन और शामको मङ्गल मालिका मनाने का विधान है। 'देवी पुराण'मेंभी यही उल्लेख है। 'ब्रह्मपुराण'में लिखा है कि पार्वतीजीने इस दिन द्यूत क्रीडामें शङ्करजीको जीत लिया था। इसलिये अन्यलोकभी द्यूत क्रीडा, गीतवाद्य, बन्धुभोजन, दीपमालादि करें।[४]

६. 'वामनपुराण'में इसका उल्लेख 'वीर प्रतिपदा' नामसे हुआ है।[५]

७. जैनाचार्य सोमदेवसूरिने मान्यखेट (मलखेड) के राष्ट्रकूट-सम्राट् कृष्ण तृतीयके शासनकाल (सन. ९५९ ई.) में 'यशस्तिलकचम्पू' ग्रंथ रचा था। उसमें दीपोत्सवके सम्बन्धमें निम्नलिखित बातोंका उल्लेख किया है: (१) घरोंकी लिपाई पुताई कराकर श्वेतध्वजादिसे अलंकृत

---

१. Ibid. २. Ibid, p. 254.

३. Journal of the Jha Institute, Allahabad, Vol. III, pt. 2, p. 210.

४. Bhāratīya Vidyā, March 1947, pp. 60-61.

हिन्दू पुराणोंके वर्णन बहुधा अध्यात्म रहस्यके रूपकोंमें होते हैं। क्या पार्वतीका शङ्करजीको द्यूत-क्रीडामें जीतनेका अर्थ आसुरी-संहारक-वृत्ति पर अहिंसक-वृत्तिकी विजय (मुक्तिका) द्योतक है? —सं०

५. Ibid, p. 62.

करना, (२) स्त्री संगतिमें आमोद प्रमोद मनाना, (३) गीतवाद्य, (४) द्यूत, (५) घरोंकी छतोंपर दीप-पंक्तियां प्रज्वलित करना, (सूनासूक्तसूचितावसरां दीपोत्सवश्रियं)[1]

८. श्रीपति ज्योतिषाचार्यने अपनी 'ज्योतिष रत्नमाला' की मराठी टीकामें दिवालीका उल्लेख किया है।

९. अल्बेरूनीने अपनी 'तहकीक-इ-हिन्द' नामक पुस्तक (सन् १०३० ई०) में दिवालीका विवरण लिखा है; जिसकी मुख्य बातें यह हैं: (१) नाम 'दीवाली', (२) चमकीली भडकीली पोशाक, (३) पान-सुपारी भेंट करना, (४) आमोद प्रमोद मनाना, (५) मंदिरोंमें जाना और दान देना, (६) रातमें सर्वत्र दीपक जलाना, (७) आजके दिन विष्णु-पत्नी लक्ष्मीको बालीके बन्दीगृहसे मुक्ति मिली थी, (८) सौभाग्य सूचक त्यौहार।

१०. श्री हेमचन्द्राचार्यने 'देशी नाममाला' ग्रंथमें (१०८८-११७२) 'जक्खरत्ती' (यक्षरात्रि) को दिवाली या दीपालिका बताया है.

११. पुरुषोत्तमदेवनेभी 'त्रिकाण्डशेष'में 'यक्षरात्रि'को दीपाली (१-१-१०८) कहा है। यह उल्लेख सन् ११५८ ई. से पहले का है।

१२. मुस्लिम लेखक मुलतान-वासी अब्दुल रहमान अपने अपभ्रंशभाषाके ग्रंथ 'संदेश-रासक' (सन् ११००-१२०० ई.)में दीपावलीका उल्लेख निम्नप्रसार किया है: —

'दिंतिय णिसि दीवालिय दीवय
णवससिरेहसरिस करि लीअय।
मंडिय भुवण तरुण जोइक्खहिं
महिलिय दिंति सलाइय अक्खिहिं ॥ १७६ ॥'

भावार्थ — महिलाजन नव-शशि-रेखाके सदृश दीप-पंक्तियोंसे अपने घर रातको प्रदीप्त करतीं हैं और इन दीपोंका काजल पारकर वे आंखोंमें लगाती हैं।

(१३) महाराष्ट्रीय सन्त ज्ञानेश्वर (१२९० ई.)ने 'दिवाली' का उल्लेख अपनी ज्ञानेश्वरीमें किया है। दिवालीके प्रकाशकी उपमा उन्होंने अध्यात्म-ज्ञान-प्रकाशसे की है।

(१४) चक्रधर (१२५०)ने 'लीलाचरित्र' मराठी-महानुभावमें दिवाली वर्णन सम्बन्धी यह विशेषतायें लिखीं हैं: (१) उनके शिष्य गोसावियों द्वारा बहु-जल एकत्र करके स्नान करना, (२) स्नानके पहले तैल मर्दन करना, (३) चक्रधरकी नारी-शिष्याओं द्वारा गोसावियोंकी आरती (वोवाळणी) उतारना, (४) यमद्वितियाको मोदक-लाडू-सेवादिकी ज्योनार करना। यह संत लोगोंकी दिवाली थी।

१५. हेमाद्रि (१२६० ई.) अपनी 'चतुर्वर्गचिन्तामणि' (व्रतखंड)में यमद्वितियाका

---

1. Annals of the Bhandarkara Or. Res. Instt., XXXVI, p. 254.

उल्लेख करता है कि इसदिन यमकी बहन यमुनाने अपने भाईको भोजन कराया था। तभीसे यह भाई-बहनका त्यौहार हो गया!

१६. मेरुतुङ्ग (१३०५ ई.) ने 'प्रबन्धचिन्तामणि' में लिखा है कि गुजरातके शासक सिद्धराजके समकालीन कोल्हापूरके राजा ने दिवाली उत्सव मनाया। उसमें यह विशेषतायें थीः (१) कोल्हापुरकी कुलदेवी महालक्ष्मीकी पूजा राजाकी रानियोंने की, (२) सिद्धराजके एक राजकर्मचारीने महालक्ष्मीके स्वार्णभूषण-रत्न और कपूर दिवालीकी रातको चढाये और (३) एक मंत्रयुक्त वस्त्रभी चढाया![1]

१७. माधवाचार्य कृत 'कालनिर्णय' (१३५०) में त्रयोदशीको कुबेर पूजाका उल्लेख है। ("त्रयोदशीं धन्याध्यक्षः कुबेरः पिबते कलाम्।")

१८. सन् १४२० या १४२१ ई. में इटलीसे निकोलोइ कोन्टि (Nicoloi Conte) नामक यात्री विजयनगर आया था। उसने दिवालीको मंदिरोंके भीतर और बाहर छतोंपर दीपक दिन रात जलते हुए देखे थे।

१९. 'आकाशभैरवकल्प' (सन् १४५०-१६०० ई.)में दिवालीका वर्णन है। राजाके लिये नरकचतुर्दशी और कार्तिक शुक्ल प्रतिपद् मनानेका विधान उसमें है। नरकचतुर्दशीकी विशेषतायें इसप्रकार लिखीं हैंः (१) यह साम्राज्य दिवस है। अतः इसदिन राजाओंको विजय, सन्तान, सुख-वैभव प्राप्त होते हैं; (२) प्रातःस्नान, (३) पुरोहित व ब्राह्मणोंकी पूजा; (४) स्नानसमय रानी राजाके तैल मर्दन करे और मङ्गल गर्म पानीसे मङ्गलस्नान करावें; (५) राजा कुलदेवताकी पूजा करके तीन दीपक जळावे; (६) तब राजा अस्थानकूढ (दरबार) को वस्त्र-शस्त्रसे सुसज्जत होकर जावे और राजसिंहासनपर दरबारियों सहित बैठे। उनका मुजरा ले और उन्हें पुरस्कृत करे। ताम्बूल वितरणके साथ यह उत्सव समाप्त करे; (७) उपरान्त राजा अन्तःपुरमें जावे, तब रानियों व परिजनों सहित भोजन करें; (८) शामको अपने अधीन राजाओं सहित बाणविद्याका कौशल देखकर नाट्य शालामें नाटक देखे; (९) तब अन्तः पुरमें जाकर भोजन करे और रात्रि पट्टमहिषीकी संगतिमें बितावे। दीपावली अर्थात् कार्तिक शुक्ल प्रतिपदके दिन पूर्ववत् (१) स्नानादि करे, (२) भास्कर (सूर्य) को पूजे; (३) लक्ष्मीनारायणको लक्ष्मीकी स्थिरताके लिये तीन दीपक चढावे, (३) पूर्ववत् राजदरबार लगावे, (४) अन्तःपुरमें साम्राज्य लक्ष्मीकी पूजा करे, (५) मध्यान्ह विश्रामके पश्चात् मल्लयुद्धादि देखे, (६) सारे नगरमें दीपमालिका करावे; (७) राजकर्मचारियोंको ताम्बूल और वस्त्र उनके श्रमके उपलक्ष्में भेंट करे; (८) समग्र दीपनिकल महालक्ष्मीको भेंट करे; (९) विरोचनके पुत्र और प्रल्हादके पौत्र बलीकी पूजा करे, (१०) ब्राह्मणादिको स्वर्णदान।

२०. नृसिंह कृत 'काळनिर्णय दीपिका विवरण' (१४०९) में धनद या श्रीद अर्थात् यक्षराज या कुबेरका सम्बन्ध प्रतिपदसे बताया है।

---

१. नं. ८ से १६ तकके उल्लेखोंका विशद विवरण "Annals of the Bhandarkar Oriental Research Institute" Vol. XXVI के पृ० २६१-२६२ पर पढना चाहिये।

२१. रीवाके बघेल नरेश वीरभद्रने स्वरचित 'कंदर्पचूडामणिमें' यक्षरात्रिको सुखरात्रि बताया है।

२२. 'आईन-इ-अकबरी' में अबुलफजल (१५९० ई.)ने दिवालीके वर्णनमें लिखा है कि दिवाली वैश्योंका सबसे बडा त्यौहार है। इसदिन दीपक जला कर खूब रोशनीकी जाती है। तिथि कार्तिक शु. १२ व कृष्णा १५ बतानेमें कुछ मतभेद है। जुआ खेला जाता है।

२३. भट्टोजि दीक्षित 'कालनिर्णय संक्षेप' (१५६०-१६२०) में, कमलाकरभट्ट 'निर्णयसिंधु' (१६१२)में और दिवाकर काल 'कालनिर्णय चंद्रिका'में दीपावली विषयक अनेक उल्लेख करते हैं।

२४. दिवालीका उल्लेख अंग्रेज लेखकोंने (१६१३-१८८३) भी किया है, जिसमें निम्न विशेषतायें गिनाई हैं: (१) आमोद प्रमोद सहित ज्योनार, (२) विष्णुके सन्मानका त्यौहार, (३) भेंट सम्बन्धी जनोंको देना, (४) बनियोंकी दिवाली, (५) ऋतु विषयक महान् त्यौहार, (६) आतिशबाजी (१८२०), (७) लक्ष्मीकी पूजा, (८) नदियोंमें दीपक प्रवाह; (९) बनारसकी जोरदार दिवाली, (१८८८). (Hobson-Jobson, London, 1903, pp. 208-309).

२५. बाबापाध्ये ने 'धर्मसिन्धु' में लक्ष्मीपूजाके पश्चात् कार्तिक शुक्ल प्रतिपत्को कुबेर पूजा करना लिखा है। (१७६०-१८०६ ई.).[1]

सन् १८००के लगभग कुबेरपूजाकाभी उल्लेख दिवालीपर मिलता है। हमारे विचारसे यह कुबेर पूजा 'बाराहपुराण'गत यक्षार्चाकाही दूसरा रूप है; जो वैष्णवोंकी लक्ष्मीपूजाके कारण गौण होगई है।[2]

दक्षिण भारतमें दीपावलीके प्रातः पत्नी पतिको तैल-स्नान कराती है — नवूडा पत्नीके लिये यह अत्यन्तावश्यक है। विवाहके पश्चात् पहली दिवालीपर दामाद अपने परिजन सहित पत्नीगृह इस उद्देश्यसे आता है। उस समय कन्याका पिता उन्हें भोजन कराता और वस्त्रभूषण भेंट करता है। बहूका श्वसुर उसे साडी और आभूषण देता है। दीपावलीको प्रातः स्नान करके हरकोई अपने मित्रोंके घर जाकर पूंछते है कि उन्होंने गङ्गा स्नान किया या नहीं! आगुन्तकका सत्कार ताम्बूल, मेवा-मिष्टान्नसे किया जाता है![3]

इलोराकी गुफाओं (नं. १४-१५-१६ एवं २१) में राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण प्रथम

---

१. नं. १७ से २५ तकके उल्लेखोंके लिये "Annals" का उल्लेखित स्थान एवं 'भारतीय विद्या' (मार्च १९४७) पृ० ६६ देखना चाहिये।

२. भारतीय विद्या, मार्च १९४७, पृ. ६२-६४में विशेष देखो.

३. वही, पृ. ६९ देखो.

(सन् ७५७-७७२) की खुदवाये हुये ऐसे शिलाङ्कित चित्र हैं, जिनमें शिव पार्वतीके जुआ खेलनेका दृश्य अङ्कित है। किन्तु उनका सम्बन्ध दिवालीसे स्पष्ट नहीं है।[१]

इस प्रकार अबतकके अध्ययनका सार पाठकोंके सम्मुख है। इससे स्पष्ट है कि यद्यपि जैन 'कल्पसूत्र' में भ. महावीरके निर्वाणोत्सवोपलक्षमें लिच्छवि-मल्लिक आदि राजाओं द्वारा दीपोत्सव मनानेका उल्लेख है; परंतु जैनेतर साहित्यमें दिवालीका प्राचीन नाम यक्षरात्रि मिलता है। कालक्रमानुसार उसका नाम बदलकर दिवाली हुआ निम्नप्रकार अनुमानित है: —

यक्षरात्रि	सुखरात्रि	सुखसुप्तिका	जक्खरत्ती (यक्षरात्रि)	= दीपाली
सन् १०० से ४०० के मध्य यक्षरात्रि। (कामसूत्र)	कामसूत्रके टीकाकार यशोधरके समयमें सुखरात्रि।	सन् ५९० से ८०० के मध्य सुखसुप्तिका। (नीलमत पुराण आदि) (हर्षने दीप-प्रतिपदुत्सव लिखा है)	सन् १०८८–११७२ 'देशी नाममाला' में हेमचन्द्र	११००–११५९ के मध्यसे 'दीपाली' नाम हुआ। (पुरुषोत्तमदेव)

इतना होते हुयेभी हम अपने मूल प्रश्नोंको खुला छोड रहे हैं। इसका कारण यह है कि अभी अध्ययन करनेके लिये बहुत गुंजाइश है। जैन-दिवालीका अध्ययन जैन ग्रंथोंमें करना शेष है। समय २ पर दिवालीका रूप जैनोंमें क्या रहा, यह जानना आवश्यक है। पूर्ण अध्ययनके पश्चात्ही किसी निष्कर्षपर पहुंचा जा सकता है अतएव विद्वानोंको इस विषयमें और अध्ययन करना उचित है। इति शम्.

---

१. जर्नल ऑव दी झा इंस्टीटयूट, आलाहाबाद, भा. ३ खंड २ पृ. २१४-२१५.

Mahāvīra : His Life and Work*

By Dr. Bool Chand, M. A., Ph. D., Bombay

[श्री० डॉ० बूलचन्दजीने इस लेखमें भ० महावीरकी जीवनझांकीका मार्मिक दिग्दर्शन कराया है। उनका लिखना है कि भ० महावीरका जन्म और लालनपालन एक जनतंत्रवादी समाजमें हुआ था; जिसमें गहरी मानसिक उथलपुथल मची हुई थी। प्रचलित रूढियोंके प्रति लोगोंको असंतोष था और सैद्धान्तिक मतभेद मस्तिष्कको सशङ्क बनाये हुये था। तोभी उससमयके समाज पर तीर्थंकर पार्श्वकी धर्मपरम्पराका विशेष प्रभाव पडा हुआ था। इस प्रकारके वातावरणमें तीस वर्षके युवक महावीरने साधु होना निश्चित किया था। बारह वर्षकी घोर तपस्या और साधनाके पश्चात् महावीर पूर्ण ज्ञानी हुये–उनकी दया लोककल्याणके लिये अविरल धारामें बही–इसलिये वह तीर्थंकर कहलाये। संघ व्यवस्था महावीरकी अपूर्व थी, जिसमें मुनि-आर्यिका-श्रावक-श्राविका सम्मिलित थे। गृहस्थोंकोभी उनके संघमें सन्माननीय स्थान प्राप्त था। महावीरके संघका द्वार प्रत्येक प्राणीके लिये खुला हुआ था। गुणोंकी मान्यता थी उसमें। मिथ्या आचारविचारको उसमें स्थान नहीं था। ईश्वरको सृष्टिका कर्त्ता–हर्ता कोई नही मानता था। मानव स्वयं अपने भाग्यका निर्माता और भोक्ता था। पशुयज्ञका स्थान मानवीय वासनामय पाशविकताको अन्त करनेमें परिणत हुआ था। महावीरका जीवन पार्थिवताके ह्रास और आत्माके विकासका प्रतीक था। महावीरने कमजोरके शोषणके लिये शक्तिसंचय करनेको प्रोत्साहन नहीं दिया। उन्होंने समाजमें ऊंच-नीचके भेदभावका, आर्थिक संघर्षका और राजनैतिक दासताका अन्त किया था। जैनधर्मके रूपमें उन्होंने लोकको एक आध्यात्मिक जनतंत्रवाद भेट किया था। उनका संदेश लोकभाषामें था। उसमें किसी मध्यस्थकी आवश्यकता न थी। लोक सीधे उनकी बात सुनता, समझता और मानता था। मुक्तिके द्वार दीनदलित और हीन-मलीन, सबके लिये उन्होंने खोले थे। देवताभी मानवके सामने हीन घोषित किये गये। आत्माका पूर्ण विकास मानवही कर सकता है। चारित्रकी आधारशिला अहिंसा बनी थी। जो जितना अहिंसक था उतनाही अधिक चारित्रवान था वह। जैनधर्मके मूलस्रोतका आभास श्रमण साहित्यमें मिलता है, जिसका विकास वैदिक साहित्यके साथ साथ हुआ। डॉ० विंटरनीज्ने उसकी विशेषतायें बताई थी कि उसमें जाति व आश्रम व्यवस्थाकी उपेक्षा है, उसके वीर केवल देवता या ऋषि न होकर राजा, वणिक या शूद्रतक हुए है। काव्याधार ब्राह्मणोंकी कथावार्ता न होकर प्रचलित कथासाहित्य रहा है। संसारके दुख शोकका चित्रण उसमें खूब है और अहिंसा-दयाका प्रतिपादनभी अश्रुतपूर्व है। सांख्ययोगके अनुरूप जैनधर्मही प्राचीन धर्म है, जिसके द्वारा बौद्धिक क्रान्ति हुई, जिसने वैदिक क्रियाके मार्गमें अर्गलाका काम किया। ब्राह्मण और श्रमण परम्पराओंका यह संघर्ष बराबर चलता रहा है। महावीर और गोशाल दो प्रथक धर्मप्रवर्तक थे। उनमें गुरू-शिष्यका सम्बन्ध नहीं था। गोशालने आजीविक सम्प्रदाय चलाया था। वह नियतिवादी था। जैनधर्ममें ज्ञान, कर्मसिद्धांत, और संयम-तपका निराला निरूपण हुआ है। शरीरकी दासता

---

* This forms the concluding chapter in a book entitled "Mahāvīra : His Life and Teachings" by Dr. Bool Chand. The book is now in the Press.

और मोहके लिये जैनधर्ममें स्थान नहीं है। जैनधर्म जहां एक ओर अकारण दूसरे पर आक्रमण करनेका निषेध करता है वहां दूसरी ओर कायरतासे दूर रहनेकाभी उपदेश देता है। शान्तिपूर्वक आत्मविकास करते हुये स्वयं जीयो और दूसरोंको जीवित रहने देनेमें सहायक बनो, यह उसका संदेश है। अहिंसाही परम धर्म है। मारनेकी अपेक्षा सत्यके आधार पर स्वयं मर जानेमें बहुत बहादुरी है। महावीरने संसार छोडा, साधनाकी और फिर वह संसारके बीच आकर धर्मोपदेशक बने। लोक उनका अनुयायी हुआ। ग्यारह बडे ब्राह्मण नेतागण उनके पहले शिष्य–गणधरादि हुये। इन्द्रभूति गौतम महावीरजीके प्रधान गणधर थे। अनेक असंख्यात प्रश्नोत्तर उनके हुए थे। उन्होंने इन्द्रभूतिसे कहा, " तुम तो महासमुद्रके पार पहुचे-से हुये हो। अब किनारे पर क्यों मडरा रहे हो ? जल्दीसे उस पार पहुंचो। हे गौतम ! एक क्षणके लियेभी प्रमादी न बनो ! " इस प्रकार महावीर केवळ आदर्शवादी नहीं थे। वह सत्यके हामी कर्मवादी थे। रागद्वेषको जीत कर आत्म-स्वातंत्र्य पानेके लिये उन्होंने हरकिसीको उत्साहित किया। —का० प्र०]

Born and brought up in a Society informed with democratic ethos and in an age of great intellectual stir, social dissatisfaction, philosophical doubt and religious confusion, and deeply influenced by the ethical tradition of Pārśva, Mahāvīra chose, when he was thirty, the life of an ascetic seeking after truth and enlightenment. After twelve years of penance and suffering and rigorous practice of spiritual detachment, he attained such knowledge as was perfect and absolute, and developed such compassion for the afflicted world and strove so much for its redemption that he came to be regarded Tīrthankara. Mahāvīra showed wonderful ability in the organisation of his Sangha which consisted of the ascetic as well as the layman, men as well as women. He did not consider the layman as incapable of sipiritual uplift, and, therefore, accorded an honourable place to him in the Sangha. The layman is as important a limb of the Sangha as the ascetic, and it is incumbent upon both to cooperate and push the Sangha forward towards spiritual uplift. Mahāvīra's Sangha was open to all irrespective of caste, colour and sex. Merit and not birth was the determinant of status in society. Ability and not sex was regarded as the criterion of admission into the higher order. Superstitions, ritualism, and belief in the capacity of gods to help man were discarded. The existence of God as the Creater of the world was denied, and man was held responsible for his own fortune as well as misfortune, freedom as well as bondage. Sacrifice of the animal was replaced by the sacrifice of the brute self. Mahāvīra's life is a symbol of the mortification of the flesh for the development of the Spirit. It is spiritual joy, and not heavenly pleasure, that is worth pursuit. Mahāvīra did not encourage acquisition of supernormal powers for the victimization of the weak. He prohibited the use of such powers even for self-protection. He disparaged social inquity, economic rivalry and political enslavement. Mahāvīra took it upon himself to work out and propagate a veritable spiritual democracy in the form of Jainism. He delivered his message in the tongue of the people. He did not like the aristocratic

aloofness and mystifying secrecy of the Brahmanical thinkers in matters religious and philosophical. There was no need of interpreters of the tongue of gods. There can be no mediator between man and God. Mahāvīra popularized philosophy and religion and threw open the portals of heaven to the down-trodden and the weak, the humble and the lowly. To him spirituality was not the property of the privileged few, but a valued possession of each and all. It is only in the form of human being that the spirit can realise itself. Gods are inferior to the man of conduct. They symbolise only a stage in the development of the spirit. The final development, however, is possible only in the human form. The idea of an over-free omnipotent Creator God and His incarnation is exploded as a myth, and the responsibility of creation is put on the shoulders of those who inhabit and enjoy it. Conduct is judged by the spiritual law of ahimsa, perfect and absolute. The means are not justified by the end. It is perhaps with reference to these revolutionary ideals that a modern critic informed with the faith in merciful God, has characterized Jainism as 'a religion in which the chief points insisted upon, are that one should deny God, worship man and nourish vermin'. Philosophy, with Mahāvīra, is not an intellectual system based on data supplied by psychological analysis, or a metaphysical speculation based on scientific investigation, but an all comprehensive view based on spiritual realization, wherein all other views find proper justification. These are, in brief the general features of the message of Lord Mahāvīra.

The roots of Jainism can be traced out in that floating mass of Śramaṇa literature which developed side by side with the ancient Vedic, and had, according to Dr. Maurice Winternitz, the following characteristic features: It disregards the system of castes and ashramas; its heroes are, as a rule, not gods and Rishis, but kings or merchants or even Shudras. The subjects of poetry taken up by it are not Brahmanic myths and legends, but popular tales, fairy stories, fables and parables. It likes to insist on the misery and suffering of Samsāra, and it teaches a morality of compassion and Ahimsā, quite distinct from the ethics of Brahmanism with its ideals of the great sacrificer and generous supporter of the priests and its strict adherence to the caste system'. 'Jainism together with Sānkhya-Yoga', accordig to the Dr. Hermann Jacobi, 'is the earliest representative of that mental revolution which brought about the close of the Vedic and inaugurated the new period of Indian culture which has lasted through the middle ages almost down to the present time'. We can clearly discern in the formative period, nay, throughout the development, of our culture, two distinct ferces, perpetually struggling for supermacy and evolving a more and more rational culture. Of these two forces, one attracts us to the spiritual life by insisting on misery and suffering, while the other strives to keep us attached to the duties and responsibilties of social life. The advent of Mahāvīra and the Buddha represents a period of supremacy of the former over the latter. This period was, of course, preceded by a long period of

Accordingly he would seem to have been born in the middle of the night (as said in the *Kalpa-sūtra*) of Sunday the 26th February 598 B. C., when the moon was in conjunction with the constellation Uttara Phālgunī.

But in Asaga's *Vardhamāna Caritra* (canto 17) Mahāvīra is said to have been born on a monday at the end of the night of the 13th day of the bright half of Caitra, while the moon was in conjunction with the constellation Uttara Phālgunī.

चैत्रे जिनं सित तृतीयजया[15] निशान्ते
सोमान्हि चन्द्रमसि चोत्तरफाल्गुनिस्थे ॥ ५८ ॥

If this statement is well-founded, he would seem to have been born at almost about the day-break of Monday the 27th of February 598 B. C., when the moon was in conjunction with the constellation of Uttara Phālguṇī.

---

14. Hēmacandra's *Abhidhāna-cintāmaṇi*:
फाल्गुनी...॥ सा तूत्तरार्यमदेवा..... ॥ १११-११२)

15. तृतीय-जया is the 3rd *Jayā-tithi* of the lunar month i. e. *trayōdaśī* or the 13th lunar day of the month.

धर्म्म और सिद्धान्त !



" जैनं जयतु शासनं ! "

★

JAINA RELIGION AND PHILOSOPHY

'चक्रेण यः शत्रुभयंकरेण जित्वा नृपः सर्व नरेन्द्रचक्रम् ।
समाधिचक्रेण पुनर्जिगाय महोदयो दुर्जय मोहचक्रम् ॥'

अर्थात् — 'जिस महाराजने शत्रुओंको भयदाई चक्रके प्रतापसे सर्वराजाओंके समूहको जीतकर, चक्रवर्ती पद प्राप्त किया था; पश्चात् साधुपदमें आत्मध्यानरूपी चक्रसे जिसका जीना कठिन है ऐसे मोहके चक्रको जीत करके महानता प्राप्त की।'

'यस्मिन्नभूद्राजनि राजचक्रं मुनौ दयादीधिति धर्मचक्रम् ।
पूज्ये मुहुः प्रांजलि देवचक्रं ध्यानोन्मुखे ध्वंसि कृतान्तचक्रम् ॥

अर्थात् — 'जिस भगवान्के आगे राज्यावस्थामें राजाओंका समूह हाथोंको जोडे हुए सामने खडा रहता था; साधु अवस्थामें दयामई किरणोंका धारी रत्नत्रयमई धर्मरूपचक्र वश हो गया। पूज्यनीय अर्हंत पदमें देवोंका समूह वार वार हाथ जोडे हुए उपस्थित रहा तथा चौथे शुक्ल ध्यानको ध्याते हुए चार अघातिया कर्मोंका समूह नाश होकर मोक्षरमा आपके सामने खडी हो गई।"

जैन धर्मकी विशिष्टता !

(ले० श्री० प्रो० बलदेव उपाध्याय, एम. ए., साहित्याचार्य, काशी)

किसीभी धर्मकी विशिष्टता जाननेके लिये उसके आचारमार्गका अनुशीलन नितान्त आवश्यक है। आचार मार्गके प्रतिपादनमेंही तो धर्मका धर्मत्व निविष्ट रहता है। आचारही प्रथम धर्म है — आचारः प्रथमो धर्मः। भारतवर्षकी पवित्र भूमिपर धर्मका दर्शनके साथ सामञ्जस्य सदासे पूर्णरूपसे स्थापित किया गया है। दर्शनका मूल्य है सैद्धान्तिक; धर्मका महत्व है व्यावहारिक। धर्म वही है जिससे लौकिक उन्नति तथा पारमार्थिक कल्याणकी सिद्धि हो। भारतके विद्वान् धर्मकी महत्ता केवल ऐहिक जीवनके लिएही नहीं मानते, प्रत्युत पारलौकिक कल्याणसे उसका सम्बन्ध है। महर्षि कणादके शब्दोंमे धर्मका लक्षण है — यतोऽभ्युदय निःश्रेयससिद्धिः स धर्मः। पाश्चात्य देशोंमें धर्म और दर्शनमें पारस्परिक उग्र विरोध रहा है, वहाँ धर्म दर्शनका बाधक रहा है, साधक नहीं; विरोधी रहा है, सहायक नहीं। परन्तु भारतवर्षमें धर्म और दर्शनमें गहरी मैत्री रही है। दोनोंका आविर्भाव इसी लिए हुआ है कि वे तीनों तापसे सन्तप्त जनताकी शान्तिके लिए, क्लेशबहुल संसारसे निवृत्ति पानेके लिए, आनन्दमय मोक्षकी सिद्धिके लिये, सुन्दर तथा निश्चित मार्गका उपदेश देते हैं। दर्शन 'सिद्धान्त' का साधक है, तो धर्म व्यवहारका प्रतिपादक है। धर्म और दर्शनमें खूब घनिष्ट सामञ्जस्य है — समन्वय है। बिना धार्मिक आचार द्वारा कार्यान्वित हुए दर्शनकी स्थिति निष्फल है और बिना दार्शनिक विचारके द्वारा परिपुष्ट किये धर्मकी सत्ता अप्रतिष्ठित है। धर्मके प्रासाद खडा करनेके लिए दर्शन नींव रखता है। धर्मके सहयोगसे भारतीय-दर्शनकी व्यापक व्यावहारिक दृष्टि है और दर्शनकी आधारशिला पर प्रतिष्ठित होनेके कारण भारतीय धर्म आध्यात्मिकतासे अनुप्राणित है तथा वह अपनेको तर्कहीन विचारों तथा विश्वासोंसे बचानेमें समर्थ हुआ है। दुःखकी निवृत्तिकी खोजसे धर्म उत्पन्न होते हैं और दुःखकी आत्यन्तिक निवृत्तिका एकमात्र उपाय यही दर्शन है। धर्म और दर्शनके इस मञ्जुल समन्वयकी भव्य झाँकी हमें जैनधर्ममें विशेषरूपसे दीख पडती है।

जैन धर्मकी महती विशिष्टता है — आचारपर विशेष आग्रह। धर्मके व्याख्याता तीर्थंकरके सामने सबसे महत्वपूर्ण समस्या है जगत्के दुःखका निवारण। जिधरभी दृष्टि डालिए उधरही दुःखोंका समुदाय तुमल तरंगोंके समान थपेडा मारकर हमारे जीवनसिन्धुको क्षुब्ध बनाये रहता है। इस दुःखक्षोभसे आत्माको बचानाही हमारे जीवनका लक्ष्य है। प्रत्येक प्राणीकी आत्मा अनन्तशक्ति, अनन्त ज्ञान, आदि महनीय गुणोंसे विशिष्ट है। महावीर मनुष्यके स्वातन्त्र्यके उपासक है। जिसमें अनन्तवीर्य भरा हुआ है, भला वह किसीका दास बन सकता है? परन्तु मनुष्य जगती तलपर सर्वत्रही दास बना हुआ है, कहीं वह बाह्य प्रभुकी दासतामें आबद्ध है तो कहीं अपनी वासनाओंकी आन्त-

रिक दासतासे जकड़ा हुआ है। इस दासतासे आत्माको उन्मुक्त करनाही जैन शास्त्रोंका उद्देश्य है। कर्मके कारणही जीवको बन्धन प्राप्त होता है। कर्मही दासताका कारण है। जैन धर्ममें कर्मका विवेचन बड़ाही सांगोपांग है। समग्र कर्मका क्षय हो जानाही मोक्ष कहलाता है–कृत्स्नकर्मक्षयो मोक्षः (तत्वार्थसूत्र १०।३) मोक्ष उत्पन्न होनेसे पहिले केवल–उपयोग (सर्वज्ञत्व–सर्वदर्शित्व) की उत्पत्ति जैन शास्त्रमें अनिवार्य मानी गई है। कैवल्यके प्रतिबन्धक चार प्रकारके कर्म होते हैं –– मोहनीय, ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय तथा अन्तराय। इन सबमें मोह सबसे अधिक बलवान है। अतः उसके नाशके बादही अन्य कर्मोंका नाश शक्य होता है। मोहके प्रभुत्वकी महिमा सब धर्मोंमें स्वीकार की गई है। योगदर्शनमें पञ्चविध क्लेशोंमें अविद्याही अन्य क्लेशोंमें आदिमहै; अविद्यास्मिता राग-द्वेषाभिनिवेशाः क्लेशाः (योगसूत्र २।३) अविद्याका अर्थ है –– अनित्य, अपवित्र, दुःख तथा अनात्ममें क्रमशः नित्य, पवित्र, सुख तथा आत्मबुद्धि रखना। पृथ्वी, आकाश तथा स्वर्गको नित्य-मानना, परमवीभत्स अपवित्र शरीरको पवित्र मानना, दुःखदायी जगत्के पदार्थोंमें सुख मानना तथा शरीर, इन्द्रिय और मनको आत्मा मानना — अविद्याके प्रत्यक्ष दृष्टान्त हैं। यही चतुष्पाद अविद्या क्लेशसन्तानका बीज है तथा विचारके साथ कर्माशयकी उत्पादिका है। पतञ्जलिका स्पष्ट कथन है–अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम् (योगसूत्र २।४) बौद्धधर्ममेंभी अविद्याको द्वादश निदानोंमें आदिम निदान माना गया है। बौद्ध मतका मुख्य सिद्धान्त है — प्रतीत्यसमुत्पाद जिसके अनुसार अविद्याही संस्कार, विज्ञान, नामरूप आदिके उदय द्वारा जरामरणकी उत्पादिका है। ठीक इसीभाँति मोहनीय कर्मोंका सर्वातिशायी प्रभुत्व होता है। बिना इनके नाश हुए न अन्य कर्मोंका नाश होता है और न तदुपरान्त केवलज्ञानका उदयही होता है। अतः समग्र कर्मोंका आत्यन्तिक क्षय होनेसेही मुक्ति होती है। आत्यन्तिकका अर्थ है — पूर्वबद्ध कर्मका तथा नवीन कर्मके बाँधनेकी योग्यताका अभाव। प्राचीन कर्मोंके नाशके साथ साथ नवीन कर्मोंमें बन्धनकी शक्ति न होने परही मोक्ष माना जा सकता है। आत्यन्तिक क्षयका यही अर्थ है।

आत्माको परमात्माके रूपमें परिणत कर देनाही जैन धर्मका लक्ष्य है। परमात्मप्रकाशके रचयिता जोगिन्दुके अनुसार आत्माके तीन स्तर होते हैं –– (१) बहिरात्मा, (२) अन्तरात्मा (३) परमात्मा। साधारण लोगोंकी दृष्टिमें यह शरीरही आत्मा है–यही हुआ बहिरात्मा; शरीर, मन तथा इन्द्रियसे भिन्न, परन्तु मोहनीय आदि कर्मोंके वशीभूत होनेवाला जीवही अन्तरात्माके नामसे पुकारा जाता है। यही अन्तरात्मा साधन विशेषोंके द्वारा वशीभूत होकर परमात्मा बन जाता है। परमात्मा कौन है? इस आत्मासे अतिरिक्त कोई अन्य पदार्थ नहीं। परमात्माका रूप देखिए —

जो णिय–भाउ न परिहरइ जो पर-भाउ ण लेइ।
जाणइ सयलु वि णिच्चुपर सो सिउ संतु हवेइ॥

(परमात्मप्रकाश १।१२)

जो अपने भाव — अनन्त ज्ञान आदि नहीं छोड़ता, और जो दूसरेके भावको ग्रहण नहीं करता, जो नियमसे जगत्त्रयमें तीनों कालमें विद्यमान रहनेवाले समस्त पदार्थोंको जानता है वही शान्त स्वरूप

शिव होता है। जोगीन्दुका कथन है कि जैसे आकाशमें एकही उदित नक्षत्र जगत्को प्रकाशित करता है, वैसेही जिसके केवलज्ञानमें जगत् प्रतिबिम्बित होता है वही अनादि परमात्मा होता है—

गयणि अणंति वि एक्कु वढु गेहडु भुअणु विहाइ।
मुक्कहँ जसु पए बिम्बियउ सो परमप्पु अणाइ।

परमात्मप्रकाश १।३८

जैनियोंके अनुसार परमात्मा जगत्के कर्तृत्व आदि गुणोंसे विशिष्ट आत्मासे पृथक् नहीं होता (जैसा न्याय वैशेषिक मानता है) प्रत्युत अन्तरात्मा ही कतिपय विशिष्ट साधनोंके द्वारा स्वयं परमात्मा बन जाता है।

इन्हीं साधनोंके प्रतिपादनमें म० महावीरकी शिक्षाका महत्त्व है। संसारमें दुःखकी सत्ता इतनी बलवती है तथा पद पदपर हमें आक्रान्त कर रही है कि उसकी छुटकारेके लिए उद्योग करना प्रत्येक विवेकशील प्राणीका कर्तव्य हो जाता है। जैन धर्मके अनुसार इसका केवलमात्र उपाय है रत्नत्रयका सम्पादन—सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, तथा सम्यक् चारित्र। जैन धर्मके अनुसार दर्शन तथा ज्ञानका अन्तर खूब स्पष्ट रूपसे दिखलाया गया है। दर्शन है सच्ची श्रद्धा। जीवोंके आध्यात्मिक विकासमें श्रद्धाकी भूपसी प्रतिष्ठा है। गीताका महत्त्वपूर्ण वचन है—यो यच्छ्रद्धः स एव सः। जो मनुष्य जिस वस्तुकी श्रद्धा रखता है वह वही बन जाता है। श्रद्धाके आधार परही ज्ञान प्रतिष्ठित होता है और इस ज्ञानका उपयोग है—चारित्रमें। सदाचारके द्वारा साधक भविष्यमें होनेवाले नवीन कर्मोंको रोक लेता है और इसीके अंगभूत तपस्याके बल पर वह करोडों जन्मोंके पापोंको क्षीण कर देता है। तपके द्वारा पूर्व संचित कर्मोंका होता है शोषण और चारित्रके द्वारा नवीन कर्मोंका होता है प्रतिरोध। इस प्रकार जीव कर्मप्रपञ्चसे बच कर आत्मकल्याणकी ऊंची चोटीपर पहुंचनेमें समर्थ होता है। भगवान महावीरका स्वयं उपदेश है—

नाणेण जाणई भावे, दंसणेण य सद्दहे।
चरित्तेण निगण्हइ, तवेण परिसुज्झइ॥

समन्वय बुद्धि जैन धर्ममें विशेष रूपसे दृष्टिगोचर होती है। वह किसीभी धर्मसे न तो विरोध रखता है और न किसी दार्शनिक दृष्टिका अपलाप करता है। वह 'स्याद्वाद'के महनीय सिद्धान्तके द्वारा समग्र सिद्धान्तोंमें सामञ्जस्यका पक्षपाती है। जैनमतानुसार प्रत्येक वस्तु अनन्त धर्मात्मक होता है—अनन्त धर्मात्मकमेव तत्त्वम्। कोईभी वस्तु अनन्त धर्मोंका समुच्चय होती है। मानव बुद्धि केवल एकदो धर्मोंको जान कर उसीकी सत्ता पर आग्रह दिखलाती है, परन्तु वस्तुस्थितिपर विचार करनेसे प्रत्येक ज्ञानका सापेक्ष होनाही न्याय संगत प्रतीत हो रहा है। साधारणतया ज्ञान तीन प्रकारके होते हैं—(१) दुर्णय, (२) नय, (३) प्रमाण। यदि विद्यमान होनेवाली किसी वस्तुको हम विद्यमानही (सदैव) बतलावें, तो उसके अन्य प्रकारोंके निषेध करनेके कारण यह ज्ञान दुर्णय (दुष्ट नय)के नामसे पुकारा

जाता है। अन्य प्रकारोंका बिना निषेध किये वस्तुको सद् (विद्यमान) बतलाना आंशिक-ज्ञानसे संवलित 'नय' कहलावेगा। विद्यमान वस्तुके विषयमें 'सम्भवतः यह है' (स्यात् सत्)* — यही ज्ञान वस्तुतः सच्चा है, क्योंकि इसमें वस्तुके ज्ञात और अज्ञात समस्त धर्मोंका एकत्र संकलन हो जाता है — यही है **प्रमाण**। 'स्याद्वाद' ही सच्चा प्रमाण है। स्याद्वादके माननेके कारण जैन धर्मकी दृष्टि अतिशय व्यापक तथा समन्वयी प्रतीत होती है। उदाहरणके लिये उसकी आत्माविषयक कल्पनाको हम ले सकते हैं। आमाको कुछ दार्शनिक 'सर्वगत' मानते हैं, कुछ 'जड' मानते हैं; बौद्ध लोग शून्य मानते हैं और जैन लोग उसे देहप्रमाण मानते हैं। यह भिन्न भिन्न दृष्टियाँ—व्यवहार-नय—का फल है, परन्तु यदि 'निश्चयनय' से विचार किया जाय, तो आत्मा यह चारो स्वयं है। *इस विषयमें जोगीन्दुका* कथन भ० महावीरके 'स्याद्वाद' दृष्टिकाही प्रतीक है —

अप्पा जोइय सव्वगउ अप्पा जडु वि वियाणि।
अप्पा देह पमाणु मुणि अप्पा सुण्णु वियाणि॥

परमात्मप्रकाश १।५१.

आगेके अनेक दोहोंके द्वारा लेखकने इस दोहाके समन्वयवादका प्रमाणपुरःसर वर्णन किया है। यह समन्वय अन्यत्र मिलना नितान्त दुष्कर है।

भ० महावीरके उपदेशकी महत्ता इस कारण विशेष है कि वे उनके स्वानुभवपर अवलम्बित हैं। विद्वान् तथा यतिके उपदेशका अन्तर तो यही कारण होता है। विद्वानका ज्ञान पुस्तकके आधार पर ही अवलम्बित रहता है। वह उसकी सत्यताकी परीक्षा स्वानुभूतिकी कसौटी पर कभी नहीं करता। 'यथाश्रुतं तथा निवेदितम्'—बस उसका यही महामन्त्र होता है, परन्तु यति या साधुसन्तका उपदेश अपने निज अनुभवके ऊपरही अवलम्बित रहता है। इसीलिए उसमें प्रभावोत्पादनकी महती शक्ति है। परमार्थका मुख्य प्रमाण है—स्वानुभूति—स्वानुभूत्येक मानाय नमः शान्तायतेजसे। अपनी अनुभूतिही परमार्थकी सत्ताके लिए मुख्य प्रमाण है। महावीरकी शिक्षायें स्वानुभूतिकी आधारशिलापर प्रतिष्ठित हैं इसीलिए उनमें इतना जोर दिखाई पडता है—इतनी प्रभावशालिता दीख पडती है। एकदो उदाहरण देखिये—

कुसग्गे जह ओस बिंदुए
ठावं चिट्ठइ लंबमाणए।
एवं मानुसाण जीविअं
समयं गोयम! मा पमायए॥

आशय है कि हे गौतम, जैसे घासके अग्रभागपर तरल ओसकीबूँद थोडेही समय तक टिक

---

* 'दृष्टि विशेषकी अपेक्षा से'—स्यात् शब्दका अर्थ लेना उचित है। स्याद्वाद सिद्धांत किसी वस्तु-विवेचनाको 'यहही है' कह कर एकान्त पक्षमें जिज्ञासुको नहीं डालता; बल्कि वह स्पष्ट रूपसे—'संभवतः' नहीं, वस्तुविवेचनाके रूप-विशेषको 'यहभी है' निर्दिष्ट करके पूर्ण सत्यके दर्शन कराता है। —**का. प्र.**

सकती है, वैसेही शरीरधारियोंका जीवन है। अतः थोडेसे समयके लियेभी प्रमाद मत करो। इस गाथाकी उपमा इतनी सुन्दर, सटीक तथा सरस है कि यह उपदेश चित्तपर गहरा प्रभाव जमाता है। स्मरण रखना चाहिए कि जीवनकी असारताकी शिक्षा हृदय पर इतनी चोट करती है कि कहा नही जा सकता। इस असारताको हृदयंगम बनानेके लिए कुशके सिरेपर लटकनेवाले ओसबिन्दुकी उपमा बडीही सुन्दर है। इसके भीतर स्वानुभूतिका पर्याप्त पुट है।

भ० महावीरने त्यागके महनीय गुणोंकी ओर साधकोंकी दृष्टि फेकी है। आर्यसंस्कृतिके मूलमें यही सर्वातिशायी पदार्थ है–त्याग। वैदिक ऋषि कहते हैं—

तेन त्यक्तेन भुंजीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।

त्यागसे धनको भोगो। किसीके धनको खसोटनेका लालच न करो। अन्य धर्मवालोंकी दृष्टि स्वधनको अपने कार्यमें लगानेके प्रति है। और आजकल मानव समाज दूसरेके धनको लूटपाट कर अपने स्वार्थमें लगानेकाही पक्षपाती है। आधुनिक संसारकी मनोवृत्तिका क्या यह सच्चा वर्णन नहीं है? परन्तु भारतीय संस्कृतिका आधार यह नहीं है। मैंने अन्यत्र दिखलाया है कि भारतीय संस्कृति जिन तीन तकारों–त्याग, तप और तपोबन–पर आश्रित रहती हैं, उनमें 'त्याग' ही मुख्य तथा सर्वातिशायी है। महावीरस्वामी त्यागीकी बडी ही सुन्दर परिभाषा बतलाते हैं—

जे य कंते पिए भोए, लद्धे विपिट्ठि कुव्वइ।
साहीणे चयइ भोए, से हु चाइ ति वुच्चइ॥

गृहस्थाश्रममें रहते हुएभी जो मनुष्य सुन्दर तथा प्रिय भोगोंको प्राप्त करकेभी उनकी ओर पीठ करता है अर्थात् उन भोगोंमें अलिप्त रहता है; इतनाही नहीं, अपने अधीन होनेवाले भोगोंकोभी वह छोडता है, वही सच्चा त्यागी कहलाता है। अप्राप्त तथा अप्राप्य भोगोंका परित्याग करनेवाले कहाँ नहीं हैं। न मिलनेवाले अँगूरको खट्टा बतलानेवाली लोमडी किस समाजमें नहीं होती? परन्तु यह व्याक्ति त्यागी नहीं है! त्यागके लिये आवश्यक होता है–ज्ञानपूर्वक वस्तुप्रहाण यह पूर्ण ममताके परित्याग तथा पूर्ण वैराग्यके होने परही संभव होता है। इसी प्रसंगमें महावीरने इन्द्रियासक्तिका सुन्दर दृष्टान्तोंके द्वारा वर्णन किया है वह नितान्त हृदयावर्जक है। एक एक इन्द्रियके वशमें पडा हुवा जीव अपना विनाश प्राप्त करता है। उस मनुष्यको क्या कहा जाय? जो पाँच इन्द्रियोंके पाशमें जकडा हुआ अपना हतजीवन व्यतीत करता है।

महावीरकी शिक्षामें अहिंसाका स्थान बडाही ऊंचा है। आजकल संसार हिंसाका क्रीडा निकेतन बना हुआ है। जिधर देखिए उधरही हिंसा देवीका प्रचण्ड ताण्डव लोगोंके हृदयमें उन्माद उत्पन्न कर रहा है। संसारको इस घनघोर विनाशसे बचानेका एकही मार्ग है और वह है अहिंसा व्रतका पालन। 'अहिंसा' का प्रयोग हम व्यापक अर्थमें कर रहे हैं। प्राणियोंके प्राणनाशकोही हम हिंसा नहीं मानते, प्रत्युत हिंसाका क्षेत्र बहुतही व्यापक है। मनसा वाचा कर्मणा तीनोके द्वारा हिंसा निवृत्तिही महावीर स्वामीको मान्य है। महावीरके वचन हैं—

एवं खु नाणिणो सारं, जं ण हिंसइ किंचण।
अहिंसा समयं चेव, एयावन्तं वियाणिया॥

इस प्रकार महावीरने त्याग तथा तपस्याके आचरण पर तथा अहिंसा व्रतके पालन पर विशेष महत्व दिया है। येही भारतीय संस्कृतिके मूल आधार हैं। इन्हींके ऊपर हमारी प्राचीन अथ च मृत्युञ्जय सभ्यता आजभी टिकी हुई है। भारतीय धार्मिक परम्पराकाही निर्वाह हमें महावीरकी शिक्षामें मिलता है। उपनिषदोंमें प्रतिपादित सिद्धान्तोंको ग्रहणकर उन्होंने अपने मतका परिष्कार किया। महावीर तो अन्तिम तीर्थंकर हैं। उनसे प्राचीन तेईस तीर्थंकरोंने भिन्न भिन्न समयोंमें इस धर्म का भव्य उपदेश प्राणियोंके हितार्थ किया। आजकलके इतिहासज्ञ व्यक्ति इन समस्त तीर्थंकरोंकी ऐतिहासिकतामें विश्वास नहीं करते, परन्तु प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथको ऐतिहासिक व्यक्ति माननाही पडेगा। श्रीमद् भागवतके ५ स्कन्द (अ० ४-६) में ये मनुवंशी राजा नाभि तथा महारानी मरुदेवीके पुत्र बतलाये गये हैं। इनके सिद्धान्तका जो वर्णन यहां उपलब्ध होता हैं वह जैनधर्मके सिद्धान्तोंसे मेल रखता है। ऋषभकेही ज्येष्ट पुत्र भरत (या जड भरत) के नामसे यह देश 'भारतवर्ष' के नामसे विख्यात है। अतः ऋषभनाथको ऐतिहासिक व्यक्ति मानना नितान्त उचित है। इन्हींकी परम्परा महावीरके सिद्धान्तोंमें अभिव्यक्त होती है। हम महावीरके मतको उपनिषन्मूलक धर्मोंसे पृथक् नहीं मानते। जिस प्रकार हिमालयमें स्थित मानसरोवरसे निकल कर विभिन्न जलधारायें इस भारत भूमिको आप्यायित तथा उर्वर बनाती हैं उसी प्रकार उपनिषदोंसे विभिन्न विचार धारायें निकल कर इस देशके नस्तिष्कको पुष्ट तथा तृप्त करती हैं। भारतवर्षमें पनपनेवाले समग्र धर्मवृक्षोंके मूलमें विराजनेवाली है यही उपनिषत्–ब्रह्मविद्या*। और इसी ब्रह्मविद्याके आधारपर उगनेवाले जैन धर्मका यह कल्पद्रुम है जिसकी शीतल छायामें जाकर मानवमात्र अपना कल्याण साधन कर सकता है। महावीरका यह उपदेश कभी न भूलना चाहिए —

जर जाव न पीडेइ, वाही जावन वड्ढइ।
जाविंदिया न हायंति, ताव धम्मं समायरे॥

जबतक बुढापा नहीं सताता, जबतक व्याधियां नहीं बढती जबतक इन्द्रिया हीन–अशक्त नहीं बनतीं, तब तक धर्मका आचरण कर लेना चाहिए। उसके बाद होताही क्या है? बहुतही ठीक है यह कथन, परन्तु इसका उपयोग तब हो सकता है; जब इसको व्यवहारमें लाकर इसके अनुसार अपना जीवन बनाया जाय। बिना क्रियाके ज्ञान बोझही है 'ज्ञानं भारः क्रियां विना'। महावीरके उपदेशका संकेत इसी ओर है।

---

* श्रमणपरम्परा प्राचीन भारतीय विचारधाराकी एक स्वाधीन विशेषता है, जो ऋषभादि तीर्थंकरो द्वारा उपनिषदोंके रचना कालसेभी पहलेसे प्रतिपादित होती आई है। —का० प्र०

भगवान्का धर्म।

(ले. श्री. प्रो. दलसुख मालवणिया, काशी)

भगवान् महावीरने धर्मको सीधे और सरल रूपमें उपस्थित किया था। जहां वेदादिमें भौतिक संपत्तिकी साधना वर्णित थी वहां भ० महावीरने आत्मिक संपत्तिकी साधना पर जोर दिया। धार्मिक अनुष्ठानोंमें बिचवई करनेवाले पण्डों और पुरोहितों का कोई स्थान नहीं रक्खा। वेदका ऋषि यदि अपनी प्रार्थना सीधी प्राकृतिक देवोंको सुना सकता था तो भगवान् महावीरके मार्गका पथिकभी अपनी प्रार्थना आप ही कर सकता था। वस्तुतः उसे किसी औरको तो सुनाना है नहीं, वह तो अपने आत्माको ही अन्तर्मुख होकर समझाता है कि रे! आत्मन्. उन्नति चाहते हो तो सर्व प्रथम बाह्य वस्तुका मोह छोडना होगा। इस प्रार्थनाको अपनी आत्मा जितनी मात्रामें सुन सकेगा और उसके अनुसार आचरण करेगा तो उतनी मात्रामें अपना उद्धार आपही होता जायेगा। यहीं भगवानके धर्मकी विशेषता है। उसमें स्वयं भगवान् महावीर भी दूसरेका भला तब तक नहीं कर सकते जब तक भलाई चाहनेवाला जीव अपना मार्ग आप नहीं चुन लेता। भगवान् तो मार्ग देशक हैं मार्गपर चलने वाले तो हम हैं। इस प्रकार भगवान् महावीरने जीव की उन्नति या अवनतिका कर्ता धर्ता जीवको ही करार दिया। बाहरी ताकत या सहायको महत्त्व नहीं दिया। जीवके भाग्यको बाहरी देवता या ईश्वरके हाथसे लेकर स्वयं जीवको हीं सौंप दिया। अब वह चाहे तो मुक्त हो सकता है, देव हो सकता है या फिर मौजूदा स्थितिसे हीन भी हो सकता है।

जिन इन्द्रादि देवोंका मनुष्य पुजारी था वे इन्द्रादि देव तो मनुष्यकेभी पूजक हो गये। इतनी उच्च अवस्था पर ले जाकर मनुष्यको भगवान् महावीरने स्थापित किया। यह चमत्कार घटित कैसे हुआ? जिस चीजको मनुष्यने अभी तक धर्मरूपसे पहचानाही न था उसे उन्होंने बताया। और वह ऐसीही दूसरी चीजको धर्म मान कर चलता था जो धर्म होही नहीं सकती थी; उससे मनुष्यका पिण्ड छुडाया, ऐसा करनेसेही मनुष्य स्वयं देव बन गया और इन्द्रादि देव उसके सेवक बन गये। उन्होंने कहा है—

"धम्मो मंगल मुक्किट्ठं,
अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति,
जस्स धम्मे सया मणो॥"

'धर्मही उत्कृष्ट मंगल है। अहिंसा संयम और तप यह धर्म है। जिसका मन सदा ऐसे धर्ममें रत रहता है उसे देवताभी नमस्कार करते हैं।'

स्पष्ट है कि यज्ञ यागादिमें हिंसा करके, अपनी इच्छाओंको बेलगाम करके या जो कुछ मिला

उसे हजम करके जीव धर्मोपार्जन नहीं कर सकता; इसके विपरीतही चल कर वह धार्मिक हो सकता है। विश्वबन्धुत्व या विश्वमैत्रीको अपना कर यानि अपनी इच्छाओंका संयम करके, इन्द्रियोंको विषयोंसे निवृत्त करकेही, तपस्याको अपना करही वह सच्चा धार्मिक बन सकता है।

जिस संपत्तिके लिये वेद और ब्राह्मणोंमें नाना धार्मिक अनुष्ठानोंकी सृष्टि हुई थी उसी संपत्ति-कोही सर्व अनर्थका मूल भगवान्ने बताया और इस प्रकार वैदिक धार्मिक अनुष्ठानोंकी जडही काट दी। और धर्मके नाम पर होनेवाली हिंसाकाही निरोध कर दिया। उन्होंने कहा है—

"सव्वं विलवियं गीयं सव्वं णट्टं विडंबणा।
सव्वे आमरणा भारा सव्वे कामा दुहा वहा॥"

अर्थात् बाह्य रंगरागकी निःसारताको बताते हुए उन्होंने कहा है कि जिसे हम गीत समझते हैं वह विलाप है। नाट्य तो विडम्बना मात्र है। सभी आमरण भाररूप हैं और इन्द्रियोंको तृप्त करनेवाले ये विषय दुःखावह हैं।

मनुष्यको इस संसारमें भौतिक सम्पत्ति ज्यों ज्यों मिलती जायगी त्यों त्यों वह तृप्त होनेके बजाय अधिक मात्रामें लालची होता है इस अनुभवजन्य तत्त्वको भगवान्ने इन शब्दोंमें व्यक्त किया है—

'सुवण्णरुप्पस्स उ पव्वया भवे,
सिया हु केलाससमा असंखया।
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि,
इच्छा हु आगाससमा अणंतिया॥'

कसिण पि जो इमंलोगं पडिपुण्णं दलेज्ज इक्कस्स।
तेणाविसे न संतूसे इइ दुप्पूरए इमे आया॥
जहा लाहो तहा लोहो लाहा लोहो पवड्ढई।

हमारी इच्छाएं आकाशके समान अनन्त है। सारा संसार भी हमारे अधीन हो जाय तब भी हमे संतोष नहीं हो सकता क्यो कि लोभका यह स्वभाव है कि ज्यों ज्यों लाभ होता जायगा लोभ बढता जायगा। लोभके जीतनेका तरीका उन्होंने बताया है कि—"लोभं संतोसओ जिणे" अर्थात संतोषसे लोभ पर विजय करना चाहिए।

वैदिक ऋषिओंकी प्रार्थना थी कि हमें देव ऐसा बल दे जिससे हम शत्रुका नाश करें और उनका सर्वस्व लूंट लें। भगवान् महावीरने शत्रुविजय का एक नया ही मार्ग लोगोंको बताया है। बाह्यशत्रुकी अपेक्षा आन्तारिक शत्रु राग और द्वेष मोह और अज्ञान इन्ही पर विजय पानेको परम जय कहा है

"जो सहस्सं सहस्साणं संगामे दुज्जए जिणे एगं जिणेज्ज अप्पाणं एससे परमो जओ॥

लाखोंके साथ संग्राम करके उनपर विजय पाना यह कोई विजय नहीं किन्तु अपनी आत्मा पर विजय पाना ही परम विजय है। बाहरी शत्रुके ऊपर विजय पाना आसान है किन्तु अपने आत्मा पर विजय पाना ही तो कठिण है। किन्तु यदि आत्मविजय हुवा तो विश्वविजय भी सहज है। उस विजय की विशेषता यह है कि उससे शत्रु भी मित्र बन जाते हैं इसके विपरीत बाहरी शत्रुपर विजय पाने पर शत्रुता उत्तरोत्तर बढती है। वैर और प्रतिवैर की परंपरा बढती चली जाती है। विजय भी हो और शत्रुता बढेभी नहीं, वैर प्रतिवैरकी परंपराकी वेल भी फूलेफले नहीं ऐसी विजय तो भगवान् के मार्गमें ही मिल सकती है और वह है आत्म विजय द्वारा, इसीलिये तो भगवान्ने कहा है कि—

"अप्पाणमेवजुज्झाहि किं ते जुज्झेण बज्झुओ।
अप्पणामेवमप्पाणं जइत्ता सुहमेहए॥

अरे तू बाहरी शत्रुसे क्यों जूझता है, युद्धही करना है तो अपनी आत्माके साथही कर। अपनी आत्माके ऊपर विजय पा करही सच्चा सुख प्राप्त कर सकोगे।

इसी प्रकार यज्ञ, स्नान इत्यादि धार्मिक समझे जानेवाले अनुष्ठानोंकीभी शुद्धि की। उन अनुष्ठानोंको आध्यात्मिक दृष्टिसे नया रूप दिया। उन्होंने कहा है कि यज्ञमें बाहरी अग्निका प्रयोजन नहीं है। तपस्यारूप अग्निमें अपने पापकर्म रूप ईन्धनोंको डाल कर जलादो यही सच्चा यज्ञ है। ब्रह्मचर्य ही सच्चा तीर्थ है। उसीमें स्नान करके यदि पवित्रता प्राप्त होती है तो इधर-उधर भटकनेकी क्या आवश्यकता है! इस प्रकार प्रत्येक अनुष्ठानोंमें आध्यात्मिकता लानेका उनका प्रयत्न था।

उन्होंने अपना उपदेश जनभाषा प्राकृतमेंही दिया। और इस प्रकार शुद्ध संस्कृतके आग्रह रखनेवाले ब्राह्मणोंमेंही अपने उपदेशको सीमित न रख कर उसे सर्वसाधारणके समझने योग्य बनाया। फल यह हुआ कि सभी पढेलिखे या अनपढ उससे पूरा लाभ उठा कर अपनी उन्नतिके लिये ब्राह्मणमुखप्रेक्षी न बन कर स्वयं प्रयत्नशील बन गये।

अपने संघमें उन्होंने नारीकोभी महत्त्वका स्थान दिया। नारीभी चाहे तो पुरुषकीही तरह अपनी उन्नति आप कर सकती है ऐसा उपदेश भगवान्ने दिया। वहभी चाहे तो सर्वस्वका त्याग कर, ब्रह्मचारिणी हो कर मुक्तिपथगामिनी हो सकती है ऐसा उपदेश उन्होंने दिया।

शूद्र जो कि समाजमें दीन हीन समझा जाता था उसेभी धार्मिक क्रियाकाण्डोंका स्वातन्त्र्य दिया। वहभी चाहे तो अपने त्याग और तपस्याके द्वारा ब्राह्मणकाभी गुरु हो सकता है ऐसा उदार उपदेश भगवान्का है। शास्त्रोंमें ऐसे कई उदाहरणभी मिलते हैं जिनसे पता चलता है कि उनका यह उपदेश समाजमें प्रविष्ट हो चुका था। हरिकेशी जैसे चांडालभी जैन साधु हुए हैं जिन्होंने अपना और दूसरोंका उद्धार किया है।

वस्तुतः भगवानने तो जातिवादकाही प्रबल विरोध किया था। उनके मतमें किसीकी जाति ऊंच या नीच नहीं है। मनुष्य अपने शुभ कर्मोंके द्वारा उच्च होता है और अशुभ कर्मोंके द्वारा नीच होता है। नीच जातिमें जन्म लेकर भी यदि कोई त्याग और तपस्याका मार्ग अपनाता है तो वह उच्च है, पूज्य है और यदि कोई उच्च जातिमें पैदा होकरभी नीच कृत्य करता है — पापकर्ममें रत रहता है तब वही वस्तुतः नीच है, शूद्र है ऐसा भगवानका स्पष्ट मत है।

जैनधर्म : विश्वधर्म !

(ले. श्री. प्रो. हेल्मुथ फॉन ग्लास्नाप्प, पीएच. डी., बर्लीन (जर्मनी))

जैनधर्म विश्वव्यापी है। अपने मतानुसार वह विश्वधर्म है। अधिकसे अधिक जीवोंके हितका दावा वह करता है। मनुष्यही नहीं, तिर्यञ्च, देव और नारकीभी जैन सिद्धान्तको स्वीकार करते हैं। उच्च वर्गके देव इस धर्मको स्वीकार सकते हैं। ग्रैवेयकादिके देव तो जैनधर्मानुयायीही हैं। नरकवासी जीवभी सम्यक्त्वी हो सकते हैं। पहलीसे चौथी इन्द्रियवाले पर्याप्त विकसित तिर्यञ्च मिथ्यात्वी होते हैं। असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवभी मिथ्यात्वमें फंसे रहते हैं। हां, पञ्चेन्द्रिय संज्ञी तिर्यञ्च अल्पांश या सर्वांशमें सम्यक्त्व प्राप्त कर सकते हैं। कथाग्रंथोंमें ऐसे सम्यक्त्वी तिर्यञ्चोंके उदाहरण मिलते हैं। एक मेंढकने सम्यक्त्व प्राप्त किया था — यह महावीरके समयकी बात है। महावीर राजगृहीके उद्यानमें धर्मोपदेश दे रहे थे, उस समय उस मेंढकको पूर्वजन्मका वृतान्त स्मरण हो आया। वह भक्तिसे प्रेरित हो जिनेन्द्र महावीरकी वन्दनाके लिये चल पडा। किन्तु उसकी इच्छा पूरीभी न हुई कि वह हाथीके पैर तले दबकर मर गया। शुभ भावोंसे वह मरा और देव हुआ![1] इस प्रकार तिर्यञ्चोंतकके लिये जैनधर्मका द्वार खुला हुआ है!

अतः यह स्पष्ट है कि जैनधर्मको प्रत्येक मनुष्य धारण कर सकता है। यह प्रसिद्ध है कि भ. महावीर आर्य-अनार्यका भेद किये बिना सबको उपदेश देते थे। इसपर बुल्हर सा. ने लिखा है[2] कि 'आजतक जैनधर्ममें माली, रंगरेज, आदि लोगोंको दीक्षित करनेकी बात असाधारण नहीं है।' जैन उपदेशक केवल हिन्दू संस्कार पाये हुये लोगोंमें जाते हों, यहही नहीं, बल्कि वे असंस्कृत लोगोंमेंभी जाकर उपदेश देते और उन्हें शिष्य बनाते थे — यह बात जैनधर्मके शास्त्रों एवं उसके इतिहाससे स्पष्ट है। हेमचन्द्रजीने लिखा है कि राजा सम्प्रतिने वनवासी लोगोंमें जैनधर्मका प्रचार करनेके लिये, साधुओंको असंस्कृत प्रदेशोंमें विहार करनेकी सुविधा उपस्थित की थी। साधुजीवनोपयोगी आहार आदिवस्तुयें लोगोंसे सुलभ हों, इसके लिये राजा अपने धर्म-रज्जुक उन देशोंमें साधु विहारके पहले भेज देता था। वे लोगोंको राजाज्ञा सुनाते और आहार विहारकी सुविधा कराते थे।[3]

जैन अपने धर्मका प्रचार भारतमें आकर बसे हुये शकादि म्लेच्छोंमेंभी करते थे, यह बात 'कालकाचार्यकी कथा'से स्पष्ट है। कहा तो यहभी जाता है कि सम्राट अकबरभी जैनी हो गया था। आजभी जैन संघमें मुसलमानोंको स्थान दिया जाता है। इस प्रसंगमें बुल्हर सा. ने लिखा था

---

१. समन्तभद्राचार्य, " रत्नकरंडक-श्रावकाचार " १२०.

२. George Bülher, " Uber die Indische Sekte der Jaina, " p. 36.

३. हेमचन्द्रः " परिशिष्ट पर्व " ८९–१०२.

कि अहमदाबादमें जैनोंने मुसलमानको जैनी बनानेकी प्रसंग-वार्ता उनसे कही थी-जैनी उसे अपने धर्मकी विजय मानते थे।[४]

भारतकी सीमाके बाहरके प्रदेशोंमेंभी जैन उपदेशकोंने धर्मप्रचारके प्रयत्न किये थे। चीनयात्री ह्यूयेन-सॉंग (६२८-६४५ ई०) को दिगम्बर जैन साधु कियापिशी (कपिश) में मिले थे—उनका उल्लेख उसके यात्राविवरणमें है।[५] हरिभद्राचार्य (८ वीं श०) के शिष्य हंस-परमहंसके विषयमें ज्ञात है कि वे धर्मप्रचारके लिये तिब्बत (भोट) में गये और वहां बौद्धोंके हाथोंसे मारे गये थे।[६] ग्रुइनवेडल (Gruinwedel) सा० ने कुच विषयकी हकीकतका जो अनुवाद किया है, उससे वहां जैनधर्म प्रचारकी पुष्टि होती है।[७] महावीरके धर्मानुयायी उपदेशकोंमें इतनी प्रचार आतुरता थी कि वे समुद्र पारभी जा पहुंचे थे। ऐसी बहुत-सी कथायें मिलतीं हैं जिनसे विदित होता है कि जैन धर्मोपदेशकोंने दूर-दूरके द्वीपोंके अधिवासियोंको जैनधर्ममें दीक्षित किया था। दिगम्बरोंकी मान्यता थी कि जयपुरसे १५०० कोस दूर, रामेश्वरके परली पार समुद्रमें जैनबद्री नामका द्वीप है जो जैन विद्याका केंद्र था[८]। मुहमद सा० से पहले जैन उपदेशक अरबस्तानमें भी गये थे, इस प्रकारकीभी कथा है। प्राचीन कालमें जैन व्यापारीगण अपने धर्मको सागर पार ले गये थे, यह बात संभव है। अरब दार्शनिक तत्ववेत्ता अबु-ल-अला (Abu-l-Ala,) [७९३-१०६८ ई०] के सिद्धांतोंपर स्पष्टतः जैन प्रभाव दिखता है। वह केवल शाकाहार करता था-दूधतक नहीं लेता था। दूधको गायके

---

४. Bühler, *loc. cit* p. 36 जैकोबीको पता था कि एक ईसाई पादरीने जैनधर्म्म धारण किया था।

[**सं. नोट**—भारतके इंडो-ग्रीक शासकोंमेंभी जैनधर्मका प्रचार हुआ था। 'मिलिन्दपण्ह' ग्रंथसे (१०८) स्पष्ट है कि यवनराज मिलिन्द (Menander) पांच सौ यूनानियोंके साथ जैन मुनियोंके पास धर्मचर्चा करने गया था; जिनमेंसे अधिकांश जैनी हो गये थे। (Historical Gleanings, p. 78) कुशन कालमें शक और पारथीय यवन (Parthians) भी जैन धर्मभुक्त हुये थे, यह बात मथुराके जैन-मूर्ति-लेखोंसे प्रमाणित हैं। (Lüders, D. R. Bhandarkara Volume (Calcutta) pp. 280-289) छत्रप राजाओंमें नहपान और रुद्रसिंहकी भक्ति जैन धर्मके प्रति थी। (जैन सिद्धांत भास्कर, भा० ११ पृ० ४) हूण नरेश तोरमाणके गुरू देवगुप्त जैनाचार्य थे। (शाह, जैनीज्म इन नॉर्थ इंडिया, पृ० २१०-२१३) अकबरके लिये जीसूट पादरियोंका कहना था कि वह व्रती (जैनी) हो गया है। (सूरीश्वर और सम्राट् पृ.३९९-४००) संवत् १९७०में दिल्लीके अब्दुर्रहमान फूलवालेने स्थानकवासी जैन धर्मकी दीक्षा ली थी। जिनबख्शजी दिगम्बर श्रावक हुये थे। भेलसामें श्री अब्दुलरज्जाक (जिनेश्वरदास) जैनी हुये हैं। जोधपुरमें स्थानकवासी जैन साधुओंने चमारों और हरिजनोंको हालमें जैनी बनाया हैं। जैन मंदिरोंमें हरिजन-प्रवेशकोभी स्वीकारनेका आन्दोलन चल रहा है। —**का० प्र०**]

५. Samuel Beal : " Si-yu-ki, Buddhist Records of the Western World " 1, p. 55.

६. Pulle GSAI. I, pp. 55.

७. A Grünwedel : " Alt-Kutocha " (Berlin, 1920) I. 10, 12.

८. G. Buhler, INDIAN ANTIQUARY, VII (1878) p. 28.

स्थनसे खींच निकालना वह अदया-पाप समझता था। यथाशक्ति वह निराहार रहता था। मधु (शहद) कामी उसने त्याग किया था, क्योंकि मधुमक्षियों को नष्ट करके मधु इकट्ठा करनेको वह अन्याय मानता था। इसी कारण वह अंडे भी नहीं खाता था। आहार और वस्त्रधारण में वह संन्यासी जैसा था। पैर में लकडीकी पगरखी पहनता था; क्योंकि पशुचर्मके व्यवहारकोभी वह पाप मानता था। इसीलिये चर्म के जूते नहीं पहनता था। एक स्थल पर उसने नग्न रहनेकी प्रशंसा की है और कहा है कि "ग्रीष्म ही तेरे लिये पूरा वस्त्र है।" उसकी मान्यताथी कि "भिखारी को दिरम देनेकी अपेक्षा, मक्खी की जीवन रक्षा करना श्रेष्ठ है।" उसके इस व्यवहार और कथनसे स्पष्ट है कि वह अहिंसाधर्मको कितने गंभीर भावसे मानता था। उसपर दि० जैनोकी मान्यताओंका प्रभाव था।[९]

---

९. Kremer : "Uber die Philosophischen Gedichte des Abul-alā maurry." Sitzung berichte der Wiener Akādemic CXVII, 6 (1886).

[**सं. नोट**—जैन मुनिजन धर्मप्रचारके लिये सदैव तत्पर रहते हैं—अज्ञानतिमिरको मेटना उनका पहला कर्तव्य है। जैन पुराणोंमें विभिन्न विदेशोंमें धर्मप्रचार करनेके विवरण मिलते हैं। भारतके पहले ऐतिहासिक सम्राट् श्रेणिक बिम्बसार जैन थे और उन्होंने महावीर धर्मको प्रचारित किया था। (स्मिथ, ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० ४५) श्रेणिकके पुत्र राजकुमार अभयके प्रयत्नसे ईरान (पारस्य देश) के राजकुमार आरद्रक जैनधर्मानुयायी हुये थे। (डिक्शनरी ऑव जैन बिब्लोग्रेफी, पृ० ९२) बैक्ट्रियाके जिनोसूफिस्ट (जैन श्रमणों) का उल्लेख मेगास्थनीजने किया है। (ऐन्शियेन्ट इंडिया, पृ० १०४) मौर्य सम्राट् चन्द्रगुप्तभी जैन थे। अशोकके सप्तम स्तम्भ लेखसे स्पष्ट है कि उन्होंने धर्मप्रचारका उद्योग किया था। अन्तमें वह स्वयं दिगम्बर जैन मुनि हो गये थे। (नरसिंहाचार्य "श्रवणबेल्गोल" और स्मिथ, अर्ली हिस्ट्री ऑव इंडिया, पृ० १५४) अशोकने जिस धर्मका प्रचार किया, वह निरा बौद्ध धर्म नहीं था। अशोक पर जैन सिद्धांतोंका अधिक प्रभाव था और उसका प्रचार उन्होंने किया था। ('सम्राट् अशोक और जैन धर्म' नामक पुस्तक देखो) अशोकने मिश्र, मैसेडोनिया, कोरेन्थ और साइरेने नामक देशोंमें अपने धर्मदूत भेजे थे, किन्तु इन देशोंमें बौद्ध धर्मके चिन्ह नहीं मिलते, बल्कि जैन धर्मका अस्तित्व उन देशोंमें रहा प्रतिभाषित होता है। मिश्रमें जो धर्मचिन्ह मिले हैं उनका साम्य जैन चिन्होंसे है। (ओरियेंटल, अखबार १८९२, पृ० २३-२४) अभी हालमें वहां भारतीय शैलीकी मूर्तियांभी मिली हैं। (मॉडर्न रिव्यू, मार्च १९४८, पृ० २२९) मिश्रवासी जैनोंके समानही ईश्वरको जगतका कर्ता नहीं मानते थे, बल्कि बहु-परमात्मवादके पोषक थे। परमात्मा उस व्यक्तिको मानते थे जो अनन्तरूपेण पूर्ण और सुखी हो। वे शाश्वत आत्माका अस्तित्व पशुओंतकमें मानते थे। अहिंसा धर्मका पालन यहांतक करते थे कि मछली और मूली, प्याज जैसे शाकभी नहीं खाते थे। वृक्षवल्कलके जूते पहनते थे। अपने देवता होरस (= अर्हः ?) की वे नग्न मूर्तियां बनाते थे। (कानक्यूयेंस ऑव ऑपोजिट्स पृ० २ व स्टोरी ऑव मैन, पृ० १८७-१९१) इन बातोंसे मिश्रमें एक समय जैन धर्मका प्रचार हुआ स्पष्ट है। मिश्रके पास इथ्योपिया (Ethiopia) में एक समय जैन श्रमण रहते थे। (ऐशियाटिक रिसर्चेज, ३·६) मैसीडोनिया या ग्रीक मिश्रवासियोंके अनुयायी थे। यूनानी तत्ववेत्ता पिथागोरस (= पिहिताश्रव ?) और पिर्रहो (Pyrrho) ने जिनोसूफिस्ट (जैन श्रमणों) से शिक्षा ली थी। वे जैनोंके अनुरूपही आत्माको अजर अमर और संसारभ्रमण (= आवागमन) सिद्धांतको मानते थे।

वर्तमान कालमें भी कई जैनों ने यूरूपमें अपने धर्मका प्रचार करनेका प्रयास किया है और उनके प्रयास से अमेरिका और इंग्लेंड मे कितने ही स्त्री पुरुष जैनधर्म में दीक्षित हुये है। सन्-१८८३ ई० में शिकागोमें हुये विश्वधर्म सम्मेलन में श्री वीरचंद राघवजी गांधी गये थे। तब उन्होंने अमेरिका के कई नगरोंमें भाषण देकर 'गांधी फिलॉसिफिकल सोसाइटीकी' स्थापना की थी। अमेरिकासे वह इंग्लेंड गये और वहां भी उन्होंने धर्मप्रचार किया। सन् १८७५ में वह भारत लौटे। किन्तु उनको धर्मप्रचारकी लगन थी। इस लिये सन् १८८६ में फिर अमेरिका गये और वहां से इंग्लेंड पहुंचे थे। सन् १९०१ में वह बम्बई आकर स्वर्गवासी हुये थे। उसी समय इंग्लेंड में स्व० जज जुगमंदरदास जैनीने भी धर्मप्रचार का उद्योग किया था। इनके प्रयत्न से २४ अगस्त १९१३ ई० को लंदन में "महावीर ब्रदरहुड" की स्थापना हुई थी जिसके अतंर्गत "जैन लिट्रेचर सोसाइटी" अंग्रेजीमें जैन साहित्य प्रचारके लिये स्थापित की गई थी। श्री हर्बर्ट बैरन सा० इसके सेक्रेट्री थे। श्री अलेक्जेंडर गार्डन और उनकी पत्नी, श्री लुई डी० सेंटर आदि अंग्रेज जैन धर्मके पक्के अनुयायी हुये थे। सोसाइटी द्वारा अंग्रेजीमें दो-तीन पुस्तकें भी प्रकाशित की गई थी। किन्तु स्व० बैरिस्टर चम्पतराय जीने यूरोपमें जैन धर्म प्रचारका जो कार्य किया वह सर्वोपरि है। २४ अप्रेल १९२६ को लंदनमें पहले-पहले महावीर जयन्ती का उत्सव बैरिस्टर सा० के उद्योगसे मनाया गया। इसीवर्ष सर्व प्रथम उन्होंने जरमनी, फ्रान्स, इटली आदि देशोंके प्रमुख नगरोंमें जाकर जैनधर्म और विश्वशांति पर भाषण दिये थे। सन् १९२८ में महावीर निर्वाणोत्सव भी लंदनमें उनके प्रयत्नसे मनाया गया था। सन् १९३० में वह फिर लंदन गये और पाश्चात्य देशोंमें धर्मप्रचार करते रहे थे। सन् १९३३ में शिकागो में विश्वधर्मसम्मेलन हुआ था। बैरिस्टर सा० के उसमें पांच भाषण हुये, जिनके कारण अमेरिकावासी उनकी ओर आकृष्ट हुये थे। मेवुड (Maywood) में 'स्कूल ऑफ दी जैन डॉकट्राइन' भी स्थापित हुआ था। अप्रेल १९३० में लंदनमें श्री हर्बर्ट बैरनके परामर्श से बैरिस्टर सा० ने 'ऋषभ जैन लेन्डिंग लायब्रेरी' की स्थापना की थी, (जो अभी भी चल रही है)। उनके उपदेशको मानकर बहुत-से अंग्रेज जैननियमोंका पालन करते हैं।

इस वर्णनसे स्पष्ट है कि हिन्दू (वैदिक) धर्मकी तरह जैनधर्म भारतमें ही संकुचित नहीं रहा। उसने सबही जातियों और सबही स्थितियोंके मानवों को धर्म सिद्धान्त जाननेका अवसर दिया है। (मूल जर्मन भाषाके गुजराती अनुवादसे संकलित)

अहिंसा और तपका अभ्यास करते थे। यहांतक कि जैनोंकी तरह द्विदल (= दालें) काभी निषेध करते थे। दहीमें मिला कर द्विदल जैनी नहीं खाते, क्योंकि उसमें सम्मूर्छन जीव उत्पन्न हो जाते हैं। इस प्रकार यूनानमेंभी जैनधर्मका प्रभाव स्पष्ट है। (असहमत संगम पुस्तक देखो) यूनानके अथेन्स (Athens) नगरमें एक समय श्रमणाचार्यकी निषधिका थी। यह जैन साधु बैराज (भारत) से यूनान आवे थे। (इंडि० हि० का०, २ पृ० २९३) प्रो. एम. एस. रामस्वामी ऐंगरने कहा था कि बौद्ध भिक्षु व जैन श्रमण यूनान, रूम व नारवे पहुंचे थे। (हिन्दू, २५ जुलाई १९२९) सम्प्रतिने ईरान-अरब-अफगानिस्तानमें धर्म प्रचार कराया था। सीलोनके सम्राट् पांडुकाभयने ई० पूर्व ३६७-३०७ में निर्ग्रन्थ (जैन) श्रमणोंके लिये मंदिर व विहार बनवाये थे, जो २१ शासकोंके समयमें रहे। किन्तु सम्राट् वट्टगामिनी (३८-१० ई० पू०) जैनोंसे क्रुद्ध हुये और उसे नष्ट कराया। (महावंश) चीनी त्रिपिटकमेंभी जैनोंका उल्लेख है। (वीर, भा० ४, पृ० ३५३) प्रो. सिल्वां लेवीने जावा-सुमात्रामें जैन धर्मका प्रभाव व्यक्त किया था। (विशाल भारत, १-३-४११) सारांशतः एक समय जैन धर्मने अहिंसा संस्कृतिका प्रचार विश्वमें किया था। —का० प्र०]

जैनधर्म : भौतिक जगत और विज्ञान।

(श्री० नंदलाल जैन, बी. एससी., काशी)

आजके भौतिक जगत्में वैज्ञानिक उन्नतिके कारण प्राप्त होनेवाले ऐश्वर्य तथा सुखोंकी प्राप्ति तथा उसकी कामनाने प्रत्येक मानव-मस्तिष्क मोह लिया है। फलस्वरूप मानवने अपनी प्राचीनताको –स्वभावको–छोडकर नवीनताका पल्ला पकडना शुरू किया है। वह इसके पीछे पड कर अपने धर्म-कर्तव्य-तकको भूल गया है। यह वास्तवमें दुःसह परिस्थिति है। बेचारा साधारण मानव क्या जाने कि आजकी उन्नति हमारे पूर्वजोंके अगाध ज्ञान एवं परिश्रमकाही फल है। प्राचीन कालके शब्दवेधी बाणकाही एक रूप हमें Sound Ranging की प्रक्रियामें मिलता है। आजकी भापसे चलनेवाली आटाकी चक्की प्राचीन शास्त्रोंमें वर्णित पारा-बाष्प यंत्रोंका रूपही प्रतीत होती है। पुराने पुष्पक विमान और आधुनिक हवाई जहाज क्या कोई भिन्न चीजें है ! फर्क सिर्फ इतनाही है कि प्राचीन लोगोंको इतना प्रक्रियाबद्ध और अंगोपांगादिके विश्लेषणात्मक ज्ञानकी प्रणाली न ज्ञात हो; इस लिये उन ग्रन्थोंमें हमें इनका विशद विवेचन नहीं मिलता। पर इससे यह क्यों समझा जाये कि आज जो कुछ हो रहा है, उसके सामने पुरातन-ज्ञान अगम्य है। और इसी लिये हम उसे तिरस्कारकी दृष्टिसे देखने लगें। शायद इसी दृष्टिको सामने रख कर, धर्माचार्योंने भौतिक विवेचनभी धर्मका अंग बताया है; क्योंकि वे तो भविष्यकी सब बाते जानते थे। जिस आधुनिक भौतिकताके पीछे लोग इतने दौड रहे हैं, वह प्राचीन विचारों एवं शास्त्रवर्णित तथ्योंका नूतन संस्करणही है; ऐसा कहना चाहिये। कहना तो यहभी चाहिये कि यह संशोधित क्रम-परिवर्धित संस्करण है।

हमारे धर्माचार्योंने भौतिक जगत्की जिस वैज्ञानिक तथा तर्कसंगत ढंगसे वर्णना की है, उसकी बडे बडे वैज्ञानिकोंनेभी प्रशंसा की हैं। मैं संक्षेपमें उसेही पाठकोंके समक्ष रखनेका प्रयास करूंगा !

जैनधर्मके अनुसार भौतिक जगत्, जीव तथा पांच प्रकारके अजीव [पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, काल] इस प्रकार, छह द्रव्योंसे बना है। इनमें समस्त चराचर जगत् व्याप्त है। पुद्गल द्रव्यसे हम समस्त भौतिक पदार्थों-और शक्तिओं-को लेते हैं जो दृश्य हैं। धर्मसे गतिमाध्यम [पानीमें मछलीके समान गमनमें सहायक], अधर्मसे स्थितिमाध्यम [पथिकके लिये वृक्ष-छायाके समान स्थितिमें सहायक], आकाशमें अन्य पांच द्रव्योंका अधिकरण-आधार-स्थान, एवं कालसे जगन्नियन्त्री शक्तिका अर्थ लेते हैं। जीवसे आत्माका ग्रहण होता है, जिसका स्वभाव चेतना है। दूसरे शब्दोंमें हम यहभी कह सकते हैं कि यह जगत मूर्त (पुद्गल) एवं अमूर्त [अन्य पांच] द्रव्योंसे बना है। इन

छहोंमेंसे कालको छोडकर बाकी पांच अस्तिकाय हैं जिनमें सत्ता एवं विस्तार [Existence and Extension] दोनों पाये जाते हैं। काल द्रव्यमें विस्तार [नाणोः] नहीं पाया जाता है।

अ-द्रव्यलक्षण

जैनमतमें द्रव्यसे अर्थ उन मूलभूत वस्तुओंसे है, जिनमें उत्पादव्यय एवं ध्रौव्य साथ-साथ पाये जावें एवं जिनके बिना जगत्की स्थितिमें स्थिरता न हो। एक चीजमें उत्पत्ति एवं विनाशके साथ ध्रौव्यत्व कैसे रह सकता है? यह पूछा जा सकता है। शास्त्रकारोंने " अर्पितानर्पितसिद्धे " [विविध दृष्टियोंकी अपेक्षासे] के द्वारा इस प्रश्नका उत्तर दिया है। कटक-कुंडलका दृष्टान्त इस विषयमें सर्वगत है। द्रव्यका यह लक्षण उपर्युक्त छहों द्रव्योंमें पाया जाता है। ये सब द्रव्य नित्य [प्रौढ] हैं, मौलिक रूपमें अवस्थित [अपरिवर्तित] हैं। अमूर्त द्रव्योंमें मूर्त द्रव्यकी उपपत्तियां नहीं पायी जातीं हैं।

द्रव्यका उपर्युक्त लक्षण आधुनिक विज्ञानके आधारपर सिद्ध है। विज्ञानके शक्ति-स्थिति [Conservation of Energy], वस्तु-अविनाशित्व [Law of Indestructibility of matter] तथा शक्ति रूपान्तर [Transformation of Energy] आदि सिद्धान्त यह स्पष्ट बतलाते हैं कि नाशवान पदार्थमेंभी ध्रौव्यत्व [Permanance] रहता है। डेमोक्राइटस का यह अभिमतही इस विषयमें काफी है :—

" Nothing can never become something ;
Something can never become anything."

ब — मूर्त द्रव्य — पुद्गल.

" पूरण गलनान्वर्थ संज्ञत्वात्पुद्गला "

जो भेद [द्वितय निमित्त वशाद्विश्लरणं, division], संघात [पृथग्भूतानामेकत्वापत्ति; union] अथवा उभयके कारण एक दूसरेके साथ योग या मिश्रण [पूरण] बनावें या विघटन [गलन] पैदा करें, वे (पदार्थ) पुद्गल कहलाते हैं। पुद्गल मूर्तिक है. इसकी पहिचान रूप, रस, गंध एवं स्पर्शसे होती है। प्रत्येक पदार्थमें, जो पुद्गल कहलाता है, ये चारों एक साथ पाये जाते हैं। रूपादिसे हम पदार्थोंके गुणों [Properties] का परिचय प्राप्त करते हैं। जैसे स्पर्शसे भार, कडापन, गर्मी, इत्यादि, रूपसे कृष्णनील इत्यादि रूप। पंचरूप [कृष्ण, नील, पीत, लाल, श्वेत], पंचरस [खट्टा, मीठा, चर्परा, कसायला, कडवा]. दोगंध [सुगंध, दुर्गंध] एवं आठ स्पर्श [मृदुकठिनगुरू लघुशीतोष्णस्निग्धरूक्षस्पर्शयभेदाः]. इस प्रकार पुद्गलके २० गुण हैं। ये मूल गुणभी प्रत्येक संख्यात, असंख्यात एवं अनंत होते हैं। प्रत्येक पदार्थमें, किसी न किसी प्रकारका रूप रस गंध स्पर्श [या मिश्रणभी] पाया जाता है। जगत्के समस्त दृश्य पदार्थ पुद्गलही तो हैं [जैसे पृथ्वी, जल, वायु आदि)। शरीर, बचन, मन, प्राण एवं श्वासोच्छ्वास पुद्गलके कार्य हैं। तथा जीव को सुख, दुःख, जीवन एवं मरणका अनुभव पुद्गल [कर्म]के कारण ही होता है। ये पुद्गल द्रव्य है, क्यों कि इनमें " उत्पाद व्यय ध्रौव्य " पाया जाता है। कटक कुंडलके दृष्टान्तका उल्लेख हो

चुका है। ये पुद्गल दश रूपोंमें प्रत्यक्ष हैं-(१) शब्द (२) बंध (३) सौक्ष्म्य (४) स्थौल्य (५) संस्थान (६) भेद (७) तम (८) छाया (९) आतप (१०) उद्योत। मूल रूपमें पुद्गल के दो भेद हैं (१) अणु (२) स्कंध। अणु पदार्थोंका सबसे छोटा [सूक्ष्म] तथा अविभागी अंश है, जो इन्द्रियातीत है। उसकी उत्पत्ति मात्र भेदसे होती है [भेदादणुः] जैसे चाक को तोडते जाने पर उसका छोटेसे छोटा टुकडा, [Smaller than the smallest] जो दिख न सके अणु कहलायगा। यह सब पदार्थोंका मूल है। अणुओंके मिलन तथा भेदसे स्कंध बनते हैं। अणु तथा स्कंधोंसेही जगत्के समस्त पदार्थ बने हैं। तात्पर्य यह कि जगत् अणु समुदाय मात्र है।

पुद्गलके इस निरूपणको यदि हम वैज्ञानिक मान्यताओंके आधारपर कहते हैं तो हमें अपने आचार्योंकी महत्ताका अनुभव होता है। पुद्गलके विषयमें तो खास कर इनकी सूक्ष्म विवेचन शक्तिका पता लगता है, जो पूर्णतः वैज्ञानिक थी। पुद्गलके दो अर्थ हैं (१) पूरणात्मक [Combinational] एवं (२) गलनात्मक [Disintegrational]। आजका विज्ञानभी पदार्थोंमें-तत्वों या योगोंमें [Elements and Compounds] परस्पर सम्मिलन तथा बाह्य या अभ्यंतर कारणों द्वारा विघटनकी प्रवृत्ति सिद्ध करता है। कहना तो यह चाहिये कि तत्वोंकी इन्हीं प्रकृतियोंके कारण विज्ञानने आज समस्त जगत्को चकित कर दिया है। [जैसे परमाणु बम] रेडियो-सक्रियता [Radio-activity] तथा विघटल [Dissociation, electrolytic etc.] के सिद्धान्त तथा Valency [बंधकता] की परिभाषा स्पष्टही पदार्थोंके उपर्युक्त दोनों गुणोंको साधित करती हैं। रेडियो-सक्रियता अंतरंग तथा विघटन [वैद्युतादि] बाह्य कारणोंके फलस्वरूप होती है। यूरेनियमका एक परमाणु तीन तरहकी किरणें [α, β, γ rays] हमेशा प्रस्फुटित करता रहता है, जिसके कारण वह रेडियम और अंतमें शीशा [Lead] में परिणत हो जाता है; जिसके गुण साधारण शीशा-धातुसे मिलते हैं। स्पष्टही यह "गलनार्थक" प्रवृत्ति है। Isolobes भी इस विषयमें कुछ सहायता करते हैं। बंधकताकी परिभाषाभी, इसी प्रकार, पदार्थोंमें पूरकत्व शक्ति [additions & subtraction] प्रदर्शित करती है।

यहां एक बात ध्यानमें रखने योग्य है कि पुद्गलसे हमारे आचार्योंने-पदार्थ (matter) तथा शक्ति (Energy)-दोनोंका ग्रहण किया है। जिसका अर्थ यह हुआ कि शक्तिभी भार आदि गुणोंसे समपन्न है। आज विज्ञानभी यही मानता है। शक्तिमें भार एवं माप दोनों हैं।

".....Energy is not weightless, but it has a definite mass....."

भार एवं शक्तिमें क्या संबंध है, इस विषयमें यह गुरु (formula) प्रसिद्धही है :—

$$E = \text{mass} \times (\text{velocity of light})^2$$

तात्पर्य यह कि पदार्थ और शक्ति दोनोंका एकहीसे ग्रहण होता है और वे एक हैं।

विज्ञानके अनुसार वस्तुके विविध गुण हैं जैसे पृथ्वी [solid] के भार (density), स्थितिस्थापकता [Elonticity], ताप योग्यता [heat conductivity] आदि, जल [liquid] के सानुता (viscocity) पृष्ठवितति [surface tension] आदि, वायु [gas]

के प्रसरण वृत्ति [Expansibility] आदि। स्पर्शके चार युगल (१) हलका-भारी मृदु-कठिण (३) शीत-उष्ण (४) स्निग्ध-रुक्ष स्पष्टही ये गुण बतलाते हैं। चार रस तो विज्ञान स्पष्टही मानता है।

" Four tastes have been distinguished, salt (अम्ल), sweet (मधुर), sour (कटु) and bitter (तिक्त). Sweet things are best appreciated at the tip of the tongue while bitter at the back." " E. E. HEWER "

रसोंकी भिन्नताका कारण है, पदार्थोंमें " हाइड्रो कार्बन्स " की विशेष स्थिति [Particular arrangement in the Hydro Carbons].

गंधके विषयमें तो कोई विवादही नहीं है।

रूपभी पदार्थका सामान्य गुण है। रूपके पांच प्रकारोंके विषयमें कुछ मतभेद है। विज्ञान सात रंग मानता है [VIBGOR] जिसमें सफेद और काला नहीं है। श्वेतरूप सबका मिश्रण एवं कृष्ण रूप सब रूपोंका अभावरूप है। परन्तु जैनधर्म कृष्ण श्वेत सहित केवल पांच रूपही मानता है। यदि हम विज्ञानके इस आधारको देखें :

Colour is a sensation caused by the action of nerves in the part of retina. Rays of different colour affect the eye differently and it is due to this difference in the occular sensation that the various colours are differentiated. It is a mixture of *three primary sensations* [*red, blue and green*] in different properties. [INTER Physics.]

तो स्पष्ट जैन मतका निरूपण उचित है। यह तो सभी जानते हैं कि जब कोईभी पदार्थ [मान लीजिये मिट्टी] गर्म किया जाता हैं, और उसका तापमान बढाया जाता हैं; तो सबसे पहले यह वस्तु तापविकीरण (५००°c) करती है। उस समय तक इसका रूप नहीं प्रकट होता, इसलिये कालाही रहता है। फिर रूपमें परिवर्तन (लाल ७००°c) पीला (१२००°c) सफेद (१५००°c) होता है। यदि तापमान इससे अधिक किया जावे, तो अंतमें नीला रंग प्राप्त होगा। तात्पर्य यह कि प्राकृतिकरूपमें तो रूप पांचही हैं, और वे तापकेही परिवर्धत रूप हैं। अन्य तो इसके मिश्रण हैं। (जैसे हरारंग सफेद-लाल) यहां रूपसे रंगनेवाले रंग (Pigments) नहीं; अपितु प्राकृतिक नेत्र संबंधी रूपही ग्राह्य है ! इस प्रकार वस्तुगुणोंके विषयमें तो विज्ञान पूर्णरूपसे मेल खाता है।

विज्ञानमेंभी, पुद्गलकी तरह, पदार्थ और शक्तियां विविध रूपमें पाये जाते हैं, जैसे ताप [आताप], विद्युत (बंध), प्रकाश (उद्योत) आदि। इन विविध रूपों (दस) का जैसा वर्णन जैनमतमें है वैसेही विज्ञान अभी उस कोटि तक नही पहुंचा है। शरीर, वचन, मन, आदिके लिये विज्ञान पदार्थ (Matter) मानताही है, । श्वासोच्छवास स्पष्टही भौतिक है...

"We take oxygen from air and exhale Carbondioxide. Carbon being the product of oxidetional digestion, which requires oxygen to escape out. It is pure material organism."

पदार्थोंकी उत्पत्तिके विषयमें वैशेषिक, जैन, तथा यूनानी दार्शनिकही विज्ञानकी आधुनिक उन्नतिके आधार हैं। डाल्टनका अणु-सिद्धान्त [Atomic theory] इन्हींका स्पष्ट-विवेचन है। "Electron is the universal canstituent of matter" यह विज्ञान का आज निर्णय है, जो स्वयंही जैनियोंके परमाणुकी व्याख्या है। जैनोंका परमाणु "णेव इंदिये गेज्झं। अविभागी जं दव्वं, तं परमाणुं वियाणीहि" विज्ञानका अविभाजित (?) electron है। आधुनिक विज्ञानके अनुसार पदार्थ स्कंधों [molecules]से, स्कंध अणुओं (atoms)से, तथा अणु परमाणुओं (electrons)से बना है। जैनजगतमेंभी इसी प्रकार पदार्थको चार विभागों (स्कंध, स्कंधदेश, स्कंधप्रदेश, परमाणु)में विभाजित किया गया है। इस तरह परमाणुवादका सिद्धान्त पूर्णतया आधुनिक वैज्ञानिक तथ्योंपर स्थित है।

संक्षेपमें हम यह कह सकते हैं कि आधुनिक विज्ञानके पदार्थ और शक्ति-दोनों-पुद्गल द्रव्यसे ग्रहीत होते हैं, इसलिये पुद्गल द्रव्यकी सत्यता विज्ञान मानताही है।

स–अमूर्त द्रव्य.

(१) आत्मा —

"उपयोगो लक्षणं" ज्ञान और दर्शन जीवका लक्षण है। आत्मामेंही पुद्गलके माध्यम द्वारा सुख-दुखका अनुभव होता है। यह द्रव्य है क्योंकि उत्पाद, व्यय तथा ध्रौव्यत्व इसमें पाया जाता है। आत्मा स्वयंके परिमाणमें हानि एवं वृद्धि (संकोच और विस्तार) करनेकी शक्ति रखता है। चींटी और हस्तिके शरीरमें एकही आत्मा निवास करती है। आत्माकी अनन्त शक्ति है। ये अनन्त हैं। यह अमूर्तिक है। इसकी सत्ता इसके कार्योंसेही सिद्ध हो सक्ती है, प्रत्यक्ष नहीं।

[प्राणापान निमेषोन्मेष जीवन मनोगती कियान्तर विकाराः
सुख दुखेच्छा द्वेष प्रयत्नाश्चात्मनो लिंगम् —वै० सू०]

जिस प्रकार धर्म अधर्म आकाश एवं कालादि अमूर्त्तिकके विषयमें विज्ञानवेत्ताओंने अन्वेषण किया है, उसी प्रकार आत्माके विषयमेंभी। परन्तु वे Ether या Field की तरह आत्माके विषयमें तथ्य नहीं निकाल सके हैं। उन्होंने आत्माको जानने एवं पकडनेके लिए कितनीही चेष्टाएं कीं, परन्तु अभी तक सफल नहीं हुए हैं। पर इन स्रोतोंसे एक महत्वपूर्ण जैन-तत्त्व (तैजस शरीर) की पुष्टि अवश्य हुई है। एक ऐसा यन्त्र बनाया गया जिससे कोईभी चीज बाहर न जा सके। उसमें उत्पन्न होते समय एवं मरते समय प्राणियोंका अनुवीक्षन किया गया। आत्मा नामकी कोई वस्तु तो ज्ञात नहीं हुई, परन्तु यह पता पडा कि जब कोई जन्म लेता है, तब उसके साथ कुछ विद्युत्चक्र (Electric charge) रहता है, जो मृत्युके समय लुप्त हो जाता है। पर प्रश्न यह है, कि यह चार्ज नाश तो हो नहीं सकता; [Due to Conservation of Energy] तो फिर कहां जाता

होगा ! अब लोग इस प्रश्नको हल करनेके लिए एक दूसरा यन्त्र बना रहे हैं, जिससे सम्भव है वे ऐसा कर सकें। यह शक्ति जिसे पता लगानेकी चेष्टा की जा रही है, आत्मा नहीं हो सकती, क्योंकि वह तो अमूर्तिक है, परन्तु इसकी तुलना तैजस शरीर (Electric body) से अवश्य की जा सकती है, जो आत्मासे बहुतही घनिष्ट सम्बन्ध रखता है। आत्माकी खोजके प्रयासने इस एक नए तथ्यकी पुष्टि की है !

यह ठीक है, कि वैज्ञानिकोंने आत्माकी सत्ता नहीं शात की है, पर आत्म-सम्बन्धी तत्त्वोंके जानकार सर ओ. लोजके अनुवीक्षनने आत्माके अस्तित्वको निस्सन्देह सिद्ध किया है।

"प्रोटोपाल्ज्म" [Protopalsm is nothing but a viscous fluid which contains every living cell] के सिद्धान्त तथा सर जगदीश बसुके पौधों सम्बन्धी आविष्कारने आत्माकी संकोच-विस्तारवाली प्रवृत्ति सिद्ध कर दी है।

स : अमूर्त द्रव्य

(२) आकाश निरूपण

आकाशसे हम हिन्दुओंका सृष्टि-मूलभूत आकाश नहीं लेते, अपितु वह, जो जीव, पुद्गल धर्म, अधर्म एवं काल द्रव्योंके लिए स्थान दे। आकाशका यह लक्षण है। और द्रव्योंको अवकाश दान देना उसका कार्य है। यह द्रव्योंका अवगाहन (Accomodation and diffusion) में कारण है। अमूर्त होनेसे धर्मादि द्रव्यके एकत्र रहनेमें कोई विरोध नहीं आता है। आकाश नित्य, व्यापक एवं अनन्त है। यह दो प्रकारका है (१) लोक (२) अलोक। लोकाकाशमेंही बाकी पांच द्रव्य रहते हैं, अलोकाकाशमें नहीं। इसलिए जगतकी सीमा है लोकाकाश पर्यन्त, उसके बाद आकाश तो है, पर वहां लोक नहीं। लोकाकाशके बाहर जीव जा भी नहीं सकते, क्योंकि वहां धर्म और अधर्म द्रव्यें नहीं हैं, जो कि गति और स्थितिमें सहायक हैं। आकाश स्वयं गति-स्थिति-माध्यम नहीं हो सकता, क्योंकि फिर (१) सिद्धोंकी मुक्ति स्थिति नहीं बनेगी (२) अलोकाकाश नहीं बनेगा (३) जगत असीम हो जावेगा, एवं (४) उसकी स्थिरता एवं अनन्तताभी न बनेगी। जगत अधूरा और अवास्तविक है। जगतकी स्थिति (समय) कालके कारण है। एवं गति-स्थिति धर्म-अधर्मके कारण। आकाशका माप प्रदेश है।

यह सत्य है, कि, विज्ञान आकाशको एक स्वतन्त्र द्रव्य नहीं मानता, फिरभी आकाशमें विद्यमान समस्त गुणोंको स्वीकार करता है। लोकाकाश एवं अलोकाकाशके विषयमें H. Ward का यह अभिमत उल्लेख योग्य है।

".....the total amount of matter which exists is limited and that the total extent of the universe [लोक]is finite. They do not conceive that there is limit beyond which no space exists....."

लोकाकाश (जगत) सीमित है। यदि आकाशमें वस्तु हो तो गोलाकार रूपमें उसका झुकाव होता है। वार्डका कहना है, कि लोकाकाशका घुमाव इस प्रकार है, कि यदि

एक प्रकाश-किरण सीधी रेखामें चले, तो वह अपने मूल बिन्दु पर पहुंचेगी जहांसे वह शुरू हुई थी। शक्ति स्थितिभी असीम होनेकी स्थितिमें नहीं बनेगा। क्योंकि फिर एक बारकी शक्ति अनन्तमें विलीन हो जावेगी।

यह वास्तवमें एक समस्या है, कि लोकाकाश सीमित है, पर आकाश अनन्त है। परन्तु आंइंटाइनके सापेक्षतावादके सिद्धान्त [Theory of Relativity] से यह बात स्पष्ट हो जाती है। एडिंग्टन इसी बातको इन शब्दोंमें व्यक्त करता है।

Einstine's theory [of relativity] now offers a way out of this dilemma "space is finite but it has no end," "finite but unbounded" is the usual phrase.

आइंस्टीनके अनुसार वस्तुकी सत्ता आकाशके सीमा परिमाणमें कारण है। बिना वस्तु एवं समयके आकाशकी कल्पना नहीं कर सक्ते। पदार्थही इनका आधार है। पर जैन दर्शनमें यहां मत-भेद है। जैन धर्मका जगत लोकाकाश एवं अलोकाकाश दोनोंमें व्याप्त है, और वह सम्पूर्ण जगतका एक भाग (लोकाकाश) सीमित मानता है। और इसके ऊपर अनन्त आकाश, जबकि आइंस्टाइन सम्पूर्ण जगतको सीमित मानता है, और उसके बाद ऊपर कुछभी नहीं है। "आकाशकी अपेक्षा लोक सीमित है पर कालकी अपेक्षा निस्सीम है।" यह सिद्धान्त स्पष्टतः जगतको (अतएव आकाशको नित्य) अनादि और अनन्त बता रहा है। श्री एन. आर. सेक भी इसी मतमें हैं।

तात्पर्य यह कि वैज्ञानिक आकाशको शून्य नहीं मानते, और इसी लिए अलोकाकाशको नहीं मानते। पर जैसा कि कहा है, कि "ऐसे क्षणकी सत्ता असम्भव है, जिसके पूर्व कोई क्षण न बीता हो" के समान हम यहभी कह सक्ते हैं, कि यह असंगत है, कि आकाश (लोक)के बाद शुद्ध आकाश न हो।

उपर्युक्त कथनसे यह ज्ञात होगा कि आधुनिक विज्ञान आकाशके विषयमें नित्यता, अनादि, अनंतत्व, व्यापकत्व एवं लोकाकाश (जगत) सीमित स्वीकार करता है, पर यह स्पष्ट है कि उसे द्रव्य नहीं मानता।

स : अमूर्त द्रव्य

[३–४] धर्म-अधर्म द्रव्यें

इन दोनों द्रव्योंकी सत्ता जगत्की स्थितिके लिये बहुतही आवश्यक है [लोकव्यवस्था हेतुत्वात्, राजवार्तिक] किसीभी एकके अभावमें गडबडी फैल सकती है। धर्म और अधर्मसे यहां पुण्य-पाप कारण नहीं अपितु गति-स्थिति माध्यम लेना है। द्रव्यसंग्रहमें इनका खुलासा इस प्रकार है :—

गइ परिणयाण धम्मो पुग्गलजीवाण गमण सहयारी तोयं जह
ठाणजुदाण अधम्मो, पुग्गलजीवाण ठाण सहयारी छाया जह पहियाणं

जीवोंकी गति तथा स्थितिमें सहायक [प्रेरक नहीं] होना इनका कार्य है। ये दोनों द्रव्य

अजीव, अमूर्तिक, अतएव रूपादि रहित, निष्क्रिय, नित्य तथा समस्त लोकाकाशमें व्याप्त हैं [diffused], परंतु स्वयं एक प्रदेशी हैं। ये गति स्थितिमें बाह्य या उदासीन कारण हैं, मुख्य नहीं- [बलाधातमात्रत्वादिन्द्रियवतः (१०९१०)]

जगतमें यदि जीव, पदार्थ एवं आकाश, ये तीनही मूल सत्तायें होतीं, तो दुनियाका अस्तित्वही न हो पाता, क्यों कि जीव, पुद्गल अनन्त आकाशमें फैल जाते और उनका भान होना कठिन हो जाता। इसलिये जगत्की स्थिति सुदृढ बनाये रखनेके लिये ये दोनों माध्यम आवश्यक हैं। मात्र धर्म द्रव्य होता तोभी जगतका वर्तमान रूप असंभवथा, और मात्र अधर्मही होता, तो परिवर्तनका लोप होनेसे लकवा जैसी परिस्थिति होती। मनुष्य न तो एक तरफा वेगवानही हो सकता है, और न स्थिरही। दोनोंमें रहनाही उसका स्वभाव है। धर्म तथा अधर्मके कार्य, यद्यपि, विरोधी हैं, पर उनका विरोध दृश्यमान नहीं हैं, क्यों कि वे उदासीन हेतु हैं। स्वयं किसीको प्रेरित नहीं करते, पर जो गति-स्थिति करते हैं, उनके लिये वे आवश्यक रूपसे सहायक हैं।

कालेजोंमें जब " प्रकाश " [light] का अध्यापन शुरु होता है तो हमें बताया जाता है कि प्रकाश-किरणें शून्यमें नहीं, अपितु Ether of space के माध्यमसे हमारे पास पहुंचती हैं। उस Ether के विषयमें यहभी बताया जाता है कि यह कोई पदार्थ या दृश्यवस्तु नहीं है. सर्वत्र व्याप्त है, तथा गमनमें सहायक है। संक्षेपमें वह " गति माध्यम " है। आधुनिक Ether के प्रायः सभी गुण " धर्म द्रव्य " में हैं। कुछ समय पहले इसके विषयमें विशेष पता नहीं था, पर माइलर तथा निकेलसन-मोर्लेके प्रयोगोंसे अब स्पष्ट सिद्ध किया जा चुका है कि " ईथर " अमूर्तिक है एवं वस्तुओंसे भिन्न है। पुराने समयके ये वाक्य:" Ether *must be* something very different from terrestrial substances " अब इस निश्चित धाराको पहुंच चुके हैं।

Now-a-days it is agreed that ether is not a kind of matter (पुद्गल, रूपी). Being non-material its properties are quite unique.

[Characters of matter such as mass, rigidity etc. never occurs in ether.]

ईथरकी निष्क्रियताभी इन्हीं महाशयोंके प्रयोगोंसे सिद्ध है। इस प्रकार धर्मद्रव्यमें ईथर के समस्त गुण विद्यमान हैं जैसे गति-माध्यमता, आकाश-व्याप्ति, अनंतत्व, अमूर्तित्व अतएव अपौद्गलिकत्व इत्यादि।

इसी प्रकार स्थिति माध्यम [अधर्म द्रव्य]के विषयमेंभी वैज्ञानिक कई श्रेणी तक हमारे साथ हैं। आइझाकन्यूटनने पेडसे गिरते हुए सेबको देखकर तर्क किया, " यह नीचे क्यों गिरा ? " फल स्वरूप " आकर्षण-शक्ति " का सिद्धान्त प्रकट हुआ।

प्रत्येक पदार्थ जब ऊपर फेंका जाता है और गिरनेके लिये स्वतंत्र छोड दिया जाता है, तो वह एक शक्ति द्वारा पृथ्वीके केन्द्र की ओर आकृष्ट होता है। और वही शक्ति उसके नीचे गिरनेमें कारण है। यह शक्ति वस्तुओंके मारके गुणन अथवा विपरीत दूरीके वर्गके अनुपातमें है। [F α mm/α2]

न्यूटनका यह सिद्धान्त Heavenly bodies, के विषयमें भी लागू होता है: और इसके लिये गणितसंबंधी सूत्रभी काममें आ गये हैं। उस समय लोग यह शंका करते थे कि जब कोई शक्ति खींचती है, तब वह सक्रिय तो अवश्य होगी: अतएव वस्तुओंमेंभी क्रिया होगी। तब फिर आस-पासकी वस्तुयें क्यों नहीं स्थिति-बदलती दिखाई देतीं हैं? उत्तरमें क्रियाविरोधक शक्ति [Friction] के मुकाबिले उस शक्तिको बहुत छोटा बताया गया। यदि वह आकर्षण शक्ति बडी हो, तो चलन अवश्य होगा ही। तो फिर यहभी पूछा जा सकता है कि जब पदार्थ आपसमें आकृष्ट होते हैं, तो एक दूसरेके ऊपर क्यों नहीं गिरते? उत्तरमें इसके यह कहा गया कि क्रियाकी गति शक्तिकी तरफ नहीं है, अपितु पृथ्वीके केन्द्रकी तरफ है: जैसे ऊपर फेंका हुआ पत्थर यों बंदूककी गोली-नीचेही गिरती है। औरभी ऐसीही अनेक बातोंसे सिद्ध है कि आकर्षण स्थिति जगतकी स्थितिमें कारण हैं।

यहां यह ध्यानमें रखनेकी बात है कि न्यूटनको स्वयं शक्तिके विषयमें संदेह था—यह मूर्त है या अमूर्त : साथही साथ वह इसे [शक्तिको] निष्क्रियभी नहीं मानता था। पर आइंस्टाइनके इसी विषयमें नवीन मतके अनुसार यह शक्ति निष्क्रियभी हो सकती है। पर इसके स्पष्ट रूपका पता अभीतकभी नहीं लग सका है। हावार्डने तो इस विषयमें लिखा है—

" Gravitation is an absolute mystery. We cannot get any explanation of its nature."

इस प्रकार अधर्म द्रव्यके प्रायः सभी गुण आइंस्टाइनके इस नवीन आकर्षण-शक्ति [Field of Gravitation] में पाये जाते हैं। फिरभी वैज्ञानिक इसे स्वतंत्ररूपमें [Reality] स्वीकार नहीं करते। वे इसकी आवश्यकता अवश्य अनुभव कर रहे हैं और वर्तमानमें वे इसे सहायकके रूपमें, अधर्म द्रव्यकी तरह, स्थितिमें कारण मानते हैं।

Ether और Field के स्वरूपमें सिर्फ कार्यका भेद है, बाकी सब गुण समान हैं जैसे अमूर्तत्व, अदृश्यत्व, लोकाकाश व्याप्ति इत्यादि। इस लिये " धर्म द्रव्य " जैसे Ether से ग्रहण होता है, उसी प्रकार अधर्म द्रव्यकाभी Field से ग्रहण होनाही चाहिये। [Substitute for अधर्म]

स : अमूर्त द्रव्य

[५] काल द्रव्य

" दव्वपरिवट्टरूवो जो, सो कालो हवेई "

पदार्थोंके परिवर्तनमें काल कारण स्वरूप हैं। यह उनके परिवर्तनमें वैसेही सहायक है जैसे कुम्हारके मिट्टी-बर्तन-निर्माण चक्रमें पत्थर। यह पत्थर चक्रमें गति स्वयं पैदा नहीं करता, अपितु गतिमान् बनानेमें सहायक-मात्र होता है। कालभी द्रव्य है। क्योंकि इसमें उत्पाद-व्यय ध्रौव्य पाये जाते हैं। व्यवहार काल और निश्चय काल इसीके आधार पर हैं। ध्रौव्यता-वाचकपद "बर्तना"

है और उत्पाद-व्ययत्व सूचकपद " समय " [वर्तनापरि....सोऽनंत समयः ॥ म० सू०] कालद्रव्य, इस प्रकार, दो प्रकारका है। (१) निश्चय (२) व्यवहार। असंख्य अविभागी कालाणु जो लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशमें व्याप्त हैं, निश्चय काल हैं। और " समय " व्यवहार काल हैं। उन कालाणुओंमें परस्पर बंधकी शक्ति नहीं हैं, जिससे मिलकर वे " स्कंध " बना सकें, जैसे पुद्गल। वे " रयणाणंरासीमिव " प्रत्येक आकाश प्रदेशमें स्थित हैं। ये कालाणु अदृश्य, अमूर्त एवं तथा (निष्क्रिय) हैं। कालमें परस्पर बंधशक्तिका अभाव इसे " अस्तिकायत्व "से वंचित करता है। कालमें अस्तित्व तो है [existence सत्ता] पर कायत्व [विस्तरण शक्ति, मिलन शक्ति, extention] नहीं। दो प्रकारके [समयविशिष्टवृत्तिप्रचयामदूर्ध्वप्रचयः प्रदेशप्रचयोहि तिर्यक् प्रचयः] विस्तारविशेष सब द्रव्योंमें पाये जाते हैं, पर कालमें प्रदेशके अभावसे मात्र ऊर्ध्व प्रचयही पाया जाता है। व्यवहार कालका " समय " परिणाम, क्रिया, परत्व, अपरत्वके आधार पर लिया जाता है। यह अपने अस्तित्वके [determination of its measure] लिये निश्चय कालाधीन होनेसे परायत्त है। इसीका खुलासा आचार्योंने यों किया है :—

" समओ णिमिसो कट्ठा, कलायणाली तयो दिवारत्ती
मासो दु अयण संवच्छरोत्ति कालो, तदायत्तो ॥

— एवं विधो हि व्यवहारकालः केवल कालपर्याय मात्रत्वे नावधारयितुमशक्यत्वात् परायत्त इत्युपमीयते ॥ [पंचास्तिकाय]

व्यवहार और निश्चय कालमें यह विशेषता है कि प्रथम तो सादि और सांत है, जबकि द्वितीय अनंत होता है। निश्चय काल ध्रौव्यत्व [वर्तना, Continuity] का बोधक है।

प्रतिद्रव्य पर्यायमन्तर्वीतैक समया सत्तानुभूतिर्वर्तना ॥ [रा० वा०]

कालद्रव्यके कार्योंके विषयमें

" वर्तना परिणाम क्रिया परत्वापरत्वे च कालस्य "

सूत्र पूर्णरूपसे निर्देश करता है। यह वस्तुओंके अस्तित्वको कायम रखनेमें, परिणमनमें, परिवर्तनमें, परिवर्धनमें, क्रियामें, समयकी अपेक्षा छोटे बडे होनेमें [जैसे बाल-वृद्ध इत्यादि] सहायक है। इस सूत्रके द्वारा निश्चय और व्यवहार दोनोंका कार्य बताया गया है।

द्रव्यसंग्रहकी " दव्वपरिवट्टरूवो " वाली पूरी गाथा इसी सूत्रका भाव है। कालद्रव्य स्वयंभी परिवर्तित एवं परिवर्धित होता है, जैसे उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी [उन्नतिशील और अवनतिशील]। इसके परिवर्तनमेंभी स्वयं काल [निश्चय] कारण है। यदि कालके परिवर्तनमें कोई दूसरा कारण हो, तो अनवस्था [अव्यवस्था] हो जावेगी। अतः काल स्वतंत्र द्रव्य है और परिवर्तनमें सहायक होना उसका कार्य है।

सबसे छोटा कालका प्रमाण " समय " है। उसकी परिभाषा यह है—वह समय जो एक परमाणु या कालाणु अपने पासके दूसरे [Consecutive] परमाणुके पास तक पहुंचनेमें लेता है,

"समय" कहलाता है। ऐसे अनंत समयोंमें काल (व्यवहार) विभक्त है। जिस प्रकार भारका माप "परमाणु" और आकाशका "प्रदेश" है, उसी तरह "समय" कालका माप बिंदु है। सबसे बडे कालका प्रमाण महाकल्प है, जो उत्सर्पिणी-अवसिर्पिणीके समयका जोड है :—

४१६४५२६३०३०८३०५१७७७४९५२११२०००००...[कुल ७७ अंक]

और सबसे छोटा परिमाण "समय" है।

अन्तमें कालद्रव्यके अस्तित्वके विषयमेंभी कई शंकाओंका समाधान आचार्योंने किया है। कालके अस्तित्व साधनके लिये अच्छे-सूक्ष्म तर्क रखे हैं। जैसे

प्रतिक्षणमुत्पादव्यय ध्रौव्यैकरूपः परिणामः.....सहकारि कारण सद्भावे द्रष्टः। यस्तु सहकारी कारणं सकालः [पं०]

काल द्रव्यके बिना जगत्का विकास रुक जावेगा वस्तुओंकी उत्पत्ति तथा विनाश समयके अभावमें, आश्चर्यजनक लेम्पके अभावमें अलादीनके शानदार महलके समान, होने लगेगा।

यहां यहभी ध्यानमें रखना चाहिये कि न्याय वैशिषिक दर्शनोंके अतिरिक्त किसीभी भारतीय दर्शनमें कालका विशेष वर्णन नहीं किया गया है, जितना जैनमतमें; परंतु ये दर्शन जैन मतके सिर्फ व्यवहार काल तकही रह गये हैं आगे नहीं बढ सके हैं।

आधुनिक विज्ञान "समय" के कार्यकलापके आधार पर उसे द्रव्य रूपसे माननेका अनुभव करने लगा हैं पर उसने अभी तक सिद्धान्त रूपमें उसे स्वीकार नहीं किया है। रेडिंग्टन का यह कथन

Time is more physical reality than matter तथा हैनशा कायह वाक्यः—

These four elements [space, matter, time and medium of motion] are all separate in our minds. We cannot imagine that one of them could depend on another or be converted into another]

उपर्युक्त निर्देशमें प्रमाण है। भारतीय प्रोफेसर एन. आर. सेनभी इसी मतमें है, काल द्रव्य के अस्तित्वके विषयमें, जैनमतसे ठीक मिलता हुआ, तर्क फ्रेंच दार्शनिक बर्गसननेभी रखा है। उनके अनुसारभी "जगतके विकासमें काल एक खास कारण है। बिना कालके परीणमन और परीवर्तन कुछभी नहीं हो सकते" फलतः "काल" "द्रव्य" है।

काल द्रव्यके दो भेदोंको वैज्ञानिक स्वीकार करनेही लगे हैं

Whatever may be the time defuse, [व्यवहार] the Astronomer royal's time is *de facto* (निश्चय).—Eddington.

एक प्रदेशी होनेसेही काल द्रव्यमें ध्रौव्यत्व है, इसेभी बर्गसन स्वीकार करता है।

The continuity of time is due to the spatialisation or (absence of extensive magnitude) of the durational flow. "कालका ऊर्ध्व-प्रचयत्व (mono-dimensiona-

lity) भी लोग स्वीकार करते हैं। आइंस्टाइनका सिद्धान्त "लोकाकाशास्य यावन्तः प्रदेशाः तावन्ता कालाणवो निष्क्रियाः एकैकाकाश प्रदेशे एकैकवृत्या लोकव्याप्य स्थिता" को पूर्णरूपसे मानता है। यही एडिंग्टनके इस कथनसे ज्ञात होता है...

You may be aware that it is revealed to us in Einstine's theory that space and time are mixed in rather or strange way.... both space time vanish away into nothing if there be no matter. We can't conceive of them without matter. It is matter in which originate space and time and our universe of preception."

जैन धर्ममेंभी अलोकाकाशमें पदार्थोंके अभावसे कालाणुका अभाव है, जो इस मतकी पुंष्टि करता है। "अकायत्व" भी एडिंग्टन स्वीकार करता हैः—

I shall use the phrase time's arrow to express this *one way property* of time which has no analogue in space.

काल द्रव्यकी अनंतताभी आइनस्टाइनकी Ceylinder theory के आधारपर ऐडिंग्टन मानता हैं।

The world is closed in space dimensions, but it is open at both ends to time dimensions.

कालाणु तो वर्तमान विज्ञानके भौतिक समयके world-wide instants ही समझने चाहिये।

कालके कार्यकलापोंको विज्ञान मानताही है, यह स्पष्ट है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि जैनधर्म जिन कारणोंसे कालकी सत्ता मानता है, वे ही कारण, तथा वे ही कार्य जो हमारे आचार्योंने कालके बताये हैं, आजका विज्ञानभी स्वीकार करता है। पर जैसा कि शुरूमेंही कहा कि वह इसे स्वतंत्र द्रव्य नहीं मानता।

[द]-उपसंहार

उपर्युक्त विवेचनके आधारपर जैनमतके षट् द्रव्यों [Substances or realities]को हम इन वैज्ञानिक नामोंसे ग्रहण कर सकते हैं।

पुद्गल — पदार्थ और शक्ति	Matter and Energy
धर्म — गतिमाध्यम	Ether [of Space]
अधर्म — स्थिति माध्यम	Field [of Gravitation] and electromagnatism
आकाश —	Space
काल —	Time
आत्मा — जीव —	Soul

आधुनिक विज्ञान इनमेंसे स्वतंत्र द्रव्यतो सिर्फ पुद्गल एवं धर्मकोही स्वीकार करता है, परंतु बाकीको स्वतंत्र माने जानेका वैज्ञानिक अनुभव करने लगे हैं। इन द्रव्योंकी सत्ता-सिद्धिके लिये किये जानेवाले प्रयत्नोंकी असफलताके कारण हैं (१) विज्ञानकी भौक्तिकता तथा (२) इन द्रव्योंका अमूर्तत्व।

"They try to detect it [any reality] assuming that it is a material while it is quite opposite to that,"

यंत्रादिके द्वारा अमूर्त द्रव्योंको न देखाही जा सकता है, और न मापाही। इस लिये आत्मा आदिके अस्तित्व एवं स्वभावका पता अभी तक नहीं लग सका है। भौतिक साधनों द्वारा अमूर्त द्रव्योंको जाननेमें विज्ञान हमेशा असमर्थ रहेगा इसमें कोई शक नहीं।

यदि आजका विज्ञान जैन-मत-सम्मत समस्त द्रव्योंको स्वीकार नहीं करता है, तो इसका यह तात्पर्य नहीं कि यह सब महत्वहीन हैं। हमें विज्ञानके संकुचित क्षेत्र [भौतिक] परभी तो—यानी उसकी असमर्थता पर—ध्यान देना चाहिये। वैज्ञानिक लोग आज जिन चीजोंका अभाव अनुभव कर रहे हैं, एवं जिनके अभावमें वे बहुतसे प्राकृतिक क्रियाओंका हल नहीं दे रहे हैं वे हमारे शास्त्रोंमें वर्णित हैं। किसीभी अन्यमतके तत्वज्ञान ग्रन्थोंमें गति-स्थिति-माध्यम [धर्म-अधर्म] का वर्णन नहीं है। काल द्रव्यकी स्वतंत्र सत्ताभी जैनधर्मकी एक विशेष महत्ता प्रदर्शित कर रही है। वास्तवमें जैन-जगत [षट् द्रव्य] का विवेचन पूर्ण रूपसे संगत एवं वैज्ञानिक है। उसका पूर्ण आभास उपर्युक्त विवेचनसे मिलता है।*

(पृष्ठ ९० से चालू)

भूल चले मानव थे
अपनी ही मानवता!
अपनायी हृदयसे थी
सबनेही दानवता!!
सभ्यताका नग्न नृत्य।
दिखते अनूठे कृत्य!!
शान्ति तो भ्रान्ति थी!
मची दुष्क्रान्ति थी!
नारी निरीह थी अमित बनाई गई
भोगकी केवल सामिग्री वह!
प्रेम, स्वार्थ प्रेम था!
दीखता न कहीं सत्य धर्म नेम था।
छलबलका जटिल जाल
था दृश्यमान विकराल
मानो निकट आ गया था
प्रलयका महा काल!

ज्ञान हो रहा था विलुप्त
धर्म आचरण धर्म प्रतिकूल था!
हिंसामयी तमसाका
चारों ओर छाया था—
घोर अन्धकार-अधिकार!
सूर्य-किरण अभिलाष
उस युगको थी हुई
उसी काल विषय परिस्थितमें
लोक कल्याण हित
एक दिव्य मानव ने
लिछिव कुल नृपति के
त्रिशलाकी कुक्षिसे
दिव्य मार्तण्ड तुल्य जन्म लिया!
वह पुण्य मयी जन्म तिथि
मधुमासकी त्रियोदशी
अहा सेत-पक्षकी
वीरकी जयन्ती है!

---

* Prof. G. R. Jain की Cosmology तथा प्रो० पद्मराजय्याके एक लेखके आधार पर।

जैन धर्म क्या है?

(श्री० अजितप्रसादजी, एम. ए., एलएल. बी., लखनऊ)

जैन धर्म वस्तुस्वभाव है। वह सम्प्रदाय, आम्नाय नहीं है। वह नियमसंग्रह नहीं है। वह सांसारिक व्यवहारका मार्गप्रदर्शक कोश नहीं है। वह जनसमूह नहीं है। वह कोई जाति नहीं है। वह कोई बिरादरी, पार्टी नहीं है। जैनधर्म किसीका बनाया हुआ, किसीका स्थापित किया हुआ नहीं है। जैनधर्मका कोई संस्थापक पैगंबर नहीं है। जैनधर्मका आदि-अन्त नहीं है। जैनधर्म न कभी शुरू हुआ, न कभी खतम होगा। न कभी प्रारम्भ हुआ, न कभी नाश होगा। वह तो जो कुछ है, उस सबका श्रद्धान, ज्ञान है।

जैन धर्मका सिद्धान्त ८ बरसका बालक समझ सकता है और जैन धर्मका ज्ञान इतना गम्भीर है कि जन्म जन्मान्तरमेंभी पूर्णज्ञान होना मुशकिल है। मगर एक जन्म, दो जन्म, या तीन जन्ममें सम्पूर्ण ज्ञान, केवल ज्ञान, आत्म ज्ञान, परमात्म पद मुक्ति, मोक्ष प्राप्ति संभव है। हरएकको हो सकती है। उस परम पदकी प्राप्तिमें अपनी स्वयं शक्ति ही एक मात्र साधन है। किसी अन्य पुरुषकी सहायताकी आवश्यकता नहीं है। किसीकी मेहरबानी, कृपा, सिफारिश या बलिदान पर निर्भर नहीं है। केवल अपना पुरुषार्थ, परम पुरुषार्थही उस परमैश्वर्यका साधन है।

जैन धर्मका साधन प्रत्येक बालक, व्यक्ति, युवक, वृद्ध, स्त्री, पुरुष, रोगी, स्वस्थ, हर अवस्थामें कर सकता है। जाति, वर्ण, आदिकी रोक टोक नहीं है: ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य, शूद्र, कोईभी हो वह मोक्षका अधिकारी है, मुक्ति प्रत्येक जीवका जन्म-सिद्ध अधिकार है; चाहे जिस देशमें रहता हो, चाहे जो भाषा बोलता हो, चाहे जिस घरमें कुलमें जन्म लिया हो। मनुष्य जैन धर्मके सिद्धान्त पर चल कर आत्मोन्नति करता हुआ लोकके अग्रभागमें शुद्ध-स्वतंत्र होकर नित्य शाश्वत, अनन्त सुख, अनन्त वीर्य, अनन्त दर्शन, अनन्त ज्ञानमें मग्न रह सकता है। प्रत्येक जीव शक्तितः परमेश्वर है। अपने निजी पुरुषार्थसे उस परमेश्वरत्वको व्यक्त कर सकता है। नरसे नारायण बन सकता है।

जैन धर्मका सिद्धान्त सरल, निर्विवाद है। दिगम्बर, श्वेताम्बर, स्थानकवासी, मंदिर मार्गी, तेरा पन्थी, तारण पन्थी, आदि भेद प्रभेद जैन धर्ममें नहीं हैं। यह तो जैन धर्म अपवाद हैं। मौक्तिक विद्यामदसे मदोन्मत्त मनुष्योंने अपने कषायसे प्रेरित होकर अपनी पूजा प्रतिष्ठा करानेके लिये अपने अपने मठ स्थापित कराके अनन्त संसारका बंध किया है। साम्प्रदायिकता, कट्टरपना, आम्नाय भेद, जैन धर्मका अनादर, मिथ्या भावना, कर्मबन्धका कारण है।

सच्चा जैनधर्म अनुयायी, वीर भगवानका उपासक, तो "सत्वेषु मैत्री, गुणिषु प्रमोदं, क्लिष्टेषु जीवेषु कृपा परत्वम्, माध्यस्थ भावम् विपरीत वृतौ," रूप सिद्धान्त पर चलता है। उसके प्रत्येक

प्राणी, देहधारीसे मैत्रीभाव होता है। किसीसेभी वैरभाव नहीं; वह किसीके दोषको नहीं देखता, किसीके अवगुण प्रगट नहीं करता, वह गुणग्राही होता है; सब दुःखी, पीडित जीवोंकी रक्षा करता है। दया करता है, और जो विपरीत मार्ग पर चल रहे हैं, उनसेभी द्वेष नहीं करता, उनकी बुराइयोंका ढंढोरा नहीं पीटता। सदा आत्मानुभव, आत्मचिन्तनमें मग्न रहता है। स्वात्म भावसे पृथक अन्य सब बातोंसे दूर हटा रहता है और उसी आशयका उपदेश, बखान, करता रहता है।

यदि अपनेको जैनी कहनेवाले लोग, जैन धर्मके सिद्धान्त पर चलने लगे, तो संसारका उद्धार, अपना उत्थान, स्वपर-कल्याण शीघ्रही हो जाय।

दुःख, क्लेश, रोग, शोक, अज्ञान, निर्धनता, लडाई, झगडे, युद्ध, मारकाट, लूट खसोट, आदि कष्ट जल्दीही मिट जावें। संसार स्वर्गरूप बन जावे। पौराणिक वर्णन साक्षात दिखाई पडे। सुख-शान्ति, स्वास्थ्य, सन्तोषका प्रचार हो।

क्या जैनी नामधारी भाई, महावीर सन्देश पर चलेंगे? अपने व्यवहारसे दैनिक चरित्रसे सिद्धकर देंगे, कि वह वीर भगवानके सच्चे, पूरे उपासक हैं। झूठी मान बढाई, चन्दरोजा वाह-वाहीसे डर गए हैं। अपना तन, मन, धन, अपनी सर्व शक्ति, लोकोपकार, जनसेवा, आत्मोन्नति, वास्तविक मानवसमाजोद्धार और वास्तविक धर्मप्रचारमें लगावेंगे।

समझानेसे था हमें सरोकार
मानो या न मानो तुमहो मुख्तार.

'वीर—सद्धर्म—सन्देश'

(पण्डित नाथूरामजी 'प्रेमी')

१

मन्दाकिनी दयाकी जिसने यहां बहाई!
हिंसा कठोरताकी कीचडभी धो भगाई!!
समता-सुमित्रताका ऐसा अमृत पिलाया!
द्वेषादि रोग भागे मदका पता न पाया!!

२

उसही महान प्रभुके तुम हो सभी उपासक!
उस वीर वीर-जिनके सद्धर्मके सुधारक!!
अतएव तुमभी वैसे बननेका ध्यान रक्खो!
आदर्शभी उसीका आखोंके आगे रक्खो!!

३

सन्तुष्टि शान्ति सच्ची होती है ऐसी जिससे!
एहिक क्षुधा पिपासा रहती है फिर न जिससे!
वह है प्रसाद प्रभुका पुस्तक स्वरूप उसको!
सुख चाहते सभी हैं, चखने दो चाहे जिसको!

४

कर्तव्यका समय है निश्चिन्त हो न बैठो!
थोडी बडाइओंमें मदमत्त हो न ऐंठो!!
"सद्धर्मका सन्देसा" प्रत्येक नारी नरमें।
सर्वस्वभी लगा कर फैला दो विश्वभरमें!!

भगवान महावीरके धर्ममें क्रियाकांडकी वैज्ञानिक स्थिति।

(श्री पं. नाथूलाल जैन, साहित्यरत्न, संहितासूरि, न्यायतीर्थ, शास्त्री, इन्दौर)

वस्तुस्वभावका नाम धर्म है। चेतन और अचेतन पदार्थोंमें जीव और पुद्गल, ये दो पदार्थ अशुद्ध या विभाव दशामें परिणमन करते हैं। शेष अचेतन धर्म, अधर्म, आकाश और कालद्रव्य अपनी स्वाभाविक अवस्थामें रहते हैं। उक्त जीव और पुद्गलमें जीव संसारदशामें और पुद्गल कर्म-रूप परिणत होनेकी दशामें अशुद्ध होते हुए अनादि कालसे परस्पर बंधे रहकर अपने स्वरूपसे च्युत हो रहे हैं। जीवका कर्मके निमित्तसे रागद्वेषादिरूप होनाही उसकी अस्वाभाविक और परतंत्र अवस्था है। उससे छूट कर यह अपने अनंत ज्ञानादि गुणोंको अभिव्यक्त कर सके इसीके लिए उस प्रयत्न करना आवश्यक है। स्वरूपका भान हो जाने परही यह जीव अपना प्रयत्न जारी रखकर सफलता प्राप्त कर सकता है।

भ. महावीरने स्वयं अपनी कर्म परतंत्र आत्माको अपने पुरुषार्थसे स्वतंत्र बनाया था और तभीसे भगवान या परमात्मा बने थे। भ. महावीर का धर्म इसीलिए वैज्ञानिक है कि वे वस्तुकी जो स्वाभाविकता है उसे स्वयं प्राप्त कर दूसरोंको उसे प्राप्त करनेका उपदेश देते हैं। आत्माकी स्वाभाविकता उसके अनंत ज्ञानादि गुणोंकी अभिव्यक्ति है—वही उसका स्वरूप है। इसी वस्तुस्वभाव की स्थितिका नाम धर्म है, जिसे संसारी जीवोंको प्राप्त करना है[1]।

इस स्व स्वभावकी प्राप्तिके हेतु जीवको तदनुकूल आचरणभी करना होगा तभी वह उसे पासकता है। श्री कुन्दकुन्दाचार्य लिखते हैं कि जीवको चारित्र गुणके आचरणसे मुक्ति मिलती है और स्वरूपका आचरणही चारित्र है। मूल चारित्रको धर्म कहते हैं जो उपशमरूप है। मोह क्षोभसे रहित आत्माका परिणाम उपशम है। पंचाध्यायीकार[2] बताते हैं कि मोहकर्मके उदयसे रहित जो आत्माका शुद्धोपयोग है उसीका नाम चारित्र है और वही निश्चयसे व्रत है। कर्मके ग्रहणकी क्रियाका रूक जानाही यथार्थ चारित्र है, वही धर्म है और शुद्धोपयोग है। पंडितप्रवर आशाधरजी[3] कहते हैं कि सांसारिक क्लेदको दूर करनेवाले मुमुक्षको सम्यक चारित्ररूपी छाया वृक्षका सेवन करना चाहिए। परन्तु वह चारित्र वृक्ष सम्यदर्शनरूपी भूमिपर श्रुतज्ञानरूपी जलसे सींची गई दयारूपी जडवाला होना चाहिए। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके बिना चारित्र अचारित्र माना जाता है।

इस कथनसे यह अभिप्राय निकला कि यथार्थमें आत्मामें निराकुलता या स्थिरताका होना

---

१. प्रवचनसार अ. १ गा. ६-७. २. पंचाध्यायी अ. २ श्लो. ७५८, ७६४.
३. अनगार धर्मामृत अ. ४ श्लो. १, २.

चारित्र है और आकुलता या चंचलता अचारित्र है। श्री वीरसेनाचार्य[४] लिखते हैं कि पापरूपक्रिया-ओंकी निवृत्तिको चारित्र कहते हैं। घातियाकर्म पाप हैं, मिथ्यात्व, असंयम और कषाय पापकी क्रिया-यें हैं। उन पापक्रियाओंके अभावको चारित्र कहते हैं। पापरूपक्रियाओंमें शुभ और अशुभ दोनों भाव आ जाते हैं, क्योंकि शुभ और अशुभ दोनों भावोंसे घातिया कर्मका बंध होता है। जिनभावोंसे आत्मगुणोंकी शक्तिका घात होता है, वे भाव पाप कहलाते हैं। इस लिए शुभाशुभ दोनोंही भाव पाप क्रिया[५] हैं। परन्तु ऐसी परिणति और ऐसा भान तत्वज्ञान होने परही होता है। इस निश्चय रूप परिणामके लिए अपने मन वचन कायको संभालनेकी आवश्यकता है। बाह्य साधन व्रतोपवास तपादि अंतरंगकी स्थिरताके लिए निमित्त हैं, लेकिन वे चारित्र या धर्म नहीं है, हां व्यवहारसें उन्हेंभी धर्म कहा जाता है। पं. आशाधरजीने बताया है कि सम्यग्दर्शनादिके साथ प्रवृत्त होनेवाले आत्माके एकाग्रतारूप शुद्ध परिणाम कार्य हैं और इस धर्मके विषयमें जो एक विशिष्ट प्रीति होती है वहभी उपचारसे धर्म माना जाता है। यहधर्म[६] पुण्यकर्मके बंधका कारण हो सकता है जिससे स्वर्गादि संपत्ति प्राप्त होती है। जैनाचार्योंने कहा है कि—

"यदि[७] तुम जिनमतको चाहते हो तो व्यवहार और निश्चय इनमेंसे किसीभी नयको मत छोडो क्योंकि इनमेंसे एक व्यवहार नयके विना तीर्थका और दूसरे निश्चय नयके विना तत्वका लोप हो जाता है। यह न जान कर जो व्यक्ति केवल चरणक्रिया-बाह्यचारित्रकोही प्रधान मानता है वह वास्तवमें आत्मकल्याणके व्यापारसे रहित है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति चरणक्रियाकोही आत्मसिद्धिका सार समझ बैठता है। इसी तरह जो केवल निश्चय नयकाही अवलंबन लेनेवाला है, यह निश्चय है कि वह निश्चय नयकोभी नहीं समझता। ऐसा व्यक्ति स्वयं बाह्यचारित्रमें आलसी हो जाता है और चारित्रधर्मको नष्ट कर डालता है।"

भाव यह है कि ज्ञानविहीन शुष्क क्रियाकांड निःसार है और क्रियाहीन ज्ञान अज्ञान है। आत्माके निश्चयमें परिणमत होने पर बहिरात्म भावके हट जानेसे मन, वचन, कायकी सब क्रियामें योग्य हो जाती हैं, वही व्यवहार चारित्र है। कर्म कर्मफल चेतनामें जो पुरुषार्थ कहलाता था वही ज्ञानदृष्टि हो जानेसे बदल जाता है और अशुभ क्रियाओंसे शुभमें प्रवृत्त हो जाता है। सम्यदर्शन

---

४. धवलाटीका ग्रंथ ६ पृ. ४०.

५. आत्मधर्म (श्री कानजी स्वामीका प्रवचन) वर्ष ३ अंक १०.

६. अनगार धर्मामृत, अ. १ श्लो. २२.

७. जइ जिणमयं पवंजह ता मा ववहारणिच्छये मुअह।
एकेण विणा छिज्जइ तित्थं अण्णेण पुण तच्चं ॥
चरण करणप्प हाणा ससमय परमत्थमुक्कवावारा।
चरणकरणं ससारं णिच्छयसुद्धं ण जाणंति ॥
णिच्छयमालंबंता णिच्छयदो णिच्छयं अजाणंता।
णासंति चरणकरणं बाहिरकरणालसा केई ॥

ज्ञानसे रहित क्रियाका नाम चारित्र नहीं। सम्यग्दर्शन हो जाने पर जीवन बदल जाता है। सम्यग्दृष्टि ही तत्वज्ञानी है। वह व्रतादि आचरण करता हुआभी अपनेको उनका कर्त्ता नहीं मानता। ज्ञानी और अज्ञानीमें कर्म कर्मफल चेतनाके अनुभवमें कर्तृत्व और ज्ञातृत्व बुद्धिकाही अन्तर है। आचार्य कल्प श्री० पं० टोडरमलजी[८] बताते हैं कि ज्ञानी प्रशस्त रागसहित चारित्र धारण करते हैं उन्हें देख कोई अज्ञानी प्रशस्त रागहीको चारित्र मान संग्रह करते हैं तो वे वृथाही खेदखिन्न होते हैं। जैसे कोई समझदार तुषसहित चांवलका संग्रह कर रहा था, उसे देख कर किसी अज्ञानी भोले आदमीने तुषोंकोही चांवल मान संग्रह करना उचित मान लिया तो उससे उसे व्यर्थही खेदखिन्न होना पड़ा। इस प्रकार भेद ज्ञान रख कर आत्माके निर्विकार स्वभाव निश्चय धर्ममें जब तक संपूर्ण स्थिरता नहीं होती तब तक अशुभ प्रवृत्तियोंसे, जिनसे कि अशुभ पापभाव होता है, बचनेके लिए व्रतादि एवं जिनेन्द्र भक्ति आदिका शुभराग सम्यग्दृष्टिके होता है। ये व्रतादि क्रियायें व्यवहार चारित्र कही गई हैं। व्यवहार नाम उपचारका है क्योंकि महाव्रतादिके[९] होने परही वीतराग चारित्र होता है। इस संबंधसे व्रतादिमें चारित्रका उपचार किया है। यह सब शुद्धोपयोग बढानेके लिए किये जाते हैं और शुद्धोपयोग निर्जराका कारण है; इस लिए व्यवहारसे व्रत[१०] व तपादिभी निर्जराका कारण कहे गये हैं। चारित्रमोहके उदयसे जीवोंके सर्वदा शुद्धोपयोग रूप प्रवृत्ति बनी नहीं रह सकती; अतएव शुद्धोपयोग की इच्छासे वे व्रतोपवासादि[११] करते रहते हैं। बाह्य साधनोंसे वीतराग शुद्धोपयोगका अभ्यास सभी तीर्थंकरोंने किया है। संवर (आतेहुए कर्मोंका रोकना) में अहिंसादि और समितिधर्मानुप्रेक्षादि रूप भावोंको गिनाया गया है; सो उनमें जितने अंश वीतरागताके हैं उनसे संवर होता है और सराग अंशोंसे शुभाशुभ होता है। इस प्रकार एक भावसे दोनों कार्य बनते हैं।

भ० महावीरका धर्म अध्यात्मप्रधान है, उसमें आध्यात्मिक विज्ञानका महत्व आंकना चाहिए। बंध संवर निर्जरा और मोक्ष तत्वके विवेचनमें वर्तमान भौतिक विज्ञानका उदाहरण लिया जा सकता है। अपने स्वभावसे च्युत होकर जीव और कर्मका एक दूसरेके प्रदेशोंमें प्रविष्ट हो जाना और इससे तीसरीही दशाका होना बंध है। यह संयोगदशा नहीं है। संयोगमें गुणका विनाश नहीं होता, पर बंधमें स्वगुणच्युति होना आवश्यक है। इसका दृष्टांत मिले हुए अशुद्ध सुवर्ण और चांदी पदार्थ हैं जिनमेंसे उनके रूपादिका परिवर्तन हो जानेपरभी सराफा बाजारमें धातु गालनेवाला सुनार अग्नि और तेजाब आदिके प्रयोगसे उन्हें अलग २ अपने शुद्ध रूपमें ला देता है। इसी प्रकार वर्तमान वैज्ञानिकभी अपनी प्रयोगशालामें मिश्र पदार्थको रासायनिक प्रयोगके बल पर शुद्ध कर लेता है। यही बात भ० महावीरके संयम, तप, त्याग, आकिंचिनत्व और ब्रह्मचर्य धर्ममें घटती है। आतशी कांचके ऊपर जब सूर्य किरणें केन्द्रित करदी जाती हैं तो वे तपन पैदा कर देती हैं। इसी प्रकार एक मुमुक्षु अपने मनवचनकायकी प्रवृत्तियोंका निरोध करता है, उसका नाम है संयम। आतशीकांचसे जब गर्मी अधिक बढ जाती है तो पासका पदार्थ जलने या पिघलने लगता है। इसी तरह आत्मामें

---

८. मोक्षमार्ग प्रकाशक पुस्तक पृ. ३६२. ९. मोक्षमार्ग प्रकाशक पृ. ३४०.
१०. तत्वार्थ सूत्र अ. ९ सू. १, २. ११. मोक्षमार्ग प्रकाशक पृ. ३४२.

स्थिरताके बढ जानेसे आत्माका अशुद्धभाव और कर्म मल नष्ट होने लगता है, इसीका नाम तप है। रासायनिक प्रयोगमें मिश्रित अशुद्ध पदार्थोंके गलकर अलग २ हो जानेके समान आत्माके रागादिका और पुद्गलकी कर्मन्व दशाका छूट जाना त्याग है। जब दोनो चीज अलग २ हो गई तो तपस्वीकी आत्मा, जिसे शुद्ध बनानेके लिये वह प्रयत्न करता है, आकिंचन्य (जिसमें अन्य कोई पदार्थ मिला हुआ नहीं है) अवस्थाको प्राप्त कर लेती है। आंकिचन्य दशाके होनेपर आत्मा ब्रह्म (शुद्धात्मा) में आचरण करने लगता है अर्थात् स्वरूपोपलब्धिको प्राप्त कर लेता है। यह है भ० महावीरका वैज्ञानिक धर्म जो वस्तुको अपने स्वभावमें लानेका सुंदर एवं मौलिक विवेचन करता है। मूलमें जो स्वभावकी प्राप्ति होती है वह समीचीन क्रिया या प्रवृत्तिसेही होती है; क्योंकि संयम और तप बाह्य क्रिया रूप साधनभी हैं, जिनके प्रयोगसे इस तत्वज्ञानीको अपनी अशुद्ध दशाको नष्ट कर शुद्धदशा प्राप्त करनी पडती है।

उक्त चर्चासे यह स्पष्ट हो जाता है कि अंतरंग शुद्धिके लिए बाह्य साधनोंको स्वीकार करना चाहिए और वे किस दृष्टिसे किस लिए ग्रहण किये जाते हैं यहभी मालूम हो जाता है। मोक्षके लिए संयम और तप आवश्यक हैं। व्रतोंका[12] धारण करना, समितियोंका पालन करना, कषायोंका निग्रह करना, मन वचन काय रूप दंडका त्याग करना और इन्द्रियों पर विजय करना संयम कहलाता है तथा अनशन,[13] अवमौदर्य, रसपरित्याग, विविक्त शय्यासन, कायक्लेश, प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय और ध्यान यह १२ प्रकारका बाह्य एवं अंतरंग तप कहलाता है, जो अपनी लालसाओं एवं इच्छाओंके रोकनेसे होता है।

मोक्ष प्राप्त करनेके लिए जैसे शुद्धोपयोग प्रधान है वैसेही उस शुद्धोपयोग परिणत आत्माका आश्रय योग्य शरीर तथा योग्य क्षेत्र, काल आदिभी निमित्त जुटानाही चाहिए; चाहे वे गौण क्यों न माने जायें, पर किसीभी कार्यके लिए उत्पादक कारण कलाप चाहिए 'सामग्री हि कार्यजनिका' न्यायशास्त्रका एक नियम है।

'न निमित्तद्वेषिणां क्षेमः' निमित्तका सर्वथा विरोध करनेवालोंका कल्याण नहीं होता। उत्तम संहननवालेको मुक्ति मिलती है, क्योंकि मुक्तिके योग्य ऊंचे परिणाम और तप दूसरेके संभव नहीं। उत्तम संहननवालाही ऊंचासे ऊंचा पुण्य और ऊंचासे ऊंचा पाप अर्जन कर सकता है। स्त्रीशरीरसे मुक्ति और सप्तम नरक गमन अशक्य है क्योंकि स्त्रीके उत्तम संहनन नहीं होता, न वह महाव्रतही धारण कर सकती है। अभव्यके रत्नत्रय नहीं हो सकते। मुक्ति दिगंबर मुनिमुद्रा और महाव्रताचरण सेही होती है। इन सब बाह्य निमित्तोंको देखते हुए द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावके नियमों पर विचार करनाही होगा। जिनसेनाचार्य[14] लिखते हैं कि 'जिसका कुल और गोत्र विशुद्ध है, जिसके आचरण उत्तम हैं, जिसका मुख सुंदर और जो बुद्धिमान है, ऐसा भव्य पुरुषही दि. मुनिदीक्षा ग्रहण करने योग्य समझा जाता है। 'मोक्षकी इच्छा करनेवाले भव्यको शुभ तिथि, शुभ नक्षत्र, शुभ योग,

---

१२. गोम्मटसार-जीवकांड-गा. ४६४. १३. तत्वार्थ सूत्र अ. ९ सू. १९, २०.
१४. आदिपुराण पर्व ३९ श्लो. १५८, १५९.

शुभ लग्न और शुभ ग्रहोंके अंशमें दिगंबर मुनि दीक्षा लेना चाहिए।[१४] ऊसर भूमिमें बोया हुआ बीज फल नहीं दे सकता। उत्तम फलकी प्राप्तिके लिए भूमिको सुसंस्कृत करना आवश्यक है।

इसके पूर्व उन्हीं आचार्यने बताया है कि "जिस प्रकार विशुद्ध खानसे उत्पन्न हुई मणि संस्कारके निमित्तसे अत्यंत उज्ज्वल हो जाती है उसी प्रकार यह आत्माभी क्रिया मंत्रोंके संस्कारसे अत्यंत निर्मल हो जाताहै। अथवा जिस प्रकार सुवर्ण पाषाण उत्तम क्रियाको पाकर शुद्ध हो जाता है उसी प्रकार यह भव्य पुरुषभी उत्तम क्रियाओंको पाकर शुद्ध हो जाता है।"

यहां द्रव्यलिंगीमुनिके उदाहरणसे यहभी जान लेना चाहिए कि उक्त पात्रता और क्रियाओंके होनेपरभी वे अपने उपादान अंतरंग आत्माके तत्वज्ञानविना नवग्रैवेयकसे आगे नहीं[१५] जा पाते। तत्वज्ञानी (सम्यग्दृष्टि) की क्रियायें शुभ होती हैं, पर शुभ क्रिया करनेवाला तत्वज्ञानी होकर मुक्त होताही है यह व्याप्ति नहीं। इस लिए स्वयं जिनसेनस्वामीभी कहते हैं कि यह संस्कार ज्ञानसे[१६] उत्पन्न होता है, सबसे उत्तम सम्यग्ज्ञान है। अतः सम्यग्दृष्टियोंको उत्तम फल देनेवाली और शुभ करनेवाली क्रियाओंको करना चाहिए। ये क्रियायें गर्भान्वय, दीक्षान्वय और कर्तृन्वयके भेदसे ३ प्रकारकी आदि पुराणकारने बताई हैं। गर्भान्वय क्रियायें ५३ हैं जिनमें गर्भधारणसे लेकर निर्वाणपर्यन्तके संस्कार और आचरण आजाते हैं। वर्तमान जीवनमें गर्भाधानसे प्रारंभ कर प्रतिमाह गर्भके बालकके संस्कार किये जाते हैं और उत्पन्न होने पर नामकर्म, शिक्षाप्रारंभ, विवाह, कुलचर्या, गृहत्याग, मुनिदीक्षा और अंतमें तीर्थकृत भावना एवं समाधिमरण किया जाता है। इससे वह जीव स्वर्गमें इन्द्र पद प्राप्त कर वहांसे तीर्थंकर होता है और अंतमें मोक्ष प्राप्त करता है। यह व्यावहारिक बाह्य एवं आंतरिक क्रियाकांड वास्तवमें जीवनके निर्माण एवं विकासके लिए अत्युपयोगी है। इससे सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन कितना पवित्र और उन्नत बन सकता है यह इस प्रकरणको ध्यानसे देखने पर ज्ञात हो जाता है।

दीक्षान्वय क्रियायें ४८ है जिनमें उक्त क्रियाओंमें १४ वींसे ५३ वींतक और अवतारादि ८ और हैं। व्रतोंका धारण करना दीक्षा है। व्रतग्रहण करनेके लिए जो मनुष्यकी प्रवृत्ति है उसके साथ होनेवाली क्रियायें दीक्षान्वय कहलाती हैं। इनमेंभी मिथ्यात्वका त्यागकर जैनधर्म स्वीकार करने आदिका क्रम है।

कर्त्रन्वय क्रियायें ७ हैं, जो पुण्यवालोंको प्राप्त होती हैं। यही सप्तपरमस्थान कही जाती हैं।

वेद[१७] (श्रुतज्ञान), पुराण, स्मृति (धर्मशास्त्र), चारित्र, क्रियाविधि, मंत्र, देवता (तीर्थंकर) लिंग (निर्ग्रंथ) आहार (मांसादिदोषरहित) और बुद्धि (अहिंसायुक्त)का जैनाचार्योंने निरूपण किया है जिसे श्रेष्ठमार्ग और धर्म मानना चाहिए। यह सर्व व्यवहार धर्म है। शास्त्रस्वाध्याय,

---

१५. आदिपुराण पर्व ३९ श्लो. ९०,९१. १६. आदिपुराण पर्व ३९ श्लो. ९२.

१७. आदिपुराण पर्व ३९ श्लो. २० ते ३१.

महापुरुषोंका जीवनचरित्रपठन, प्रतिष्ठा, देवपूजन-दर्शन, स्तोत्रपाठ, सामायिक, विघ्ननिवारणार्थ जाप्य विधान, एवं हवन, शुद्धमर्यादित भोजन और शारीरिक शुद्धि आदि जो आचरण बाह्य रूपमें किये जाते है और जिनके करनेसे लोग धर्मात्मा कहे जाते है वे सब अंतरंग मन और आत्माके सुधारके लिए हैं। पुराण[१८] स्मृति आदिकी सहायतासे होनेवाली आत्मश्रद्धा एवं मानसिक शुद्धिसे यह जीव सम्यक्त्वको प्राप्तकर लेता है। पुराणादिमें कहे गये आदर्श उदाहरणोंसे अपनी आत्माकी ओर झुकनेकी प्रेरणा मिलती है परन्तु भावशून्य उक्त क्रियायें यथार्थमें फलदायक नहीं। चरणानुयोगमें[१९] सकषाय एवं भोले जीवोंको लोभ, अरति, जुगुप्सा आदिकषायोंको उत्पन्न करकेही धर्मकार्यमें लगाया गया है। तीव्र दुखी एव पापकर्ममें लगे हुए जीवोंको स्वर्ग, पुत्र, धनादिका लालच दिखा कर पूजन पाठ आदिमें लगानेके वाक्य हम पूजापाठों एवं स्तोत्रोंमें सदाही पढते हैं। पूजनोंके अंतमें पढा जाने वाला आशीर्वाद इसका प्रमाण है। स्तोत्रों एवं विनतियोंमें सीता, द्रौपदी, सेठ धनंजय आदिके उदाहरणभी हम पढते हैं जिनके आत्मिक शुद्धभावों और पूर्वपुण्यके प्रभावसे संकट दूर हुए थे। इनसे यह लाभ अवश्य है कि वे जीव पापाचरणमें न फंस कर पुण्यरूप प्रवृत्तिमें लगते हैं और पीछे इसीसे सच्ची धर्मबुद्धि (आध्यात्मिकता) भी हो जाती है।

जिनेन्द्र[२०] तो रागद्वेषसे रहित हैं, वे न प्रसन्न होते हैं और न रुष्ट; किन्तु उन परमात्माके गुणोंका चित्तमें चिंतवन करनेसे हमारी कर्मप्रकृतियोंका तीव्र अनुभाग (फल दानशक्ति) मंद या नष्ट हो जाता है। हमारे आत्मिक उच्च भावही इसमें कारण हैं। जिनेन्द्रके आलंबनको पानेसे हम व्यवहार में उनका प्रसाद[२१] या कृपा कह दिया करते हैं।

आहारशुद्धिकी वैज्ञानिकता तो स्वयं आयुर्वेदशास्त्र बताते हैं। जैसा अन्न खाया जायगा वैसाही परिणमन होता है और शारीरिक विकारसे मन पर असर होताही है। आहारके समयके भावोंकाभी प्रभाव उसके पाचन पर पडताही है। भोज्य द्रव्योंकी मर्यादाभी अपना महत्व रखती है वह स्वाद एवं वैज्ञानिक मंत्रोंसे जानी जा सकती है। 'सिद्ध पदार्थ विज्ञान' में केप्टन स्क्वोर्सनीने अनछने जलबिंदुमें ३६४५० त्रस जीव खुर्दबीनसे बताये हैं। बिंबादि प्रतिष्ठाओंमें प्रतिमा प्रतिष्ठाके साथ दानादिभी किये जाते हैं। इन सबसे बाह्यचारित्र जो कि अंतरंग शांतिका साधन है, पालनमें और अर्जित धनके सदुपयोगमें मदद मिलती है और सामाजिक संगठन-परिचय आदि लाभ होते हैं। प्रतिमाओंकी क्रियाओंमेंभी जो विशेषतायें हैं वे यहां विस्तारके भयसे नहीं बताई जा रही हैं। विधि-पूर्वक बनाया भोजन या औषधिका मूल्य वही जानते हैं। इतना तो कहना पडेगा कि प्रतिष्ठाचार्योंने विविध प्रभावनाके नाम पर इनमें अधिकीय वाङ्मयाडम्बर और मिथ्यात्व ला दिया है, जिसके जैनेतर क्रियाकांडकाभी प्रभाव है। इस प्रतिष्ठा और पूजनादिके क्रियाकांडको लेकर जैनोंमें अनेक आम्नायें (पंथ) हो गई हैं जिनसे कषायकी ही पुष्टि एवं परस्पर कलह बढ गया है। यह सब यथार्थ उद्देश्य एवं साध्यको विस्मृतकर साधनोंकोही साध्य समझनेका दुष्परिणाम है।

---

१८. उत्तरपुराण. १९. मोक्षमार्ग प्रकाशक पृ. ४१७. २०. कल्याणमंदिर एवं स्वयंभूस्तोत्र.
२१. आप्तपरीक्षा

मंत्र साधन और हवनके विषयमें यह अवश्य है कि शब्दों और अचेतन वस्तुओंमें कुछ स्वाभाविक शक्ति है कि उन्हें नियमोंके माफिक ठीक २ मिलाया जाय और विधिपूर्वक प्रयोग किया जाय तो वे अपना प्रभाव करते हैं। 'मणिमाला ग्रंथ' के अनुसार किस रत्नको किसे कब धारण करनेसे क्या लाभ या हानि होती है यह प्रकट है। चिंतामणिरत्न, कल्पवृक्ष, कामधेनु आदिसे इसे सहज ही जाना जा सकता है। रजस्वला स्त्री की दृष्टि और शूद्र मात्रसे पापड क्यों खराब हो जाते हैं? इसी लिए मांगलिक कार्योंमें मेंहदी, अक्षत, सरसों, हल्दी, सुपारी आदिका उपयोग किया जाता है। इस कथनको आयुर्वेदशास्त्रका निघंटुभी प्रमाणित करता है। हवन (यज्ञ) में जो वस्तुएँ संग्रह की जाती हैं उनमें हवनद्रव्य एवं समिधाके प्रयोगसे शरीरके बडे २ रोग दूर हो जाते हैं तथा घट, ग्राम, नगर आदिकी खराबियां नष्ट हो जाती हैं। 'कल्याण'में कुछ वर्ष पूर्व एक इस विषयका लेखभी निकला था।

उक्त विवेचनमें मुख्य बात यही है कि इन सबका मन और आत्मापर प्रभाव पडना चाहिये। प्राणियोंका आत्मशांतिही प्रमुख ध्येय होना चाहिये और उसमें जो साधक हो उन्हें विवेकपूर्वक ग्रहण करना चाहिए। अपने[२१] सम्यक्त्व और चारित्रमें हानि करनेवाले क्रियाकांडको सर्वथा परित्याग कर देना उचित है।

"जैनधर्मके चारित्र-नियमोंकी पवित्रता अक्षुण्ण है और वे इस उच्च स्तरके हैं कि प्रत्येक व्यक्ति आध्यात्मिक उन्नतिके लिये उनको निस्संकोच ग्रहण कर सकता है। दुखी जगतको सुख-शान्ति देनेके लिये जैन शिक्षा पर्याप्त है। जैनधर्मनेही पहले-पहल अहिंसाका उपदेश दिया, जिसका अनुकरण अन्य धर्मोंमें किया गया।"

—प्रो० लुई रेनाउ, पी-एच. डी., सोबोर्न विश्वविद्यालय, पेरी (फ्रांस)

---

२१. सर्व एव हि जैनानां प्रमाणं लौकिको विधिः।
यत्रसम्यक्त्वहानिर्न यत्र न व्रतदूषणम्॥ (यशस्तिलकचंपू)

जैनधर्ममें जातिवादकी निःसारता।

(ले० श्री० चैनसुखदासजी शास्त्री, न्यायतीर्थ, जयपुर)

जातिभेद एक निःसार प्रथा है। इसने धर्मका गला घोट दिया है और मनुष्यकी बेहद परेशानियाँ बढायीं हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रके भेदों एवं इनके उपभेदोंने मानवताको छिपाकर एक दूसरेके बीचमें इतनी गहरी खाई खोद दी है कि अब उसको पाट देना आसान काम नहीं। ब्राह्मण केवल इसीलिये अपने आपको बडा समझता है कि वह उच्च जातिमें पैदा हुआ है फिर चाहे वह कितनाही निकम्मा क्यों न हो। विद्वान्, कर्तव्यनिष्ट एवं परोपकारी शूद्रका अयोग्यसे अयोग्य ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्य केवल जातिके कारण तिरस्कार कर सकता है—उससे बोलनेमेंभी नफरत कर सकता है। उसका अन्न खाना और उससे संपर्क रखने की तो बात ही रहने दीजिये। इसीलिए किसी स्मृतिग्रन्थमें यह लिखा हुआ मिलता है। —

शूद्रान्नात् शूद्रसंपर्कात् शूद्रेणसह भाषणात्।
इह जन्मनि शूद्रत्वं मृतःश्वा चाभिजायते॥

शूद्रके अन्नसे, शूद्रके संपर्कसे, इतनाही नहीं शूद्रके साथ बातचीत करनेसेभी मनुष्य इस जन्ममें शूद्र हो जाता है और वह मरनेके बाद कुत्ता हो जाता है।

प्राचीन कालमें उच्च वर्णके लोगोंने शूद्रोंको पददलित करने और सतानेमें कुछभी उठा न रक्खा था। उनको पठन पाठनका कोई अधिकार नहीं था। उनके कानमेंभी किसी तरह वेदमंत्र पड जाय तो इसकी बहुत बडी सजा थी। इसी लिये वैदिक वाङ्मयमें कहा है :—

"श्रवेण चपुजतुभ्यां श्रोत्रपरिपूरणं
उच्चारणे जिह्वाच्छेदो धारणे हृदयविदारणं"

अर्थात् शूद्र यदि वेदोंका श्रवण करले तो उसके कान शीशा और लाखसे भर देने चाहिये, उच्चारण करले तो उसकी जीभ काट देना चाहिये और यदि-याद करले तो उसका हृदय विदारण कर डालना चाहिए। शूद्रोंके लिए यह कितनी बडी सजा है। इस सजाको सुनकर मनुष्य कांपने लगता है और उसका हृदय घृणा, दुःख और लज्जासे नीचा हो जाता है। किसीभी विवेकी मनुष्यको ऐसी चीजें बरदास्त नहीं हो सकती। जिसके हृदय है, जिसमें मानवता है वह ऐसे बेहूदा विधानोंको कभी पसंद नहीं करेगा। इसलिये जातिवादके इन कलंक रूप विधानोंका जैनशास्त्रोंने घोर विरोध किया और एक जबरदस्त क्रांति कर डाली। जैनोंके तार्किक ग्रंथोंमेंभी इस जातिवादकी खूब खबर ली गई। अकाटर्य दलीलोंके द्वारा इसका खण्डन कर इसकी निःसारता बतलाई गई है। जिससे भोले जीवोंकी श्रद्धालु

चेतनासे इसका भय निकल जावे। जैनोंके प्रकाण्ड तार्किक श्री प्रभाचंद्राचार्यने अपने सुप्रसिद्ध ग्रंथ प्रमेयकमलमार्तण्डमें जातिका खंडन करते हुवे लिखा है कि :—

" किञ्चेदं ब्राह्मणत्वं जीवस्य, शरीरस्य, उभयस्य वा स्यात्, संस्कारस्यवा, वेदाध्ययनस्य वा गत्यंतरासंभवात्? न तावज्जीवस्य; क्षत्रियविट् शूद्रादीनामपि ब्राह्मण्यस्य प्रसङ्गात् तेषामपि जीवस्य विद्यमानत्वात्।

नापि शरीरस्य; अस्य पञ्चभूतात्मकस्यापि घटादिवद् ब्राह्मण्यासंभवात्। न खलु भूतानां व्यस्तानां समस्तानां वा तन्संभवति। व्यस्तानां तत्संभवे क्षितिजल हुताशनाकाशानामपि प्रत्येकं ब्राह्मण्य प्रसङ्गः। समस्तानां च तेषां तत्संभवे घटादीनामपि तत्संभवः स्यात् तव तेषां सामस्त्यसंभवात्। नाप्युभयस्य; उभयदोषानुषङ्गात्।

नापि संस्कारस्य; अस्य शूद्र बालके कर्तुं शक्तितस्तत्रापि तत्प्रसङ्गात्।

किञ्च संस्कारात्प्राग्ब्राह्मणबालस्य तदस्ति न वा यद्यस्तिः संस्कार करणं वृथा। अथ नास्ति तथापि तद्वृथा। अब्राह्मणस्याप्यतो ब्राह्मण्य संभवे शूद्रबालकस्यापि तत्संभवः केन वार्येत?

नापि वेदाध्ययनस्य; शूद्रेपि तत्संभवात्। शूद्रोपि हि कश्चिद्देशान्तरं गत्वा बेदं पठति पाठयति वा। नतावतास्य — ब्राह्मणत्वं भवद्भिरभ्युपगम्यत इति।

अर्थात् यह ब्राह्मणत्व जीवका है, शरीरका है अथवा जीव और शरीर दोनोंका है अथवा संस्कारका है अथवा वेदाध्ययनका है। इसके अतिरिक्त इस विषयमें और कोई विकल्प नहीं उठ सकते। इनमेंसे जीवका तो ब्राह्मणत्व हो नहीं सकता; नहीं तो क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रोंकेभी ब्राह्मणत्व का प्रसंग हो जायगा; क्योंकि जीव तो उनकेभी विद्यमान है।

शरीरकोभी ब्राह्मण नहीं माना जा सकता क्योंकि घटादिककी तरह पञ्चभूतात्मक शरीरमें ब्राह्मण्य असंभव है। यदि पञ्चभूतोंका ब्राह्मणत्व स्वीकार किया जाय तो पृथक् पृथक् पञ्चभूत ब्राह्मण होंगे या मिलकर? दोनोंही पक्ष युक्ति बाधित है। इसी तरह जीव और शरीर इन दोनोंकाभी ब्राह्मण्य स्वीकार नहीं किया जा सकता; क्योंकि उभय दोषका प्रसंग आ जायगा।

संस्कारकाभी ब्राह्मण्य स्वीकार नहीं किया जासकता क्योंकि संस्कार तो शूद्र बालकमेंभी किया जा सकता है, तब उसेभी ब्राह्मण मानना पडेगा।

और यहां यहभी पूछा जा सकता है कि संस्कारके पहले ब्राह्मणके बच्चेमें ब्राह्मणत्व है या नहीं? यदि है; तो संस्कार करना व्यर्थ है। यदि नहीं है तोभी व्यर्थ है, क्योंकि अब्राह्मणमेंभी संस्कारसे ब्राह्मणत्व स्वीकार कर लेने पर शूद्रके बालकमेंभी ब्राह्मणत्व स्वीकार किया जा सकता है क्योंकि संस्कार तो उसकाभी हो सकता है।

इसी तरह वेदाध्ययनकोभी ब्राह्मणत्वका कारण नहीं माना जा सकता क्योंकि वेदाध्ययन तो शूद्रमेंभी हो सकता है। कोई शूद्रभी देशांतरमें जाकर वेदको पढ लेता है और दूसरोंको पढा देता है फिरभी उसका ब्राह्मणत्व नहीं माना जाता।

जैनोंके उत्तराध्ययन नामक आगम सूत्रमें लिखा है : —

कम्मुणा बम्भणो होई कम्मुणा होइ खत्तियो।
वईसो कम्मुणा होई, सुद्दो होई कम्मुणा॥

अर्थात् कर्मसेही ब्राह्मण, कर्मसेही क्षत्रिय, कर्मसेही वैश्य और कर्मसेही शूद्र होता है।

कर्मका अर्थ मनुष्यका कर्तव्य है। मनुष्यकी महत्ता उसके कर्तव्यसेही है।

सक्खं खु दीसइ तवो विसेसो
न दीसइ जाइ विसेसो को वि।
सोवाग पुत्तं हरिएस साहुं
जस्सेरिसा इड्ढि महाणुभागा॥

अर्थात् वास्तवमें तपकीही प्रत्यक्ष विशेषता देखी जाती है। चाण्डाल कुलमें उत्पन्न हुये "हरिकेशी" अपने तपके कारणही महान् हो गये हैं।

जैनोंके सुप्रसिद्ध आचार्य अमितगतिने जातिके विषयमें जो मूल्यवान विचार प्रगट किये है वे भी हरेकके मनन करनेके योग्य है।

न जातिमात्रतो धर्मो लभ्यते देहधारिभिः।
सत्य शौच तपः शील ध्यान स्वाध्यायवर्जितैः॥
आचारमात्र भेदेन जातीनां भेदकल्पनम्।
न जाति ब्राह्मणीयास्ति नियता क्वापि नान्विकी॥
ब्राह्मण क्षत्रियादीनां चतुर्णामपि तत्त्वतः।
एकैव मानुषी जातिराचारेण विभज्यते॥
संयमो नियमः शीलं तपोदानं दमो दया।
विद्यते तात्त्विका यस्यां साजातिर्महतीसताम्॥
गुणैः सम्पद्यते जाति र्गुणध्वंसैर्विपद्यते।
यतस्ततो बुधैः कार्यो गुणेष्वेवादरः परः॥
जातिमात्र मदः कार्यो न नीचत्वप्रवेशकः।
उच्चत्वदायकः सद्भिः कार्यः शीलसमादरः॥

इन सबका भाव यह है कि केवल जातिमात्रसेही धर्मकी प्राप्ति नहीं हो सकती। धर्मकी प्राप्तिका कारण तो सत्य, शौच, तप, शील, ध्यान और स्वाध्याय है। सच तो यह है कि जाति नामका कोई यथार्थ पदार्थही नहीं है। आचार मात्रके भेदसे केवल जाति भेदकी कल्पना हुई है। ब्राह्मणत्व नामकी यथार्थ जाति निश्चितरूपसे किसीभी जगह दीख नहीं पडती है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चारोंकी वास्तवमें एकही मनुष्य जाति है। आचारके भेदसेही इनमें भेद होता

है। संसारमें सबसे बडी जाति वह है जिस जातिमें संयम, नियम, शील, तप, दान, दम और दया विद्यमान है। गुणोंसे जाति बनती है और गुणोंके नाश होनेसे उसका नाश हो जाता है इसीलिये विद्वानोंको गुणोंकाही आदर करना चाहिए। जातिभेद मनुष्यको नीचा गिरा देने वाला है। यदि मनुष्यको उठना हो तो गुणोंका आदर करना चाहिये क्योंकि उच्चत्वके कारण केवल गुण हैं।

यह सब कुछ होते हुयेभी आजके जैन बुरी तरह जातिवादके शिकार हैं। वे अपने आचार्योंके जातिकी निःसारता बतलाने वाले आदरणीय उपदेशोंकी ओर कोई ध्यान नहीं देते। भगवान महावीरके सर्व जाति समभावकी आज स्वयं जैनोंके हाथही जो दुर्गति हो रही है उससे बडा दुःख होता है। "एकैव मानुषी जातिः" यह जैनोंका नारा था और महावीर युगमें इसमें बहुत बडी सफलता मिली थी। यही एक ऐसा नारा है जो सारे राष्ट्रको एक निष्ठ और एक प्राण बना देनेवाला है। आज हमारा प्यारा देश अभूतपूर्व विपत्तियोंके दलदलमें फँसा हुआ है। उसका उद्धार करनेके लिए सबसे पहले जातिभेदके पिशाचको नष्ट करनेकी जरुरत है। यह कितने दुःखकी बात है कि इस अभागेदेशमें तीन हजारसेभी अधिक जातियोंकि संख्या है। इनके उपभेदोंकी संख्या-तो सचमुच मनुष्यको कंपादेनेवाली है। अकेले ब्राह्मणोंमेंही दो हजार जातियाँ बतलाई जाती है।

ब्राह्मणोंकी एक शाखा सारस्वत ब्राह्मणोंकी चारसौ उनहत्तर उपशाखाये हैं। क्षत्रियोंकी पांच सौ नव्वे, वैश्यों और शूद्रोंकी छह सौ केभी ऊपर शाखाऐं हैं। छोटेसे करीब २५ लाखकी जन संख्यावाले जैन समाजके एक दिगम्बर संप्रदायमेंही ८४ उपजातियाँ हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रोंकी इन जातियों एवं उप जातियोंमें परस्पर विवाहसंबंध नहीं होता। इतनाही नहीं इनमें परस्पर भोजनव्यवहारभी निषिद्ध है। आश्चर्य तो इसबातका है कि इस वैज्ञानिक युगमेंभी इन चीजोंको धर्म माना जारहा है। भारतीय मनुष्यके उत्थानमें इन जातियोंने हर तरहकी बाधायें डाली हैं। यद्यपि मिश्र, चीन और जापानमेंभी प्राचीन कालमें जाति भेद था। पर इस देशकी तरह उनमें इतनी कट्टरता कभी नहीं थी और न इतनी शाखा प्रशाखाऐ थी। भारत वर्ष जैसी जाति भेदकी कट्टरता संसारके किसीभी देशमें नहीं मिलती। श्रुति स्मृतियोंके शासनने इस कट्टरताको समय समयपर प्राण दान दिया है। जैन तीर्थंकरों और जैनाचार्योंने यद्यपि इसका घोर विरोध किया पर वरणाश्रम धर्मके शासनने इनको अधिक सफल नहीं होने दिया। बौद्धोने इसमें जरूर सफलता पाई पर भारतवर्षके बाहर जाकरही।

आज देशको इस बातकी जरूरत है कि हम सब मिलकर इस जाति भेदकी प्रथाको मिटा डाले।

The Jaina Teachings and Ahimsā.

By Śrī Matthew McKay, Brighton (Sussex).

[श्री मैथ्यू मैकके सा० एक अंग्रेज विचारक और प्रवक्ता हैं। सत्यान्वेषणकी भावनासे प्रेरित हो उन्होंने विश्वका पर्यटन किया है। जैन ग्रन्थोंको स्वतः पढकर आप उनके श्रद्धालु हुये हैं। प्रस्तुत लेखमें उन्होंने अपने दृष्टिकोणसे जैन सिद्धांतका विश्लेषण किया है। वह लिखते हैं कि इस सत्यको पाकर मुझे अमित आनन्द अनुभव हुआ, जिसे मैं सबको वितरण करनेके लिये लालायित हूं। वह बताते हैं कि जैनी तीर्थंकरोंकी तर्कसिद्ध वाणीको मानते हैं। जो तर्कविज्ञानसे सिद्ध न हो उस बातको वे स्वीकार नहीं करते। यह तीर्थंकर चौवीस थे, जिनका उल्लेख बाइबिलमें चौवीस अग्र पुरुषों (Elders) के रूपमें मिलता है। अंतिम तीर्थंकर महावीरके शिष्योंमें वह भ० बुद्धको गिनते हैं। वस्तुतः बुद्ध पार्श्वपरम्पराके जैन मुनि थे। हिन्दू मतमेंभी प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेवको सर्वज्ञ प्रभु कहा है। जैन मान्यता है कि प्रत्येक जीवात्मा स्वभावतः सर्वज्ञ है। वह अखंड और अनादिनिधन है। सुखका पुंज है वह। अतएव एक जैनके लिये सांसारिक बातें उतने महत्वकी नहीं हैं, जितनी कि आध्यात्मिक। सांसारिक विभूति तो जैनके मार्गमें एक अर्गला है। जो धनसम्पत्तिके पीछे पागल बना है, वह अपनी आत्माका अहित करता है। अपने आन्तरिक प्रकाशको क्षीण बनाता है। सुख हमारे भीतर है—दुनियामें बाहर कहीं नहीं है। जैन धर्म सुगम व्यवहार्यभी है। वह निखिल सत्य जो है। सम्यग्चारित्रका अनुसरण जीवात्माको परमात्मा बनाता है। जैनी होनेका अर्थ है सज्जन पुरुष। वह अपने साथी लोगोंको भाई मानता है और आत्मोन्नतिके मार्गमें वह उनका सहायक होता है। मैकके सा० इस भावनासे प्रेरित होकरही अपने देशवासियोंको धर्मतत्व बतानेके लिये भाषण देते और लेख लिखते हैं। मन, वचन, काय योग द्वारा आत्मा पर जो कर्म-पुद्गल आकर जमता है, वही अशान्तिका कारण है। सर्व बन्धका मूल वह है। आत्माका स्वभाव मुक्ति है। बन्धका नाश करके हरकोई मुक्ति पा सकता है। सम्यग्दृष्टि चारित्रधर्मका पालन कर साधु होता है और तब कर्मोंका नाशकर परमात्मपद पाता है। मुख्य पाप हिंसा है—किसीभी प्राणीको कष्ट न देना प्रमुख कर्तव्य है—यह अहिंसा है। भोजन या शिकारके लिये क्रूर बन कर पशुओंकी हत्या नहीं करना चाहिये। ग्रहस्थ श्रावक सबसे प्रेमपूर्वक व्यवहार करता है। द्वेषसे दूर रह कर सेवा धर्म वह स्वतः पालता है। अपनी आन्तरिक मनोदशाका निरीक्षणभी वह करता रहता है, जिससे बुराइयोंसे उसका पीछा छुटे: प्रगटतः यह चर्या कठिन दिखती है, किन्तु मुमुक्षु इसमें रस लेता है—वह जानता है कि शरीर बंधनसे मुक्त होने परही सच्चा सुख उसे मिलेगा। अतः इच्छाओं और आकांक्षाओंको वह जीतता है। अपने आत्मस्वभावको वह पहिचानता जो है। तीर्थंकरका आदर्श उसके समक्ष रहता है। पाश्चात्य लोकको जैन चारित्रका महत्व समझनेकी आवश्यकता है। जैनी तीर्थंकरकी पूजा कुछ पानेकी लालसासे नहीं करते। तीर्थंकर स्वयं कृतकृत्य हैं। वह उनके निमित्तसे अपने आत्मध्यानकी परिपुष्टि करता है। अष्ट प्रकारी पूजा त्याग वैराग्य भाव बढानेके लिये है। जैन तीर्थंकरोंने जो सिद्धान्त बताये वे सचमुच लोकके लिये प्रकाशही है। उनका पठनपाठनही शान्तिदायक है। अहिंसा जैन चारित्रकी आधारशिला है। अनावश्यक क्षति प्राणियों की ग्रहस्थ कभी नहीं करता। पर आज यह पुण्यभाव कहां है! हम सब अपनी समस्याका हल

ढूंढ रहे हैं। किन्तु युद्धकी क्रूर भावनासे लदे हुये लोकमें यह हल कहां ? दो महायुद्धोंके विनाशके उपरान्तभी लोकमें शान्ति नहीं है। बडे बडे वैज्ञानिक एटमबॉम्ब सदृश नाशकारी अस्त्रोंको ढूंढ रहे हैं। तीसरे युद्धके लिये तैयारीयां हो रही हैं। अतः मानना पडता है कि राजनीति इस भयंकर स्थितिको हल नहीं कर सकती। मतमतान्तरोसेभी इसका समाधान नही हुआ। तो क्या इसका कोई इलाज नही ? मैक्के सा० कहते हैं कि इसका इलाज अहिंसा है। जैन अहिंसामें मानवही नहीं पशुपक्षी सभी प्राणी आते हैं। शादीनेभी कहा है कि चीटीकोभी मत सताओ–उसकेभी जान है। जो मुमुक्षु परमात्मा होना चाहता है उसे अहिंसाका धर्म पालन करना होगा। पांच प्रकारके प्राणी इस लोकमें हैं। एक सच्चा जैनी उनमेंसे किसीकीभी हिंसा नहीं करता। स्वत्व और देश रक्षाके लिये हिंसा विशेष होती है–अहिंसक उसेभी कम कर देता है। आजकल भोजनके लिये अपार हिंसा होती है। मैक्के सा० कहते हैं कि मुझमें सामर्थ्य हो तो वधस्थानको लिये जाते सब पशु-मुक्त कर दूं। उनके दयनीय वधका करुण चित्रण हृदयवेधक है। भोजनके साथ शौकशिकारके लिएभी प्राणी वध प्रचलित है। इस सबमें हिंसा है। आज टीका लगानेके नाम परभी घोर हिंसा चल रही है। उसकी प्रतिक्रिया हो निकली है। विरोध सब प्रकारकी हिंसाका होना चाहिये। पशु मानवसे प्रेम करते हैं। मैक्के सा० ने अफ्रीकामें एक पशुकी रक्षा की तो वह उनका साथी होगया–उनको छोड कर वह जंगलमें नहीं गया। इस प्रकार सबके प्रतिप्रेम व्यवहार करनेसेही विश्वशान्ति हो सकती है। अहिंसा उसका उपाय है। का० प्र०]

In presenting my view of the Jain teachings I must say that it is with the greatest pleasure that I do so. So much joy has entered my soul that I feel I simply must tell of this Truth, that others too may experience the true value of this veritable elixir of life. The Jainas refuse to follow the teachings of anyone who is not an ideal of perfection.

And the Tīrthankara is the most perfect of men, having by his own efforts attained to the purity of spiritual life, has become a god.

The Holy Tīrthankaras were twenty four in number.

These are mentioned even in the English Bible. Here they are referred to (in Revelations) " as the four and twenty elders around the throne." There the matter ends so far as the English generally are concerned. But with the Jainas it is not so.

These Pure Ones are Realities in the records of the Jains, and can be traced by those who will devote the time and study to these beautiful teachings.

Their lives have been spent in the freeing of themselves of all the binding powers of the senses. Lord Mahāvīra the last of the twenty—four Tīrthankaras is said to have numbered Buddha amongst his disciples. In the scriptures of Hinduism Rishabha Deva, the first Tīrthankara, is acknowledged to have attained omniscience.

It is fully maintained in the Jaina Teachings that all souls are naturally

endowed with the attributes of omniscience, and that the Holy Ones were no exception to the general rule of mankind.

It must be stressed that the Jainas do not seek any special boon from the Tīrthankaras but because they are ideals for the devotees' soul.

The devotee wishes in time to become a Tīrthankara by following in their foot-steps.

Thus the Jaina devotee will utterly refuse to accept any teaching that is not scientific, maintaining as they do that wherever a fact occurs it must be of a clear and definite and certain nature. And since definiteness and certainty are the foundations of Jainism they claim that every fact is capable of being fully established by the scientific method of investigation. Thus the Jaina Doctrine is known and accepted as established Truth.

Jainism proclaims that the soul is simple by its very nature, that it is endowed with the capacity for infinite all-embracing knowledge; and last but not least, that it is supremely Blissful. Not being made up of particles it cannot be disintegrated nor destroyed, that it is beyond the ravages of time and boundaries of space, that it is Eternal—and that in its own right when we view the soul in this manner it shows us most clearly that that which is regarded as essential by the average person is regarded as non-essential by the Jainas. The soul is free and the so-called joys and possessions of material wealth are mere hindrances to the progress of the soul. While a man is using every moment of his life in search of wealth, he is merely neglecting the most wonderful jewel he could ever know. He is dimming the light within himself. The light that only remains to be re-discovered, for it has always been. It is the one Reality. It is his soul.

Therefore it is perfectly clear that Bliss is not to be had from seeking, or from the pursuits of earthly joys, being our own true nature.

Jainism above all is a practical religion of living truth. Thus its adherents obey the rules of Right Conduct for this enables the soul to become a God.

there is no Himsā although an actual hurt is committed, while in the latter case, though there is no actual hurt there is Himsā as the heart is impure. The *sine qua non* of Himsā, therefore, is the presence of Kaṣāya. This leads the Jain Moralists to recognise four modes of Violence. In the first mode of Himsā, there is passionate excitation in the mind, the words or the body of a man. Such presence of Kaṣāya is nevertheless Himsā, as thereby the 'Bhāva Prāṇa' or the tranquility of the man's soul is hurt. When owing to the extreme strongness of the passions, the man makes violent movements of his limbs or even kills himself he commits the second mode of Himsā which consists in hurting one's own 'Dravya-Prāṇā.' The third mode of violence consists in giving pain to another man's heart by derisive laughter, by show of force or use of hard words etc.,—hurting thereby the 'Bhāva-Prāṇa' or the subjective state of that man. When, however, the man blinded by the fervour of his passions actually causes hurt to the body of another man, he commits the fourth mode of Himsā, whereby the 'Dravya-Prāṇa' or the gross material body of the other man is adversely affected. It would be seen that in all these forms of 'Himsā' Kaṣāya or passionate excitation is there and along with that and as a result of that, some sort of violence or disturbance of the tranquil state or order, either of the mind or of the body, either of the author or of the victim (person other than the author) of the passions.

The presence of passionate excitation in the mind being the characteristic of Himsā, a comparison of an immoral act with a crime, as defined in the penal code may be conveniently made here. It will scarcely be said that all acts which are prompted by evil motives and end in injury to others, are crimes in the eye of law as well as immoral acts according to all ethical judgment. A non-intentional and purely accidental act of violence is neither a crime nor a sin. A patient dies on account of some medicine administered to him by the doctor with the best of his intentions and selected as the true medicine with the best of knowledge. Here the doctor is guilty of no crime and his act is not bad from the moral stand-point also. If, however, he was careless about the selection of the medicine or about its proper dose, his act is immoral because the No-Kaṣāya of Pramād, tainted his heart and prompted his action. His act is a crime also, because he failed to act with the ordinary intelligence or the deligence of a prudent doctor. In the next case the act of a man who abets the commission of a crime is a crime, from the moral stand-point also, the act of an abettor is sinful. Thirdly the attempt of a man to do some crime though not successful has been held in some cases to be criminal in the eye of law. Morally also, such an act is sinful, because the motive of the man is tainted with Kaṣāya.

The lists of criminal acts and moral acts, however, are not parallel. The latter has within its scope, many acts and matters which are beyond the

purview of the former. From the moral stand-point, the mere having of a Kaṣāya and all acts without exception, prompted by it, are sinful. The penal code, however, does not judge a mere intention, unless and until it is followed by an overt act. Then again, all acts prompted by improper motives are not criminal. Some are trivial, some do not cause injury to others' persons or property ; these are beyond the scope of the penal code, although they are impure acts according to the moral standard.

In fact, the great point of distinction between a moral judgment and an estimate of the criminality or otherwise of an act, is that while the former is mainly and primarily concerned with the motive and the intention of the agent, the latter considers the overt act. True it is that the moral judgment does not lose sight of the overt acts ; but its business is to consider the innerself ; it passes judgment upon it ; and it shows how much the subjective spirit of the man is uplifted or lowered by the motive and the intention. The penal code on the contrary considers the overt act, it looks to the motive of the man, just to estimate the nature of the act and it decides how in consideration of the act he has committed, the man's relations to his society, his surroundings, the State, are to be re-adjusted.

All criminal acts are immoral but all acts, bad from the moral standpoint need not be criminal. We have seen, how having a Kaṣāya lowers the spiritual nature of a man; it is morally bad, but it is not a crime to have the Kaṣāya e. g. of Śoka or grief. So far as injury to others is concerned, it is to be seen that until and unless an actual injury to others' persons or property is caused, the criminal court will punish a man for merely harbouring an ill-will against his neighbours. But ill-will against others is itself immoral, according to the moral judgment. The Jain Moralists point this out by referring to the two modes of Himsā, so far as other persons are concerned. The first is Abiraman or Abirati and the other is Parinamana. In the case of the former, one is not guilty of actually hurting another but continues in cherishing ill-will against him ; while in the Parinamana mode of Himsā one actually wounds another. The penal code takes cognisance or the Parinamana of Himsā but not the Abirati. According to the Jain moral philosophy. Abiramana is as bad as Parinamana in as much as both are based on Kaṣāya or passion.

From the foregoing, it is not to be supposed that the subjective aspect of Ahimsā is all in all and that an act is to be considered moral, provided there is no ill-will behind it. The Jain philosophers point out that there may be acts which may not proceed from any selfish or active ill-will against others but yet may be bad acts as they are actuated by improper motives. In other words, motives are to be subjected to a thorough and searching examination. One, for example, may honestly believe like Hamlet.

" Now might I do it pat, now he is praying ;
And now I will do it. And so he goes to heaven ".

Unlike Hamlet, he may not be prevented by any counter consideration and with the sole intention of sending the man to heaven, he kills him while he is devoutly praying. Would the act of murder be meritorious because the intention behind it is faultless? An imphatic "No" is the answer of the Jain moralists. A prayerful man will reap the fruits of his actions sooner or later ; but why should you soil your hands with his blood ? Killing in any form, out of any motive, whatsoever is reprehensible.

The great apostle of Ahiṃsā in modern India killed a calf just to terminate its miseries, it had an incurable disease and was suffering from a terrible pain. Now, was his act morally justifiable ? Actually, there was a great controversy upon the matter. So far as the Jaina moralists are concerned, they would condemn the act unreservedly. A being suffers as a result of his past actions. You cannot put an end to his miseries abruptly killing him. If the effects of his actions are not exhausted, he is still to suffer in his, re-incarnation. Then, why should you kill him ?

It is generally accepted as a proposition of unchallengeable force that killing of ferocious animals which kill numerous creatures daily and are a source of perpetual awe, is morally justifiable. The Jains contend on the contrary that past Karmas make creatures suffer. You should believe this firmly. No doubt you should try to alleviate their miseries as much as possible but you should not kill any living being, even though it is ferocious.

Ancient Indian culture is loud in praising the act of the legendary king Śibi, who is reported to have cut the flesh of his own body in order to feed a hungry and voracious bird. The Jain moralists, however, condemn such acts. Their grounds are (1) A carnivorous animal is not the proper guest for charity ; (2) to make a gift of flesh is irreligious ; and lastly (3) to kill or give pain to one's own self is morally bad.

It is well-known that the Jains condemned the practice of the followers of the Vedic School, of killing animals at the altar to please the gods. They condemned also the practice of killing animals for the dishes of Atithis or guests. The Jains criticised the arguements of those people who thought, it was better to kill one big animal instead of killing a number of small animals.

It cannot be denied that one may sometimes feel difficulty in wandering through the intricacies of the Jain arguments about the absolute refraining from the killing of animals. One may ask : If giving pain to one's ownself (to wit body) is Himsā, how is it that the Jain scriptures recommend various

fasts and privations? If killing, in any form of even ferocious creatures, for example is reprehensible, how is it that wars are sometimes justified in the Jaina scriptures themselves? Lastly if one is to see that he is not to do any act, however, good it may be, if it involves the killing, intentional or non-intentional, of even a minutest animal how can the constructions of temples or Rest houses or hospitals be undertaken, which are admittedly highly moral acts but which nevertheless involves the killing of numerous sentinent beings? In all these cases, the doctrine of the strict adherence to the moral principle of non-violence seem to be relaxed to a certain extent and a different moral standard set up and kept in view.*

What then is the place of Ahimsa in the Jain moral philosophy?


We think, with the Jains, non-violence is generally the moral standard by which we are to judge our acts. It may be that here are cases in which, circmstanced as we are, the strict adherence to absolute Ahiṃsā may be impossibie for us, but that is no reason why the standard of Ahiṃsā should be criticised as defective. An act is to be morally judged by the measure in which it conforms to the principle of non-violence. The Jaina arguments for the forbearance from killing a suffering creature or a ferocious animal may not sound as conclusive to some people but they are undoubtedly illustrative. These arguments, show, in other words, that in order that your acts may not be sinful you are always to look to the principle of Ahiṃsā,—to see that your acts are not in any way violent. Small violences unintentional and regretted, may be often unavoidable but Ahiṃsā is the absolute standard of all moral acts and a morally disposed man is never to lose sight of it. In all his acts, he is to begin, to continue and to end by asking: Is my act strictly non-violent? Was I non-violent in my thoughts, words and manners of working? If yes,—the act is all right. If not, it is morally bad, at least to some extent,—no matter that it is otherwise justifiable or commendable on other considerations.

A very good illustration of the fact that with the Jains, non-violence is the absolute moral standard, a supreme principle, in light of which all acts are to be morally judged, is afforded by the reasons which they put forward for abstaining from the enjoyment of the four things viz., wine, meat, honey and the five kinds of Udamvara (fig) fruits. All moralists inculcate on the avoidance of intoxicating liquor; because it lowers the spiritual nature of man or 'unmans' him, so to say. The Jains, however, would bring in the

* Here the learned writer seems to have overlooked the Ahiṃsā vow of a layman and that of an ascetic. The ascetic only observes the full Ahiṃsā. Battles in self-defence and construction of Temples are the works of a layman only. Even layman would try his best to minimiae Hiṃsā and avoid intentional one altogether. Penance is not observed to cause injury to one self. No Kaṣāya stands in it. Hence no Hiṃsā. —General Editor.

principle of Ahiṃsā and in light of that principle would explain why wine should be avoided. They would say: Wine stupifies a man and a stupified man is prone to commit acts of violence; secondly, they would point out that in wine there abide numerous tiny animal cubs, so that a man drinking wine is guilty of killing innumerable creatures; thirdly a drunken man's heart becomes full of pride, anger, greed and other violent feelings. Intoxication is thus immoral because it is opposed to the practice of Ahiṃsā. In the case of meat, similarly, the Jains, would prohibit its eating, on the ground that it goes against the practice of nonviolence. One cannot get meat without killing an animal. It is well-known that the Buddhists also felt the force of this argument and were averse to killing animals for their food. They, however, had no objection to eating meat, provided the animal died of itself and was not designedly killed for the purpose of the dish. The Jains, however, point out that innumerable animal cubs live in the joints and other parts of an animal's body; various other small creatures are generated in various parts of the body of the animal, as soon as it dies. Accordingly killing of innumerable animal cubs and consequent violence is involved in the eating of meat, even though the animnl died of itself. In the case of honey, the Jains say that you cannot get honey from a bee-hive without killing or maiming the bees. In honey, again, there live innumerable invisible creatures. The Jains contend accordingly that the drinking of honey is against the practice of strict non-violence. The fig fruits are similarly said to be the abodes of numerous tiny creatures, so that one is bound to kill them, who eats the fig-fruits. Eating of fig-fruit thus opposes the practice of Ahiṃsā. All acts which are condemned in the Jain scriptures are thus shown to be bad, for the reason that they go against the principle of non-violence. Reasoning may appear to be strained in some cases but the vitimince with which the Jains apply the standard of Ahiṃsā, even in those cases, shows that Ahiṃsā or non-violence is with them the supreme moral standard, which should be the measure of all our moral acts.

जैन साहित्य और कला !



मथुरा कंकाली टीलासे प्राप्त कलापूर्ण आयागपट्ट !

(कुशन-काल)

JAINA LITERATURE AND ART.

❀ ❀ ❀

" सबही विषयके शास्त्र थे शोभित यहां भंडारमें,
नहिं अन्य उनकी जोडके थे ग्रन्थ इस संसारमें।
निज २ विषयमें एकसे बढ कर यहां पर ग्रन्थ थे,
पढ कर उन्हें मानव सदाही देखते निज पन्थथे॥ "

—जैन भारती।

❀ ❀ ❀

" As with everything else in life, the Jainas appear to have carried their spirit of acute analysis and asceticism into the sphere of art and architecture as well. "

* * * *

" ..... the Jainas distinguished themselves by their decorative sculpture, and attained a considerable degree of excellence in the perfection of their pillared chambers which were their favourite form of architecture. "

— Prof. S. R. Sharma.

जैन-विद्या।

(ले० श्री० डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल, एम. ए., डी. लिट्., नई दिल्ली)

जैन-साहित्य और कलाकी सामग्रीके आधारपर भारतीय संस्कृति और इतिहासकी सामग्रीका उद्धार जैन-विद्याका क्षेत्र एवं ध्येय होना चाहिये। पच्छिमी विद्वानोंने लगभग सौ वर्ष पहले बौद्ध साहित्यके उद्धार और प्रकाशनकी ओर ध्यान दिया। उसी सिलसिलेमें बौद्ध धर्म सम्बन्धी कला-सामग्री काभी प्रकाशन और अध्ययन शुरू हुआ। उससे भारतीय इतिहास और संस्कृतिके बहुतसे नये पर्दे खुल गए। बौद्ध-विद्याका साहित्य अब इतना बढ गया है कि उससे एक जन्ममें पार पाना मुश्किल है। उस साहित्यके छिपे हुए अनमोल ग्रन्थ चीन, बर्मा, सिंहल, स्याम, तिब्बत, काश्मीर, मध्यएशिया आदि देशोंसे प्राप्त हुए हैं। सुदूर मंगोलिया, कोरिया, जापाननेभी बौद्ध साहित्यके पुनरुद्धारमें अपनी भेंट चढाई है। बौद्धकलाकी सामग्री भी खोजते-खोजते एशिया-भूखंडके बहुत बडे भागमें छाई हुई मिली है। बौद्ध-विद्याकी अनेक छोटी-बडी धाराओंने मिलकर भारतीय संस्कृतिकी महागंगाका जी खोलकर विस्तार किया है। भारतकी संस्कृति अपने इस रूप-संपादनसे आज बहुत कुछ जगमगा उठी है।

कर्तव्य कर्मका कुछ-कुछ वैसाही उद्देश्य और मार्ग जैन-विद्याके आगेभी बिछा हुआ है। जैन-विद्याका भविष्य महान् है। भारतीय संस्कृतिको उसकी देन बहुत बडी थी। भविष्यमें भारतीय संस्कृतिकी जानकारी जैन साहित्य और कलाकी सामग्रीसे कितनी बढाई जा सकती है इस प्रश्नके ठीक-ठीक उत्तरपरही जैन विद्याकी आनेवाली सफलता निर्भर करती है। बुद्धके समकालीन महावीरके समयसेही जैन साहित्यका आरम्भ माना जा सकता है। कहते हैं कि पाटलिपुत्रकी वाचना, माथुरी वाचना और वलभीकी वाचनामें जैन धार्मिक साहित्य या आगम साहित्यका रूप क्रमशः निश्चित हुआ[1] अर्ध मागधीके मूल आगम साहित्यके अतिरिक्त बौद्धोंकी अट्ठ कथाओंकी तरह जैनोंमेंभी धार्मिक ग्रन्थोंपर बहुतसीही विस्तृत चूर्णियों और टीकाओंका निर्माण एक हजार वर्षोंके लम्बे समय तक पहले प्राकृत और फिर संस्कृत भाषामें होता रहा। जिस जिस सालमें यह साहित्य बना उस-उस समयका सांस्कृतिक चित्र उस साहित्यमें अनायासही समाविष्ट हो गया है। भूगोल, संस्कृति, सामाजिक रहन सहनके हर पहलू पर जैन 'साहित्य' प्रकाशकी नई किरणें फैलाता है। रायपसेनियसूत्रमें बडे विस्तारसे एक देवविमान और स्तूपकी रचनाका वर्णन किया गया है। ऐसा जान पडता है जैसे लेखकने सांची-मथुराके स्तूपोंका, उनकी वेदिकाओं और तोरणोंका आंखों देखा वर्णन किया हो। साहित्य और कला दोनों एक दूसरेका रूप उजागर करते जान पडते हैं। प्राचीन स्तूपके सांगोपांग वर्णनकी ऐसी बढिया सामग्री भारतीय साहित्यमें अन्यत्र कहीं नहीं है। इसी ग्रन्थमें प्राचीन नाट्य-विषय परभी अनमोल मसाला है। महावीरके जीवन-चरितको नृत्य प्रधान नाट्य (डांस–ड्रामा) में

१. यह श्वेताम्बर जैन साहित्य था। दिगम्बर मान्यताके अनुसार आगम ग्रन्थ पूर्णरूपमें अनुपलब्ध हैं। —का० प्र०

कैसे उतारा गया और उसके साथ नृत्यके कितने भिन्न-भिन्न रूपोंका प्रदर्शन किया गया, इसको पढते-पढते ऐसा लगता है मानों हम प्राचीन भारतके किसी प्रेक्षागारमें जा बैठे हों जहां चाक्षुष यज्ञके रूपमें नाटकका विस्तार हो रहा हो और जिसमें कलाके अनेक चिन्होंको नृत्यके रूपमें उतारा जा रहा हो। एकसौ आठ देवकुमार-देवकुमारियां सूर्याभ देवकी आज्ञासे बत्तीस प्रकारकी नाट्य विधि (बत्तीसइ–बद्ध णट्ट विहि) का प्रदर्शन करती हैं। इसके अन्तके कार्यक्रममें केवल महावीरके जन्म, अभिषेक, बालभाव, यौवन, कामभोग, निष्क्रमण, तपश्चरण, ज्ञानोत्पत्ति, तीर्थ-प्रवर्तन और परिनिर्वाणका अभिनय किया गया। शेष इकत्तीस प्रविभक्तियोंमें प्राचीन भारतीय गीतवाद्य नाट्यका उदार प्रदर्शन सम्मिलित था। उदाहरणके लिये पहले विभागमें स्वस्तिक, श्रीवत्स, नन्द्यावर्त, वर्धमानक, भद्रासन, कलश, मत्स्ययुग्म, दर्पण इन आठ मांगलिक चिन्होंका आकार-अभिनय दिखाया गया जिसे मंगल भक्तिचित्र कहते थे। इसमें नाट्यविधिसे इन वस्तुओंका स्वरूप प्रतिपादन प्रेक्षकजन समूहके सम्मुख किया जाता था। दूसरे भक्तिचित्रमें आवर्त प्रत्यावर्त, श्रेणि-प्रश्रेणि, स्वस्तिक, पुष्पमाणवक, वर्धमानक, मत्स्याण्डक, मकराण्डक, पुष्पावलि, पद्मपत्र, सागरतरंग, वासन्ती-लता, पद्मलता आदि अभिप्रायोंका नाट्यके द्वारा रूप खडा किया गया। श्रेणि-प्रश्रेणिको प्राकृतमें सेढि-पसेढि कहा गया है। नृत्यमें सेढि या सीढीकी रचना किस प्रकारकी होती होगी इसका एक उदाहरण भरहुतसे मिले हुए एक शिलापट्टके दृश्यमें पाया जाता है, इस समय वह इलाहाबाद संग्रहालयमें है। इसमें एक प्रस्तार (पिरेमिड) का निर्माण किया गया है, नीचेकी पंक्तिमें आठ अभिनेता हाथोंको कन्धोंके ऊपर ऊठाए हुए खडे हैं, दूसरी पंक्तिमें चार व्यक्ति हैं, जिनमेंसे हरएकके पैर नीचेवाले दो व्यक्तियोंके हाथों पर रुके हैं, तीसरी पंक्तिमें दो व्यक्ति हैं और सबसे ऊपर केवल एक पुरुष उसी प्रकार अपने हाथ ऊंचा किये हुए खडा है। नाट्यके ये प्रकार विशाल भारतीय जीवनके अंग थे, जैन-बौद्ध हिन्दूकी धार्मिक पर्चियां उनके साथ नत्थी नहीं की जा सकतीं। तभी तो यह सम्भव है कि वस्तुका नामोल्लेख जैन साहित्यमें मिले और उसका कलागत चित्रण बौद्ध स्तूपमें प्राप्त हो। बत्तीसी नाट्यविधिकी तीसरे भक्तिचित्रमें ईहामृग, ऋषभ, तुरग, नर, मकर, विहग, व्याल, किन्नर, रुरु, शरभ, चमर, कुंजर, वनलता, पद्मलताका रूपविधान अभिनयमें उतारा गया। चौथी भक्ति (अंग्रेजी मोटिफ) में तरह-तरहके चक्रवाल या मंडलोंका अभिनय किया गया। मथुराके जैन स्तूपसे प्राप्त आयागपट्टोंपर इस प्रकारके चक्रवाल बने हुए मिले हैं जिनमें दिक्कुमारियां मंडलाकार नृत्य करतीं हुई दिखाई गई हैं। इस देशमें साहित्य और कला सदा हाथमें हाथ मिला कर पग रखते रहे हैं। प्रत्येक युगमें वे एक दूसरेकी व्याख्या करते हुए पाए जाँयगे। पांचवी आवलि प्रविभक्तिमें चन्द्रावली, सूर्यावली, वलयावली, हंसावली, एकावली, तारावली, मुक्तावली, कनकावली, रत्नावली–इन स्वरूपोंका चित्र प्रतिपादन किया गया। छटी विभक्तीमें सूर्योदय और चंद्रोदयके बहुरूपी उद्गमनोद्गमनोंका चित्रण किया गया। भारतीय आकाशमें सूर्य और चन्द्रका उगना प्रकृतिकी अति रमणीय घटनाऐं हैं, जिनके दर्शनके लिये मनुष्यही क्या देवोंके नेत्रभी ललचौंहे बन सकते हैं। कवि और साहित्यकार अनेक ललित कल्पनाओंके भाव सुन्दर शब्दावलीका उपहार इनके लिये अर्पित करते रहे हैं। अपने सूर्यो-

द्रम और चन्द्रोद्गमके अपरिमित सौन्दर्यको हमें जीवनकी भागदौडमें भूल न जाना चाहिए। बत्तीसी नाट्यविधिको जन्म देनेवाले नाट्याचार्योंके मन उसकी ओरसे अवश्य जागरूक थे। विशाल गगनांगणमें सोनेके रथ पर बैठे हुए उषःकालीन सूर्य समस्त भुवनको आलोक और चैतन्यके नवीन मंगलसे प्रतिदिन भर देते हैं; कितने पक्षी अपने कलरवसे उनका स्वागत करते हैं, कितने पुष्प उनके दर्शनके लिये अपने नेत्र उघाडते हैं, कितने चराचर जीव उनकी प्रेरणासे जीवनके सहस्रमुखी व्यापारोंमें प्रवृत्त हो उठते हैं—इसकी कल्पना सूर्योद्गमके नाट्याभिनयमें मूर्तिमती हो उठती थी। चन्द्रसूर्यके आकाशमें उगने, चढने, ढलने और छिपनेका पूरा कौतुक नृत्यमें उतारा जाता था। इन्हें क्रमशः उद्गमनप्रविभक्ति, आगमनप्रविभक्ति, आवरणप्रविभक्ति और अस्तमयनप्रविभक्ति नाट्यविधि कहा गया है। तदनन्तर चन्द्रमंडल, सूर्यमंडल, नागमंडल, यक्षमंडल, भूतमंडल प्रविभक्तिका अभिनय हुआ। ग्याहरवें स्थान पर ऋषभ ललित, सिंह ललित, हयविलम्बित, गजविलम्बित, हयविलसित, गजविलसित, मत्तहयविलसित, मत्तगजविलसित, मत्तहयविलम्बित, मत्तगजविलम्बित आदि आकृतियोंसे सुशोभित द्रुतविलम्बित नामक नाट्यविधिका प्रदर्शन किया गया। पुनः सागर-नागर प्रविभक्ति, नंदा-चम्पा प्रविभक्ति, मत्स्यांडक-मकरांडक प्रविभक्तिका अभिनय हुआ। इनमेंसे अधिकांश नामोंका यथार्थ स्वरूप इस समय स्पष्ट नहीं होता परन्तु सम्भव है विशाल जैन साहित्यके किसी भागमें उनका वर्णन बचा रह गया हो। इसके बाद पांचों वर्गोंके पच्चीस वर्णोंका नृत्यमें रूपचित्रण किया गया। इसे वर्गक्रमसे ककार-खकार गकार-घकार-ङकार प्रविभक्ति आदि कहा गया है। तदनन्तर अशोकपल्लव, आम्रपल्लव, जम्बुपल्लव, कोशाम्बपल्लवकी आकृतियोंको नाट्यमें दिखलाया गया। पुनः पद्मलता, नागलता, अशोकलता, चम्पकलता, आम्रलता, वासन्तीलता, वनलता, कुन्दलता, अतिमुक्तकलता, श्यामलता इनके स्वरूपका चित्रण अभिनयके द्वारा किया गया जिसे लताप्रविभक्ति नामक इक्कीसवीं नाट्यविधि कहा गया है। इसके अनंतर द्रुत, विलम्बित, द्रुतविलम्बित, अंचित आदिक दस प्रकारके गति-नृत्योंका प्रदर्शन किया गया। अन्तमें मुख्य विषय, अर्थात् महावीरकी जन्मसे निर्वाण पर्यन्तकी लीलाओंके अभिनयका प्रदर्शन किया गया। पुनः देवकुमार और देवकुमारियोंने मिलकर बत्तीसिया नाट्यविधिकी परिसमाप्तिकी सूचना देनेके लिये मंगलात्मक चार प्रकारके बाजोंको बजाया और चार प्रकारके गानका प्रदर्शन किया। इस प्रकार नृत्य गीत वादित्र और अभिनयके मनोभिराम प्रदर्शनका वह आयोजन सम्पन्न हुआ।

कुछ विस्तारके साथ उद्धृत किए हुए इस प्रकरणसे यह बात निश्चित रूपसे प्रकट हो जाती है कि जैनागम साहित्यमें और उसकी बडी बडी टीकाओंमें भारतीय संस्कृतिके उद्घाटनके लिए कितनी बहुमूल्य सामग्री विद्यमान है। अभी तक व्यवस्थित रूपसे इस सामग्रीके अध्ययन, संकलन, विवरण और प्रकाशनकी परिपाटी विद्वानोंमें प्रवर्तित नहीं हुई, परन्तु यदि एक बार यह सिलसिला चल पडेगा तो हम देखेंगे कि जैनविद्या भारतीय संस्कृति और इतिहासके लिए कामधेनुकी तरह हमारी आशाओंको पूरा करेगी। रायपसेनिय ग्रन्थके इसी प्रकरणमें प्राचीन भारतीय बाजोंकी लम्बी सूची दी गयी है, जैसे शंख, शंखिका, शृंग, खरमुखी, पेया, परिपिरिया (मुहंका बाजा),

पशाब, पटह, भम्भा (ढक्का), होरम्भा (महाढक्का), भेरी, झल्लरी, दुन्दुभी, मुरुज, मृदंग, नन्दि मृदंग (एक ओर संकरा एक ओर चौडा मुरुज), आलिंग्यंक (एक प्रकारका मुरुज), कुस्तुम्ब, गोमुखी, मर्दल (दोनो ओर बराबर मुंहवाला), विपंची (तीन तारकी वीणा), बल्लकी, भ्रामरी, षड्भ्रामरी, परिवादिनी, महती, कच्छपी, चित्रवीणा, शंझा, नकुल, तूणा, तुम्बवीणा, मुकुन्द (एक प्रकारका मुरुज), हुडुक्का, चिविक्की, करटी, डिंडिय, किणित, कडम्ब, दर्दरक, दर्दरिका, कलश, ताल, कांस्यताल, रिंगीरिसिका, मकरिका, शिशुमारिका, वंशी, बाली, परिल्ली। इस सूचीमें जिन बाजोंके नाम आए हैं उनमेंसे प्रत्येकका अपना एक इतिहास होना चाहिए। भारतीय संगीत और बाजों पर काम करनेवाले विद्वान्के लिए यह सामग्री अनमोल कही जा सकती है। भारतीय शिल्प-कलामें इनमेंसे अनेक बाजोंका चित्रण आया होगा उनकी पहचान और ब्यौरेवार अध्ययन पूरे शोध निबंधका विषय है। फ्रेंच भाषामें मार्शल-डुबुआने अभी हालमें प्राचीन भारतीय बाजों पर बहुतही सुन्दर साचित्र पुस्तक लिखी।[1] उस प्रकार एक ग्रन्थ शीघ्रही हमारी भाषामें प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

जैन विद्वानोंकी साहित्यिक रचनाओंके द्वारा औरभी कई प्रकारकी भारतीय संस्कृतिकी सामग्रीकी रक्षा हुई है। जैन भण्डारोंमें बहुतसे अलभ्य ग्रंथ सुरक्षित रह गए हैं। पाटन और जेसल-मेरके भण्डारोंकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। पुरातन प्रबन्ध, विज्ञप्ति-पत्र, ऐतिहासिक-गीत, रास-ग्रन्थ, इन सबमें इतिहास-शोधनकी सामग्री मिल सकती है। लेकिन दो दिशाओंमें जैन-विद्याके लिए अभीभी अपरिमित क्षेत्र खुला है। इनमेंसे प्रथम तो भिन्न भिन्न विषयों पर जैन विद्वानों-द्वारा लिखे हुये फुटकर ग्रंथ है। इसके अंतर्गत गणित, ज्योतिष, वास्तु आदि विषयोंके ग्रन्थ हैं। कभी कभी इस क्षेत्रमें विलक्षण सामग्री उपलब्ध हो जाती है। अभी हालमें अलाऊद्दीन खिलजीके सम-कालीन उनकी टकसालके अध्यक्ष श्री० ठक्कुर फेरूके ग्रन्थोंका परिचय प्रकाशित हुवा है। ठक्कुर फेरू प्रतिभाशाली लेखक थे। मध्य-कालीन वास्तु-विद्या पर उनका वास्तु-शास्त्र नामक एक ग्रन्थ छप चुका है। लेकिन अभी हालमें पुराने सिक्कों पर लिखी हुई द्रव्य-परीक्षा नामक उनकी एक दूसरी पुस्तकका परिचय मिला है। इस पुस्तककी एक प्रतिलिपि श्री० अगरचन्द्रजी नाहटाकी कृपासे हमारे देखनेमें आई। इस पुस्तकमें लगभग आठसौ ईसवीसे लेकर तेरह सौ तकके भारतीय सिक्कोंके नाम, तोल और मूल्यका बहुतही प्रामाणिक वर्णन किया गया है। भारतीय-मुद्राशास्त्रके इतिहासमें इस प्रकारकी कोई पुस्तक कभी पहले देखनेमें नहीं आई। ठक्कुर फेरूकी अपने देशवासियोंके लिए यह अनुपम देन है और जिस दिन इस ग्रन्थका विस्तृत सचित्र संस्करण प्रकाशित होगा उस दिन हम इस महान लेखककी कृतिके महत्वको समझ पाएंगे।

परन्तु इन सबसे बढ कर एक दूसरे क्षेत्रमें जैनविद्याका सर्वोपरि महत्व हमारे सामने आता है और वह है भाषा-शास्त्रके क्षेत्रमें। भारतकी प्रायः सभी प्रान्तीय भाषाओंका विकास अपभ्रंशसे

---

1. LES Instruments De Musique De L'Inde Ancienne by Claudie Marcel-Dubois.

हुआ है। जैन साहित्यमें अपभ्रंश भाषाके ग्रन्थोंके मानो भण्डार भरे हैं। अभी बीसियों वर्ष तो इस साहित्यको प्रकाशित करनेमें लगेंगे। लेकिन जोभी ग्रन्थ छप जाता है वहभी हिन्दी-भाषाकी उत्पत्ति और विकासके लिए बहुतसी नई सामग्री हमारे लिए प्रस्तुत करता है। हिन्दी भाषामें एक एक शब्दकी व्युत्पत्ति खोज निकालनेका बहुत बडा काम अभी शेष है। व्याकरणकी दृष्टिसे वाक्योंकी रचना और मुहावरोंके आरम्भका इतिहासभी महत्वपूर्ण है। इसके लिए अपभ्रंश साहित्यसे मिलने-वाली समस्त सामग्रीको तिथि क्रमके अनुसार छांटना होगा और कोश और व्याकरणके लिए उसका उपयोग करना होगा। अभी पूरी तरहसे यह अनुमान लगाना कठिन है कि अपभ्रंश साहित्यकी कृपासे हिन्दीका कितना अधिक उपकारसंभव है। यह कहा जा सकता है कि अपने भूत कालसे जीवन, रहन-सहन और भाषाका जो उत्तराधिकार हमें मिला है उस पर अपभ्रंश कालका एक खोल चढा हुआ है। इतिहासकी अपभ्रंशकालीन तहमें हमारी भाषा और रहन-सहनके जो सूत्र हैं उनका उद्‌घाटन अपनेही विकासको समझनेके लिए अत्यन्त आवश्यक है। आजसे पच्चीस वर्ष पहिले अपभ्रंश साहित्यकी इस बहुमूल्य निधिका किसीको ध्यान या परिचय न था; लेकिन आज तो ऐसा जान पडता है कि हमारे साहित्यके कोठार इस नई सामग्रीके आ जानेसे माला-माल हो गए हैं। हिन्दी जगत्‌के बहुसंख्यक विद्वानोंको और प्रकाशकोंको अपने समय, परिश्रम और धनकी शक्ति इस ओर लगानी होगी तब कहीं हम अपभ्रंश साहित्यके इस सम्पत्तिको अधिकारमें ला सकेंगे।

बौद्ध साहित्यसे भारतीय संस्कृतिको अपिरमित लाभ हुआ। एक प्रकारसे बौद्ध साहित्यने भारतीय संस्कृतिको विश्वसंस्कृतिके ऊंचे आसन पर बिठा दिया। जैन साहित्यकी सहायतासेभी भारतीय संस्कृतिको नया प्रकाश प्राप्त होनेकी आशा और सम्भावना है।

———

'त एव कवयो लोके त एव च विचक्षणाः।
येषां धर्मकथां गत्वं भारती प्रतिपद्यते॥
धर्मानुबंधिनी या स्यात्कविता सैव शस्यते।
शेषा पापास्रवा यैव सुप्रयुक्तापि जायते॥'

—श्री जिनसेनाचार्यः।

सन्त-साहित्य और जैन अपभ्रंश ग्रंथ।

(ले० श्री० आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, एम.ए., शान्तिनिकेतन)

सन् ईसवी की नवीं दसवीं शतब्दीके आसपास जो विशिष्ट धर्ममत उत्तर भारतमें प्रचलित हुआ उसका परवर्तीरूप हिंदी साहित्यका निर्गुण मत है। इसके विकास और उद्भवके अध्ययनके लिये अबभी पर्याप्त परिश्रम नहीं किया जाता और न सामग्रीही बहुत अधिक उपलब्ध हो सकी है। इस विषयके अध्ययनके लिये बौद्ध सहजयानी साधकोंकी रचनाएं, नाथ और निरञ्जनी सिद्धोंके पद और दोहे आदिको तो अब आवश्यक और अपरिहार्य समझा जाने लगा है; लेकिन अबभी उस विशाल जैन साहित्यकी ओर दृष्टि नहीं दी गई है जिसमें इस विषयके अध्ययनके लिये निश्चयही अनेक ग्रन्थ मिलेंगे। अभी केवल दो तीन पुस्तकें ऐसी प्रकाशित हुई हैं जिनसे इस विद्या पर कुछ प्रकाश पडता है। जोइन्दुका परमात्मप्रकाश और योगसार नामक ग्रन्थ हालही श्री आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय महाशयके सम्पादकत्वमें बंबईसे प्रकाशित हुए हैं। परमात्मप्रकाशकी हिंदी टीका पं० दौलतरामने और योगसारका हिंदी अनुवाद पं० जगदीशचंद्र शास्त्रीने किया है। इससे पूर्वही कारंजासे डा० हीरालाल जैनके सम्पादकत्वमें मुनि रामसिंह विरचित पाहुड दोहा प्रकाशित हो चुका है। इन पुस्तकोंमें उस युगकी तांत्रिक और शैव रचनाओंमें पाई जानेवाली अनेक विशेषताएं ज्यों की त्यों पाई जाती हैं। बाह्याचारका विरोध, चित्तशुद्धि पर जोर, समाधी भाव, स्वसंवेदन आनंदकी अनुभूति, अक्षय-निरंजन-ज्ञानमय-शिवकी प्राप्ति पर विश्वास आदि बातें इन रचनाओंमेंभी पाई जाती हैं। उन दिनोंके नाथ पंथियोंमें यह प्रसिद्ध सिद्धान्त प्रचलित था कि 'ब्रह्माण्डवर्तियत् किंचित्तत्पिण्डेऽप्यस्ति सर्वथा', जिसे परवर्ती कालमें कबीर और नानक आदि सन्त महात्माओंने 'जोइ जोइ अंडे; सोई ब्रह्मण्डे' कहा था, उसकाभी आभास इन ग्रन्थोंमें मिल जाता है। सहज साधकोंमें शरीरकोही सब सिद्धियोंका आश्रय माननेकी जो प्रवृत्ति थी उस पर मृदु कटाक्षभी इनमें मिलता है। इस प्रकार के ग्रन्थ दसवीं शताब्दीके आसपास प्रचलित धर्मविश्वासोंके अध्ययनके बहुत महत्वपूर्ण साधन हैं। यह सत्य है कि जैन साधकोंका 'परमात्मा' नाथ या निरंजनी साधकोंके 'परमात्मा' से थोडा भिन्न है। जैनधर्मके अनुसार प्रत्येक आत्मा परमात्मा हो सकता है, कर्मबंधके कारणही वह आत्मा है। तप और ध्यानके मार्ग पर चल कर वह 'परमात्मा' बन जाता है। ऐसे 'परमात्मा' अनेक हैं। नाथपंथी, शाक्त सेवक और निरंजनी आदि सन्त अद्वैतवादी हैं। वे मानते हैं कि ज्ञानप्राप्तिके बाद जब कर्मबंध जन्म आवरण मुक्त हो जाता है तो जीव शिवमें मिल जाता है। परशुराम कल्प सूत्र १.५ में कहा गया है कि शरीरके कंचुक (आवरण) धारण करने पर शिवही जीव हो जाता है और निष्कंचुक होने पर जीवही शिव हो जाता है। परन्तु इससे व्यवहारमें कोई विशेष अन्तर नहीं पडता। साधारण जनता इस पचडेमें नहीं पडना चाहती कि मुक्त

होनेके बाद यह आत्मा अनेक परमात्माओंमें से एक होकर बना रहेगा या किसी एकही परमात्मामें विलीन हो जायगा।

परवर्ती कालके हिंदी साहित्यमें जो देवालयों, तीर्थों और शास्त्रोंके पठनकी ओरसे साधक को हटा कर अपनेही भीतर स्थित परमतत्वकी ओर देखनेका बराबर उपदेश दिया गया है वह बहुत सुंदर और सरस ढंगसे इन जैन साधकोंकी रचनाओंमें प्राप्त होता है। मुनि रामसिंह कहते हैं कि 'देवालयमें पाषाण है, तीर्थमें जल है और पोथियोंमें कल्पना-विलासी काव्य हैं—ये सब नश्वर हैं। जो फूलता है वह झडनेको बाध्य है, जो झडता है वह नष्ट हो जाता है, इंधन बन जाता है'—

देवलि पाहणु तित्थि जलु,
पुत्थइं सव्वइ कव्वु।
वत्थु जुदीसइ कुसुमियउ
इंधणु होसइ सव्वु।

(पाहुड दोहा, १६१)

'अरे ओ योगी, जिसके हृदयमें वह एक देवता नहीं निवास करता जो जन्म और मरणसे परे है, वह परलोकको कैसे पा सकता है?'

जोइय हियडइ जासु णवि
इक्कु ण णिवसइ देउ।
जन्मम्मरणविवज्जियउ,
किम पावइ परलोउ॥

(वही १६४)

जोइन्दु कहते हैं कि देवता न तो देवालयमें हैं, न शिलामें हैं, न चंदनादि उपलेपनोंमें हैं और न चित्रमें हैं। वह अक्षय-निरंजन ज्ञानघन शिव तो 'समचित्त' में निवास करता है!—

देउ ण देउले ण वि सिलए
णवि लिप्पइ ण वि चित्ति।
अखउ णिरंजणु णाणमउ
सिउ संठिउ समचित्ति॥

(परमात्म प्रकाश १.१२३)

ब्रह्मदेवने अपनी वृत्तिमें इस दोहेमें आए हुए 'समचित्त' शब्दका लक्षणके रूपमें एक पुरानी कारिका इस प्रकार उद्धृत की है—

सम सत्तुमित्तवग्गो
समसुहदुक्खो पसंस णिंदसमो

समलोह्र कंचणो विय
जीविय मरणो समो समणो।

अर्थात् वह श्रमणही 'सम' कहा जाता है जिसके लिये शत्रु और मित्र, सुख और दुःख, प्रशंसा और निंदा, लोहा और सोना, जीवन और मरण समान हों। परन्तु परमात्मप्रकाशमें एक दोहा इस दोहेके आगे पाया जाता है जिसमें समचित्तकी व्याख्या करनेका प्रयास जान पडता है। ब्रह्मदेव (टीकाकार) ने इसे प्रक्षेपक माना है। प्रक्षेपक हो या न हो, दोहा काफी महत्वपूर्ण है—

मणु मिलियउँ परमेसरइ
परमेसरु वि मणस्सु
बीहि वि समरसि हूवाहँ
पुज्ज चढावउँ कस्सु।

[मन परमेश्वरसे मिल गया और परमेश्वर मनसे। दोनोंका समरसीभाव हो गया, फिर पूजा चढाऊं तो किसे चढाऊं।]

यह भाव उन दिनोंके शाक्तों और नाथ मतके सिद्धोंके भावसे हूबहू मिलता है। 'समरस होना' या 'सम्यरस्य भाव' उस युगकी साधनामें बहुत प्रचलित और व्यापक शब्द है। समाधि-कालमें शिव और शक्तिका जो मिलन होता है उसे शाक्त साधक समरस्य भाव कहते हैं। पिंड और ब्रह्माण्डकी ऐक्यानुभूतिको नाथ साधक समरसीभाव कहते हैं। इस समरसके अनुभवसे योगनिष्ट व्यक्ति इतर बातोंसे बीतस्पृह हो जाता है। सिद्धसिद्धान्त सारमें कहा है—

समरस करणं वदाम्यथाहं
परमपदाखिल पिण्डयोरिदानीम्।
यदनुभवबलेन योगनिष्ठा
इतरपदेषु गतस्पृहा भवन्ति॥

और आगे चल कर उसी ग्रन्थमें जाबसंहितासे समरस होनेके विषयमें एक श्लोक उद्धृत करके बताया गया है कि उस अवस्थामें मन, बुद्धि, संवित्, ऊहापोह, तर्क आदि सब प्रशमित हो जाते हैं—

यत्रबुद्धिर्मनो नास्ति
सत्रसंवित् पराकला।
ऊहापोहौ न तर्कश्च
वाचा तत्र करोति किम्।

जान पडता है कि समरसभावसे जोइन्दुका कुछ ऐसाही मतलब था। उन्होंने उल्लासके साथ घोषणा की है कि बलिहारी है उस योगीकी जो 'शून्यपद' का ध्यान करता है और 'पर' (परमात्मा) के साथ समरसीभावका अनुभव करता है जिसमें न पाप है न पुण्य है—

सुण्णउँ पयँ झायंताहँ
बलि बलि जोइयडाहँ।
समरसि भाउ परेण सहु
पुण्णु वि पाउ णासहँ।

यह शून्य क्या है? मुनि रामसिंह बताते हैं। शून्य शून्य नहीं है। एक ऐसी अवस्था योगीको प्राप्त होती है जब वह त्रिभुवनमें केवल शून्यही शून्य देखता है, इस शून्य स्वभावको प्राप्त आत्मा पुण्य और पाप दोनोंको पचा डालता है--

सुण्णं ण होइ सुण्णं
दीसइ सुण्णं च तिहुवणे सुण्णं।
अवहरइ पाव पुण्णं
सुण्ण सहावें गओ अप्पा॥

उन दिनों इस प्रकारके योगीभी थे जो इस शरीरकोही समस्त सिद्धियोंका आश्रय समझते थे। जोइन्दुने उन योगियोंको संबोधित करके कहा है--

ऐ योगी इस घृणास्पद शरीरमेंही रममाण होकर तुम लज्जित क्यों नहीं करते। अरे भले मानस तू ज्ञानका उपासक है, धर्ममें प्रीति कर, आत्माको निर्मल बना--

जोइय, देहु घिणावणउ,
लज्जहि किं ण रमंतु।
णाणिय, धम्मे रइ करहि,
अप्पा विमलु करंतु

—प० प्र० २.१५१

अरे ओ योगी, देहकी साधना छोड दे, इससे तेरा भला नहीं होगा। देख, आत्मा इस देहसे भिन्न है, वह ज्ञानमय है, उसीको देख और समझ—

जोइय, देह परिचयहि,
देह ण भल्लउ होइ।
देह विभिण्णउ णाणमउ,
सो तुहुँ अप्पा जोउ॥

इस प्रकार उस युगकी साधनाके अध्ययनके लिये ये जैन ग्रंथ अत्यंतिक उपयोगी हैं। इनकी अधिकाधिक चर्चा वाञ्छनीय है।

जंबूस्वामीचरित।

(ले० श्री० प्रो० रामसिंहजी तोमर, एम. ए., शान्तिनिकेतन)

जंबूस्वामीके मनोरम चरित्रमें अनेक जैन कृतिकारोंको अपनी कल्पनाके लिए पर्याप्त क्षेत्र मिला है। जंबूस्वामी जैन संप्रदायमें अत्यंत प्रतिष्ठित अंतिम केवली माने जाते हैं। उनके वैराग्यपूर्ण जीवन की परिणतिको नाना कवियोंने नाना प्रकारसे वर्णित कर अपनी लेखनीको कृतकृत्य समझा है। प्रारम्भमें जंबूस्वामीका चरित्र कितने सरल और संक्षिप्त ढँगसे कवियोंने रचा था और क्रमशः उसका किस प्रकार विकास होता गया, कतिपय कृतियोंकी कथावस्तु पर विचार करनेसे स्पष्ट होगा।

जिनरत्नकोषमें अनेक जंबूके चरित्रसे संबंधित कृतियोंका उल्लेख किया गया है। सबसे पीछेका और जंबूकी कथा का विकसित रूप सं० १६३२ में रचित राजमल्लकविके जंबूस्वामीचरित को मान सकते हैं। जंबूकी कथा प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश तीनोंही भाषाओंमें मिलती है। जंबूकी कथाका सबसे प्राचीन रूप जिसमें कुछ साहित्यिकताभी है—वसुदेवहिण्डिमें प्राप्त होता है। वसुदेव-हिण्डि—प्राचीन जैन महाराष्ट्रीमें रचित सन् ई० की छठी शतीकी कृति है। इस महत्वपूर्ण कृतिके प्रारम्भमें जंबूका चरित्र दिया गया है। यह प्रकरण बहुत संक्षिप्त है, इसकी संक्षिप्त कथा इस प्रकार है—

राजगृहके श्रेष्ठि ऋषभदासकी पत्नी धारिणीके जंबू पुत्र थे। युवा होने पर सुधर्म स्वामीसे उन्होंने प्रतिज्ञा की कि वे आजन्म ब्रह्मचारी रहेंगे। वे अपने पितासे प्रव्रज्या लेनेका विचार प्रकट करते हैं। सभी जंबूके निर्णयसे आश्चर्यमें पड जाते हैं। उनके पिता ऋषभदास उनसे विषयोंका उपभोग कर लेनेके पश्चात् सुधर्मस्वामीसे दीक्षा लेनेको कहते हैं। किन्तु जम्बू अनेक दृष्टांत देकर पिताको निरुत्तर कर देते हैं। माताके कहने पर जंबूका आठ श्रेष्ठि कन्याओंसे विवाह हो जाता है। जंबूने इस बात पर विवाह किया था कि लग्नके पश्चात्ही प्रव्रज्या ले लेंगे।

जंबू जिस समय बालगृहमें नवविवाहित वधुओंके साथ रात्रिको थे उसी समय विद्याबलसे ताले खोलनेवाला तथा लोगोंको निद्रित कर देनेवाला चोर प्रभव आया। जंबूके ऊपर उस चोरकी किसी विद्याका प्रभाव नहीं हुआ क्योंकि वे प्रातःकाल सब कुछ त्याग कर प्रव्रज्या लेनेवाले थे और सुधर्म गणधरसे वे संसारविमोचनी विद्या ले चुके थे। प्रभव जंबूसे कुछ काल पर्यंत संसारके विलासों का उपभोग करके दीक्षा लेने को कहता है, जंबू संसारके स्वजनोंके कर्मानुकूल विचित्र संबंधोंका उल्लेख करके उसे समझाते हैं, जो एक जन्ममें माता है वही दूसरे जन्ममें पत्नी हो सकती है। प्रभव फिर कहता है कि विपुल धनका एक वर्षकी छै ऋतुओंमें उपभोग करके तब जंबूको प्रव्रज्या लेनी चाहिये। जंबू उससे कहते हैं कि धनका उपयोग उचित पात्रको दान देना है, उपभोग नहीं। फिर प्रभव जंबूको लोक धर्म-पालनकी प्रेरणा करता है और कहता हैं कि उन्हें पितृऋण चुकाना चाहिये। लोक-

धर्मकी असंगति बताते हुए जंबू सिद्धिसुखकी निरुपमेयता प्रतिपादित करते हैं। इस प्रकार जंबूकी दृढता देख कर प्रभव उनका शिष्य होना चाहता है और मोक्षमार्ग देखनेकी आकुलता प्रकट करता है। प्रातःकाल होतेही जंबू पूर्वनिश्चयके अनुसार अलंकृत होकर प्रव्रज्याके लिए चल पडते हैं और सुधर्मस्वामीके समीप जाकर प्रार्थना करते हैं :—'भयवं! नित्थारेहिं मं सह सयणेणं' (भगवन्! स्वजनसहित मेरा निस्तार करो।) और वे विधिपूर्वक दीक्षा लेते हैं। उनकी पत्नियाँ और माता सुव्रताके समीप शिष्या हो जाती हैं। प्रभवभी राजाकी आज्ञा पाकर जंबूका शिष्य हो जाता है।

कूणिकराजके प्रश्न करने पर सुधर्मस्वामी जंबूके पूर्वभवोंकी कथा कहते हैं। आज जनपदमें सुग्राम ग्राममें आर्यव नाम राष्ट्रकूट अपनी पत्नी रेवतीके साथ रहता था। भवदत्त और भवदेव दो पुत्र थे। भवदत्तने युवावस्थामेंही दीक्षा लेली थी। बहुत दिन पश्चात् भवदत्त साधुओं सहित अपने ग्रामके समीप से निकला और गुरुकी आज्ञा लेकर वह अपने भाईको देखने गया। भवदेवका विवाह हो रहा था, भाईसे मिलनेके लिए वह विवाह छोड कर चला आया। भवदत्त उसे अपने गुरुके पास लेगया और संकोचवश बडे भाईके वचनोंके अनुसार भवदेवने दीक्षा लेली। भवदत्त तो ब्रह्मचर्यादि व्रतोंका पालन करता हुआ बहुत काल पश्चात् अनशन करके समाधिको प्राप्त हुआ और इंद्रके समान देव हुआ। भवदेव अपनी पत्नीको भूल नहीं सका। अतः स्थविरोंको विना पूछे अपने ग्राम सुग्रामकी ओर पत्नीके दर्शन करने पहुँचा। ग्रामकी सीमा पर एक मंदिरमें एक साध्वी स्त्रीको ब्राह्मणीके साथ पूजाके लिए आते देख कर वहाँ वह विश्रामके लिए बैठ गया। श्राविकासे उसने अपने पिता आर्यव और माता रेवतीके विषयमें पूछा। श्राविकाने उत्तर दिया 'तेसिं बहू कालो कालगयाणं।' उनको बहुत काल हो गया। उदास होकर भवदेवने फिर पूछा— 'भवदेवस्स बहू नाइला जीवइ?' अर्थात् भवदेवकी वधू नागिल जीती है? श्राविकाने उत्सुक होकर प्रश्न किया कि वह भवदेवको कैसे जानता है और वहाँ क्यों आया है? भवदेवने अपना परिचय तथा आनेका विचार कहा। श्राविकानेभी अपना परिचय दिया कि वह भवदेवकी स्त्री नागिल है, बहुत समय तक भवदेवको न आता देख कर वह साध्वी होगई थी। विषयोंकी निस्सारता बताते हुए भवदेवको नागिलने समझाया। उसे प्रतिबोध हुआ और स्वजनोंका मोह छोड कर तपस्या करने लगा। कालांतरमें वह देह छोड कर इन्द्रके समान तेजवान् देवपदको प्राप्त हुआ।

दूसरे जन्ममें भवदत्तका जन्म पुंडरीकिणी नगरीमें राजकुलमें हुआ और सागरदत्त नाम रखा गया। भवदेवका जन्म वीतशोका नगरीके राजाके यहाँ हुआ, नाम शिवकुमार रखा गया। सागरदत्त विरक्त होनेके पश्चात् एक बार वीतशोका नगरी आया और शिवकुमारसे वहाँ भेंट हुई। शिवकुमारको पूर्वजन्मोंका स्मरण हो आया और उसने दीक्षा लेनेका निश्चय किया। राजाकी इच्छानुसार वह तप धर्मका पालन करता हुआ रहने लगा और इस प्रकार बारह वर्ष तपस्या की उसके पश्चात् वह इन्द्रके समान देव होकर ब्रह्मलोक कल्पको गया और अगले जन्ममें वही जंबूकुमार हुआ।

वसुदेव हिण्डिमें वर्णित जंबू चरित्रका यही संक्षिप्त रूप है। बीचबीचमें अनेक रोचक कथाऐं भी दी गई हैं, इतिवृत्तात्मक प्रधान इस अंशमें कविकल्पनाका प्रयोग कम मिलता है। कथा कहने

का सरस ढँग मिलता है। केवल कुछ छोटे छोटे वाक्यों द्वाराही रचयिताने मार्मिक माननीय रससे पूर्ण चित्र उपस्थित किये हैं। जैनेतर भारतीय साहित्यमें कहा जाता है कि लक्ष्मणकी स्त्री उर्मिला काव्यकी उपेक्षिता रही। उनके त्याग, तपस्या, मूक पतिनिष्ठासे प्रभावित होकर उनके चरित्रको काव्यका उपकरण बनाया गया है। जिस कौशलसे तपस्विनी नागिलका चरित्र वसुदेवहिण्डिमें प्रस्तुत किया गया है वह पाठकके हृदयमें समवेदना और करुण सहानुभूति उत्पन्न कर देता है। जिस समय विवाहका धार्मिक पक्षही संपन्न हो पाया था और भवदेव एक सामाजिक प्रथाका नव-वधूको आभूषण पहिनानेके रूपमें पालन कर रहा था उसी समय उसका बडा भाई भवदेव उसे बुलाता है। प्रेमपाशको एक ओर छोडकर भाईकी आज्ञानुकूल वह शिष्टाचारवश दीक्षा ले लेता है। नववधू प्रतीक्षा करती हुई अंतमें तपस्विनी हो जाती है। भवदेवके हृदयकी प्रेमवासना मिटती नहीं, वह प्रेमसे आकर्षित हुआ फिर नागिलको देखने जाता है किन्तु नागिल प्रेम दौर्बल्यसे बहुत ऊपर उठ चुकी थी और वह अपने पतिकोभी उचित प्रबोध देती है। साधारण विश्वास ऐसा बन गया है कि जैन साहित्यमें शुष्कता और वैराग्य है, स्त्री मात्रके प्रति उदासीनता है, नागिल जैसी साध्वी स्त्रियोंके करुण और आदर्श चित्र इसके प्रतिकार हैं। भवदेवकी इस जन्मकी दुर्बलता अगले जन्ममें दूर हो जाती है। राजप्रासादमें अनेक प्रकारके विलास और वैभवके साधनोंमें रहता हुआभी वह 'जलमें कमलवत्' व्यवहार करता है। सब दुर्बलताओंसे ऊपर उठ कर वह दृढ आचरणवाला हो जाता है और तभी वह जंबूके रूपमें अवतरित होता है। ब्रह्मचर्य और निवृत्तिका जंबू जैसे अन्य आदर्श कम मिलेंगे। वसुदेवहिण्डिकी कथा गद्यमें है, उसके रचयिताने प्रत्यक्ष रूपसे अपने उत्कृष्ट कथाचरित्रोंकी प्रशंसा नहीं की है लेकिन इस प्रकार व्यंजनात्मक ढँगसे पात्रोंका चित्रण किया है कि अपने आप उनकी विशेषताएँ स्पष्ट हो जाती हैं।

जंबूके चरित्रमें काव्य-विस्तारके लिए अनुकूल क्षेत्र देखकर अपभ्रंशमें वीर कविने (सं. १०७६ वि०) जंबूस्वामी चरितकी रचना की है। जंबूके चरितका पर्याप्त विस्तार इस कृतिमें किया गया है। रचयिताने स्वयं अपनी कृतिको शृंगार-वीर काव्य कहा है। कृति ग्यारह सन्धियोंमें विभक्त है। कथाका क्रम बिल्कुल स्वतंत्र है। मंगलाचरण, सज्जन-दुर्जन स्मरण आदिको प्रस्तावनाके रूपमें रख कर कृतिका प्रारम्भ महाकाव्यके समान किया है। दूसरी संधिसे कथाका प्रारम्भ किया गया है। जंबूके पूर्वभवोंका वर्णन किया गया है। भवदेवकी कथाका रूप वसुदेव हिण्डिकेही समान है। पिता माताके नामोंमें अन्तर है—आर्यक और रेवतीके स्थान पर श्रुतकंठ और[1] सोमशर्मा नाम हैं। श्रुतकंठकी करुण मृत्युका वर्णन बडा हृदयद्रावक है। नागवसु (नागिल) का चित्र उसी प्रकार करुण यहाँभी है। यथा उसकी क्षीणकाय दशाका चित्रण इस प्रकार है :—

ता एक्क खणंतरे तिय कोणंतरि दिट्ठ नियम-वय-खिन्न-तणु।
अणुहरइ विरूवहो सूलि णिरूवहो सुक्क कवोलहे तसइ जणु ॥ २.१६

---

१. आगे इसी संधिमें पिताका नाम आर्यवसु मिलता है—जब नागिलसे देवमंदिरमें भवदेव उसके विषयमें पूछता है।

चारित्रिक दृढताभी उसी प्रकार कविने चित्रित की है। सागरदत्त और शिवकुमारकी मूल कथा एकसी है। शिवकुमारकी चारित्रिक दृढताका कविने औरभी अधिक स्पष्ट वर्णन किया है। तरुणियों के पास रहते हुएभी वह निरासक्त रहता है :—

पासट्ठिओवि तरुणी णियरु, मण्णइ इवहिं पुंजिउव्व वयरु॥ ३.९.

दृढधर्म मंत्रीसुत द्वारा पारण करनेके लिए अन्न भिक्षा माँग कर लानेका उल्लेख दोनोंही कृतियोंमें हुआ है। इसी संधिमें विद्युच्चर नामक चोरका प्रवेश कराया गया है, वसुदेवहिण्डिमें यह चोर प्रभव नामसे आता है और अंतमें जंबूका शिष्य हो जाता है।

जंबूका चरित्र बिल्कुल स्वतंत्र ढँगसे चित्रित हुआ है। समुद्रदत्त श्रेष्टिकी चार कन्याओंसे जंबूका विवाह होता है। वसुदेवहिण्डिमें आठ सेठोंकी आठ कन्याओंके विवाहका उल्लेख है। सबसे विचित्र प्रसंग वीर कविकी कृतिमें जंबूके पराक्रम दर्शनके प्रसंग हैं और जिनके आधार पर कविने अपनी कृतिको श्रृंगार-वीर काव्य कहा है। चतुर्थ संधिमें उनके द्वारा एक भयंकर मत्त हाथीके परास्त होनेकी कथा कही गई है। पाँचवी संधिमें जंबू केरल जाते हुये दिखते हैं और वहाँ रत्न-शेखर विद्याधरसे युद्ध करते हैं। यह युद्ध तीन संधियोंमें चलता है, वीर, बीभत्स, अद्भुत आदि कई प्रसंग इस प्रकरणमें मिलते हैं। अंतमें जंबूका विवाह केरलकी राजकुमारीसे होता है। आठवीं संधिमें पूर्वभवोंका संक्षिप्त वर्णन दुहराया गया है। फिर प्रस्तावित विवाह पूरा होता है।

विवाहोपरान्त जंबूके हृदयमें वैराग्य उत्पन्न होता है। अनेक आख्यान कहकर उनकी पत्नियाँ उन्हें समझाती हैं। इसी समय अर्द्धरात्रिमें विद्या बलसे लोगोंको निद्रित करनेवाला तथा ताले खोलनेवाला चोर विद्युच्चर आता है। बडे नाटकीय ढँगसे उसका प्रवेश कराया गया है। जंबूकी माता अपना भाई कहकर जंबूसे उसका परिचय कराती है। विद्युच्चर अंतमें जंबूका शिष्य हो जाता है। जंबू, मातासहित प्रव्रज्या व्रत लेते हैं और पत्नियाँभी तपव्रत लेती हैं। विद्युच्चरका वर्णन अंतिम संधिमें किया गया है। सभी स्वर्गको जाते हैं।

वीरकी कृतिमें कथा ज्योंकी त्यों है, भाषा अपभ्रंश है, और काव्यात्मकता उसमें बहुत है। नागवसू, जंबू, विद्युच्चरके चरित्रोंका चित्रण बहुत सफलतापूर्वक किया गया है। सरल काव्यात्मक अनेक वर्णन कृतिमें मिलते हैं। कृतिका रूप महाकाव्यका रूप है। रचयिता दिगंबर संप्रदायके थे। अतः यह कथाकी एक धारा कही जा सकती है।

जंबूस्वामी चरितका तीसरा रूप हेमचंद्राचार्यके परिशिष्ट पर्वमें मिलता है। पहिले जंबूके पूर्व-भवोंकी कथा दी गई है और उसमें कोई अंतर नहीं है। जंबूका जन्म होता है और वीरकी कृतिके समानही जंबूका चार कुमारियोंसे विवाह होनेवाला था, उसी समय सुधर्मस्वामी आते हैं और जंबू आजीवन ब्रह्मचर्य पालनका व्रत ले लेते हैं। विवाह होनेके पश्चात् प्रभव और जंबूका संवाद वसुदेव-हिण्डिकेही समान है। जंबू और पत्नियोंका संवाद वीरकी कृतिके समान है। अनेक कथा और आख्यानोंकी सृष्टि हेमचंद्रकी है। अंतमें जब जंबूकी पत्नियाँ सब प्रकारसे जंबूको वैराग्य दीक्षाके लिए

दृढ देखती हैं तो वे स्वयंभी उसी प्रकार तप व्रत ले लेती हैं। चोर प्रभवभी अपने पिताकी आज्ञा लेकर तपव्रत ले लेता है। जंबू अंतमें निर्वाण पद प्राप्त करते हैं। हेमचंद्रकी कृति संस्कृत पद्यमें है। कथामें कोई अंतर नहीं मिलते। आख्यायिकाओंकी सुंदर सृष्टि हेमचंद्रने बहुत आकर्षक की है।

उपर्युक्त तीन जंबू चरित्र तीन भाषाओंमें है, तीनमेंसे दोमें कथा कहना प्रधान उद्देश्य लगता है, वीरकी अपभ्रंश कृतिमें काव्य सृष्टिकी ओरभी प्रयास है। अपभ्रंशके एक अन्य जंबूचरितकाभी उल्लेख बडौदासे प्रकाशित पत्तनस्थ भंडारकी ग्रंथसूचीमें मिलता है (पृ० २७१) विभिन्न लेखकों द्वारा प्रस्तुत इस तपस्वी चरित्रके विकासका अध्ययन मनोरंजक हो सकता है। जंबूके आदर्श चरित्र-की तुलना ब्राह्मण संप्रदायमें किससे हो सकती है, ढूंढना आसान नहीं है। जैन आदर्शवादमें रंगा यह चरित्र अपने आपमें अनुपम है।

जिनवाणी—वैशिष्ट्य।

कुमति कुरंगनिको केहरि समान मानी,
माते इभ[1] माथें अष्टापद हहरात है।
दारिद निदाघ[2] दार प्रावृट्[3] प्रचंड धार,
कुनै-गिरि-गंड खंड विज्जु घहरात है॥
आतमरसीको है सुधारसको कुंड वृन्द,
सम्यक महीरुहको[4] मूल छहरात है।
सकल समाज शिवराजको अजब जामें,
ऐसो जैन-वैनको पताका फहरात है॥

—कविवर वृन्दावनदासजी

---

१. हाथी. २. ग्रीष्मऋतु. ३. वर्षा. ४. वृक्षका.

जैन स्तूप और पुरातत्त्व।*

(ले० श्री० नीलकण्ठ पुरुषोत्तम जोशी, लखनऊ संग्रहालय)

अपने अपने प्रधान आचार्योंकी समाधियोंका पूजन प्रत्येक धर्म एवं संप्रदायमें अत्यन्त पवित्र कार्य माना जाता है। बौद्ध और जैन संप्रदायोंमें स्तूप निर्माण और पूजन इसी पद्धतिका प्रतीक है। मूलतः स्तूपोंका निर्माण, किसी आचार्य विशेषकी स्मृतिमें, किया जाता था। गौतम बुद्धके पाञ्च-भौतिक अवशेषों पर अष्टस्तूपोंका निर्माण किया जाना प्रसिद्धही है। उसके उपरान्तभी भिन्न भिन्न बौद्ध आचार्योंके अवशेषों पर स्तूप बनते रहे। परवर्ती कालमें इस पद्धतिका इतना अधिक प्रचलन हुआ कि स्तूपके आकारकाही पूजन पुण्यकार्य माना जाने लगा। फलतः लाखों और करोडोंकी संख्या में लाक्षणिक स्तूप (votive stupas) बनने लगे और स्तूप स्वयंही एक प्रकारकी देवप्रतिमामें परिवर्तित होगया। यही परंपरा हमें जैनोंमेंभी मिलती है। जैन और बौद्ध धर्म लगभग समकालीन होनेके कारण यह कहना कठिन है कि स्तूप-निर्माण-योजनाका उद्गम किस संप्रदायसे हुआ! जिस प्रकार आज बौद्ध स्तूप सारे भारतमें विद्यमान हैं उसी प्रकार एक समय जैन स्तूपभी थे परन्तु बौद्धोंकी परंपरा अक्षुण्ण बनी रही और जैनोंकी विलीन हो गई। इस लेखका विषय साहित्य और पुरातत्त्वकी सहायतासे एक समय भारतमें फैले हुए जैन स्तूपोंका संक्षिप्त अनुशीलन है।

'राजावलीकथा' में इस बातका उल्लेख मिलता है कि आचार्य भद्रबाहुके गुरु गोवर्धन महामुनि कोटिकापुरमें जम्बुस्वामिके स्तूपका दर्शन करनेके लिये अपने शिष्य समुदायके साथ गये थे।[१] यह तो दिगंबर और श्वेतांबर दोनोंहीको समान रूपसे मान्य है कि जम्बुस्वामि अन्तिम केवली थे और उनके बाद भद्रबाहु पांचवे श्रुतकेवली हुए हैं। आचार्य भद्रबाहु चन्द्रगुप्त मौर्यके दीक्षागुरु थे। इसलिये इनकाभी समय ई० पू० तृतीय शताब्दि था; अर्थात् इस कालसे कुछ पहिलेही कोटिकापुरमें जम्बुस्वामिका स्तूप रहा होगा।

भगवान महावीरके निर्वाणके पश्चात् पावापुरीमें देवोंद्वारा एक स्तूप निर्माणका उल्लेख जैन शास्त्रोंमें मिलता है;[२] परन्तु पुरातत्त्व इस विषयमें मौन है।

'तित्थोगाली पइण्ण्य' से इस बातका प्रमाण मिलता है कि एक समय पाटलिपुत्रभी जैन धर्मका प्रमुख केन्द्र था। नन्दोंने यहां पर पाँच जैन स्तूप बनवाये थे जिन्हें कल्कि नामक एक दुष्ट राजाने धनकी खोजमें खुदवा डाला था।[३] युवानच्वाँगनेभी पाटलिपुत्रके पास पश्चिममें पाँच स्तूप

---

* इस लेखके लेखनमें श्रीयुत कामताप्रसादजी जैनने मुझे अत्यधिक सहायता की है, अतएव मैं उनका चिरकृतज्ञ हूं।

१. B. Lewis Rice–Inscription at Śravan Belgola, p. 3.

२. पावापुरी तीर्थका प्राचीन इतिहास पृ० १.

३. तित्थोगाली पइण्ण्य–कल्किप्रकरण.

भग्नावस्थामें देखे थे। परन्तु उसने इन स्तूपोंको बौद्ध माना था।[४] किसी अबौद्ध राजा द्वारा उनके उत्खननकाभी वह उल्लेख करता है। पहाडपुरके ताम्रपत्रमें (ई० स० ४७९) आचार्य गुहनन्दिन और उनके शिष्य 'पंचस्तूपान्वयी' कहे गये हैं।[५] हो सकता है कि पटनेके प्राचीन पंचस्तूपोंके प्रश्रयमें जो संघ रहता था, वह नंदोंके उन प्राचीन पाँच स्तूपोंके कारण पञ्चस्तूपान्वयी कहलाता हो। नवनंद जैनधर्मावलंबी थे या नहीं यह हम नहीं जानते, हाँ इतना अवश्य ज्ञात है कि उनमेंसे किसीने कलिंगसे जिन-प्रतिमा लाकर अपने यहाँ रखी थी।[६] सम्भव है कि पूजनार्थही वह प्रतिमा वहाँ लाई गई हो। पाटलिपुत्रके उत्खननमें मौर्यकालीन स्तर पर कुछ चबूतरे ३०'×५' ४"×४½" के मिले हैं। डॉ० मोतीचन्द्रजीका अनुमान है 'कि इन लकडीके चबूतरोंका ठीक ठीक तात्पर्य क्या था यह कहना कठिन है, लेकिन यह सम्भव है कि इनका सम्बन्ध नन्दोंके स्तूपोंसे रहा हो।'[७]

जैनस्तूप अथवा जैनाचार्योंकी समाधियोंका उल्लेख हमें खारवेलके हाथीगुंफावाले लेखमेंभी मिलता है। इन समाधियोंको 'निसिदिया' या निषीदिकाएँ कहते थे। 'निषीधि' 'निशिद्धि' 'निषिद्धि' और 'निषिद्धिगे' इत्यादि एकही शब्दके भिन्न भिन्न रूप हैं।[८] इस प्रकारकी एक 'अर्हत् निसिदिया' खारवेलके समयमेंभी वर्तमान थी।[९] यह किसी अर्हत्के स्मरणार्थ निर्मित साधारण समाधि न होकर वस्तुतः स्तूपही था क्योंकि 'निसिदिया' शब्दका विशेषण 'काय' इस ओर संकेत करता है कि स्तूपमें किसी अर्हत्के, जिसके नामसे हम परिचित नहीं है पाञ्चभौतिक अवशेष अन्तर्निहित थे।[१०]

कलिंग देशमें लाक्षणिक जैन स्तूपोंकेभी होनेका प्रमाण हमें मिलता है। खण्डगिरीकी गुंफाओंमें जैन संप्रदायकी वस्तुएँ जैसे तीर्थंकर प्रतिमाएँ, त्रिशूल, स्वस्तिक, वेदिकास्तंभ इत्यादि पाई गई हैं परन्तु स्तूपोंको छोड कर कोईभी ऐसी वस्तु नहीं मिली है जो निश्चित रूपेण बौद्ध कही जा सके। अतएव ये स्तूपभी जैनस्तूपही होने चाहिये, बौद्ध नहीं।[११] इन वस्तुओंका यहाँ पाया जाना कोई आश्चर्यका विषय नहीं है क्यों कि कलिंग प्राचीन कालसेही जैन धर्मका केन्द्र बन चुका था।

जैन अनुश्रुतिके अनुसार तक्षशिलाभी इस संप्रदायका प्रमुख केन्द्र था। प्राचीन टीका साहित्य में इसे 'धर्मचक्रभूमि' कहा गया है।[१२] प्रभावक चरितमें मानदेव सूरिकी कथाके अन्तर्गत तक्ष-

---

४. Watts—On Yuan Chawang's Travels in India, p. 96.
५. Epigraphia India, Vol. XX pp. 59, line 6th.
६. Ibid pp. 71 Hāthīgumphā Inscription of Khāravel, line 12th.
७. डा० मोतीचन्द्र-'प्रेमी अभिनन्दन ग्रंथ' पृ० २३५.
८. Indian Antiquary Vol. XII pp. 202.
९. Epigraphia India, Vol. XX p. 71 Hāthīgumphā Inscription, line 14th.
१०. Chimmanlal Shah—Jainism in North India p. 182.
११. Ibid, pp. 157-158 and 248-49.
१२. बृहत्कल्पसूत्र १७-७४.

शिलाका वर्णन आया है।[१३] इस अनुश्रुतिके अनुसार तक्षशिला पर एक भयंकर तुरुष्क आक्रमण हुआ था, जिसके फलस्वरूप वह नगरी ध्वस्त कर दी गई। पुरातत्वविभाग द्वारा किये गये उत्खननसे यह सिद्ध होता है कि तक्षशिलाका प्राचीन कालसेही तीन भिन्न भिन्न स्थलों पर शिलान्यास हो चुका है। प्राचीनतम नगर आजके भीडके टीले पर था। दूसरा था तक्षशिलाका सिरकप नगर व तृतीय सिरसुख सिरकप नगर भारतीय-यूनानी राजाओं (Indo-Bactrian kings) द्वारा बसाया गया था। उसे ध्वस्त कर कुषाण नृपतियोंने सिरसुखकी स्थापना की। डॉ० मोतीचन्द्रने यह दिखलानेका प्रयत्न किया है कि तक्षशिला पर 'जैन अनुश्रुतिमें कथित आक्रमण ईसाकी पहली शताब्दिमें कुषाणों द्वारा किया गया था। अर्थात् इस आक्रमणके फलस्वरूप सिरकप नगर नष्ट कर दिया गया।[१४] इसी सिरकप नगरकी खुदाईमें हमें जैन मन्दिर व चैत्यके भग्नावशेष मिले हैं। इन चैत्य-स्तूपोंकी बनावट मथुराके अर्ध चित्रोंमें अंकित जैन-स्तूपोंसे बहुत मिलती जुलती है।[१५] यह आक्रमण ईसाकी प्रथम शताब्दिमें हुआ होगा। इससे पूर्व वहाँ पर जैनोंका अस्तित्व रहा होगा जो अनुश्रुति द्वारा प्रमाणित है।

कनिष्कके समय पेशावरमेंभी एक जैन-स्तूप था। धार्मिक होनेके कारण उसने स्तूपको एक बार प्रणाम किया परन्तु उसके प्रणाम करतेही स्तूप भग्न हो गया क्यों कि उसे राजाके प्रणाम करने का उच्च अधिकारही प्राप्त नहीं था।[१६] पुरातत्व इस जैन-स्तूपके विषयमें मौन है।

उत्तर भारतमें जैन स्तूपोंकी दृष्टिसे मथुरा अत्यन्तही महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ पर जैन अनुश्रुतियोंके साथ पुरातत्वभी हमारी महती सहायता करता है। व्यवहारभाष्य[१७] और विविध-तीर्थ[१८] कल्पमें मथुराके 'देवनिर्मित' स्तूपके विषयमें अनुश्रुतियाँ मिलती हैं। उनको देखने पर हम निम्नांकित महत्वपूर्ण बातें जानते हैं:—

१. देवगणोंने मथुरामें रत्नजटित सुवर्णके स्तूपकी रचना की। वह देवमूर्तियों, ध्वज, तोरण, मालाएँ व छत्रत्रयीसे अलंकृत था। उसमें तीन मेखलाएँ थीं। प्रत्येक मेखलामें चारो ओर देवमूर्तियाँ थी। इस स्तूपको देवनिर्मित कहा गया है।

२. इस स्तूपके कारण बौद्धों और जैनोंमें झगडा हुआ था। फलतः स्तूप पर बौद्धोंका छै महीने तक अधिकारभी था। अन्ततोगत्वा जैन विजयी हुए।

३. पार्श्वनाथके जन्म तक स्तूप अनावृत पडा था। पश्चात् इसे ईंटोसे ढँक दिया गया।

---

१३. प्रभावक चरित—मानदेव प्रबन्ध श्लोक २७ से आगे.

१४. डा. मोतीचन्द्र—प्रेमी अभिनन्दन ग्रंथ पृ. २४३.

१५. Sir John Marshall-Guide to Taxila, (Calcutta 1918 p. 72).

१६. G. K. Nariman—Literary History of Sanskrit Buddhism, Bombay 1923, p. 197 डॉ. मोतीचन्द्र द्वारा उद्धृत, प्रे. अ. ग्रं. पृ. २३८.

१७. व्यवहारभाष्य, ५. २७.२८.

१८. विविधकल्पसूत्र (सं. जिनविजय) पृ. १७-१८.

४. महावीरसे लगभग १३०० वर्षों पश्चात् बप्पभट्टीने स्तूप पर पत्थर लगवा कर उसका जीर्णोद्धार कराया।

अब हम कंकाली टीलेके उत्खननसे प्राप्त सामग्रीकी सहायतासे उपर्युक्त बातोंकी मीमांसा करनेका प्रयत्न करेंगे।

१. मथुराका जैन-स्तूप देवनिर्मित कहा जाता था, यह बात वहाँसे प्राप्त एक शिलालेखसे भी सिद्ध होती है।[१९] इसका नाम 'बोद्ध' स्तूप था। कंकाली टीलेसे जो आयागपट्ट तथा अन्य शिलाखण्ड प्राप्त हुए हैं, उनमेंसे कुछ पर छोटे आकारके स्तूप प्रदर्शित हैं।[२०] इनको देखकर हम बृहदाकार जैन-स्तूपोंके आकार प्रकारकी कुछ कुछ कल्पना कर सकते हैं। हम अभी देव-निर्मित स्तूपका वर्णन करते समय देख आये हैं कि देवताओंने तीन मेखलाओं वाले छत्र-त्रय, ध्वज, माला इत्यादिसे अंकित स्तूपका निर्माण किया था। उपर्युक्त शिलापट्टों पर पाये जानेवाले स्तूपोंमें अधिक तर दो मेखलाओंसे युक्त हैं। केवल एक स्तूप तीन मेखलाओंसे युक्त है।[२१] इस स्तूपका प्रदर्शनभी महत्वपूर्ण ढंगसे किया गया है। द्वार-तोरण पर अंकित इस स्तूपका पूजन करनेके लिये सुपर्ण और किन्नर आ रहे हैं। छत्रत्रयी किसीभी स्तूप पर नहीं है। सारे एकही छत्रसे शोभित हैं। वस्तुतः प्राचीन कालमें छत्रावली तो तीर्थंकर प्रतिमाओं परभी नहीं रहती थी। मध्यकालमें आकर छत्रावली की पद्धतिका प्रारंभ हुआ। विविधतीर्थकल्पभी जिसमेंसे स्तूपका वर्णन उद्धृत किया गया है विक्रम की चौदहवीं शताब्दिका ग्रन्थ है। अतएव उसमें उल्लेखित छत्र-त्रयीका प्राक्-कुषाण या कुषाण कालीन जैन-स्तूपों पर न पाया जाना कोई आश्चर्यकी बात नहीं। माला, देवमूर्तियाँ इत्यादिभी इन स्तूपों पर पाई जाती हैं।

'देवनिर्मित' शब्दके कारण कुछ विद्वानोंने इस स्तूपको प्राक्-मौर्यकालीन माना है।[२२] परन्तु पुरातत्वसे इसकी पुष्टिमें कोई प्रमाण नहीं मिलता। यदि ऐसा होता तो मौर्यकालके ध्वंसावशेष अवश्यही मिलते। परन्तु प्राप्त वस्तुओंमें लगभग सारी वस्तुएँ शुंग, कुषाण या उसके बादके कालकी हैं। हो सकता है कि देवों द्वारा मूल-स्तूप निर्माणवाली कथाके कारण तथा स्तूपको दैवी शक्तिसे युक्त अथच महत्वपूर्ण दिखलानेके लिये उसके नामके साथ देवनिर्मित विशेषण जोड दिया गया हो। इसी अर्थमें 'देव' शब्दका प्रयोग हम उस कालके व्यक्तिगत नामोंके साथभी पाते हैं। कुषाण नृपति अपनेको 'देवपुत्र' कहते थे, अशोकका 'देवानां प्रिय' नाम तो प्रसिद्धही है।

जैनों और बौद्धोंमें कुछ झगडा हुआ था इसकीभी पुष्टि पुरातत्वसे होती है। किसी तत्कालीन

---

१९. Smith—The Jain Stupa and other antiquities of Mathura, pl. VI, p. 12.

२०. Ibid plates, IX, XII, XV, XVII, XX Mathura Museum Guide Book Pl. Also Lucknow Museum exhibit No. J. 355.

२१. Ibid pl. XV, page 22.

२२. श्रीनागरजी—प्रेमी अभिनंदन ग्रंथ, पृ. २७२.

व्यक्ति या समूह द्वारा तीर्थंकर प्रतिमाओं तथा जैन कथाओंसे अंकित शिलापट्टोंको भग्न किये जानेके कई उदाहरण हमें प्राप्त हैं। कुछ पर तो लेख लिखे गये हैं[२३] और कुछको काँट-छाँट कर वेदिका-स्तंभ या सूचिकाओंमें[२४] परिवर्तित कर दिया गया है। हो सकता है कि अनुश्रुतिके कथनानुसार बौद्धोंकाही यह कार्य हो। स्वयं जैनोंद्वाराही उनकी पूजनीय परन्तु भग्न मूर्तियोंका इस प्रकार उपयोग किया जाना—जैसा कि स्मिथ साहबका कथन है[२५]—अधिक उपयुक्त नहीं जान पडता क्यों कि भारत वर्षमें खण्डित प्रतिमा या तो जल-प्रवाहित कर दी जाती है या किसी अन्य सुरक्षित स्थल पर रखी जाती है। उसका पुनर्उपयोग नहीं किया जाता।

३ व ४ के विषयमें निश्चितरूपसे कुछ नहीं कहा जा सकता। संभव है कि किसी समय स्तूप केवल ईंटोंकाही बना हो जैसे अशोककालीन बौद्ध स्तूप पाये जाते हैं। कुछ कालके अनन्तर शुंग और कुषाणकालमें वह प्रस्तराकृत कर दिया गया हो।

दक्षिण भारतमें आचार्य भद्रबाहुके नेतृत्वमें जैन साधुओंकी एक बडी धार इधरके एक भयंकर अकालसे बचनेके लिये गई। श्रवणबेलगोला नामक स्थान पर भद्रबाहुकी मृत्यु हुई। चन्द्रगुप्तको छोड कर अन्य साधु दक्षिण पर्यटन एवं 'जिन बिम्बों' के दर्शनके लिये चल पडे। राजावली कथामें इसका उल्लेख मिलता है कि कुछ कालके अनन्तर सिंहसेनके पुत्र भास्कर नामक राजाने श्रवणबेलगोलामें एक चैत्यालय बनवाया। सम्भवतः यह आचार्य भद्रबाहुकी स्मृतिमेंही बनवाया गया हो।[२६]

धारवाड जिलेसे प्राप्त कुछ शिलालेखोंसेभी अर्हतोंकी निषिदिकाओंका बनना प्रमाणित होता है।[२७] हम पहलेही देख चुके हैं कि निषिदिकाभी स्तूपकाही पर्यायवाची शब्द है।

उपर्युक्त विवेचनसे हम कह सकते हैं कि जैन स्तूपभी किसी समय भारतवर्षमें अच्छी संख्यामें उपस्थित थे परन्तु परवर्ती कालमें उनका निर्माण बंदसा हो गया था। इसका एक कारण यहभी हो सकता है कि बौद्ध धर्मके समान जैन धर्म भारतमें चिरकाल तक प्रबल नहीं रहा। फलतः उसके प्रतीकोंका निर्माण या जीर्णोद्धारभी उतनी अधिक मात्रामें नहीं हो सका।

---

२३. Smith—The Jain Stupa and other antiquities, p. 3.

२४. लखनऊ संग्रहालयकी प्रतिमाएँ नं. J. 354, 355, J. 356, J. 357 व J. 358.

२५. Smith—The Jain Stupa and other antiquities p. 3.

२६. B. Lewis Rice—Inscriptions of Śravaṇa Belgola p. 3.

२७. Jain Antiquary, Vol. XII, p. 102.

मथुराका 'देवनिर्मित बोद्ध' स्तूप।

(ले. श्री. कृष्णदत्त वाजपेयी, एम. ए., पुरातत्व संग्रहालय, मथुरा)

सन् १८९० ई० का वह दिन बडा भाग्यशाली था जब कि लखनऊ संग्रहालयके क्यूरेटर डा० फ्यूहररको मथुराके प्रसिद्ध कंकाली टीलेकी खुदाई करवाते समय जैन कलाकी विविध वस्तुओं के साथ एक अभिलिखित शिलापट्ट प्राप्त हुआ। यद्यपि दुर्भाग्यसे यह शिलापट्ट भग्नावस्थामें मिला है और उसके ऊपरकी मुख्य प्रतिमा तथा नीचेका लगभग आधा दाहिना अंश उपलब्ध नहीं हो सका तथापि जो अंश प्राप्त हुआ है वह मथुरा क्या, सारे भारतमें जैन धर्म एवं कलाकी प्राचीनता सिद्ध करनेके लिये एक महत्वपूर्ण अवशेष है। इस शिलाखंड पर ई० द्वितीय शतीमें मथुरामें प्रचलित ब्राह्मी लिपि तथा प्राकृत भाषामें एक अभिलेख उत्कीर्ण है जिससे पता चलता है कि शक संवत् ७९ (= १५७ ई०) में भगवान् अर्हत्की प्रतिमा 'देवताओंके द्वारा निर्मित' बोद्ध नामक स्तूपमें प्रतिष्ठापित की गई। यह स्तूप आधुनिक मथुरा नगरके दक्षिण पश्चिममें वर्तमान कंकाली नामक टीले पर स्थित था। ई० द्वितीय शतीमें इस प्राचीन स्तूपका आकार-प्रकार ऐसा भव्य तथा उसकी कला इतनी दिव्य थी कि मथुराके इस 'स्वर्णकाल' के कला-मर्मज्ञोंकोभी उसे देख कर आश्चर्य-चकित हो जाना पडा। उन्होंने अनुमान किया कि यह स्तूप संसारके किसी प्राणीकी कृति न होकर देवोंकी रचना होगी। अतएव उन्होंने उसे 'देवनिर्मित स्तूप' की संज्ञा दी। यहाँ इस महत्त्वपूर्ण शिलापट्ट तथा उस परके लेखकी संक्षिप्त चर्चा की जाती है—

प्रस्तुत शिलापट्ट एक बडी अर्हत् मूर्तिका नीचेका भाग है और वहभी केवल आधेसे कुछ अधिक बचा है। शेष अंश नहीं मिल सका।[1] डा० विंसेंट स्मिथका अनुमान है कि मुख्य प्रतिमा खडी रही होगी। (स्मिथ–'जैन स्तूप' पृ० १२-१३, फलक ६) परंतु चौकीके ऊपर चरणोंके कोई ऐसे चिन्ह अवशिष्ट नहीं हैं, जिनसे स्मिथके उक्त अनुमानको ठीक माना जा सके। इसके विपरीत प्रस्तुत पाषाण-खंडके काफी चौडे होनेसे कहा जा सकता है कि प्रधान मूर्ति पद्मासनमें बैठी हुई ध्यानमुद्रामें रही होगी। बचे हुए टुकडेके बीचमें कमल पुष्पके ऊपर त्रिरत्न अंकित है और उस पर एक चक्र रखा है। कमलके एक ओर शंख है; उसके दूसरी ओरभी इसी प्रकारका शंख रहा होगा, जो टूट गया है। चक्रके बाईं ओर दाहिने हाथोंमें कमलमालाएँ लिए हुवे तीन स्त्रियाँ खडी हैं। वे अपने बाएँ हाथोंसे वस्त्र सँभाले हैं। ये वस्त्र गलेसे लेकर पैरों तक उनका सारा शरीर ढके हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि वे गलेमें तथा कमरके समीप सिले हुए हैं। तीसरी स्त्रीके पीछे हाथ जोडे हुए एक छोटी लडकी खडी है।

---

१. यह मूर्ति लखनऊ संग्रहालयकी जैन दरीचीमें प्रदर्शित है। इसका नंबर जे. २० है।

पंक्ति १—

पंक्ति २—



पंक्ति ३—



मथुरासे प्राप्त 'बौद्धस्तूप' सम्बन्धी शिलापट्टपर उत्कीर्ण लेख।

उसके नीचे बाईं ओरको मुख किए हुए दीर्घकाय सिंह बैठा हुआ है। इसी प्रकारका सिंह पत्थरके दाहिने किनारे परभी चित्रित रहा होगा। त्रिरत्न तथा चक्रके दाईं ओर अपने बाएँ हाथमें वस्त्र डाले हुए एक साधु पूजक खडा है। उसके समीपही इसी प्रकारकी अन्य दो या तीन पुरुष प्रतिमाएँ रही होंगी, जो टूट गई हैं। कंकाली टीलेसे मिली हुई तीर्थंकर प्रतिमाओंकी अधिकांश चौकियों पर इसी प्रकार एक ओर पुरुष पूजक तथा दूसरी ओर स्त्री श्राविकायें अंकित मिलती हैं।

इस शिलापट्ट पर उत्कीर्ण अभिलेख चार पंक्तियोंमें था; परंतु अब केवल तीन पंक्तियाँ शेष हैं। तीनों पंक्तियोंके अंतिम शब्द पूर्ण हैं परंतु आदिके अक्षर टूट गये हैं। चौथी पंक्ति, जिसमें चार या पाँच अक्षर रहे होंगे, बिलकुल टूट गई है। लेखको स्मिथने इस प्रकार पढा है—

(पं० १)...सं ७० ९ व ४ दि २० एतस्यां पूर्व्वायां कोट्टिये गणे वईरायां शाखायां

(पं० २)...को अय वृधहस्ति अरहतो नन्दि[आ] वर्तस प्रतिमं निर्वर्तयति

(पं० ३)...भार्य्ये श्राविकाये [दिनाये] दानं प्रतिमा वोद्धे थूपे देवनिर्मिते प्र...

प्रथम पंक्तिमें 'व' के नीचे रेफ न होकर ऊपर है, अतः उसे 'र्व' पढना ठीक होगा। जर्मन विद्वान् डा० ब्यूलर प्रथम पंक्तिमें 'वइरायां' पढते हैं (**एपिग्राफिया इंडिया**, जिल्द २, पृ० २०४, नं० २०)। परंतु दीर्घ 'ई' स्पष्ट है। दूसरी पंक्तिमें 'को' के पहले 'वाच' शब्द लगा कर वे 'वाचको' पूरा करते हैं। यह असंभव नहीं, परंतु इस शब्दके पहलेभी एक या दो शब्द रहे होंगे। दूसरी पंक्तिमें 'हस्ति' को 'हस्थि' पढना ठीक होगा, क्यों कि 'सि' के नीचे का वर्ण गोल है और उसके बीचका बिंदुभी दिखाई देता है। इसी पंक्तिमें 'नन्दि' के स्थान पर ब्यूलर 'णन्दि' पढते हैं। मैंने लेखकी छापको ध्यानपूर्वक देखा है और मेरा विचार है कि 'नं(ण)न्दि[आ]वर्तस' पाठ ठीक नहीं। पहला अक्षर 'न' न होकर 'म' है। इसके नीचेका त्रिभुज खुला न होनेके कारणही संभवतः उक्त दोनों विद्वानोंको भ्रम हुआ और एकने उसे 'न' पढा तो दूसरेने 'ण'। परंतु उसके ऊपरकी मात्रा जैसी रेखाओंकी ओर उनका ध्यान नहीं गया। दूसरा अक्षर निर्विवाद 'नि' है। उसके नीचे एक तिरछी रेखा लगी है। स्मिथ तथा ब्यूलर दोनोंने इस रेखाको 'द' मान लिया है, जो छापको देखनेसे ठीक नहीं ज्ञात होता। मेरा अनुमान है कि लेख उकेरने वालेने 'म' के नीचे यह रेखा लगानेके बजाय भूलसे उसे 'नि' के नीचे लगा दिया। अतः अभीष्ट शब्द 'मुनि' के स्थान पर 'मुनि' हो गया, जो अशुद्ध है। तीसरा वर्ण 'अ' या 'आ' न होकर 'सु' है। इसके ऊपर लगे हुए ऊर्ध्व रेफ (˚) की ओर उक्त विद्वानोंका ध्यान नहीं गया, पर यह छापमें स्पष्ट है। अतः इस वर्णको 'सुं' मानना चाहिए। चौथा अक्षर 'व' अवश्य है, पर उसके नीचे रकार लगा है, अतएव उसे 'व्र' पढना ठीक होगा। पाँचवां वर्ण निस्संदेह 'त' और छठाँ 'स' है। इन दोनोंके ऊपर रेफ लगेसे दिखाई पडते हैं। स्मिथ तथा ब्यूलरने 'त' के ऊपर तो रेफ माना है पर 'स' के ऊपर नहीं। मेरे विचारसे दोनों वर्णोंके ऊपर के रेफ (यदि वे हैं) अप्रासंगिक हैं, और लेखकके प्रमादवशही आगये होंगे। लेखकी भाषा मथुरासे

प्राप्त अनेक कुषाण-कालीन जैन अभिलेखोंकी भाषा जैसी है, अतः इसमें व्याकरणके कई दोषोंका रह जाना आश्चर्यजनक नहीं।

अस्तु, मेरे विचारसे 'न(ण)न्दि[आ]वर्तस' पाठ न होकर 'मुनिसुव्रतस' होना चाहिए। यदि 'सु' के ऊपर वाले रेफको लेखककी भूल समझी जाय तो शुद्ध पाठ 'मुनिसुव्रतस' होगा। तीसरी पंक्तिका अंतिम अक्षर 'प्रि' है। संभव है कि चौथी पंक्तिमें 'यतां जिनः' या 'अर्हतो' रहा हो। उपर्युक्त पाठ मानने पर लेखका अनुवाद इस प्रकार होगा।

...वर्ष ७९ की वर्षाऋतुके चौथे मासमें बीसवें दिन, इस तिथिमें आर्यबृद्धहस्थिने जो कोट्टिय गणकी वइर शाखाके [आचार्य] थे, अर्हत् मुनिसुव्रतकी प्रतिमाका निर्माण करवाया। [उनकीही प्रेरणासे] यह प्रतिमा, जो.....की भार्या श्राविका [दिना] का दान है, देवोंके द्वारा निर्मित स्तूपमें [प्रतिष्ठापित की गई; अर्हत् प्रसन्न हों]।

लेखका वर्ष ७९ निस्संदेह शक संवत्को सूचित करता है जिसका प्रारंभ ७८ ई. से हुआ। कंकाली टीलेसे मिले हुए अधिकांश लेखोंमें इसी संवत्का प्रयोग हुआ है। प्रस्तुत अभिलेखका समय (७९+७८) १५७ ई० आता है। यह कुषाण सम्राट् वासुदेवके राज्यकालमें पडता है, जिसने शक सं० ७३ (१५१ ई.) से लेकर सं० ९८ (१७६ ई.) तक मथुरामें शासन किया। लेखकी प्रथम पंक्तिके प्रारंभमें अन्य लेखोंके समानही. 'सं. ७०९ के पहले' 'महाराजस्य (या राज्ञः) वासुदेवस्य' शब्द रहे होंगे। उसके पहले संभवतः 'सिद्धं नमो अरहंतानं' आदि रहा होगा। कोट्टिय गण तथा वइर शाखाका उल्लेख मथुरासे प्राप्त अन्य अनेक लेखोंमेंभी हुआ है।

अब यह विचारणीय है कि प्रस्तुत शिलापट्ट पर किस तीर्थंकरकी प्रतिमा रही होगी। यदि लेखका 'मुनिसुव्रत' पाठ ठीक है तो अवश्य उन्हींकी मूर्ति रही होगी। परंतु त्रिरत्न चिन्हके नीचे कमलकी बराबर अंकित शंखसे भ्रम हो सकता है कि यह चिन्ह, जो भगवान् नेमिनाथ या अरिष्टनेमिका प्रतीक है, सुव्रतमुनिकी प्रतिमाके साथ क्यों दिखाया गया। इस संबंधमें यह कहा जा सकता है कि कमलकी अगल-बगल रखे हुए दोनों शंख (दूसरा पूर्णस्पष्ट नहीं) तीर्थंकरके प्रतीकरूप नहीं उत्कीर्ण किये गये अपितु जैन धर्मके प्रशस्त चिन्होंके अंतर्गत होनेके कारण कमल, चक्र, त्रिरत्न आदिके साथ यहां चित्रित कर दिये गये हैं। शंखनिधिके रूपमें इनका चित्रण मथुरासे प्राप्त कुषाणकालीन अन्य कतिपय शिलाखंडों परभी पाया जाता है। यदि यह कहा जाय कि सुव्रतमुनिका चिन्ह विशेष कूर्म यहां क्यों नहीं बताया गया तो कह सकते हैं कि कुषाण तथा गुप्तकालीन कितनीही तीर्थंकर मूर्तियां मिली हैं जिन पर उन-उन तीर्थंकरोंके चिन्ह नहीं मिलते। चिन्हों या प्रतीकोंका चित्रण मध्यकालसेही विशेष रूपमें पाया जाता है। 'नंदिआवर्त' पाठके आधारपर फ्यूहरर, स्मिथ आदिका मत है कि प्रस्तुत शिलापट्ट पर अठारहवें तीर्थंकर अरनाथकी, जिनका चिन्ह नांद्यावर्त है, मूर्ति रही होगी। परंतु उपर्युक्त कथनके आधारपर यह मत निर्विवाद नहीं प्रतीत होता।

इस लेखकी सबसे अधिक महत्वपूर्ण बात इसमें 'देवनिर्मित बोद्ध स्तूप' का उल्लेख है। इस लेखके मिलनेसे पूर्व लोगोंकी धारणा थी कि भारतमें सबसे पहले बौद्ध स्तूपोंका निर्माण किया गया।

परंतु प्रस्तुत लेख द्वारा यह धारणा भ्रांत सिद्ध हुई और यह प्रमाणित होगया कि बौद्ध स्तूपोंके बननेके कई शताब्दी पूर्व जैन स्तूपों आदिका निर्माण हो चुका था। इस लेखकी पुष्टि साहित्यिक प्रमाणोंसेभी होती है जिन्हें ब्यूलर, स्मिथ आदि पाश्चात्य विद्वानोंनेभी स्वीकार किया है। सबसे पहले ब्यूलरने जिनप्रभरचित 'तीर्थकल्प' की ओर विद्वानोंका ध्यान आकर्षित किया, जिसमें प्राचीन प्रमाणोंके आधार पर मथुराके देवनिर्मित स्तूपकी नींव पडने तथा उसको मरम्मत कराने आदिका वर्णन है।[२] इस ग्रन्थके अनुसार यह स्तूप पहले स्वर्णका था और उस पर अनेक मूल्यवान पत्थर जडे हुए थे। इस स्तूपको कुवेरा देवीने सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथके सम्मानमें स्थापित कराया था। तेईसवें जिन पार्श्वनाथके समयमें इस स्वर्ण-स्तूपको चारों ओर ईंटोंसे आवेष्टित किया गया और उसके बाहर एक पाषाण-मंदिरकाभी निर्माण किया गया। 'तीर्थकल्प' से यहभी पता चलता है कि भगवान् महावीरकी ज्ञान-प्राप्तिके १३०० वर्ष बाद मथुराके इस स्तूपकी मरम्मत बप्पभट्ट सूरिने कराई। भगवान् महावीरका उक्त समय छठी शती ई० पू० का मध्य मानने पर स्तूपकी मरम्मत करानेका काल आठवीं श० के मध्य भागमें आता है। अतः यह निश्चित है कि इस काल तक कंकाली टीलेपर उक्त स्तूपका अस्तित्व था। पांचवीं शतीमें मथुरा पर आक्रमण करने वाले हूणोंने संभवतः इस स्तूपको नष्ट करनेसे छोड दिया। दसवीं तथा ग्यारहवीं शतीके दो अभिलेखोंसे पता चलता है कि कमसे कम १०७७ ई० तक कंकाली टीलेपर जैन स्तूप तथा मंदिर बने हुए थे।[३] संभवतः देवनिर्मित स्तूपकाभी अस्तित्व इस काल तक रहा होगा क्योंकि बप्पभट्ट सूरिने लगभग तीन शताब्दी पहलेही उसकी मरम्मत करा दी थी और उसके अनंतर १०७७ ई० तक आक्रमणकारियोंका विध्वंसक हाथ इधर नहीं बढा था। भगवान् पार्श्वनाथका समय, जब कि 'बोद्ध' स्तूपका पुनर्निर्माण कराया गया, ६०० ई० पू० से पहलेका है, क्योंकि वे भगवान् महावीर (ई० पू० ५९९-५२७) के पूर्वज थे। द्वितीय शती ई० में स्तूपका यही पुनर्निर्मित रूप जनताके समक्ष था, जिसके कला-सौंदर्य पर मुग्ध होकर जनताने उसे 'देवनिर्मित' उपाधि द्वारा अभिहित किया।

"जैन-वचन अंजनवटी, आंजै सुगुरु प्रवीन।
रागतिमिर तऊ ना मिटै, बडो रोग लखलीन॥"

—कविवर भूधरदासजी

---

२. ब्यूलर—ए लीजेंड ऑफ दि जैन स्तूप ऐट मथुरा, प० १८९७।

३. देखिए जैन ऐंटिक्वेरी, जुलाई, १९४६, पृ. ४०-४३।

प्रयाग संग्रहालयमें जैन मूर्तियां।

(श्री० सतीशचन्द्र काला, एम. ए., अध्यक्ष, प्रयाग संग्रहालय)

जैन मूर्तिकला एक अति महत्त्वपूर्ण विषय है। गत पिछले ५० वर्षोंके बौद्ध तथा ब्राह्मण धर्मके अवशेषों पर बहुत कुछ शोध हुई तथा अनेक पुस्तकें प्रकाशित की गईं; किंतु जैन धर्मके स्मारकोंकी ओर विद्वानोंका किसी कारण कम ध्यान गया। फिरभी जैन धर्मका भारतीय संस्कृतिमें एक विशिष्ट स्थान रहा है। बौद्ध तथा अन्य मतोंकी तरह इस धर्मके अनेक अनुयायी भारतवर्षमें अभीभी वर्त्तमान हैं। किम्वदंती है कि भारतके विभिन्न केंद्रोंमें जैन देवोंकी मूर्त्तियां स्थापित की गइ थी। माऊंट आबू, पारसनाथ आदि स्थानोंके जैन मंदिर स्थापत्य कलाके दर्शनीय उदाहरण हैं।

जैन धर्मके देवी देवताओंकी सूची विस्तृत है। इसमें २४ तीर्थंकर, भवनपति, व्यंतर, नक्षत्र, यक्ष, यक्षी आदि सभी सम्मिलित हैं। किंतु इनमें जैन तीर्थंकरोंकोही प्रधानता दी गई है। कई हिंदू धर्मके देवी देवता गणपति, लक्ष्मी तथा सरस्वतीभी गौण रूपमें जैन मूर्तियोंके साथ अंकित हुये हैं। प्रायः जैन मूर्त्तियां कायोत्सर्ग तथा पद्मासनमें दीख पडती हैं। बुद्ध भगवान्की तरह तीर्थंकर, महावीर लिएभी कुछ विशिष्ट लक्षण कल्पित किए गए हैं। तीर्थंकरोंकी मूर्तियोंको पहिचाननेमें ये लक्षण विशेष सहायक हुये हैं। जैन मूर्तिकलाके विषयभी अति सीमित हैं। जैन सूत्रोंसे ज्ञात होता है कि ई० सन् की प्रथम शताब्दीमें श्वेताम्बर तथा दिगम्बर मत उद्भूत हुये। इस मतभेदके संबंधमें नाना प्रकारकी व्याख्याएं प्रचलित हैं किंतु यह सभी मानते हैं कि यह विभाजन महावीरके निर्वाणके ६०९ वर्ष बाद हुआ।

जैन सूत्रों, जिनका निर्माण काल ई० पू० २०० के लगभगसे है, से ज्ञात होता हैं कि महावीरसे पहिलेभी कई जिन मूर्ति रूपमें पूजे जाते थे। मूर्तिपूजामें दूसरा महत्वपूर्ण परिवर्त्तन ७ वीं शताब्दीके लगभग हुआ। इस समय सांख्य योग तथा तंत्रसंबंधी सिद्धांतोंका प्रचलन हो रहा था। १० वीं शताब्दीमें कुछ हिंदू देवता जो तीर्थंकरोंकी मूर्तियोंमें गौण रूपसे अंकित थे, प्रभुत्व पाकर स्वतंत्र रूपसे पूजे जाने लगे। ११ वीं शताब्दीके बाद कुछ और देवता स्वतंत्र हुये। मध्यकालका यह प्रारंभ था। जिस प्रकार हिंदू धर्मकी मूर्तियोंमें अलंकरण प्रधान होगया, वैसेही जैन धर्मकी मूर्तियोंमें भी अधिक कौशल तथा अलंकरण आया। दक्षिण भारतमें अनेक पीतलकी सुंदर जैन मूर्तियां बनी।

पुरातत्व तथा इतिहासके दृष्टिकोणसे थोडीसीही जैन मूर्तियां अब तक प्राप्त हुई हैं। इसका अर्थ यह नहीं है, कि जैन मूर्तियां युग २ में दो चारही बनीं। वास्तविक बात तो यह है कि एक क्रमिक व्यवस्थाके अनुसार इस विषय पर आज दिन तक छान बीन नहीं हुई है। खारवेलके शिला लेखसे ज्ञात होता है कि ई० पू० चतुर्थ शताब्दीमें मगध तथा कलिंगमें जैन मूर्तियां पूजा जाती थीं।




Fig. IV कौशाम्बी से प्राप्त तीर्थंकर चन्द्रप्रभकी गुप्तकालीन खंडित मूर्ति। (चित्र नं. १)

/ (Mutilated Image of Tīrthaṃkara Chandraprabha from Kauśāmbī)



कौशाम्बी से प्राप्त भ. महावीरकी मूर्ति।
("प्रयाग संग्रहालयमें जैन मूर्तियां"-लेख से संबंधित)
(Fig. V Image of Lord Mahāvīra from Kauśāmbī)




Fig. VI जसो से प्राप्त जिन-मूर्ति।
(चित्र सं. ३)



Fig. VII जसो से प्राप्त तीर्थंकर नेमिनाथ की मूर्ति।
(चित्र सं. २)

("प्रयाग संग्रहालय में जैन मूर्तियां"-लेख देखो)

Images of Jinas from Jaso, Dist. Allahabad

किंतु इन शताब्दियोंकी मूर्त्तियां अप्राप्य हैं। जैन मूर्त्तिपूजाका सबसे महत्वपूर्ण केंद्र मथुरा रहा है। वहां कंकाली टीले पर जो मूर्त्तियां प्राप्त हुई वे अधिक तर कुषाणकालीनही हैं और उनका निर्माण काल ८२ ई० से १७६ ई० के बीचका है। इन मूर्तियों पर प्रायः दाताओंके नामभी अंकित हैं। जैन मूर्तियोंका दूसरा विशाल संग्रह राजगृहमें प्राप्त हुआ है। स्मरण रहे कि अनेक जैन तीर्थंकरोंने मगधमें या तो जन्म लिया या महाप्रचारभी किया।

जैन धर्मकी दो शाखाओं श्वेताम्बर तथा दिगम्बरकी मूर्त्तियोंमें भिन्नता थी। श्वेताम्बरोंकी मान्यता है कि पार्श्वने तो वस्त्र पहिरनेकी अनुमति दी, परंतु वर्धमानने नग्न रहनेका आदेश दिया। १२ वीं शताब्दीके बाद अधिकतर मूर्त्तियोंमें लिंगको हाथोंके नीचे छिपानेकी प्रवृत्ति दृष्टिगोचर होती है।[1]

प्रस्तुत संग्रहालयमें इस समय अनेक जैनधर्म संबंधी मूर्त्तियां संग्रहीत हैं। इनमें अधिकतर जसो, कौशाम्बी, तथा खजुराहोसे आई हैं। अभी तक इन पर न तो कहीं लिखा गया है और न ये प्रकाशितही हुई हैं। सबसे प्रारंभिक मूर्त्ति चंद्रप्रभकी (चि. सं. १) है। यह मूर्त्ति १९३७ ई० में कौशाम्बीके खंडहरोंसे प्राप्त हुई थी। इसका निर्माण काल छठी-सातवीं शताब्दीके लगभग जान पडता है। मूर्तिका मुंह खंडित हो गया है।

तीर्थंकर पलथी मार कर ध्यान मुद्रामें बैठे हैं। हथेली तथा पैरके तलवों पर कमल तथा वक्ष पर श्रीवत्स चिन्ह अंकित है। कमलके आसनके नीचे अलग दिशाओंकी ओर देखते हुये दो सिंह हैं। इनके बीच लटकते पर्देमें तीर्थंकरका लक्षण अर्द्धचन्द्रका है। सिरके पीछे सुंदर अलंकरण युक्त एक प्रभामंडल है। सिरके ऊपर एक एक छत्रके ऊपर ढोलका है और उसके दोनों ओर दो गंधर्व हैं। तीर्थंकरके अगल बगलमें चंवर लिए दो चरभी खडे हैं।

कलाकी दृष्टिसे यह मूर्त्ति अद्वितीय है। तीर्थंकरके शारीरिक अवयव अति लावण्यमय हैं।

चंद्रप्रभ तीर्थंकरकी एक और मूर्तिभी प्रयाग संग्रहालयमें है। यह इलाहबाद जिलेमें स्थित जसो नामक स्थानसे प्राप्त हुई है। जसोसे एक दर्जनके लगभग मूर्त्तियां प्राप्त हुई हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि यहां पर इस धर्मका कोई प्रसिद्ध केंद्र था। इस मूर्त्तिमें तीर्थंकर ध्यान मुद्रामें सिंहों द्वारा उठाये आसन पर बैठे हैं। दायीं ओर कोने पर हाथोंमें कुछ लिए एक देवी तथा बांयीं ओर किसी पुरुषकी आकृति है। तीर्थंकरके दोनों ओर एक २ जिन खडे हैं जिनके पीछे चवंरग्राही अंकित हैं। इनके ऊपर फिर एक बैठे हुये जिन हैं। तीर्थंकरके सिरके ऊपर एक एक छत्र है जिसके दोनों ओर गंधर्व हैं। सिंहासनके मध्यमें एक लटकते पर्दे पर अर्द्धचंद्रमा बना हुआ है। इसके साथ किसी फूलका गुच्छाभी है।

जसोसे नेमिनाथकीभी अनेक मूर्तियां लाल पत्थर पर अंकित प्राप्त हुई हैं। एक उदाहरणमें नेमिनाथ कायोत्सर्गकी मुद्रामें सिंहासन पर खडे है। पैरोंके दोनों ओर एक २ रक्षक खडे हैं। पैरोंके नीचेसे लटकते पर्दे पर शंख चित्रित है। (चि. सं. २).

---

१. कोई उदाहरण देना चाहिये था। —सं.

इसी स्थलसे प्राप्त एक दूसरी महत्वपूर्ण जिनकी खडी मूर्त्ति (चि. सं. ३) प्राप्त हुई है। जिन सिंहासनके उपर कायोत्सर्ग मुद्रामें खडे हैं। सिंहासनकी दायीं ओर एक पुरुष दो घडों पर स्थित आसन पर बैठा हैं। इसके ऊपर गोदमें बालकको लिए अम्बिका चित्रित है। देवीके ऊपर फिर दो जिन एक दूसरेके ऊपर उभाड कर बनाए गए हैं। खेद है कि इस मूर्त्तिका बायां भाग खंडित हो गया है। जिनके पैरोंके निकट एक रक्षक तथा एक २ उपासक बैठे हैं। पैरोंके नीचे पर्दे पर कोई पशु जिसका पिछला भाग मात्र नष्ट होनेसे बच गया है, दीख पडता है। सिरके ऊपर ३ परतोंकी छत्री है, और कलशके ऊपर चौडे पर किए, एक व्यक्ति ढोल बजा रहा है। छत्रीके दोनों ओर गंधर्व और हाथी पर बैठे तथा हाथमें घट लिए व्यक्ति चित्रित किए गए हैं।

ऋषभनाथकी केवल एक मूर्त्ति संग्रहालयमें है। तीर्थंकर ध्यान मुद्रामें एक सिंहासन पर बैठे हैं। वक्ष, पैरके तलुवों तथा हाथों पर कमल अंकित हैं। दायीं तथा बायीं ओर चंवर लिए एक २ यक्ष खडा है। इनके सिरके ऊपर एक २ जिनभी ध्यान मुद्रामें बैठे चित्रित किए गए हैं। पैरोंके नीचे जो पर्दा है, उसके निकटही तीर्थंकरका चिन्ह वृषभ अंकित है। नीचे पीठिकाके एक कोने पर गोमेध यक्ष तथा दूसरी ओर चक्रेश्वरी स्थापित हैं। सिरके पीछे प्रभामंडल तथा ऊपर एक तीन परतकी छत्री है। छतरीके सिरे पर, एक व्यक्ति पैर पीछे किए ढोलक बजा रहा है। प्रभामंडलके दोनों ओर हाथी बने हैं।

ध्यान मुद्राकी एक दर्शनीय मूर्त्ति खजुराहोसे प्राप्त हुई है। आसन दो सिंहोंकी पीठ पर स्थित है। तीर्थंकर पलथी मार कर पद्मासनमें बैठे हैं, दोनों बगलमें एक २ जिन खडे हैं। इनके ऊपर फिर गंधर्व चित्रित हैं। सिरके पीछे प्रभामंडल है जिसके मध्यमें छत्रीका डंडा स्थित है। मूर्त्तिके ऊपरी भागमें कुछ तीर्थंकरोंकी मूर्त्तियां बताई गई हैं। पैरोंके नीचे झूलते पर्दे पर एक शृंगी या हिरन सदृश पशु अंकित है। यह बतलाना कठिन है कि यह मूर्त्ति किस तीर्थंकरकी है : हिरन तो शांतिनाथ का लांछन है, परंतु अब तक प्राप्त मूर्त्तियोंमें हिरन आसनके नीचे सिंहोंके साथ चित्रित रहते हैं।

जसोसे प्राप्त एक अन्य ध्यान मुद्रामें अंकित भारी मूर्त्ति (चित्र सं. ४) उल्लेखनीय है। इसमें तीर्थंकर पद्मासनमें बैठे हैं। सिंहासन पर कमल चित्रित हैं तथा वह दो सिंहकी पीठ पर स्थित हैं। दो चंवरधारी यक्ष दायीं बायीं ओर खडे हैं। इनके ऊपर फिर दो २ जिन हैं। सिरके पीछे अंडाकृति प्रभामंडल है और इसके दोनों ओर माला लिए तीन गंधर्व हैं, पीठिकाकी दायीं ओर कोने पर गोमुख तथा बायीं ओर दो देवियां अंकित हैं। इस मूर्त्तिमें दो विशेष बातें दृष्टिगोचर होती हैं। एक तो इसमें तीर्थंकर विशाल जटा पहिने हैं। इस प्रकारकी जटाएं राजगिर तथा कुछ अन्य स्थानोंकी मूर्त्तियोंमेंभी दीख पडती हैं। दूसरी उल्लेखनीय बात, चंवरधारी रक्षकोंकी टोपियां हैं। इन टोपियोंका रूप बैदेशीयसा लगता है। मथुरासे प्राप्त कुछ मूर्त्तियोंमेंभी ऐसे तत्व दीख पडते हैं। कोईभी लक्षण प्रत्यक्ष न होनेसे इस मूर्त्तिका रूप बतलाना कठिन है। (जटाधारी मूर्त्तियां प्रायः प्रथम तीर्थंकरकी मिलती हैं। संभव है, यह मूर्तिभी ऋषभदेवकी हो। —का० प्र०)

एक दूसरी मूर्त्ति, जिसमें कायोत्सर्ग मुद्रामें जिन खडे हैं,भी महत्वकी है। पैरोंके निकट चंवर



Fig. VIII
जसो से प्राप्त एक विशाल जैन तीर्थंकर प्रतिमाका खंडित सिर।




जसो (प्रयाग) से प्राप्त भ. पार्श्वनाथकी मूर्ति (चित्र सं. ९)
Fig. IX Tīrthaṃkara Pārśva's Image from Jaso.



जसो (प्रयाग) से प्राप्त एक तीर्थंकर की जटाधारी मूर्ति। (चित्र सं. ४)

Fig. X An Hair-Plated Jina Image from Jaso



यक्षी महामानसी की चतुर्भुजी मूर्ति। (चित्र सं. ६)
Fig. XI An Idol of Four Handed Yakṣi Mahāmānasi

लिए एक २ रक्षक हैं। सिरके ऊपर छत्री है जिसके दोनों ओर गंधर्व उडते दिखलाई दे रहे हैं। जिन बायें हाथमें कोई फल लिए हुए हैं। मूर्तिमें कोई ऐसा लक्षण नहीं जिससे उसका रूप बतलाया जा सके।

इसी शैलीकी छोटे आकारकी एक दूसरी मूर्तिभी है। इसमेंभी जटाधारी तीर्थंकर पद्मासनमें बैठे हैं। बगलमें एक २ जिन चित्रित हैं। इनके ऊपर फिर दो ओर सबसे उपर तीन खडे जिन अंकित हैं। आसन तीन भागोंमें बना हैं। आसनसी दायीं ओर नाग-फणोंके नीचे एक जिन बैठे हैं। बायीं ओर एक देवी बालकको गोदमें लिये हुये है। उसके साथ एक अन्य स्त्रीभी है। मूर्तिका ऊपरी तथा दायीं ओरके भाग खंडित हो गए हैं।

पार्श्वनाथकी कई मूर्तियां प्रयाग संग्रहालयमें हैं। प्रायः पत्थरके सामने तथा एक ओर यह तीर्थंकर कौसग्ग (कायोत्सर्ग) मुद्रामें खडे पाये जाते हैं। इनके पैरोंके पीछेसे नाग घुमावमें उठ कर, सिंहके ऊपर फणोंका चंदोवा प्रस्तुत करते हैं। कुछ मूर्तियोंमें दो रक्षक मात्र हैं, किंतु कुछमें रक्षकोंके साथ एक २ बैठे उपासकभी हैं। (चित्र सं. ५)

जैन देवियोंकी थोडीसी मूर्तियां प्रयाग संग्रहालयमें हैं। सबसे महत्वकी एक सुंदर गठित चतुर्भुजी देवीकी मूर्ति है। (चित्र सं. ६) इसके चारों ओर प्राकारमें अनेक देवी, देवता तथा अलंकरणके उपादान चित्रित हैं। देवीका कोई वाहन नहीं दीख पडता। चारों हाथभी खंडित हो गए हैं। भावभंगी मात्रसे यह महमानसीकी मूर्ति लगती है। पैरोंके नीचे पीठिकाके मध्यस्थ एक नीलोत्पल है जिसके दोनों ओर उपासक बैठे हैं, और अगलबगलमें एक खडा तथा दूसरा सिंह पर चढा रक्षक अंकित है। देवीके दोनों ओर आठ २ विद्या देवियां तथा कुछ खडे जिन चित्रित हैं। इन विद्यादेवियोंके रूप ऊपर खुदे नामोंसे ज्ञात हो सकते हैं। देवीके सिरके उपर एक उमडे हुये पटल पर नेमिनाथ तथा एक चतुर्भुजी देवी स्थापित हैं। इनके अगलबगलमेंभी कुछ देवियां बनी हैं।

कौशाम्बीसे कुछ सुंदर आयगपट्टभी प्राप्त हुये हैं। प्रकृतिके नाशकारी तत्त्वोंसे ये नष्टसे हो गए हैं। एक बडे पत्थर पर २४ जिन अंकित हैं। पांच पंक्तियोंमें तो जिन ध्यानमुद्रामें बैठे हैं। छटी पंक्तिमें चारही जिन हैं। प्रायः सभी जिनोंके चेहरे जान बूझ कर खंडित किए गए हैं। दूसरा आयगपट्ट आकारमें छोटा है। इसमें दो पंक्तियोंमें आठ २ जिन खडे हैं। नीचेकी पंक्तिमें बायीं ओरसे अंकित पांचवें जिनके सिरके ऊपर नागफणा हैं। इन आयगपट्टोंके जिनोंके कोई लक्षण अंकित नहीं है, इसलिए अभी वास्तविक रूप नहीं जाना जा सकता। कुछ उदाहरणोंमें वक्ष पर केवल श्रीवत्स चिन्ह दीख पडता हैं।

जैन ज्योतिषकी व्यावहारिकता।

(ले० श्री० पं० नेमिचन्द्रजी जैन, ज्योतिषाचार्य, साहित्यरत्न, आरा)

इतिहास एवं विकासक्रमकी दृष्टिसे जैन ज्योतिषका जितना महत्त्व है, उससे कहीं अधिक व्यावहारिक दृष्टिसे। जैन ज्योतिषके रचयिता आचार्योंने भारतीय ज्योतिषकी अनेक समस्याओंको बड़ीही सरलतासे सुलझाया है। यों तो समस्त भारतीय ज्योतिष वाङ्मयही धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक व्यवस्थाओंको सुसम्पादित करनेवाला है। इसी कारण भारतीय आचार्योंने इसे नेत्र कहा है। यहाँ नेत्र शब्द केवल रूपक नहीं है; वस्तुतः समस्त ज्ञान विज्ञानको अवगत करने के प्रधान साधनके रूपमें व्यवहृत हुआ है। कहा गया है कि —

अन्यानि शास्त्राणि विनोदमात्रं न किंचि तेषां तु विशिष्ट मस्ति
चिकित्सितं ज्योतिष मन्त्रवादः पदे पदे प्रत्ययमावहन्ति ॥

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तेषु केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ ॥

यथा शिखामयूराणां नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदांगशास्त्राणां ज्योतिषं मूर्धनि स्थितम् ॥

लोकाचार, लोकव्यवस्था और प्रकृतिके रहस्यका परिचय पानेके लिये ज्योतिष शास्त्रकी आवश्यकता भारतीय वाङ्मयमें प्रायः सर्वत्र बतलाई गई है। जैन ज्योतिषभी भारतीय ज्योतिष वाङ्मयका एक अंग है, अतएव इसकाभी प्रधान उद्देश्य लोक व्यवस्थाको सम्पन्न करनेके लिये व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। रिष्टसमुच्चयकी प्रारम्भिक गाथाओंसे ध्वनित होता है कि छद्मस्थ अल्पज्ञानी ज्योतिष द्वारा अपने उदय और क्षयोपशमको जान कर धर्मसाधनमें प्रवृत्त हो, ताकि उसके कर्मोंकी निर्जरा जल्द हो सके। क्योंकि इस अनित्य संसारमें केवल एक धर्मही नित्य और स्थिर रहनेवाला है —

पत्तंमि अ मणुअत्ते पिम्मं लच्छी विजीविअं अथिरं।
धम्मो जिणिंददिट्ठो होइ थिरो निव्विअप्पेण ॥

— रि. स. गा० ३

तात्पर्य यह है कि जैन मान्यताकी दृष्टिसे यह शास्त्र भावी शुभाशुभ फलोंका द्योतक है, परन्तु वे शुभाशुभ फल अवश्यही घटित होंगे, ऐसा इस शास्त्रका दावा नहीं है। प्रत्येक आत्मा कर्म करनेमें स्वतन्त्र है, वह अपने अद्भुत कार्यों द्वारा असमयमेंही कर्मोंकी निर्जरा कर उसके सहज स्वभाव

द्वारा मिलनेवाले फलका त्याग कर सकता है। इसलिये जैनाचार्यों द्वारा प्रतिपादित ज्योतिष भविष्य फल प्रतिपादक होनेके साथ साथ कर्त्तव्यकी ओर सावधान करनेवालाभी है। जैन मान्यताका एक मात्र ध्येय आत्मिक विकास है, अतः ज्योतिष इस विकासमें सब प्रकारसे सहायता प्रदान करता है।

यद्यपि प्रारम्भमें जैनाचार्योंने वैदिक ज्योतिषके समानही केवल समयशुद्धिको अवगत करनेके लिये इस शास्त्रके बीज मूलतत्त्वोंका विकास किया था। पर आगे जाकर जीवनका क्षेत्र जितना बढता गया ज्योतिषके विषयमेंभी उतनाही परिष्कार एवं विकास होता गया तथा मानव जीवनके विभिन्न आलोच्य विषयोंका संकलनभी इस शास्त्रके अन्तर्गत माना जाने लगा।

जैन ज्योतिषमें व्यञ्जन, अंग, स्वर, भौम, छिन्न अन्तरिक्ष, लक्षण और स्वप्न इन आठ निमित्तों द्वारा भूत, भविष्यत और वर्तमानकालीन सुखदुःख, जीवन-मरण प्रभृति अनेक रहस्योंका उद्घाटन किया गया है। व्यावहारिक पक्षको पुष्ट करनेके लिये जैन ज्योतिर्विदोंने फलित अंग पर अत्यधिक रचनाएँ की हैं। अभी तकके उपलब्ध जैन ज्योतिषमें मुहूर्त्त, प्रश्न, जन्मकुण्डली, वर्षफल एवं संहिता सम्बन्धी अन्य जीवनके आलोच्य विषयोंका प्रतिपादन सरल और विस्तृत रूपमें मेरे देखनेमें आया है। जैन ज्योतिषकी प्रतिपादनशैली इतनी सरल और आशुबोध करानेवाली है कि मंगलाचरणके पश्चात् प्रत्येक ग्रन्थके प्रारम्भमेंही सारे लौकिक वर्ण्य विषयको दो चार गाथाओं या श्लोकोंमें बता दिया जाता है। उदाहरणार्थ कुछ ग्रन्थोंकी व्यावहारिक शैलीका नीचे विवेचन किया जाता है।

व्यवहारचर्चा नामक ग्रन्थमें रचयिताने ग्रन्थारम्भमें ग्रन्थ निर्माणके उद्देश्य और विषय प्रतिपादनका निर्देश एकही श्लोकमें कर दिया है —

दैवज्ञदीपकलिकां व्यवहारचर्या–
आरम्भासिद्धिमुदयप्रभदेव एताम्।
शास्तिक्रमेण तिथि[१]-वार[२]-भ[३]-योग[४]-राशि[५]-
गोचर्य[६]-कार्य[७]-गम[८]-वास्तु[९]-विलग्न[१०]-मिश्रैः[११]

व्याख्या—दैवज्ञानां गणकानां दीपकलिकामिव स्पष्टार्थ प्रकाशितत्त्वात् व्यवहारः शिष्टजन समाचारः शुभतिथिवारमादिषु शुभकार्यकारणादि रूपस्तस्यचर्या इति कर्त्तव्यता रूपाऽभिधेयतया यस्यां सा ताम। प्रयोजनं च द्वियानन्तरं परंपरंच। तत्रानन्तरप्रारम्भासिद्धिग्रन्थस्य प्रयोजनेश्रोतृणां व्यवहारकौशलसिद्धिः, परंपरं तु यथावद्व्यवहार प्रवृत्या धर्मार्थकामरूपाणां पुरुषार्थानां सिद्धिः, क्रमान्मोक्षपुरुषार्थस्थापीति।

अर्थात् आचार्यने व्याख्यामें बतलाया है कि व्यवहारको सम्पन्न करनेके लिये शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण, राशि आदिको अवग्रह कर प्रत्येक कर्त्तव्यकर्मको उचित समय पर सम्पादित करना चाहिये। इन कर्त्तव्योंकी यथासमय समाप्ति करनेसे लोकाचारका पालन ठीक होताही है, साथ ही धर्म, अर्थ और काम इन पुरुषार्थोंके सेवनमें प्रवीणता प्राप्त होती है। इनके हेयोपादेयकी विवेकशीलताही मोक्ष पुरुषार्थकी प्राप्तिमें सहायक होती है। अतएव तिथि, वार, नक्षत्र प्रभृति ग्यारह

अध्यायोंमें समयके शुभाशुभत्वका निरूपण कर सांसारिक प्राणियोंको चतुर वर्गके सेवनके लिये जागरूकताका निरूपण किया गया है।

ज्योतिषसारमें निरूपित विषयोंका कथन करते हुए लिखा है कि लौकिक ज्ञानको सम्पन्न करनेके लिये निम्न बातोंका ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। इनके ज्ञात हो जानेसे व्यक्ति शिष्टजन समुदायमें अपने कृत्योंको सुन्दर ढंगसे सम्पन्न कर आदर प्राप्त करता है—

तिहि वार रिक्ख जोगं, होडाचक्कम्मि रासि दिणसुद्धी।
वाहण हंसो वच्छो, सिवचक्कं जोगिणी राहो॥
भिगु कील परिध पंचग, सूलं रविचारु थिवर सव्वंकं।
रवि राजकुमार जाला, सुभ असुभं जोग अभियाय॥
अधंपुहर कालवेलं कुलकं अवकुलकं कंटकं ओगं।
कक्कड यमघंटा यं, उप्पाय मिच्च काण सिद्धं॥
खंजो यमल संवत्त, सूलं सत्त य भसम दंहाय।
कालमुही वज्जमुसलं, भद्दा कुंभोइ जिमदाढं॥
चरजोग कालपासं, छीया विजया य गमनं तारबलं।
गह सिसिवत्था गुणसट्ठि, भणियं बोलेहिं अणुक्कमसो॥

अर्थात्—तिथि, वार, नक्षत्र, योग, होडाचक्र, राशि, दिनशुद्धि, वाहन, हंस, वत्स, शिवचक्र, योगिनी, राहु, भृगु, कीलक, परिध, पंचक, शूल, रविचार, स्थिरयोग, सर्वांकयोग, रवियोग, राजयोग, कुमारयोग, ज्वालामुखीयोग, शुभयोग, अशुभयोग, अमृतादियोग, अर्द्धप्रहर, कालवेला, कुलिक, उपकुलिक, कंटकयोग, कर्कटयोग, यमघंटकयोग, उत्पातयोग, मृत्युयोग, काणयोग, सिद्धयोग, खंजयोग, यमलयोग, संवर्तकयोग, शूलयोग, शत्रुयोग, भस्मयोग, दंडयोग, कालमुखीयोग, वज्रमूसलयोग, भद्राफल, कुंभचक्र, यमदाढचक्र, चरयोग, कालपाश, छींकफल, विजयमुहूर्त्त, गमनफल, तारावल, नवग्रहचक्र और चन्द्रावस्था ये ५९ द्वार—प्रकरण इस ग्रन्थमें कहे जायंगे। ज्योतिषके इन पारिभाषिक प्रकरणोंके सम्बन्धमें ज्ञान प्राप्त कर लेनेसे सभी व्यावहारिक कार्य अच्छे ढंगसे सम्पन्न किये जा सकेंगे। समयानुसार कर्त्ताकर्त्तव्योंका परिज्ञान उपर्युक्त ज्योतिषककी चीजोंके ज्ञात हो जाने पर अवश्य हो जायगा। समयके शुभाशुभका जानना इस लिये आवश्यक है कि संसारके समस्त कार्यों पर इसका प्रभाव पडता है। भारतीय संस्कृतिमें इसी कारण समय विज्ञानको विशेषता प्रदान की गई है। जैन ज्योतिषके रचयिताओंने इसी कारण अपने समय विज्ञानवाले ग्रन्थोंमें समय शुद्धिके साधक और असाधक कारणोंका विस्तारसे वर्णन किया है।

मुहूर्त्त विषयके अलावा जन्मपत्र निर्माण, उसका फलादेश, वर्षपत्र एवं उसके फलादेशका चमत्कारपूर्व वर्णन जैन ग्रन्थोंमें है। मानसागरीमें जन्मपत्रके बनानेकी और फल कहनेकी सारी विधियाँ सरलतापूर्वक रोचक ढंगसे बताई गई हैं। इसी कारण आज यह ग्रन्थ समस्त जैना-जैन

ज्योतिर्विदोंका कण्ठहार बना हुआ है। शायदही ऐसा कोई भारतीय ज्योतिषी होगा, जो फल कहनेके लिये इसका उपयोग न करता हो। जन्मपत्र निर्माण विधिमें प्रतिपाद्य विषयसूची निम्न प्रकार दी है। पाठक इस सूचीके आधारसे ज्ञात कर सकेंगे कि एकही ग्रन्थमें कितने आवश्यक और उपयोगी विषयोंका समावेश किया गया है —

अथ जन्मकुण्डली—कलियुगफलं संवत्सर फलायन फलगोलफल– ऋतुफल मासफल पक्षफल तिथिफल वारफल दिनजातफल रात्रिजातफल योगफल करणफल गणफल योनिफल वारायुर्लग्निफलांश फलानामग्रे चन्द्रकुण्डालिकाचक्रं चन्द्रकुण्डलीफलम्। चन्द्रात्फलराश्यायुर्भवसाधनार्थं सूर्यादिकमध्यमसूर्यादिक स्पष्ट सूर्यादिकतात्कालिक भावचक्रविधि फलद्वादश भवने नवग्रहाणां द्वादशभवननिरीक्षणविधि द्वादशभवने नवग्रहाणां फलं द्वादशभवनेशफलं द्वादशभवने द्वादश लग्नफलं द्वादशलग्नानां स्वामिफलं षड्वर्ग मैत्रीचक्रं षड्वर्ग कुण्डलीचक्रं पञ्चमहापुरुष योगफलं सुनफाऽनफादुर्धराकेमद्रुमवोसिवेश्यु मयचरी योगिनीफल राजयोग द्वादशायुर्गति नवग्रहफलदीप्त स्वस्थ नव प्रकार ग्रहफलम् अरिष्टभंग राजयोगचक्रम्, अश्वचक्रम्, शतपदचक्रम्, सूर्यकालानल चन्द्रकालानल यमद्रंष्ट्राभिनाडी यन्त्र, सर्वतोभद्रचक्रम्, चन्द्रावस्थाचक्रं रश्मिचक्रं रश्मिफलं।.....

अर्थात्—जन्मपत्रीमें जन्मकुण्डलीचक्र, जन्मकालीन युग-तिथि-वार-नक्षत्र-योग-करण-अयन-मास-ऋतु-समय-योनि-गण, दृश्यतारा आदिका फल; पश्चात् चन्द्रकुण्डलीचक्र और उसका फलादेश, नवग्रह स्पष्ट चक्र, द्वादशभाव स्पष्ट चक्र, तात्कालिक चक्र, द्वादश स्थानोंमें ग्रहोंका फल, ग्रहोंकी दृष्टियोंका फल, नवांश, द्वादशांश, त्रिंशांशका फल, बारह भावोंमें लग्नेश आदि द्वादश घरोंके स्वामियोंका फल, षड्वर्गचक्र, अनका, सुनका, दुर्धरा, केसद्रुम, आदि षोडश योगोंका फल, बारह प्रकारसे आयुका साधन, ग्रहोंकी दीप्त, स्वस्थ आदि दस अवस्था हैं उनका फल, अरिष्ट योग, अरिष्टभंग योग, द्रव्यप्राप्ति योग, विद्या सन्तान-विवाह आदि योग, अष्टोत्तरी, विंशोत्तरी और योगिनी दशाओंका गणित और उनका फल, एवं इन दशाओंकी अन्तर्दशाओंका गणित, और उनका फलादेश इत्यादि विषयोंका सन्निवेश किया जाता है।

इस प्रकार अकेले इसी ग्रन्थसे कोईभी व्यक्ति अच्छा ज्योतिषी बन सकता है। त्रैलोक्यप्रकाश नामक ग्रन्थमें सारा भूत, भविष्यत और वर्तमानकालीन फल लग्नाधीन बताया है; इसलिये लग्नको ज्ञान, दीप, तत्त्व, माता, पिता, बन्धु, सरस्वती, देवी, सूर्य, चन्द्रादि नवग्रह, जल, अग्नि, वायु, आकाश सब कुछ बताया है। लग्न और ग्रहोंके सम्बन्धसे सुन्दर फलाफल बताया गया है —

लग्नं देवः प्रभुः स्वामी लग्नं ज्योतिः परं मतम्।
लग्नं दीपो महान् लोके लग्नं तत्त्वं दिशन् गुरुः॥
लग्नं माता पिता लग्नं लग्नं बन्धुर्निजः स्मृतम्।
लग्नंबुद्धिर्महालक्ष्मीर्लग्नं देवी सरस्वती॥

इस ग्रन्थमें आगे लग्नादि द्वादश भाव तथा उनमें रहनेवाले ग्रहोंके सम्बन्धसे लाभालाभ,

विवाह, जीवन-मरण, सुभिक्ष-दुर्भिक्ष, सन्तानप्राप्ति, रोगारोग, गमनागमन, राष्ट्र और देशकी शान्ति-अशान्ति, जय-पराजय, सन्धि-विग्रह, वृष्टि-अतिवृष्टि-अनावृष्टि, धान्योत्पत्ति, समर्घ-महर्घ, ईति-भीति इत्यादि विभिन्न जीवनोपयोगी विचारणीय विषयोंका विवेचन किया है। इस ग्रन्थमें ऐसा एकभी लौकिक विषय नहीं है, जिस पर ग्रन्थकर्त्ताने विवेचन न किया हो।

प्रश्न विषय तो जैन ज्योतिषका औरभी महत्त्वपूर्ण है। इसमें प्रश्नकर्त्ताके प्रश्नानुसार बिना जन्मकुण्डलीके फल बताया गया है। तात्कालिक फल बतलानेके लिये इस अंगकी बडी महत्ता है। प्रश्नोंका फल ज्योतिषमें तीन प्रकारसे कहा गया है —

१. प्रश्न समयकी लग्नकुण्डली बना कर उसके द्वादश भावोंमें स्थित ग्रहोंके शुभाशुभानुसार फल कहना। इस प्रक्रियामें फलादेश सम्बन्धी समस्त कार्रवाई समयके ऊपर अवलम्बित है। यदि समयमें तनिकभी हीनाधिकता हुई तो फलादेशमें बडाही अन्तर पड जाता है। जैनाचार्योंने इस प्रक्रियाका प्रयोग बहुत कम किया है। दो-चार ग्रन्थोंमेंही यह विधि मिलती है।

२. स्वर सम्बन्धी सिद्धान्त है। इसमें फल बतलानेवाला अपने स्वर (श्वास) के आगमन और निर्गमनसे इष्टानिष्ट फलका प्रतिपादन करता है। इस सिद्धान्तसे फल बतलानेमें अनेक त्रुटियोंकी संभावना है क्योंकि स्वरका वास्तविक ज्ञान योगी व्यक्तिही कर सकता है। सर्वसाधारणके लिये स्वरका साधन नितान्त कठिन है। इसी लिये जैन ज्योतिषमें इस सिद्धान्तका प्रयोग केवल नाममात्रकोही मिलेगा। कारण स्पष्ट है कि जो योगी हैं वे तो वातावरणको देख करही भविष्यत या भूत कालकी घटनाओंको समझ जाते है। किन्तु साधारण व्यक्तिका ज्ञान उतना विकसित नहीं होता है जिससे वह ग्रन्थ पढ करभी उस चीजको समझ सके। इस योगज्ञानकी प्राप्ति साधनासे होती है, अतएव इसे जैनाचार्योंने ज्योतिषमें स्थान नहीं दिया है।

३. प्रश्नकर्त्ताके प्रश्नाक्षरोंसे फल बतलाता है। इस सिद्धान्तका मूलाधार मनोविज्ञान है, क्योंकि विभिन्न मानसिक परिस्थितियोंके अनुसार प्रश्नकर्त्ता भिन्न-भिन्न प्रश्नाक्षरोंका उच्चारण करते हैं। यह सिद्धान्त अत्यन्त सरल और व्यावहारिक है; क्योंकि कोईभी साधारण व्यक्ति पृच्छकके प्रश्नाक्षरोंको लिख कर जैनाचार्यों द्वारा प्रतिपादित विधिसे विश्लेषण कर फल कह सकता है। जैन ज्योतिषमें इसी सिद्धान्तको लेकर दर्जनों ग्रन्थोंका निर्माण हुआ है।

इस प्रक्रियाकी मनोविज्ञानके सिद्धान्तोंके अनुसार समीक्षा करनेसे ज्ञात होता है कि बाह्य और आभ्यन्तरिक दोनों प्रकारकी विभिन्न परिस्थितियोंके आधीन मानव मनकी भीतरी तहमें जैसी भावनाएँ छुपी रहती हैं वैसे प्रश्नाक्षर निकलते हैं। क्योंकि शरीर एक मन्त्रके समान है जिसमें किसी भौतिक घटना या क्रियाका उत्तेजन पाकर प्रतिक्रिया होती है। यही प्रतिक्रिया मानवके आचरणमें प्रदर्शित हो जाती है। कारण अबाध भावानुषङ्गसे हमारे मनके अनेक गुप्त भाव भावी शक्ति, अशक्तिके रूपमें प्रकट हो जाते हैं तथा उनसे समझदार व्यक्ति सहजमेंही मनकी धारा और उससे घटित होनेवाले फलके समझ लेता है।

प्रश्नोंका विश्लेषण करनेके लिये अ ए क च ट[1] त प य श अकारोंका प्रथम वर्ग, आ ऐ ख छ ठ थ फ र ष अक्षरोंका द्वितीय वर्ग, इ ओ ग ज ड द ब ल स अक्षरोंका तृतीय वर्ग, ई औ घ झ ढ ध भ व ह अक्षरोंका चतुर्थ वर्ग और उ ऊ ङ ञ ण न म अं अः का पंचम वर्ग बताया है। इन अक्षरोंको एक स्लेट या कागज पर लिख कर प्रश्नकर्त्तासे स्पर्श कराना चाहिये, वह जिस अक्षरका स्पर्श करे, उसीके अनुसार आलिंगित आदि संज्ञाएँ ज्ञात कर फल कहना चाहिये। अथवा प्रश्नकर्त्ता आतेही जिस वाक्यका उच्चारण करे, उसी वाक्यके अनुसार अक्षरोंकी संज्ञाएँ ज्ञात कर फल कहना चाहिये।

प्रश्नोंके प्रधानतः दो भेद बताये हैं —वाचिक और मानसिक। वाचिक प्रश्नोंके उत्तर अक्षरोंकी उत्तरोत्तर,[2] उत्तराधर, अधरोत्तर, अधराधर, वर्गोत्तर, अक्षरोत्तर, स्वरोत्तर, गुणोत्तर और आदेशोत्तरके द्वारा दिये गये हैं। और मानसिक प्रश्नोंके–शब्दोंका उच्चारण बिना किये केवल प्रश्नोंको मनमें सोचनेसे, यानी कोई व्यक्ति अपने प्रश्नके सम्बन्धमें नहीं बताना चाहता है कि उसे कौनसी बात पूछनी है, ऐसे गुप्त रहस्य सम्बन्धी प्रश्नोंके उत्तर उससे किसीभी नदी, तालाब, देवता, फल, फूल आदिका नाम उच्चारण कराके उच्चरित अकारों परसे जीव, धातु और मूलभूत तीन प्रकारकी योनियोंकी संज्ञाओं द्वारा देने चाहिये। प्रश्न ग्रन्थोंमें अ आ इ ए ओ ऊः इ क ख ग घ च छ ज झ ट ठ ड ढ य श ह ये इक्कीस वर्ण जीवाक्षर; उ ऊ अं त थ द ध प फ ब भ ष स ये तेरह वर्ण धात्वक्षर एवं ई ऐ औ ङ ञ ण न म ल र ष ये ग्यारह वर्ण मूलाक्षर संज्ञक कहे हैं। प्रश्नाक्षरोंमें जीवाक्षरोंकी अधिकता होनेसे जीवसम्बन्धी प्रश्न धात्वक्षरोंकी अधिकता होनेसे धातु सम्बन्धी प्रश्न और भूताक्षरोंकी अधिकता होनेसे मूल सम्बन्धी प्रश्न अवगत करना चाहिये। सूक्ष्मताके लिये जीवाक्षरोंके द्विपद, अपद, चतुष्पद और पादसंकुल ये चार भेद बताये हैं। द्विपदादिकेभी अनेक भेद-प्रभेद करके प्रश्नोंका विचार किया गया है। इस प्रकार जैन प्रश्न शास्त्रमें अनेक विशेषताएँ हैं।

जैन संहिता ग्रन्थोंमेंसे प्रधान भद्रबाहु संहिता, केवलज्ञान होरा आदिमें अनेक व्यावहारिक विषयोंका सन्निवेश है। इन ग्रन्थोंमें पग-पग पर काम आनेवाली बातों पर प्रकाश डाला गया है। सामुद्रिक शास्त्र पर अनेक जैन रचनाएँ सरल और सुबोध रूपमें मिलती हैं। इनमें स्त्री और पुरुषोंकी शकल-सूरतके आधारसे शुभाशुभ फलोंका निरूपण किया गया है। हाथ, मस्तिष्क और पैरकी रेखाओं परसेभी जीवनोपयोगी विषयोंकी मीमान्सा की गई है। निमित्तशास्त्रोंमें भौम, अन्तरिक्ष और दिव्य इन तीन प्रकारके निमित्तों द्वारा फलोंका निरूपण किया गया है। संहितासम्बन्धी रचनाएँ केवल ज्योतिष विषयकही नहीं कही जा सकती हैं, किन्तु इनमें आयुर्वेद, मन्त्रशास्त्र, रासायनिकशास्त्र आदि लोकोपयोगी अनेक विषयोंका संग्रह है। अकलंक संहितामें आयुर्वेदके सुन्दर और अनुभूतनुस्खे विद्य-

---

१. देखें–केवलज्ञान प्रश्न चूडामणि।

२. संज्ञाओंकी परिभाषा जाननेके लिये देखें–केवलज्ञान प्रश्न चूडामणिका प्रारम्भिक भाग तथा चन्द्रोन्मीलन प्रश्न।

मान हैं। इस प्रकार जैनाचार्योंने ज्योतिष विषयका क्षेत्र बहुत विस्तृत कर दिया है, जीवनके आलोच्य सभी लोकोपयोगी विषय इस शास्त्रके प्रतिपाद्य माने गये हैं।

गणित विषयकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए महावीराचार्यने अपने गणितसार संग्रहमें बताया है कि—

लौकिके वैदिके चापि तथा सामायिकेऽपि यः।
व्यापारस्तत्र सर्वत्र संख्यानमुपज्यते॥

कामतन्त्रेऽर्थ शास्त्रेच गान्धर्वे नाटकेऽपि वा।
सूपशास्त्रे तथा वैद्ये वास्तुविद्यादि वस्तुषु॥

सूर्यादिग्रहचारेषु ग्रहणे ग्रहसंयुतौ।
त्रिप्रश्ने चन्द्रवृत्तौ च सर्वत्राङ्की कृतं हि तत्॥

बहुभिर्विप्रलापैः किं त्रैलोक्ये सचराचरे।
यत्किञ्चिद्वस्तु तत्सर्वं गणितेन विना नहि।

इससे स्पष्ट है कि गणितका व्यावहारिक रूप प्रायः समस्त भारतीय वाङ्मयमें व्याप्त है। ऐसा कोईभी शास्त्र नहीं है जिसकी उपयोगिता गणितके बिना अभिव्यक्त हो सके। जैन ग्रन्थोंमें गणितके परिकर्म, व्यावहारगणित, राज्यगणित, राशिगणित, कलासवर्णगणित, जाव-तावगणित, वर्ग, घन, वर्ग-वर्ग और कल्प, इन दस भेदों द्वारा समस्त व्यावहारिक आवश्यकताओंकी पूर्त्तिके लिये जैनाचार्योंने प्रयत्न किया है। जैन गणितमें नदीका विस्तार, पहाडकी ऊँचाई, त्रिकोण, चौकोन क्षेत्रोंके परिमाण इत्यादि अनेक व्यावहारिक बातोंका गणित बिना नाप-तौलके रेखागणित और त्रिकोणमिति के सिद्धान्तों द्वारा बताया है। इस प्रकार समस्त जैन ज्योतिष व्यावहारिकतासे परिपूर्ण है।

——

विदेशोंमें प्राकृतका प्रचार।

(ले० श्री० डा० बनारसीदास जैन, एम.ए., पी-एच.डी.)

अपने व्यापक अर्थमें "प्राकृत" शब्द आर्य-भारतीकी एक अवस्था विशेषका नाम है जो प्राचीन आर्यभारती अर्थात् संस्कृत और वर्तमान आर्यभारती अर्थात् हिंदी, गुजराती आदिके मध्यवर्ती है। इसीलिये आर्य-भारतीकी मध्यम-अवस्थाकोभी प्राकृत कहते हैं। इसके साहित्यिक रूपके अंदर एक दूसरेसे कुछ २ विशेषताओंको लिये हुए अनेक भाषाएं शामिल हैं। जैसे—पाली, अशोककी धर्मलिपियोंकी भाषा, जैन साहित्यकी भाषाएं (अर्धमागधी, जैनमाहाराष्ट्री, जैन शौरसेनी), शिलालेखोंकी प्राकृत, संस्कृत नाटकोंमें व्यवहृत प्राकृतें, गाथा सप्तशती, रावण वहो आदि काव्योंकी प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषा।

पूर्वकालमें प्राकृतका व्यवहार केवल जैनों और बौद्धों तक सीमित नहीं था। ब्राह्मण पण्डितभी इसको प्रयोगमें लाते थे जैसा कि उनकी रचनाओंसे सिद्ध होता है। पिछले कुछ वर्षोंसे भारतमें प्राकृतका पठन-पाठन जैनों तकही सीमित होगया था। "प्राकृत" और "जैन" शब्दमें ऐसा घनिष्ठ संबंध स्थापित होगया कि अब जैन कहनेसे प्राकृतका और प्राकृत कहनेसे जैनका स्वतः स्मरण हो जाता है।

यद्यपि प्राकृत कहलानेवाली भाषाओंमेंसे पाली अब पृथक् हो गई है और पठनपाठनमें उसने एक स्वतंत्र स्थान ग्रहण कर लिया है, तथापि वास्तवमें यह सबसे प्राचीन साहित्यिक प्राकृत है। इसमें प्राकृत अवस्थाके सभी लक्षण विद्यमान हैं। अतः पालीही वह प्राकृत है जिसने सबसे पहले भारतसे बाहर अपना पांव रखा। विक्रम संवत्से कई सौ वर्ष पूर्व बौद्ध धर्मके साथ यह लंका-(सिंहल-) द्वीपको गई और इसने बडी उन्नति की। वहां इसमें विशाल साहित्यकी रचना हुई। विक्रमकी प्रथम शताब्दीमें सिंहलराज वट्टगामणीके समयमें पाली त्रिपिटकको यहां लिपि-बद्ध किया गया। लंकाके बौद्ध भिक्षुओंमें पालीका दूसरा नाम मागधी अब तक प्रचलित है। लंकामें पालीका पठनपाठन बराबर होता रहा है। वहां इसका वही स्थान है जो भारतमें संस्कृतका है। लंकाकी वर्तमान भाषा पर प्राकृतका इतना प्रभाव है कि लंकाद्वीपके उत्तर भागकी भाषा आर्यभारतीके अंदर गिनी जाती है।

भारतकी अपेक्षा लंकाको तो कोई विदेश कहे या न कहे परंतु ब्रह्मदेश तो विदेश कोटिमें समझाही जायगा। ब्रिटिश सरकारने कुछ समय तक ब्रह्मदेशको भारतका प्रान्त बना दिया था लेकिन अब वह फिर पृथक् हो गया है। लंकासे पालीने ब्रह्मदेशको गमन किया और वहां जाकर साहित्यिक वृद्धि की। वहांभी अब तक इसका पठनपाठन चलता है। वहांकी सामान्य भाषा पर पालीका कुछ

अधिक प्रभाव नहीं पडा। ब्रह्माके अतिरिक्त पालीका प्रचार श्याम देशमें जिसे अब "थाइलैंड" कहते हैं खूब हुआ है। लंका, ब्रह्मा और श्यामसे अपनी २ लिपिमें पाली त्रिपिटकके संस्करण निकले हैं जो भारतकी कई यूनिवर्सिटियोंको भेंटरूप दिये गये हैं। इन देशोंके साथ भारतके दक्षिणी विभागका व्यापारिक और धार्मिक संबंध चिरकालसे स्थापित हो चुका था। अतः पाली या प्राकृतका वहां चले जाना आश्चर्यकी बात नहीं। विदेशमें पाली-प्राकृतके प्रचारका मुख्य कारण बौद्धधर्म रहा है। इन देशोंके साथ २ पालीका प्रचार तिब्बत तथा चीनमेंभी हुआ था जहां त्रिपिटक आदि ग्रंथोंके तिब्बती और चीनी भाषामें अनुवाद किये गये। इनके अतिरिक्त पालीका थोडा बहुत प्रचार इंडोनीशिया (विशाल भारत) मेंभी हुआ होगा। परंतु महायानका जोर हो जाने पर वह घट गया। अब इन देशोंमें इसका पठनपाठन फिरसे जारी होने लगा है। मंचूरिया प्रदेशमें अब तक प्राचीन देवनागरीके अक्षर सिखाये जाते हैं।

लेकिन आश्चर्य तो यह है कि एक समय प्राकृतका प्रयोग चीनी तुर्किस्तान जैसे सुदूर देशमें होता था और वहभी तत्स्थानीय राज-कार्यमें। पचास वर्ष पहले कोई व्यक्ति इस बातके तथ्यकी कल्पना नहीं कर सकता था क्योंकि अब वहां कोईभी पाली-प्राकृत और भारतीय संस्कृतिका नाम तक नहीं जानता। परंतु धन्य है पाश्चात्य विद्वानोंकी जिज्ञासा, सतर्कता, धैर्य और साहसको जिनके द्वारा उन्होंने संसारसे लुप्त हो गई हुई अनेक संस्कृतियोंका पुनर्निर्माण किया है। चीनी तुर्किस्तानमें प्राकृत लेखोंकी उपलब्धिभी इन्हीं गुणों और प्रवृत्तियोंकी ऋणी है। इस उपलब्धिकी कथा बडी रोचक है। अतः संक्षेपमें यहां दी जाती है।

सन् १८८१ में कूचा (तुर्किस्थान) से कर्नल बावरको भोज पत्रों पर लिखा हुआ वैद्यकका एक ग्रंथ प्राप्त हुआ जिसके अक्षर गुप्तकालीन लिपिसे मिलते जुलते थे। इसकी भाषा संस्कृत थी। इस एक साधनसे सर आरॅल स्टाइनने जो ओरियंटल कालिज लाहौरके प्रिन्सिपल थे यह अनुमान किया कि किसी समय तुर्किस्तानमें भारतीय सभ्यताका प्रचार रहा होगा। फिर सन् १८९७ में काशगरसे खरोष्ठी लिपिमें लिखा हुआ पाली "धम्मपद" का प्राकृत अनुवाद मिला। इससे सर आरॅल स्टाइनका अनुमान औरभी दृढ हो गया। अब उन्होंने भारतीय सरकारको लिखकर प्राचीन अवशेषोंकी शोध खोजके लिये चीनी तुर्किस्तानमें जानेका प्रबन्ध कर लिया जिसके फलस्वरूप वे सन् १९००, सन् १९०६ और सन् १९१३ में चीनी तुर्किस्तान गये। उन्होंने अपनी यात्राओंका विस्तृत वर्णन बडे सरस ढंगसे किया है और प्राचीन अवशेषोंके सैंकडों चित्र दिये हैं जिनमें प्रस्तुत लेखसे संबंध रखनेवाले लकडी और चमडे पर स्याहीसे खरोष्ठी लिपिमें लिखे हुए प्राकृतके बहुतसे लेख हैं। कुछ लेख लकडीके कीलाकार टुकडो पर हैं और शायद इसी लिये इन लेखोंमें इनका निर्देश "कीलमुद्रा" शब्दसे किया गया है। ये कीलमुद्राएं देशके राजाकी ओरसे सरकारी कर्मचारियोंके नाम लिखी गई हैं। इनमें किसी मुकद्दमे या सरकारी मामलेकी चर्चा है।

कुछ लेख लकडीके चौरस टुकडों पर हैं जिनका निर्देश "प्रवंनक" संस्कृत=प्रमाण, प्रापण,

प्रपन्न शब्दसे किया गया है। ये एक प्रकारकी रसीदें या प्रमाणपत्र हैं जिन्हें अधिकारी व्यक्ति साध्य या प्रमाणके लिये अपने पास रखता था।

अनधिकारी पुरुषसे कीलमुद्राओं और प्रबंनकोंके पाठकी रक्षाके लिये इनके ऊपर उसी परिमाणका एक दूसरा टुकडा रख कर उन पर रस्सी लपेट दी जाती थी। फिर रस्सीके दोनो सिरे ऊपर वाले टुकडे पर रख कर उनको गीली मिट्टीसे ढांप दिया जाता था और मिट्टी पर प्रमाण पुरुषकी मोहर लगा दी जाती थी। इन लेखोंका काल विक्रमकी छठी सातवीं शताब्दी हो सकता है।

यह तो हुई प्राचीन समयमें प्राकृतके विदेश-प्रचारकी कथा। आधुनिक युगमें सोलहवीं शताब्दीसे पाश्चात्य (यूरपीन) लोग भारतमें आने लगे। तभीसे उन्होंने भारतकी नवीन तथा प्राचीन भाषाओंको सीखना शुरू कर दिया था जिसके फलस्वरूप उन्होंने पिछले सौ डेढ सौ बरसमें प्राकृत-संबंधी अत्यंत महत्त्वपूर्ण और सराहनीय अनुशीलन किया है। इसका सविस्तर वर्णन करनेके लिये एक बिशाल ग्रंथकी आवश्यकता होगी। अतः यहां कतिपय मुख्य प्रकाशनोंकी सूची दी जाती है।

पाली—पाश्चत्य विद्वानोंने पालीका बडा गहरा और सूक्ष्म अध्ययन किया है। लंदनकी "पाली टैक्सट सोसायटी" द्वारा रोमन अक्षरोंमें समग्र पाली त्रिपिटक तथा बहुतसी विशाल टीकाएं मुद्रित हो चुकी हैं।

जर्मनीके प्रोफेसर गाइगरने जर्मनमें पालीका व्याकरण रचा जो रोमन अक्षरोंमें मुद्रित हुआ है।

कला तथा भवन-निर्माण संम्बधी रचनायें जैनियोंने सामाजिक एवं धार्मिक आवश्यकताओंको दृष्टिकोणमें रखते हुवे की हैं। जैन गुफाएँ तथा मन्दिर, मुनियोंके निवास स्थान तथा पूजागृह उपासनाके लिये बनाये गये। धार्मिक दृष्टिकोणसे बनवाये हुवे अवशेषोंमें स्तूप, चरण-चिन्ह, मूर्तियाँ, तथा मानस्थम्भ आदि हैं। कुछ गुफायें पूजागृहभी रही हैं। उडीसा की हाथी गुम्फा गुफाएँ दूसरी ई० पू० की हैं। इसके उपरान्तकाल की गुफायें मदुरा, बदामी, तेर, एलोरा, कल्यानगढ, नासिक, मँागी तुंगी, गिरनार, उदयगिरी, आदिमें हैं। मन्दिर-निर्माणको जैनी लोग एक बडाही पुण्यका कार्य्य समझते हैं। यही कारण है कि जहाँ जैनी मिलेंगे वहाँ विशाल तथा सुन्दर मन्दिरभी अवश्य होंगे। इतिहास कालमें कुछ राजाओंने भूमि तथा ग्राम मन्दिरोंके लिए दान किए। इन जागीरोंकी देख-रेखके लिए तथा जैनियोंकी धार्मिक, सामाजिक उन्नतिके लिए भट्टारक हुवे। वे मठाधीश थे। यद्यपि अब यह प्रथा नष्ट हो रही है, तब भी इन भट्टारकों तथा मठोंने भूतकालमें बडाही लाभप्रद कार्य्य किया है। दक्षिण तथा उत्तर दोनों भागोंमें बडे बडे विशाल व सुन्दर जिनालयोंका निर्माण हुवा हैं।

यह शिल्पकलाके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मूलबद्री, कारकल, वराङ्ग, बेलगोल के मन्दिर, अत्यंत सुसज्जित हैं, और एक महत्वपूर्ण तथा शान्त स्थान पर बने हुवे हैं। आबू और पालीतानाके संगमर्मरके जिनालय कलाके अद्वितीय उदाहरण हैं। वह धनवान निर्माताओंकी धार्मिक सुरुचि तथा शिल्पकारोंकी महान योग्यताके जीवित उदाहरण हैं। इनमेंसे कुछ मन्दिर इतने मनोज्ञ हैं कि उनमें पहुँचतेही मनुष्य सांसारिक चिन्ताओंको भूल जाते हैं। बौद्धोंकी तरह जैनियोंकेभी स्तूप होते थे। मथुराके क्षत्रप तथा कुशन कालके स्तूप तो प्रसिद्ध है ही। तीर्थंकर तथा केवलीयोंके चरण चिन्हों की पूजा जैनी करते आये हैं और पार्श्वनाथ पहाडी सम्मेद शिखर पर यह विशेषतः पाये जाते है। दिगम्बर मूर्तियाँ नग्न होती है और मूर्ति निर्माण कलाके उत्कृष्ट उदाहरण है। श्रवणबेल्गोलमें बाहुबलिकी मूर्ति ५७ फीट ऊँची है। एक पर्वत पर एकही शिलाको काट कर बनाई गई है और दशवीं शताब्दीकी है। यह संसारके अद्भुत अवशेषोंमें से है। तत्पश्चात्की शताब्दियोंमें कारकल तथा वेनूरमें इनकी नकल की गई। ग्वालियर राज्यमें बडवानीमें इनसेभी ऊंची वृषभ तीर्थकी मूर्ति है। लेकिन उत्कृष्ट शिल्पकला तथा महान् विचारशीलतामें बेलगोलकी यह समानता नहीं कर सकतीं। बुन्देल खण्डमें ११ वीं १२ वीं शताब्दी, तथा ग्वालियरमें १५ वीं के भग्नावशेष है। निर्माण कलाकी अन्य कृतियाँ मानस्थम्भ हैं जो जैन मन्दिरोंके सम्मुख बनाए जाते थे। यह दक्षिण भारतमें विशेषतः पाये जाते हैं। राजपूतानामें चित्तौर का जैन स्तम्भ ५० फीट ऊँचा है और कला तथा शिल्पकारीका उत्कृष्ट अवशेष है। जैन मन्दिर तथा स्तूप एक अन्य दृष्टिकोणसे भी महत्वके हैं। इनपर मिले हुवे शिलालेख जैनियोंके धार्मिक इतिहासही नहीं वरन् भारतके इतिहासके लिएभी सहायक सिद्ध हुए हैं और अपने समकालीन इतिहासको बताते हैं।

जैनाचार्योंके पास साहित्य सृजनके लिए समय तथा अवकाश था। अतः उन्होंने साहित्य रचनामें महान योग दिया है। किसी विशेष भाषा को उन्होंने नहीं अपनाया। अर्धमागधी, संस्कृत, प्राकृत (अपभ्रंश) आदिमें ही प्राचीन रचनाएँ मिलती हैं। दक्षिणमें तामिल तथा कन्नड भाषाओंमें इनकी बडीही मूल्यवान रचनाएँ हैं। वे गणित, वैद्यक, व्याकरण, राजनीति, आदि विषयोंपरभी हैं। प्राकृत का साहित्य तो विशेषतः जैनाचार्योंका साहित्य ही है और प्राचीन भाषाओंका ज्ञान इन रचनाओंकी सहायतासे ही किया जाता है। वास्तवमें जैनाचार्योंनेही इन भाषाओंके साहित्य को उच्च स्थान दिया है और नवीन शैली की मूल्यवान रचनाओंके द्वारा इनका साहित्य भाण्डार भरा है।

इतना साहित्य सृजन हुवा तो इसके लिए ग्रंथ संग्रहालयोंकी आवश्यकता स्वाभाविक थी। प्रत्येक जैन मन्दिर तथा मठमें शास्त्र भण्डार मिलते है। उन्हीं संग्रहालयोंमें जैनेतरोंका साहित्यभी मिलता है। पट्टन, जैसलमेर तथा मूडबद्रीके संग्रहालय हमारी राष्ट्रीय निधि हैं। इनसे हमें ऐतिहासिक ज्ञान होता है। यह प्राचीन रचनाएँ, धर्म तथा दर्शनके विद्वानोंके लिए बडीही सहायता पहुँचाती हैं।

जैन दर्शनका अन्तिम लक्ष्य जीवका संसारसे मुक्ति प्राप्त करना है। 'सत्' उत्पाद-व्यय

ध्रौव्य लक्षण संयुक्त है। यह अनादि है और द्रव्यके, अनन्त गुण व पर्य्याय हैं। जीव व अजीव दो मुख्य भेद हैं। अजीवके पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश व काल भेद है। इस प्रकार द्रव्यके षट्भेद हैं। संसारका कारण जीव व पुद्गल (कर्म) परमाणुओंका सम्बंधही है। सप्त तत्वोंमें इस सम्बंध तथा उससे मुक्ति प्राप्त करनेकाही वर्णन है। यही जैनियोंका कर्म सिद्धान्त है जो उनका निजका स्वतंत्र सिद्धान्त है और जैन सिद्धान्तका एक अविभाज्य अंग है। मोक्ष का मार्ग रत्नत्रय कहा है। रत्नत्रय अर्थात् सम्यग दर्शन, ज्ञान, चरित्र। सम्यग् श्रद्धा होतेही जो ज्ञान होता है वह सम्यग्ज्ञान है। ज्ञान (अधिगम) प्रत्यक्ष व परोक्ष भेद रूप है तथा प्रमाण व नय द्वारा होता है। अनेकांतवाद (स्यादवाद) जैनदर्शनका एक अमूल्य सिद्धान्त है और समन्वयके लिए सर्वोत्तम तथा अद्वितीय यंत्र है। चारित्र साधु तथा गृहस्थके भेद रूप है। श्रावक १२ व्रतोंको पालन करते हुवे तथा ११ (प्रतिमाएँ) चढ कर मुनि होता है। साधुगण महाव्रत पालन करते हुए, २२ परीषह सहते हुए, १२ अनुपेक्षा (भावना) निरन्तर ध्यानमें रखते हुए, मन, वचन, कायको निश्चल करके सतत् धर्मसंवर्द्धन करते है। मुक्ति साधनके लिए तो निजात्म स्वभावमें लय हो कर शुक्ल ध्यान करनाही श्रेय है। यही यथाख्यात चरित्र है और मुक्तिका केवल मात्र साधन।

जैनधर्ममें ईश्वरके कर्त्तृत्ववादको कोई स्थान नहीं है। जैनधर्म ईश्वरका अर्थ मुक्तात्मा करता है। तीर्थंकर व अन्य सिद्ध जीव ईश्वर हैं। जैनी इनकी बडी भक्तिभावसे पूजा करते हैं। जैनी गुरुकाभी पूजन करते हैं क्योंकि वह मोक्षमार्गारूढ एक आत्माकी उन्नत दशाके परिचायक हैं। जैनधर्म सिखाता है कि अपने लक्ष्यकी प्राप्तिके लिए स्वयंही कर्म्मोंका क्षय करना होगा। जैनधर्म बलवान, वीर तथा स्वाभिमानी जनोंका धर्म है।

आज कल कुछ कारणोंसे जैनी हिन्दू कहलाते हैं; वैसे धर्म अपेक्षा वे स्वतंत्र हैं। उत्तरीय भारतकी कुछ जातियोंमें हिन्दू व जैन दोनोंही धर्मोंके अनुयायी हैं, उनमें परस्पर वैवाहिक सम्बंधभी होते हैं। समस्त भारतमें फैले होनेके कारण उनके रीतिरिवाजों पर बहुसंख्यक हिन्दुवोंका प्रभाव पडा है। भारतके स्वातंत्र्य संग्राममें जैनियोंने तन मनसे भाग लिया है। अपने लिए जैनोंने पृथक शविष्कार व आश्वासनोंकी कभीभी माँग नहीं की है। जहां तक हिन्दूसे तात्पर्य्य एक धर्म विशेषसे है और इसका अर्थ भारतीय नहीं है, वहां तक 'जैन' 'हिन्दू' नहीं कहे जा सकते। उनकी अपनी पृथक संस्कृति व धर्म है।

जैनी वेदोंको नहीं मानते, उनके अपने स्वतंत्र धर्म शास्त्र हैं। ब्राह्मण पुजारियोंका सम्मान, वर्णाश्रम धर्मके धार्मिक क्रिया-कर्म्म, हिन्दू पुराण तथा उनके वर्णन, देवी देवता, वैदिक तथा पौराणिक कर्तृत्ववाद, अवतार वाद, इत्यादिमें जैन विश्वास नहीं करते। शङ्कराचार्यने अनेक स्थलों पर इसकी आलोचना की है। यदि जैनियोंके बाह्य धार्मिक क्रियाकाण्ड व मान्याताओंमें हिन्दुओंसे सामंज्जस्य है तो इस कारण नहीं कि जैनधर्म इसकी आज्ञा देता है वरन् इस कारण कि पडौसी हिन्दूवोंकी रीतिरिवाज व मान्यताओंका उन पर प्रभाव पडा है। जैनियोंके पृथक तीर्थ स्थान हैं और पृथक त्यौहारभी। साधारण त्यौहारभी वह मनाते हैं। समान शब्दावलि नहीं वरन् उनके दार्शनिक भाव व अर्थ, व दर्शन व चारित्र सम्बंधी उनका मूल्यही विचारयोग्य है। अपने पृथक इतिहास व दर्शनकी अपेक्षा जैन व बौद्ध धर्म हिन्दू नहीं कहला सकते।

भारतीय जीवन पर जैन प्रभाव यत्र तत्र दृष्टिगोचर होता है। नवीन वैज्ञानिक प्रणालीसे पूजन, उसके लिए मन्दिरोंका निर्माण, धर्मशालायें तथा गोशालाओंकी स्थापना, विशाल पुस्तकालयों का संचालन, निर्धनोंको अन्नादि वितरण, आदि जैनियोंकी मुख्य विशेषतायें हैं। जैनेतर अधिकांशमें इन्हींका अनुकरण करते हैं। अहिंसा सिद्धान्तके प्रतिपादनमें जैन व बौद्धधर्मही मुख्य हैं और बौद्ध-धर्मकी अपेक्षा जैनियोंनेही इस पर अधिक सूक्ष्मतासे आचरण किया है। जैन मुनि अनुकरणीय जीवन व्यतीय करते हैं। साक्षात् दयाकी प्रतिमा बने हुवे उन्होंने समस्त भारतमें विचरण किया और अपनी अहिंसासे, अजैन कृषक व राजाओंको समान रूपमें प्रभावित किया है। अहिंसा पर आचरण का सिद्धान्त प्रायः ठीक नहीं समझागा है। पूर्ण अहिंसा तो गृहत्यागी साधुके आचरणका विषय है। गृहस्थके लिए उसकी योग्यता और पदके अनुसार सरल रूपमें, आचरण करनेका कथन है जैन राजाओं व उनके सैनिकोंको अपने सम्मान व देशकी रक्षार्थ युद्ध करनेकी अनुज्ञा है। दक्षिण भारतके कुछ राजा महान योद्धा होते हुवेभी बडेही धार्मिक प्रवृत्तिके जैनभी हुवे हैं। समुदाय रूपमें जैनी पूर्ण शाकाहारी हैं और जहाँ २ वह अधिक संख्यामें हैं वहाँ उन्होंने अपने पडौसियों परभी अपना प्रभाव डाला है। उनके सम्पूर्ण साहित्य तथा शिक्षाओंमें पशुवधका निषेध किया गया है। वर्त्त-मान समयमें विभिन्न भागोंके जैनियोंने देवी देवताओंके सम्मुख पशुबलि रोकनेका प्रयत्न किया है और वह इसमें सफलभी हुवे हैं। जैनाचार्योंने पशुओंकी आकृतियां बना कर उनकी बलि देने तकका निषेध किया है क्योंकि यह पशुवधका संकल्प प्रगट करता है। जैन साहित्यमें पौराणिक कथायें, संक्षिप्त कहानियाँ, मुहावरे, तथा चारित्र सम्बंधी आदेश आदि सभी जीवमात्रके प्रति हिंसाका निषेध करते हैं। अन्य भारतीय धर्मोंमेंभी अहिंसाका कथन है परन्तु जैन धर्मके समान नहीं। जैनधर्मका तो यह आधारभूत अंग है और उसमें इसका क्रमबद्ध वर्णन है। जैनियोंको अन्य धर्मावलम्बियोंने अनेक कष्ट दिये हैं और उन पर महान अत्याचारभी हुवे हैं; परन्तु यह इतिहाससे सिद्ध है कि शासन शक्ति होते हुएभी जैनियोंने जैनेतर समाज पर कभीभी अत्याचार नहीं किए।

महात्मा गांधी वर्त्तमान युगके सबसे महान् अहिंसाके प्रतिपादक थे परन्तु उनके सिद्धांतोंका आधार अन्य धर्मोंकी अपेक्षा जैनधर्ममेंही अधिक है। उनके कुछ सिद्धान्त जैनधर्मके शास्त्रोंमें नहीं पाये जाते इसका कारण यह है यह सिद्धान्त उन्होने समयानुसार (कालानुसार) प्रतिपादित किए हैं और वर्त्तमान वातावरण उन शास्त्रोंकी रचना कालके वातावरणसे भिन्न है। जैनाचार्य्य सामाजिक कार्य्योंमें अहिंसाकी शक्तिसे पूर्ण परिचित थे, परन्तु उनके विशुद्ध अध्यात्मिक दृष्टिकोणमें धार्मिक क्षेत्रके बाहर अहिंसाके सिद्धान्तोंका प्रयोग करनेकी कोई आवश्यकताही नहीं थी। परिग्रह परिमाण, परके प्रति समभाव, आत्मशुद्धिके लिये उपवास, जन साधारणके सम्पर्कमें आनेके लिये लम्बी लम्बी पैदल यात्राएँ हमें जैनाचार्य्यों तथा उनके जीवनक्रमका स्मरण कराती हैं। भारतके महान पुत्रके नाते महात्मा गांधीने सत्य व अहिंसाके सिद्धान्तोंको वर्त्तमान युगके लिए नवीन रूपमें प्रतिपादित किया है। यह दो सिद्धान्त नर नारियोंके वैयक्तिक तथा सामूहिक रूपमें, चारित्रिक मापदण्डके लिए संसार भरमें प्रयोगमें लाए जा सकते हैं।

संक्षेपमें जैनधर्म और जैनियोंका यह वर्णन है। पाठकोंको इसके द्वारा उनके विषयमें विशेष जाननेकी प्रेरणा मिलेगी।

वे वर्द्धमान्! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत् प्रणाम !

'तन्मय,' बुखारिया

१

मदिराकी मादक गन्ध कि ज्यों उड आती सहसा निमिषोंमें,
हरियाली रज्ज नहीं टिकती ज्यों विधि–विवशा-सी सरसोंमें,
त्योंही पशु तो क्या, मानवकेभी प्राण न तब रक्षित रहते,
अनगिन मर जाते थे निरीह, प्रतिशब्द न पर मुँहसे कहते;
यज्ञों की रूढि मुक्त प्रचलित क्या नगर-नगर क्या ग्राम-ग्राम !
वे वर्द्धमान ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत् प्रणाम !

२

मन्दिर श्मसान से लगते थे, मठ मानो मदिरालयही थे,
संज्ञा थी उनकी यज्ञ, किन्तु सचमुच वे मूर्त प्रलय ही थे,
स्वच्छन्द बना था अनाचार, उन्मुक्त पापकी माया थी,
जिस प्राणीके मुखपर देखो, हँस रही मृत्युकी छाया थी,
यज्ञस्थलमें बिखरा फिरता प्रति ओर-छोर अधजला चाम !
वे वर्धमान ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत् प्रणाम !

३

जैसे अकालके समय सृष्टि तरसा करती है जलधरको,
भावुकता रुद्ध तरसती है वीणाके मोहक, मृदु स्वरको,
त्योंही उस समय कोटिजन कर रहे प्रतीक्षा उत्सुकसे,
उस एक पुरुषकी जो निर्भय लोहा लेता उस अघ युगसे;
आवाहन करते ही कटते जनताके बोझिल सुबह-शाम !
वे वर्द्धमान ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत् प्रणाम !

४

आखिर प्रार्थना हुई ही फिर फलवती नगर कुण्डलपुरमें,
सपनोंमें कोई झलक गया ही त्रिशलाके पावन उरमें;
सिद्धार्थ हुए सिद्धार्थ सत्य, पुर-वासी मानों झूम उठे,
पशु-पुरुष प्राण नारी-पशुको आह्लाद्-विवशसे चूम उठे;
खेतोंके गर्वित गेहूँने पा लिया मनुजसे रत्न नाम !
वे वर्द्धमान ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत्-प्रणाम !

५

मानवने अपने मानसके, भवनोंके भावुक द्वारों पर,
आशाके हरित पात बांधे साधोंकी वन्दनवारों पर;
ना-समझ मूक पशुओंकीभी आँखोंमें एक प्रकाश दिखा,
मानों अब निर्भय जी लेंगे, प्राणोंमें नव विश्वास दिखा;
चेतन तो चेतन, जडमेंभी, तब समागई पुलकन ललाम !
वे वर्द्धमान ! वे मूर्तिमान् बरदान, उन्हें शत्-शत् प्रणाम् !

६

धरतीने धूप पाँवड़ोंसे, अभिनन्दन करनेकी ठानी,
अपलक, सस्मित, कुछ विस्मृतसा रह गया सागरोंका पानी,
ऋतुपति बसन्तभी रुक न सके, आही तो गए मूर्ति रतिसे,
पत्नियाँ अचानक होठों पर उँगली धर पूछ उठीं पतिसे —
'किसके स्वागतको आज साज सज रही पुरातन प्रकृति वाम ?'
वे वर्द्धमान ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत् प्रणाम !

७

वीणा, दुन्दुभी, मृदङ्गोंकी सम्मिलित सरस्वतिके स्वरमें,
शुभ चैत्र त्रयोदशके इस दिन त्रिशलाके कोमलतम करमें,
भगवान वीरने प्रथम बार निज नेत्र खोल करवट-सी ली,
हिंसा नागिनि फुङ्कार रही किस ओर, कि ज्यों आहट-सी ली;
तब देख न पाया था कोई, यज्ञाग्नि हुई थी क्षणिक श्याम !
वे वर्द्धमान ! वे मूर्तिवान् वरदान, उन्हें शत्-शत्-प्रणाम !

८

क्रमशः वयस्क फिर वीर हुए राजसी सुखोंकी शैया पर,
औ धीरे-धीरे पाँव रखा यौवनकी डगमग नैया पर,
गत संस्कार-वश किन्तु शीघ्र ही समझ गए वे यह नौका
पल भरभी विश्वसनीय नहीं, यह अन्त कर चुकी कितनोंका
निर्बला असंयमकी टूटी पतवार न देगी यहाँ काम !
वे वर्द्धमान् ! वे मूर्तिवान् वरदान, उन्हें शत्-शत्-प्रणाम !

९

आखिर वैभवको लात मार चल दिए वीर सन्यासी बन,
साधना अनेकों वर्षों तक साधी फिर निर्जन-वासी बन,
पुरजन-परिवार-प्रीति-बंधन, सब तोड़े ज्यों सूखा तृणही,
जीवनके भोग दिखे उनको जैसे मनुष्यताके व्रणही;
ज्यों प्राण देहको छोड़ चले जाते, त्यों वे भी राज-धाम !
वे वर्द्धमान् ! वे मूर्तिवान वरदान, उन्हें शत्-शत्-प्रणाम !

१०

अनवरत तपस्या कर फिर जब केवलज्ञान कर लिया प्राप्त,
हो गयी जयी की आत्मा तब जगके कण-कणमें सतत व्याप्त;
विद्रोह पताका फहरा दी फिर उन अघके प्रासादों पर,
जिनकी नीवें थीं सधीं हुई संसृति-जीवनकी साधों पर;
जिनमें मानवको मानवता मूर्च्छित थी अपना हृदय थाम !
वे वर्द्धमान् ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत्-प्रणाम !

११

जैसेकि प्रभञ्जनके सम्मुख थमती न लताओंकी छाती,
झोंकोंसे होड़ न ले पातीं स्नेह दीपकोंकी बाती;
वैसेही उनकी वाणीके पावन, पर प्रबल प्रहारोंसे,
घायल हिंसाभी हार गई, जैसे बहु बुद्-बुद् ज्वारों से !
हंस उठा धराके अधरोंपर वर्षा प्रातःका पुण्य-धाम !
हे वर्द्धमान् ! वे मूर्तिमान् वरदान, उन्हें शत्-शत्-प्रणाम !

भ० महावीरकी महिला समाजको देन।

(ले० "स्वतंत्र" सूरत)

भ० महावीर जिन्हें कि विश्ववंद्य कहा जाता है, जिनके द्वारा प्रतिपादित उपदेशोंकी आज सबसे बडी आवश्यक्ता है। वे उस परिस्थितिमें पैदा हुवे थे जब कि संसारमें धर्मका नाम अंधकारमें छिपा हुआ था, मान, मत्सर, दंभ, पाखंड, स्वार्थ, ममता आदि पाप प्रवृत्तियां अपना प्राबल्य फैलाये हुई थीं। मानव अपनी पापजनित मनोवृत्तियों द्वारा लोक मूढतामेंही आनन्द मान रहे थे। वस्तु-स्थिति और उसके स्वभावसे बिलकुल अपरिचित आंखें बंद किये हुवे अंधोंकी नाईही पथभ्रष्ट हो रहे थे। उनके जीवनके प्रत्येक कार्य दिखावटी थे। तत्वज्ञान एवं सचाईकी ओर उनका ध्यान नहीं था। ब्राह्मण वर्गने अपनेको समाजका सर्वेसर्वा बना रक्खा था।

उस समयकी महिला समाजके प्रतिभी स्वार्थी पुरुषवर्गने महान् अत्याचार किये थे। उनके लिये महिलायें मद्य मांसकी तरह भोगकी सामग्री बनी हुई थीं। धर्म स्थानों तकमें सतीत्वसेभी खिलवाड किया जाता था। वानप्रस्थमें गये लोगोंको भी सुरा और स्त्री भोग्य वस्तुये थीं। राजा उदयन और प्रद्योतके संघर्ष युद्ध कामिनीके लिये हुवे थे।

मजेकी बाततो यह थी कि ब्याही पत्नीभी लोग दूसरेको दे देते थे और उसमें पुण्य मानते थे। "द्वितीयो वरः देवरः" इस सिद्धान्त का उस समय पर्याप्त प्रचार था। यह कुत्सित भावना सब नारी समाजके प्रति प्रचलित थी। जिस नारीसे नर पैदा हुवे जिसने तीर्थंकरों चक्रवर्तियोंको जन्म दिया जिसका सामाजिक धार्मिक राजनैतिक क्षेत्रमें पुरुषोंकी तरह समान अधिकार रहा आया हो, जो अपनी शिक्षा, दीक्षा, विद्या, कला आदिके द्वारा इतिहासमें अपना नाम अमर बना आई हो उसी नारी जातिका ऐसा महान् घोर अधःपतन पापी पंडोंद्वाराही किया गया था।

ऐसीही संघर्षमयी परिस्थितिमें आजसे ठीक २५४६ वर्ष पूर्व भ० महावीरका जन्म हुआ था। इसी लिये कि धर्मका वास्तविक स्वरूप बतलाकर लोकको सन्मार्गपर लगाया जाये। दुनियां-वालोंको वह विवेक प्राप्त कराया जाये जिसके द्वारा वे अंधकार और प्रकाशको पहिचान सकें उलझी हुई भूल भुलैओंसे निकाल कर उन्हें समीचीन मार्गपर लगाया जा सके।

जब भगवान वीरने तत्कालीन नारी परिस्थितिका अनुभव किया तो उनका हृदय करुणारस से पिघळ उठा। जो नारी अपने सतीत्व[1] द्वारा दुनियावालोंका माथा अपने चरणोंमें झुकाती रही, जो नारी अपने उत्कृष्ट[2] चारित्र द्वारा इन्द्रोंकोभी चकित करती रही, जो नारी राज्य संचालन[3] द्वारा

---

१. सीता. २. सुलोचना. ३. सिंहिका.

प्रजाकी रक्षा करती रही, जो नारी मानव[४] समाजकी भलाईके लिये अपना बलिदान करती रही, जो नारी अपने शीलरूपी आभूषण[५] द्वारा व्यभिचारियोंके दांत खट्टे करती रही, जो नारी बराबरके अपने धार्मिक[६] अधिकार प्राप्त करती रही, जो नारी पति सेवाके द्वारा अपने कुष्ठी पतिको कामदेव बनाती रही, उसी नारी समाजके प्रति इन स्वार्थियोंका यह निन्द्य वर्तन। जहां महिलायें अपने अधिकारोंसे च्युत होकर नारकी जीवन बिताती रहें, वहां युवक प्राणिग्रहण करके क्षणिक सुखके लिये इनका अपमान देखते रहें, यह युवक महावीरसे न हो सका। फलस्वरूप भ० महावीर बाल ब्रह्मचारीही रहे इसलिये कि उन्हें कामभोगके विरुद्ध क्रान्ति जो करना थी।

भगवान वीर महिला समाजके हृदयमें उस समानाधिकारकी सरिता बहाना चाहते थे जोकि उन्हें प्रकृति द्वारा प्रदत्त थी। धार्मिक ग्रंथ तो खुले शब्दोंमें कहते हैं :—

शिशुत्व स्त्रण्यंवा, यदस्तु तत्तिष्टतु तदा।
गुणाः पूजास्थानं, गुणिषु लिंगं न च वयः॥

अर्थात्—बालक स्त्री चाहे जो हो, उसके गुणही पूजने योग्य होते है उसका रूप या उसकी अवस्था नहीं। महापुरुष महावीर अपनी ३० वर्षकी अवस्थासे लगा कर ४२ वर्षकी अवस्था तक यानी कुल १२ वर्ष तक मौनावस्थामेंही साधकके रूपमें रहे थे।

जब आप आहरार्थ कौशाम्बी नगरी आये तब एक चन्दना नामकी महिलाको जोकि अत्याचारियों द्वारा सताई गई थी, जिसका शील लूटनेके लिए दुष्टोंने अनेक प्रकारके षड्यंत्र रचे थे। जिसके जीवनका मूल्य पूरा "दासी" शब्दोंमें था, जो जेलखानेमें पडी हुई अपनी मौतकी अन्तिम घडियां देखनेके लिये लालायित बनी हुई थी उसी चंदनाका आपने उद्धारकर अपहृत दुर्दरित नारीको समानपद दिलाया था। दासीप्रथा का अन्त किया था।

उन्होंने बतलाया था कि पुरुषोंकी भांति स्त्रियां बराबरके धार्मिक अधिकार प्राप्तकर सक्ती हैं। जो अधिकार पुरुषोंको प्राप्त है या ले सकते हैं वही अधिकार स्त्रियोंके लियेभी हैं। पुरुषोंकी भांति स्त्रियां श्राविका हो सक्ती हैं तथा श्रावकोंकी तरह व्रतपाल सक्ती हैं। वे धार्मिक ग्रंथोंका अध्ययन कर सकती हैं, उन्हें यह अधिकार प्राप्त है। यदि पुरुष मुनि हो सक्ता है तो स्त्रिया अर्पिका हो सक्ती हैं। यदि पुरुष तद्भव मोक्ष प्राप्तकर सक्ता हैं तो स्त्रियांभी परम्परागत मोक्ष प्राप्तकर सक्ती हैं।

स्त्री पर्यायसे मुक्तिका निषेध इसलिये है कि स्त्री द्वारा पूर्ण अहिंसा महाव्रतका पालन नहीं हो सक्ता, शारीरिक संहनन (आदि की तीन संहनन) बलवान न होनेसे उन्हें शुक्त ध्यानकी प्राप्ति नहीं हो सक्ती, एतदर्थ स्त्री पर्यायसे उन्हें तद्भव मुक्ति प्राप्त नहीं होती यह सैद्धान्तिक नियम है। चन्दनाको दासी प्रथासे मुक्ति मिली, तथापि दासी प्रथाके प्रति खूब बगावत हुई, और भग-

---

४. मंदोदरी (रावनकी पट्टरानी). ५. चन्दना रयन मंजूषा, अनन्तमती मनोरमा आदि.
६. ब्राह्मी सुंदरी (युगादि जिनकी पुत्रियां). ७. मैना सुंदरी.

वान वीरके प्रतिपादित उपदेशों द्वारा नारी जातिने अपने अधिकार प्राप्त किये। आदि पुराणमें बताया है :—

पुत्रश्च संविभागार्हाः समं पुत्रैः समांशकैः।

आदिपुराण पर्व ३२

यह उस समयकी बात है जबकि भ० ऋषभदेवने कर्म भूमीकी सृष्टि जनताके समक्ष रक्खी थी। उन्होंने कहा था कि पुत्रोंकी भांतिही पुत्रियोंकोभी समभाग बाटनी चाहिये। आदिनाथ भगवानने जिस तरह अपने पुत्रोंको शिक्षा दीक्षा दीथी उसी प्रकार अपनी दोनों पुत्री ब्राम्ही-सुंदरीकोभी दी थी। इनके समवशरणमें आर्यिकाओं में दोनो प्रथमं मानी जातीथीं। इसके आगे :—

द्वादशांग धरो जातः क्षिप्रं मेघेश्वरो गणी।
एकादशांगभृज्ज्ञाताऽऽर्यिकापि सुलोचना॥

हरिवंश पुराण सर्ग १२

यानी मेघेश्वर (जयकुमार) द्वादशांगका ज्ञाता गणधर हुआ और सुलोचना ग्यारह अंगकी-धारक आर्यिका हुई। इसका तो यही मतलब हुआ कि सृष्टिसेही स्त्रियोंको समनाधिकार प्राप्त हैं। हनुमान (श्रीशैल) की माता जब गर्भवती थी तब उसकी सासने उसे झूंठा कलंक लगा कर घरसे निकाल दिया था ऐसी अवस्थामें शीलवती पतिपरायणा अंजना जंगलके अन्दर एक गुफामें भगवानकी मुर्ति विराजमान कर अपनी सखी वसंतमालाके साथ पूजन प्रक्षाल करतीं थीं।

भ० वीरकी दृष्टिमें स्त्री और पुरुष दोनोंही समान थे और दोनोंकेही अधिकारोंके महत्वको समझते थे। उनके प्रतिपादित धर्ममें स्त्री पुरुषोंको समानाधिकार प्राप्त था। जो आत्मा पुरुषोंमें थी वही आत्मा नारी जातिमें मानते थे। अपने त्याग, तपस्या, संयम, आत्मसाधना द्वारा उच्च गति प्राप्त कर सक्तीं हैं।

स्त्रियोंका दर्जा सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्रमेंभी समान है। स्त्रियोंको अर्धांगिनी शब्दसे संबोधित किया जाता है जबतक पुरुष अपने आधे अंगको ठुकराता रहेगा तब तक उसे किसीभी क्षेत्रमें सफलता नहीं मिल सकेगी और न वह अपने जीवनस्तरको ऊंचा उठा सकेगा। यह कहांका न्याय है कि पुरुष अन्याय और अत्याचार करते हुवे निर्दोष कहा जावे? और जो निर्दोष अबलायें हैं उन्हें पददलिता पदच्युता बनाया जावे। मानवोंके इस भूल भरे सिद्धान्तका विश्ववंद्य वीरने विरोध किया। उन्होंने यह सिद्ध करके दिखाया कि जबतक महिला समाज अपने अधिकार प्राप्त नहीं कर लेती तब तक समाज, देश, धर्म, राज्यशासन आदि अधूरे रह कर गर्तमेंही गिरते चले जावेंगे। स्त्री राज्यसिंहासन पर अपने पतिके साथ कंधासे कंधा भिडा कर बैठती आयी है:—

अर्धासन निविष्टे च मताशिष्ट च भूभुजः

—क्षत्रचूडामणि (वादिराज)

उसे पट्टरानी या महारानी अथवा राजमाता पद मिलता आया है। स्त्री पुरुषकी सहायक है और पुरुष स्त्रीका सहायक है, जब दोनोंही नर नारी अपने विचारोंमें एकता प्राप्त करते हैं तभी गृहस्थ मार्गका सुंदर रीतिसे संचालन हो सकता है। शास्त्रोंमें तोः—

देवपूजा गुरुपास्ति स्वाध्याय संयमस्तपः।
दानं चेति गृहस्थानां षट्कर्माणि दिने दिने॥

गृहस्थोंके षट्कर्म बतलाये गये हैं। उससे यह सिद्ध होताहा नहीं कि ये षट्कर्म श्रावकही पालन करते हैं श्राविका नहीं। दान तो दम्पत्तिद्वारा प्रदत्तही महत्वपूर्ण बतलाया है। राजा श्रेयांसने सपत्नीक युगादि जिन ऋषभदेवको सर्व प्रथम इक्षुरसका आहार दान दिया था, उन्हींके द्वारा मुनियोंको आहार दान देनेकी प्रणाली प्रारंभ हुई। उपर्युक्त उदाहरणोंका मतलब यही हुआ कि नारी जातिने अपने अधिकार हमेशासे अपनाये हैं। नारी और नर दोनोंही मानव हैं, स्त्रीत्व और पुरुषत्व दोनोंको अपने कर्मानुसार प्राप्त होता है।

जहां भ० वीरके समवशरणमें १ लाख श्रावक थे तो ३ लाख १८ हजार श्राविकायें थीं। जिन्होंने चन्दना दासीको दासीत्व बंधनसे मुक्त कियाथा, वही चंदना आर्यिकाओंमें सर्व प्रथमथी, श्रेष्ठथी। सीताजी बनवासके अन्दर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजीके साथ मुनियोंको आहार देतीथी।

पूजन और प्रक्षाल ये तो भक्तिमार्गके प्रथक २ अंग हैं, एवं इन दोनोंसे पुण्य बंध होता है जो कि संसारका कारण है, जबकि अर्यिका संवर और निर्जराका कारण बताया गया है जिससे क्रमशः मोक्षकी प्राप्ति होती है। जब स्त्री मुक्तिके कारण इन संवर और निर्जरा करनेवाले कार्य तो कर सक्ती है तब वह पुण्यबंधके कारण भूत प्रमुख पूजन प्रक्षाल नहीं कर सक्ती? यह कैसे माना जा सक्ता है। महाप्रभु वीरके धर्मने नारी जातिके लिये सन्मान, प्रतिष्ठा, समानाधिकार आदि सब कुछ प्राप्त कराये थे उन्हें पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता दी गई थी।

"सतीत्वेन महत्त्वेन वृत्तेन विनयेन च।
विवेकेन स्त्रियः काश्चित् भूषयन्ति धरातलम्॥"

Karnāṭaka South and Jaina Tradition

By Prof. D. R. Bendre, M. A., Sholapur

[प्रस्तुत लेखमें प्रो० बेंद्रेने भारतीय पुराण-साहित्यकी महत्ता स्थापित करके विज्ञ समाजके समक्ष एक विचारणीय दृष्टिकोण उपस्थित किया है। जैन, शैव, वैष्णव और बौद्ध अनुश्रुतियोंका तुलनात्मक अध्ययन भारतीय इतिहासके लिये उपयोगी सिद्ध होगा। पुराणोंको निरा कल्पित कह कर टाला नहीं जा सकता। जैन पुराणोंमें इतिहासकी बहु सामिग्री है। जैनोंके आदि तीर्थंकर ऋषभदेवको वैष्णवोंनेभी अपना पूज्य पुरुष माना है। वैष्णवजन नाभिरायको १४ वां मनु मानते हैं। जैनभी ऋषभदेवके पहले १४ कुलकरोंका होना भोगभूमिमें बतलाते हैं। ऋषभदेव वैष्णवोंके मन्तव्य-काल वैवस्वत मनवन्तरसेभी पहले हुये हैं। नाभिरायके समय यह हमारा देश 'अजनाभ-वर्ष' कहलाता था। शैव और वैष्णव पुराणोंमें कुलपर्वत पर 'भूमियां' जातियोंका आवास बताया गया है। अतः मानना होगा कि श्वेतवराह कल्पके पहले विंध्यसे लंका तक विस्तृत एक दक्षिण राज्य था। इस अवस्थामें ऋषभ और भरतका कौशल, दक्षिण कौशल भासता है। कुछ विद्वान् 'कोशल-तोशल' नाम प्राङ् द्राविड कालका मानते हैं। उत्तरमें जाति नामके साथ 'अल्' प्रत्ययका संयोग संस्कृत-संधिके नियमानुसार होता हैं, जब कि दक्षिणमें वह संयोग द्रविड-कन्नड-स्वरसंधिके अनुसार होता है। यथा :—

उत्तरमें :— नीप (नेप) + अल् = नेपाल
बंग (बंग) + अल् = बंगाल
पंच + अल् = पंचाल
} सवर्ण दीर्घ संधि.

दक्षिणमें :— कुंत + अल् = कुंतल (कुंताल नहीं होता है)
केर (चेर) + अल् = केरल (केराल ,, ,, ,,)
सिंह + अल् = सिंहल (सिंहाल ,, ,, ,,)
कोश + अल् = कोशल (कोशाल ,, ,, ,,)

अतः इक्ष्वाकु कोशल इस प्रकार दक्षिणात्य देशावास होना चाहिये। 'भागवत्' में वैवस्वत, मनु और इक्ष्वाकुसे पहले द्रविडेश्वर सत्यव्रत मनुका उल्लेख है। द्रविडोंका आवास दक्षिणमें था। भुजबलिकी राजधानी दक्षिण कौशलकी पोठिल थी। दक्षिणमें बाहुबलिकी तीन विशालकाय मूर्तियांभी हैं।

'भागवत' में कोङ्गु, वेङ्गद और दक्षिण कर्णाटकके मध्यदेशसे ऋषभदेवने निर्वाण पाया, लिखा है। किन्तु जैन आगम ग्रन्थोंमें ऋषभका निर्वाण स्थान कैलाश लिखा है। शैव ग्रंथोंका कैलाशभी यही है। अतः ऋषभनिर्वाण स्थान कैलाशको मानना ठीक है। साथही यह माननाभी ठीक है कि 'भागवत' के पहलेसे दक्षिण कर्णाटकमें अर्हत् (जैन) राजा थे। इसका अर्थ यह होता है कि दक्षिणसे जैनधर्मका सम्बन्ध नेमि-पार्श्वनाथके मध्यवर्ती कालसे है। जैन ग्रंथोंमें केवल नेमिनाथ का पल्लव देशमें विहार करनेकाही उल्लेख नहीं है, बल्कि यहभी लिखा है कि पांडवोंने दक्षिण

मथुरामें राज्य स्थापित किया था। यह तामिल देशके प्रदेश है; जो कर्णाटकसे सटा हुआ है। उस समय कर्णाटक (कर्ण-नाटक) और पल्लव (पर्ण-नाटक) एक देशके उत्तरीय या दक्षिणी भागमें रहते थे और एक जातिके थे। पाणिनिने गोत्र नामोंमें कर्णाटकों व पर्णाटकोंका उल्लेख किया है। वे संभवतः नाट् क्षत्रियोंकी मिश्र जातियां थीं। भरत चक्रवर्तीके समय नाटों (ज्ञातों) की एक प्रमुख क्षत्रिय जाति थी। अन्तिम तीर्थंकर महावीरका जन्म ज्ञातृ (नाट) क्षत्रियोंमें हुआ था। इन ज्ञातृ या नाट क्षत्रियोंके अनेक कुल दक्षिणमेंभी आबाद थे। कुन्थलके कर्णाटक, द्रविडके कर्णाटक, महिष्मंडलके पुन्नाट, आंध्रके वेंकिनाट, किष्कंधके वानर और उत्तर कौशलके उन्नाट क्षत्रिय ज्ञातृ (नाट) क्षत्रियोंकेही भेद हैं। अतः स्पष्ट है कि प्राचीन जैन इतिहासका सम्पर्क दक्षिण कर्णाटकसे था। नाट्क्षत्रिय वहां रहते थे। यदि यह बात न होती तो भद्रबाहु आचार्य सम्राट चन्द्रगुप्त सहित श्रवणबेलगोलको न आते। इस विषय पर माननीय लेखक अन्य विद्वानोंके विचार जाननेके लिए उत्सुक हैं। —का० प्र०]

I believe that very old relations have existed between Karnāṭak and Jainism. My belief is based on the historical evidence implicit in the Purāṇas. Purāṇās are regarded as pre-history, true. If such pre-history is studied from a comparative stand-point in the light of the Jain, Vishnava and Śaiva Purāṇas the scope of history itself will be widened. It is time that this systematic reconstruction is undertaken by the Pandits in the wake of the Orientalists. Śrı C. R. Krishnamacharya's, " The Cradle of Indian History " (The Adyar Library Series 56), is good beginning in this direction. If research is prosecuted further on these lines, it will probably be established that the Jain, Vaishnava, Brahmha, Shākta, Śaura and Chandra views of Reality have rayed out of a single central Inspiration or Vision, just as now, it has come to be accepted that the Ganges, the Indus and the Bramhaputra have a common regional basis in the Himālayas. Such a finding will contribute to the evolution of the synthetic unity, which is the need of the hour.

In the Jain Āgamas, there is embodied beside the Darshana, the Purāṇa relating thereto. From this tradition we understand that the Ādi-tīrthankara Rishabhadeva, revealer of the Jain Illumination is venerated in the Vishnava Āgamas as well. Nay, more. The trinity of Nābhi, Vṛiṣhabha and Bharata, shares fraternal status with Uttānapada Raya, the father of the exemplar of Vaishnava devotion, Dhruva. According to the Vaishnava Āgamas Nābhi Rāya, is the Fourteenth Manu. Prior to him are reckoned the *pūrva bhavas* of the Ādijina (आदि-जिन) and thirteen Manus of the Jaghanya Bhoga-Bhūmi (जघन्य भोगभूमि). By the criterion of the Vaishnava Purāṇas the present Vedic era is part of the Vaivaswata Manwantara. Riṣhabhddev's age is anterior to it. Our country had not yet acquired the name of Bharat-Khanda. The contours of the known world were established in the time of Bharata's grand-father, Nābhi Rāya. All the purāṇas more or less accept and describe this geography. The Purāṇas say that in Nābhi Rāya's time, this land of our's was designated ' Ajanābha-Varṣha. ' Anterior

to this Kalpa we hear mention of 13 Jain Manus, and the Kula-Karas, and the new of men that was being shaped under the direction of these Manus and Kulakaras in Bhogabhumi. If the Bhumiya trives inhabited the region of the Kula-Parvata mountains alluded to in the Śaiva and Vaishṇava Purāṇas, it will have to be admitted that the southern kingdom between the Vindhyas and Sinhala was one far advanced before the Sweta-varāha-Kalpa. In that case there are reasons to maintain that Kośala, the home of the Riṣhabha and Bharata, Inṣhwākus would be identified as the southern kingdom and not the northern. Some western Scholars hold that Kośala, Josāla, is a pre-Dravidian nomenclature. The suffix "Ala" indicating place and country when applied to tribal names in the north, would be in accordance with the Sanskrit Sandhi; when applied to tribal names in the south would be in accordance with the Dravida-Kannaḍa-Swarasandhi.

Northern :—

Neepa	(Nepa)	+ Ala =	Nepāla	Savarna
Vanga	(Banga)	+ Ala	Bangāla	Deergh
Pancha		+ Ala	Panchāla	Sandhi

Southern :—

Kunta	+ Ala =	Kuntala	(not Kunt-āla, कुन्ताल)
Kera (Chera)	+ Ala =	Kerala	(not Kerāla)
Sinha	+ Ala =	Sinhala	(not Sinhāla)
Kosa	+ Ala	Kosala	(not Kośāla)

The original Kośalas of the Ikṣhwāku (इक्ष्वाकु) would thus belong to the Dakṣhinātya countries. It can be traced from the Bhāgawata that Satyavrata Manu, the Dravideshwara was well known before the pauranic trio, Vaivaswata, Manu and Ishwāku. The south was the land of Drāvidas, Poṭhali of South Kośala was the capital of Bhujabali. Three beautiful monuments attesting the unique worldly renunciation of Bhujabali Gomaṭeshwara stand in Karnāṭāka. The Bhāgwvata speaks of Riṣhabhadeva as having attained nirvāṇa to the south of this Karnāṭak. i. e. in the middle region of Kongu Vengada and South Karnāṭak (Kankata Karnāṭaka) and Kutajadri. But the Jain Āgamas have it that Riṣhabha had his nirvāna in the Kailāśa. The Kailaśa of the Śaiva Āgamas must be identical with this. The Nirvāṇa of Riṣhabha may be associated with this spot. But there seem to have existed Arhat kings in South Karnāṭak anterior to the 'Bhāgavata-purāṇa' who wanted to appropriate this honour to the south. That means the South had imbibed Jainism in the middle of the time of Nemi Pārśwanātha. The Jain Āgama not only refers to the exodus of Neminātha to Pallava, anticipating the destruction of Dwārikā, but to the Pāṇḍavas too having established a kingdom in South Madura. These Pallavas and South Madura are none else than the Tamil land contiguous to Karnāṭaka. At this

time the Karnāṭakas (the Karna-Nāṭakas) and the Pallavas (The Parṇa-Nāṭas) lived in accord as the north and south of a single land and as the offshoots of a single tribe. Pāṇini includes the Karnātakas and Pārnāṭakas under the 'Gotra-nama' category of the "Yaksas." It would seem both these were mixed Kṣhatriya tribes of the Nāṭas.

The Nātha tribe was one of the five Kṣhatriya tribes of note during the time of Bharata Chakravarthī. Mahāvīra, the last of the Tīrthankars was born in this tribe. The Sanskrit and Prākrit texts variously refer to this tribal name as Jñātri, Nāth and Nāṭa. The different houses of the Nāṭas were located in the South. Karnāṭaks of Kunthala, Parnātas of Drāvida, the Mahānatas of Vidharbha, the Punnāṭas of Mahiṣhmandala, the Bekināṭas of Āndhra, the Vā-naras of Kishkanda, the Unnāṭas of Uttara-Kośala were among the tribal variations of Nāṭas. The Bekināṭas are mentioned in the Vaidika Sukti. The 'Mahābhārata' mentions the Unnāṭas. Pampa in his 'Ādipurāṇa' specifies the Mahānāṭas. The Vānaṛas of Rāmāyana are well known. The Ggngas and the Punnāṭas of ancient Mahisha-Manḍala are known to be kin. Inscriptions from rocks too bear evidence to this.

It emerges that ancient Jain history had contact with the larger portion of Karnāṭak as Kunthala and Kunkana, are identified as the home of the Kulas, and as Vānara, Punnāṭa, and Karnāṭaka are found to be the sources of the various sub-divisions or offshoots of Nāṭas. If this were not so, Maurya Chandra-Gupta with Bhadrabāhu Āchārya would not have come staraight by the northern route, traversed the countries in the middle and settled down in Shravan-Belagola as if by express invitation. I have briefly set forth this view for further scrutiny by scholars. I have a desire to acquaint myself, with the position of those who hold a contrary view or who have arrived at the same conclusion on lines of their own. I shall feel compensated for the present if the attention of those engaged in historical and geographical research prior to the date of Bharata, is drawn this way.

Koṇḍakundācārya's Birth Place.

By Dr. B. A. Saletore, M. A., D. Litt. Ahmedabad.

[प्रो० डॉ० भास्कर आनन्द सालेतोरेने प्रस्तुत लेखमें श्री० कुन्दकुन्दाचार्यजीके जन्मस्थान पर प्रकाश डाला है। शिलालेखोंके आधारसे वह मद्रास प्रान्तके गुंटुकल रेल स्टेशनसे चार पांच मील दूर स्थित कोनकुंतल या कोनकुनल ग्रामको उनका जन्मस्थान बताते हैं। आचार्यश्री का जन्मस्थान होनेके कारण वह स्थान तीर्थ माना गया था। सन् १०८१ के लेखसे स्पष्ट है कि महामंडलेश्वर जोयिम्मय्यरसने कोन्डकुंन्देयतीर्थमें स्थित चट्ट जिनालयको दान दिया था। इसी मंदिरके लिये सन् १०८८ में महामंडलेश्वर चिक्करसने दान दिया था। ऐसे उल्लेखोंसे कोन्डकुंड या कोनकुनल स्थानही संभवतः आचार्य श्रीका जन्मस्थान है। —का. प्र.]

One of the most famous names in early Jaina history is that of Koṇḍakundācārya. His date is still unsettled, but it is believed that he lived in the first century. A. D. Scholars like Venkayya and Ramaswami have rightly pointed out that he hailed from Konakuṇṭala or Koṇḍakunda, or Konakonala, a village about four or five miles from the Guntakal railway station in the Madras Province. I have shown elsewhere that this name Koṇḍakunda is essentially Kannaḍa.[1] In this paper I shall show that this place was of some consequence, both from the administrative as well as the religious points of view. It rightly came to be called a *tīrtha* or a holy place, many centuries after the time of Koṇḍakundācārya, evidently because of the fact that that great teacher had been born there. That the birth place of a great place was reckoned to be a *tīrtha* or a *kṣetra* has been shown by me in another context, where I have proved that the birth place of the great Vaiṣṇava teacher Ānandatīrtha better known as Madhavācārya, has likewise ever been reckoned to be a holy place by the followers of this great Vaiṣṇava teacher. The place is called Pājakakṣetra while the place where he spent his boyhood is called Daṇḍa-*tīrtha*.[2] Concerning the birth place of Kondakundācārya, I may add that the remarks which follows are based on five stone inscriptions which were accessible to me long after the publication of my work on Jainism.

The earliest stone inscription about the birth place of the great Jaina teacher is dated in A. D. 1059-60. It was found in the Bhogeśvara temple at Donekallu, Gooty tāluka, Anantapūr district, Madras Province. It informs us that in the reign of the Western Cālukya monarch Tribhuvanamalla Deva, an expedition was led to the south by that monarch. At that time Sankarasa was governing from Koṇḍakunde (*Koṇḍakundeya-maneya Sanka-*

1. Read Saletore, *Mediaeval Jainism*, pp. 226, n. (3)—228.
2. Read Saletore, *Ancient Karnāṭaka*, pp. 416 ff.

rasa). In the above record we have an interesting detail which, of course, does not concern us here *viz.*, that two Brahmans (named) had forcibly occupied the *umbali* or rent free lands of some persons, and that they were ejected from those lands.[3]

The second stone record is dated in A. D. 1078, December the 25th. It was discovered near the Malleśvara temple at Konakonala itself, in the Gooty tāluka. This is a damaged record which mentions the same Western Calukya Tribhuvanamalla Deva, records the gift of some land for the services of the god Mallikārjunadeva of Koṇḍakunde.[4]

The third record dated A. D. 1081, December the 23rd, Thursday, and discovered on the hill called Kailesappa Gutta also at Konakonala, affirms that while the same Western Cālukya monarch was reigning from Poṭṭalakere, snd when his Mahāmaṇḍaleśvara Joyimmayyarasa was governing the Sindavāḍi 1,000 Province, this governor granted thirty *mattar* of land, a flower garden, an oil mill, and eight house sites for the services of the Jaina god in the *basadi* called Caṭṭa Jinālaya, which had been erected by Nalikabbe in memory of her husband, in the *Kondakundeya tirtha* (Holy place of Koṇḍakunda). The governor, it may be noted, was a devotee of the god Mallikarjuna of the same place.[5]

The fourth inscription dated A. D. 1088, December the 24th, and found in a field also at Konakonala, mentions the same Western Cālukya monarch. It registers the grant of land by the Mahāmaṇḍalesvara Cikkarasa of Hāmblige belonging to the ancient Bāṇa royal family; but the gift-deed was executed by the Mahāsāmanta Candrahāsa of Kondakunde for the services of the same god whose name is lost in the record.[6]

The fifth record dated A. D. 1525, November the 7th, and discovered in front of the Bhogeśvara temple at Konakonala itself, refers to the reign of Kṛṣṇa Deva Rāya the Great of Vijayanagara. It affirms that under orders of the monarch, Kottanara Rāmarāja made a gift of land to certain persons (names lost in the record), of Koṇḍakundi for constructing a tank in the village and for its supervision.[7]

From the above, therefore, we may safely conclude that the birth place of Koṇḍakundācārya was a place of much consequence from the eleventh till the sixteenth century; that it was a centre that was always within the limits of Karanāta monarchs; and that it was a place of importance both to the Hindus and Jainas.

---

3. *South Indian Inscription*, IX. P. I. No. 123, pp. 104–105; *No. 392 of 1920.*
4. *Ibid*, No. 136, pp. 119-120; *No. 455 of 1920.*
5. *Ibid*, No. 150, pp. 132; *No. 565 of 1915.*
6. *Ibid*, No. 157, pp. 139; *No. 566 of 1915.*
7. *Ibid*, Part II, No. 519, p. 535, *No. 76 of 1912.*

पव्वइया नगरी।

(इतिहास तत्व महोदधि जैनाचार्य श्री. विजयेन्द्रसूरी)

उद्योतन सूरीद्वारा प्रणीत कुवलयमाला कहा ग्रन्थ शक सम्वत् ६९९ (विक्रम सं. लगभग ८३४) की चैत्रवदी १४ को जाबालिपुर (मारवाडका जालौर नामक स्थान) में पूरा हुवा था। इस ग्रन्थ की प्रशस्ति में लिखी गाथाओंमें ' पव्वइया ' (पर्वतिका) नामक नगरीका वर्णन आता है। वहां इस नगरीको चन्द्रभागा (चनाब) नदीके किनारे पर बताया गया है।[1] कुवलयालाकहाके रचयिता उद्योतन सूरिके पूर्वपुरुष हरिगुप्त इसी नगरीमें रहते थे और तोरमाण हूंण राजासे सन्मानित और इसके गुरूथे। थामस वैटर्स कृत आन युआन च्वाङ् ट्रैवल्स इन इण्डियाके नकशेमें युआन च्वाङ की यात्राओंके आधार पर चन्द्रभागा नदीके किनारे पर ' पर्वत प्रदेश, प्रदर्शित किया गया है जो कि काश्मीरके नीचे है, इस की ही राजधानी पर्वतिका (पव्वइया) थी।[2] महाभारतके सभापर्व में अर्जुन की दिग्विजयके वर्णनमें अर्जुनका काश्मीर जाते समय पर्वत प्रदेशमेंसे हो कर जानेका उल्लेख है।[3] पाणिनिके तक्षशिलादि गण[4]में भी जिस ' पर्वत ' देशका उल्लेख है और विशाखदत्तके मुद्राराक्षसमें पर्वतक और मलयकेतु नामके जो पात्र उपस्थित किये गये हैं वे सब इसी पर्वत प्रदेशके रहनेवाले थे। श्री वेनीमाधव बरुआके मतसे मुलतानके पूर्वोत्तरमें ११६ मील पर यह पर्वत

---

१. भारतीय विद्या, Vol. II, Part 1, नवम्बर १९४०, पृ. ८४, गाथा २. ३.

सुइदिय चाइसोहा विअसिय कमलाणणा विमलदेहा।
तत्थत्थि जलहिदइआ सविआ अह चंदभाअ त्ति॥
तीरम्मि तीय पयडा पव्वइया णाम रयणसोहिल्ला।
जत्थत्थि ठिए भुत्ता पुहई सिरितोर रायेण॥

२. On Yuan Chwang's Travels In India By Thomas Watters, Vol. II के अन्तमें दिया नक्शा.

३. महाभारत, सभापर्व, अध्याय २८—

विजित्य चाहवे शूरान्पार्वतीयान्महारथान्।
जिगाय सेनया राजन्पुरं पौरवरक्षितम्।
पौरवं युधि निर्जित्य दस्यून्पर्वतवासिनः
गणानुत्सवसंकेतान जयत्सप्तपाण्डव।
ततः काश्मीरकान्वीरान् क्षत्रियान् क्षत्रियर्षभः।

४. इस गणमें तक्षशिला, वत्सोद्धरण, कैमेंदुरक, ग्रामणी, छगल, क्रोष्टुकर्ण, सिंहकर्ण, संकुचित किन्नर, काण्डधार, पर्वत, अवसान, वर्चर, कंसकी गणना है।

प्रदेश था।[५] इस पर्वत प्रदेशके रहनेवाले लोग पौरव कहलाते थे। भारतीय इतिहासके प्रसिद्ध और सिकन्दरसे लोहा लेनेवाले राजा पुरु इसी प्रदेशके थे। युआन च्वाङ्के अनुसार इस पर्वत प्रदेशका घेरा ५००० ली था, इसकी राजधानी २० ली से भी बडी थी। वहां की प्रमुख उपज चावल, दाल, और गेहूं थी।[६]

इस वर्णनसे प्रतीत होता है कि कुवलयमालाकहाकी प्रशस्तिमें वर्णित पव्वइया (पर्वतिका) नगरी पर्वत देशकी राजधानी थी और वह पर्वत देश काश्मीरके नीचे और मुलतानके पूर्वोत्तर ११६ मील पर चनाब नदीके किनारे था। इसी प्रदेशमें एक पर्वत है, जिसे 'पव्वी' कहते हैं। संभव है कि पव्वी और पव्वइया का कुछ सम्बन्ध हो।

प्रियदर्शन इतिहास कण्ठमें
आज ध्वनित हो काव्य बने।
वर्तमानकी चित्रपटी पर,
भूतकाल सम्भाव्य बने!

—श्री 'दिनकर'

---

५. डा. बेनीमाधव बरुआ कृत 'अशोक एण्ड हिज इंस्क्रिप्शंस, पृ० ४५ में लिखा है :

The explanation for the introduction of Parvatak kumar in the story lies really in the Mudrārākshasa in which the machinations of Chānakya against Nanda were directed to conciliating Rākshasa, a minister of Nanda, and getting Malayaketu of Parvata as an ally. I am inclined to identify Parvata with Hwen Thsang's Po-fa-to, a country which was situated 700 li (about 116 miles) south-east of Multan. Vishākhdatta's Parvata is the same country as that which Panini IV. 2. 143, mentions as the name of a country under the group Taksha-silādi IV. 3. 93.

६. थामस वैटर्स कृत ऑन युआन च्वाङ्स ट्रैवलमें पो-फा-तोको पर्वत प्रदेश बताया गया है। पृ० सं. २५५, भा० २.

Jain Code and Jainism.

By Shrī Sāhitya-Chandra; Vāngmaya-Pradīp; Raoji Nemchand Shah,
Pleader, Sholapur
(Editor Pragati Jinvijaya and Veer Com. Vol.,
President Jain Sāhitya Sevā Mandal)

[प्रस्तुत लेखमें श्री. रावजी नेमिचंदजी शाहने जैन कानूनकी विशेषता और उसको मान्य करानेकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। जैनधर्म एक अति प्राचीन धर्म है। वह लिखते हैं कि जैनोंके प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेवके पिता नाभिरायकी अपेक्षा यह देश अजनाभ वर्ष कहलाता था और उनके पुत्र भरतके नाम पर वही भारत वर्ष कहलाया। वृषभ तीर्थंकरको हिन्दू विष्णूका अवतार मानते हैं और कहते हैं कि अब तक उनको हुये २८ युग बीत चुके हैं। वह आदि धर्म-प्रवर्तक थे। ऋग्वेदकी ऋचाओंमेंभी ऋषभ और अरिष्टनेमि तीर्थंकरोंका उल्लेख हुआ है। 'भागवत' एवं 'विष्णु' पुराणोंमें ऋषभदेवका चरित्र ठीक उसी प्रकार लिखा हुआ है जैसा कि जैन पुराणोंमें मिलता है। मोहनजोडरोकी मुद्राओंसेभी सिद्ध है कि जैनधर्म पांच हजार वर्ष पहले प्रचलित था। मुद्रा नं० ४४९ पर जिनेश्वर शब्द पढा गया है। मथुराके कंकाली टीलासे बहु प्राचीन मूर्तियां तीर्थंकर ऋषभदेवकी मिली हैं। अतः ऋषभदेवका समय प्रायः ऐतिहासिक कालमें बहु प्राचीन बैठता है। वह वैदिक आर्योंके आगमनसे पहलेके महापुरुष ठहरते हैं। अतः जैनधर्म उनके बराबर प्राचीन सिद्ध होता है। उसे वैदिक धर्मकी शाखा बताना गलत है—जैनोंको हिन्दू धर्मविरोधी लोग (Hindu Dissenters) कहना औरभी गलत है। जैनोंका अपना धर्म है, अपने देवता हैं और अपने शास्त्र हैं। निराली पूजाविधि है, जिसमें पशुबलि निषिद्ध है। अहिंसा परमधर्म है। श्राद्धतर्पण आदि कुछ नहीं है। उनकी निराली संस्कृति और दायभागके विधि विधान हैं। 'भद्रबाहु संहिता'–'अर्हन्नीति' आदि दायभाग सम्बन्धी शास्त्र है। किन्तु इतने परभी जैनोंके मुकद्दमे हिन्दू लॉके अनुसार निर्णित किये जाते हैं। जैनोंके प्रति यह अन्याय है। मान्य लेखकने न्यायाधीशोंके अभिमत उपस्थित करके जैनकानूनकी विशेषता स्थापित की है। मद्रासके चीफ जज्ज सा. श्री कुमारस्वामी शास्त्रीने स्पष्ट कहा था कि "जैनोंके अपने दायभाग विषयक शास्त्र हैं। हिन्दू कानून उनके प्रति लागू करनेके लिए कोई उपयुक्त कारण नहीं है।" अन्य अभिमतभी यही प्रगट करते हैं। अतएव जैनोंके लिए तो उनका अपना शास्त्र सम्मत जैन कानून बनना चाहिये। स्वतंत्र भारतमें इस अन्यायका अन्त होना चाहिये। जैनोंको मिलकर इसके लिये जोरदार आन्दोलन उठाना चाहिये। जैन सेवा मंडल नागपुरने इस दिशामें विशेष उद्योग किया था; पर संगठनके अभावमें उसकोभी सफलता नहीं मिली। जैन कानूनमें स्त्रियोंको विशेष अधिकार प्राप्त हैं। वह स्वयं गोद ले सकती है और पतिकी उत्तराधिकारी हो सकती है। प्रस्तुत लेखमें इन सब बातोंको दर्शा कर जैन कानून बनाया जाना आवश्यक ठहराया है। —का. प्र.]

The times in which we live require a revision of our customary old code and ways of living. Institutional religions long-established are being

found inadequate to the complex needs of modern Society. Thought is being rapidly internationalised, put on a pure human basis transcending race, caste, creeds and sects.

It may seem highly anomalous in an *era* like ours to advance any sectional claims. The whole of society is moving forward to an unprecedent integration. Old walls are crumbling, man's thought is acquring solidity not practicable in previous eras of history. But at the same time we have to recognise existing barriers and do what may be necessary to ensure the survival of what has come down to us from the past through the Great Masters, Āchāryas, Thinkers, Seers and Institutions.

Jainism, it is strongly claimed in this article, is not only one such an age-old institution, but according to some eminent scholars it is impossible to find a beginning for Jainism. At present it is represented in India by twenty to twenty-five lacs of votaries scattered and spread over the various parts of Bhāratvarsh. (Note : It is named after भरत, the eldest son of श्रीऋषभदेव, the first Tirthankara. It was early known as अजनाभवर्ष after नाभिमनु the father of Rishabha, the founder of Jainism). The Jains, under the present legal system have a few disabilities which it is the object of this paper to point out and further to claim Jain Code be framed and made applicable to them. It must be remembered that Hindu Laws are not words of precise interpretation. It is an incorrect and most unhappy expression.

At present the Hindu Dharma or Law applies to *Jains* except so far as such Law is varied by custom (Vide 8 Bombay ; 45 Bombay 754 ; 50 Madras, 228). 1. The Śrutis, 2 The Smritis and 3 Custom are three main courses of Hindu Law. Out of these three, Śrutis include the four Vedas. The Smritis constitute the principal source of Law. 1. The Code of Manu. 2. The Code of Yājnavalkya. 3. The Code of Nārad are the three principal Smritis which were compiled during the period varying from 2000 A. D. to 5th or 6th Century A. D. Here it may be worth-noting that the Smritis do not agree with each other in all respects. Hindu Law is a mixture of morality, religion and law. The distinction between positive law and moral is not observed in Hindu Jurisprudence. This is what is remarked by Shrī Bannerji.

Now it can be proved that the Jains have texts and scriptures of their own far far anterior to the Shrutis and Smritis which can be codified as Jain Law.

The Jain scriptures such as भद्रबाहुसंहिता, २. इंद्रनंदि-जिनसंहिता, ३. अर्हन्नीति, वर्धमाननीति, जिनसेनरचित महापुराण (आदिपुराण) etc. have unfortunately never been referred to nor incorporated in the existing system. Mayne defines. "Hindu is any person who is a Hindu by religion." "This definition necessarily excludes Jains unless Jainism is considered to be a form or a branch of Hinduism."

To consider Jains as ' Hindu Dissenters ' is entirely untrue. So also the following remarks of Sir D. F. Mulla about the History of Jains and their tenets are equally wrong and baseless. " Jainism seems to have been originated in the sixth or seventh century, to have become conspicuous in the eighth or ninth century ; got the highest prosperity in the eleventh and declined after the twelfth." This is entirely based on the fourth hand information derived from the out of date history of Elphinstone or from some interested Brahmin Pandits. This has been proved false by the recent modern researches and historical works of Eastern and Western Scholars like T. W. Rhys Davis, Dr. J. Bühler, J. G. R. Furlong. (Vide Encyclopaedia of Religions and Ethics. Volume VII, page 465 and Volume II page 70) and also the works of Jain authors such as Shri *Champat Raiji Jain*, Bar-at-law and Babu Jugamandarlal Jain, M. A., and of non-Jain Indian Scholars.

Before adducing further evidence on this point, I shall first show how Hindu Law is made applicable to Hindus and Jains in the Courts of British India. The Hindu Law as administered by the Court in British India is applied to them by statuetes of the Imperial Parliament and also by local legislation. When the British Courts came to be established, the Jain Pandits have neither been consulted nor did the Jainas themselves show sufficient awakening or take cognisance of their position to be able to represent their case.

During the last ten centuries Jainism had to face the Vedic religion. If one throws only a glance at the history, one will find innumerable instances of tyranny and oppression of Hindu and Mohamedan Kings upon the Jains. The terror created during the last one thousand years has not been wiped out of the minds of the Jains who had kept hidden their holy Scriptures in the cellars even in the British period. The natural consequences followed the Courts consulted the Brahmin Pandits and the result was that the Jains, instead of being governed by their own i. e, Jain Law, have been tied to the chariot wheel of Hindu Law.

The Jains claim a unique position of life, not identical with that of the Hindus. They have, their independent religion, literature, philosophy and culture. The Hindus and the Jains differ on the creation of universe. They have their independent gods and their scriptures too. Jains worship gods not with some ulterior motive as the Hindus do. Their object of worship is to purify the soul and thus to become परमात्मा, ईश्वर or God. The deities and the gods according to Hinduism can be pleased by Penance and thus they can grant boons ; but according to Jainism the Tirthankaras or the gods are indifferent to the propitiation of their devotees. It is purely on such social religious, and cultural grounds and not as a political expedient that the approach to the subject is made here.

The writer of this article is fully aware that the country is fast becoming one and there is no view of creating further barriers by urging separatists

claims. The Jains have suffered heavily. They have made great sacrifice for the country and they are in this free India capable of making a splendid contribution to the enrichment of Indian culture, trade, commerce and material progress. It may therefore be noted that the appreciation of Jain Law would in no way be detrimental to the national unity.

We can visualise the time when particularsisms will be swept out of existence and mankind will realise itself as a unity. But this unity should include scope for distinctive types of human culture and philosophy proved by their historical survival. These cultures have to be preserved through the transition. The only way of doing so is to recognise them legally at any rate, remove the legal disabilities to which the Jains are subject at present; though such pleadings may sound to be contradictory to the aforesaid spirit of the times.

As long as Hindu Law continues to be applied to the Jains, who swear by different scriptures and who do not abide by the Vedas and who do not recognise Hindu Purāns, it becomes the duty of the Jains in such matters to plead for a different criterion to be applied to them in consonance with their own accepted scriptures social usages and customs have been accepted as proofs by different High Courts.

It is a great pity that due weight has not yet been given to the common and sound rule that a man must be governed by his own personal law. Even the old generations of Jains thought it sacrilegious to bring their scriptures in the Law Courts. The natural result was that the Courts decided the Jain cases according to Hindu scriptures and have been following the same rule even upto this date.

With these introductory remarks, I shall amplify the point of antiquity and independent nature of Jainism to strengthen my case for Jain Code.

Jainism prospered not only in pre-Vedic times but even prior to that as can be seen from the following extracts. In the life of *Lord Rishabhadeva* स्याद्वादवारिधि Shri C. R. Jain, Bar-at-law, remarks :—

" The Jain chronology places (श्रीऋषभदेव) Rishabhadeva at an almost Immeasurable antiquity in the past but the Hindus who recognise the वृषभतीर्थंकर as one of the incarnation of Vishnu, hold that no less than twenty-eight cycles (युग) have elapsed since His time. He flourished very very far back in the hoariest of hoary antiquity and that He was prior to all systematised forms of religion."

Admittedly there are references in *Rig* Vedic hymns to श्रीवृषभनाथ the founder of Jainism and also to Arista-Nemi, the 22nd Tirthankara who is a cousin of Shrī Krishna. The life of Rishabhadeva given in Bhāgwata and Vishu Purāna tallies with that of Jain Purānas. Besides from the excavated

Seals and images it is certain that Jainism was flourishing at the date of Mohenjo-Daro civilisation over 5000 years ago. The inscription on the Indus Seal No. 449 reads *Jineswar Jinesh*. For further corroboration see " The Jain Stūpas of Mathura " and elaborate sculpture found in the Kankāli-Mound is undoubtedly the image of Rishabha. The presence of two diminutive bulls indicates that the Personage honoured is Ādinātha Śrī Rishabhanātha has been assigned to Pre-historic age, his religion of Ahimsā (अहिंसा) must have been prevalent soveral centuries before the advent of the Aryans in the Indus Valley. So also the Social system and the civil Law, that is, the rules of conduct for the members of the Society in the Karma-Bhūmi of that age must have been prevalent in Bhārat-Varsha.

So the Aryans who had their central religious doctrine of Yoga including यज्ञ (animal sacrifice) naturally received the stubborn resistance at the hands of the staunch followers of Shrī Rishabhanātha cult whose slogan was ' Non-Violence is the highest religion ' (अहिंसा परमोधर्मः).

After Lord Rishabha, the pioneer of the Bloodless Altar, there were 23 Tīrthankaras, who were the Revivalists प्रभावक and प्रसारक of the same Jain religion.

Lord Shrī Pārśwanātha and Mahāvīra-Swāmī have been now recognised to be the historical personages by the Western and Eastern scholars like Jacobi, Buhlar (See Cambridge history of India). Before Pārśwanātha, Neminātha, the 22nd Tīrthankara lived some 5000 to 8000 years ago, i. e. during the pre-Vedic period. (Note :— " Jain tradition is unanimous in making Lord Rishabhadeva the first Tīrthankara as its founder. There may be something historical in the tradition which makes him the *first Tīrthankara.* ")

Sir Radhakrishnan in his Indian Philosophy at page 287 remarks :—"The Bhāgwat Purāna endorses the view that Lord Rishabha was the founder of Jainism."

I shall quote some important extracts from the work " The short study in Science of Comparative Religions " by Major-General Furlong :—

" We must widen the inquiry by making it embrace Jainism, the undoubtedly prior faith of very many millions through untold millenniums." It is impossible to find a beginning of Jainism, which appears an earliest faith of India." I shall conclude the point of antiquity by quoting only two very important extracts from the Judgments of the most eminent High Court Judges.

Kumaraswami Shastri. Ag. Chief Justice in 50 Madras 228 (1927) remrrks :—

" Modern research has shown that Jains are not Hindu dissenters, but that Jainism has an origin and history long anterior to Smritis and Śrutis and

the commentaries which are authorities on Hindu Law. In fact Lord *Mahāvīra*, the last Tīrthankara was a contemporary of Buddha and died 527 B. C. Jain religion refers to a number of previous Tīrthankaras and there can be little doubt that Jainism as a distinct religion was flourishing several centuries before Christ. In fact, Jainism rejects the authority of the Vedas which form the bed-rock of Hinduism and denies the efficacy of the various ceremonies which Hindus consider essential.

So far as Jain law is concerned Jains have their own law book which deal also with Jain Law. There is no ground for applying the Hindu Law as developed by Viñājneśwar and other commentators written several centuries after Jainism which was a distinct and separate religion with its own religious ceremonial and legal system *en bloc* to Jains.

Now let us see what Justice Rangnekar of the Bombay High Court remarks on page 518 I. L. R. 1937.

"It is true as later historical researches have shown that Jainism prevailed in this country long before Brahmanism came into existence and it is wrong to think that the Jains were originally Hindus and were subsequently converted into Jains. Now it is settled that Courts should start with the presumption that Hindu law of adoption would not apply to the Jains, and the burden of proving to the contrary would be on the Jains. Whether this state of things requires a change or not is a matter *more* for the *Jains* than for any one else."

Sir D. F. Mulla in Chapter XXX of Hindu law says:—

"Jains reject scriptural character of the Vedas and repudiate the Brahmanical doctrines relating to obsequial ceremonies; the performance of the Shrāddhas and the offering of oblations for the salvation of the soul of the deceased. Jains do not believe that a son either by birth or adoption confers spiritual benefit on the father. They differ from the Hiudus in their conduct towards the dead, omitting all obsequies after corpse is burnt."

These quotations of eminent and disinterested scholars go to prove the necessity of framing the Jain Code and also its application to the Jains as the spirit of the Jain Scriptures i. e. of Jain Law ever remained quite distinct from that of the Brahmins and others. The Jain community is very grateful to the *Jain Seva-Mandal*, Nagpur. The workers of the society especially Mr. Alaspurkar the learned Advocate and the General Secretary of the said Mandal published a useful pamphlet giving weighty opinions on the Draft Hindu Code. The Mandal requested the Hindu Law Committee to examine the solemn verdict of jurisprudence, the history of Jainism with up-to-date researches and its ancient tradition and religion. It has rightly observed :-"*To allow the Jains* to be governed by the Hindu Law means destruction of the very fabric of the *Jain theology* and religion

allowing an inroad on Jain religion, history and culture." "Jains should involve a system of Jurisprudence which should be in cardial harmony with the essential theological and moral teachings of Jainism. Jain Law grew out of the inner necessity of the corporate life of the Jains. "Really law is an essential constituent of the whole life of the community. It is a very sure index of the culture of the community. In सागारधर्मामृत and भगवान जिनसेनकृत महापुराण (Mahāpurāna) ethical principles namely the Vratas to be observed by the Jain laity i. e. Shrāwakas are given. It is also linked with the common moral maxims and cultural law which govern the corporate existence of the Jains.

Besides Hindu Law is full of conflict of authority. The commentators on Smritis and Śruitis strongly differ. The proposition as laid down by the majority of the Full Bench is not to be found in any Text of Hindu Law. Taking all such matters and glaring defects into consideration it was recently decided to codify Hindu Law. Under these circumstances it is but equitable to frame the Jain Code also. It would be unnecessary to give here the draft of the Jain Code. But I shall show the *legal desabilities of the Jains* under the present system. From the above remarks, it has become abundantly clear that the rules of Vyavahāra (व्यवहार) of civil law of Jains relating to marriage, adoption, inheritance, partition, strīdhan, funeral and such other ceremonies entirely differ from Smritis and Srutis which were written by the Brahmins and *for the Brahmins* only. *Jains* do not at all recognise the spiritual superiority of the Brahmins, who in their own works remarked that the Jains are not Hindus. While showing the defects of Jainism in पद्मपुराण published by Anandashram series Poona, it is thus remarked :—

पितृणां तर्पणं नास्ति, नातिथिवैश्व वैदिकम् ।
कृष्णस्य न तथा पूजा अर्हतां ध्यानमुत्तमम् ।

In the next stanza it is shown that the Jains cannot therefore be the followers of Hinduism. In another Brahmanical work it is said :—

न तर्पणं देवपितृद्विजानाम् । धर्मे कथं पुत्र दिगंबरानाम् ॥

As the Jains do not give तर्पण to God, parents, and Brahmins as they do not believe neither in the Vedas nor in Srutis and Smritis, how dare you believe such a Jainism son ?" The evidedce of these Brahmanical works show that the Jains are not Hindus and were never treated as such. Jains do not believe the sons confer spiritual benefit on the father. Adoptions by the Jains are purely secular (20 Bombay 516). They also regard the birth of a son as having no effect on the future state of the progenitor, and consequently adoption among them is purely temporal arrangement and has no spiritual object. The son according to Jain Law is powerless to protect his father from hell. The son is helpless to alter or obstruct the course of destiny of his father designed by his own Karmas. Jains do not believe the Brahmanical sūtra

अपुत्रकस्य गति नास्ति. A Jain can attain Salvation (निर्वाण) by destroying the eight Karmas, though he has no issue at all.

Jainism is the religion of equality, liberty and perfect knowledge and all matters i. e. material and spiritual. Jain law gives absolute interest to the widow in her husband's property. So also she can adopt without her husband's consent and if childless, she acquires an absolute right and ownership in her husband's separate property. The Jain widow has full power of alienation over the non-ancestral property of her husband (See वर्धमाननीति and भद्रबाहुसंहिता stanza 73). According to Hindu Law an orphan cannot be adopted, but among Jains a major boy can give valid consent for his adoption. In 87 I. C. 1925 All. H. C. Mukerji J. remarks : " Among Jains adoption is more a matter of custom than of spiritual necessity and even a married man may be adopted among them." If the adopted son is found to be of bad character or ill treats his parents or gives up Jainism a declaring decree can be obtained not only against the adopted son only but also against the real son (See भद्रबाहुसंहिता 52 to 54 and also अर्हन्नीति 86 to 88).

Agarwal Jains have been held by the H. Courts to belong to twice-born classes but according to the ruling of the Privy Council in Lala Rupchand Vs. Jamna Prasad, 12 Bom. L. R. 402. Their Lordships held that custom is proved and on the strength of the custom held :—

Among Jains adoption is no religious ceremony and under the Law or custom there is no restriction of age or marriage among them. "It is needless to point out that this is not allowed according to Hindu Law. So also Jains have taken a magnanimous view even in matters relating to widow's property. In Mitter Sen Vs. Dattaram 87 I. C. 724 = A. I. R. 1926 All. 7–, held that the agreement by the adoptee as condition precedent to the adoption to give some property to widow's brother, is binding. But a Hindu widow cannot make the adoption upon the adopted son's agreeing to carry out her directions to make gifts. According to Hindu Law an attempt to bind the adopted son by such conditions must fail and the Hindu son takes the estate free from them. The inequality or disability of the Hindu Law as regards the disposal of her husband's property by the widow has been done away with by the Jain Law. Jain widow's power to alienate her husband's property is not at all restricted. But as the Jain Scriptures have never been taken into consideration, nor referred to, the difficulty is that a Jain widow has to prove the custom in the Law Courts. Thus Jains had to incur heavy and unnecessary expenses to discharge this proof. Such a custom prevailing among the Jains has been proved in several cases and it has been held in cases from Meerat (1 All. 688), Saharanpur (16 All. 379) and :Arrah in the District of Sahabad (27 Cal. 379) that amongst Agarwal Jains the widow takes an absolute estate in the self-acquired property of her husband and that she has full power of alienation in respect of such property. (See also 13 Bom. L.

R. 1121.) But in 1880 such a custom was set up by a Jain widow, but the Learned Judge not being aware of the injunctions of the Jain Scriptures on the point held that she could not make a gift of her husband's property and that she has not proved that custom. Does it not amount to destruction of the very fabric of the Jain theology, culture and religion? So also according to the Hindu Law the son of a deceased person has the right to perform the anniversary ceremonies (वर्षश्राद्ध) of the deceased. It is not only his right but religious duty. But there is no such ceremony, nor religious duty among the Jains.

Thus there are in every branch of Hindu Law strong peculiarities of its own, which are not at all prevalent among Jains. Hindu Law varies according as a person concerned is a memher of twice-born (द्विज-ब्राह्मण) or of Śūdra class, male or female. Hindu Law is essentially and preminently a law of status. All these peculiarities are absent in Jain Law. Hindu Law is applied to Hindus as their personal Law. Why then should it be made compulsorily applicable to Jains when the spirit of the Jain Law is quite distinct from the Law of Brahmins and others? Our Jain Law grew out of the inner necessity of our corporate life.

Now I shall point out not only the defect in the definition of Hindu, but its ridiculous nature also.

"Hindu is any person who is Hindu by religion" and Hindu by religion means and includes even a dissenter such as Jains however radical his differences from the strict Brahmanism may be. Suffice to comment that no sane person would be satisfied with this state of things and such a far stretched and illogical definition.

Even Bannerji in his Hindu Law at pages 19 and 20 severely criticises the application of Hindu Law to Jains. This is objected because rules of Hindu Law particularly those relating to adoption, inneritance etc. bear a strong Brahhmanical character and it is not right or resonable that the persons other than the followers of the strict Brahmanical religion such as, Jains and Lingayats, should be governed by them.

It also objected that Jains are not merely dissenters, but they are distinct from Hindu (Hirachand Vs. Sonpal I. L. R. 1939 Bom. 572). All this discussion leads to prove that the Jains have their independent and impartial scriptures, ideal culture, best literature and the Jain law as laid down by the Jain-Acharyas. Admittedly one will have to opine :that Jain law is superior to and more magnanimous than Hindu Law in many respects. Will it not be, under these circumstances, unjust, unfair, inequitable and illogical to make the Hindu law, which has its own number of difficulties and deficiencies as has been pointed out by eminent Judges in several cases, applicable to the Jains who are not only dissenters from the Hindus, but whose religion is quite

distinct ftom Hinduism. For want of due recognision of Jain Law there has been transgression of Jain religion and culture.

Jain Shrāwakas (Laity i. e. गृहस्थ,) also had to observe five Aṇuvratas and the Jain Munis five Mahāvratas. They are Ahimsa (अहिंसा,) Truth (सत्य). Non stealing (अचौर्य:) (ब्रम्हचर्य) celebacy or स्वदारसंतोष and the last परिग्रहप्रमाण to control our greed. Out of the five व्रताज I shall say a word about परिग्रहप्रमाण (to observe a limit to movable property) (Note :— Sri O. R. Krishnacharya in 'the cradle of Indian History' remarks :-In the Jain Agamas there is embodied besides Darshan, Puran relating to these. From this tradition we understand that the Lord Rishabha alias Ādi Tīrthankara, Revealer of the Jain illumination is venerated in the Vaishnava Āgama.

The trinity of Nābhirāja, Lord Rishabha and Bharat Chakravartī fraternal status with Uttān-Pādarāya (उत्तानपादराय) the father of the exemplar of Vaishnava devotion Dhruva. This proves the historical personage and his antiquity prior to Vedic period.

Jain Shrāwak (गृहस्थ) has to put some limitation as regards the ownership and possession of immoveable and moveable property and other things. Thus unreasonable and vast accumulation of property is not allowed and it is totally against the spirit of Jainism.

Jains recognise the principle of promogeniture and also of Gains of Science i. e. learning. If a Jain eats flesh or fish he is deprived of his share of inheritance. Under the present system Jains have in a course of law first to prove custom and then and then only they have got decrees by proving that usage at the heavy expenditure, time and trouble. Monogamy is acceepted with certain exceptions. The present lamented position of Hindu law being made applicable to Jain has arisen owing to shcer ignorance of the Jain law given or rather kept hidden in the Jain Texts. but now Jain law scriptures are available both in Hindi and English and the necessity of codifying Jain law is obvious and just. Besides it is gratifying to note that the Jain Succession Act III of 1927 has been made applicable to the Jains in the Madras Presidency.

It is therefore strongly and rightly claimed that somebody or some Jain M. L. A. should bring a resolution for the adoption of Jain Code and get the same passed in the Legislative Assembly. I ahall be glad to undertake the work of codifying the Jain Law based on Jain scriptures and modern customs in codial harmony with the essential theological and moral teaching of Jainism and submit the same for necessary action to any scholar interested in the advancement of Jainology i. e. equality.

To summarise, I shall show some points of basic dtfference :—Adoption succession.

(1) A person having no issue (अपुत्री) is not called sinful.

(2) Law of Partition is discussed in Bhadrabahu-Samhita 10-11.

(3) Sister's daughter is given a share in the strīdhan property.

(4) Absolute right of Jain widow over her husband's property is recognised.

(5) Jain Muni cannot hold any property.

(6) Adoption. It has no religious significance. It is merely secular.

(7) No theory of पिंडदान, तर्पण or श्राद्ध for the soul of father and his सद्गति in the next and this world. Salvation does not at all depend upon anybody, except himself.

(8) No different schools of succession among Jains as we find in Hindu Law.

(9) Half-blood and full-blood distinction not accepted among Jains.

(10) Monogamy accepted with certain exceptions.

To conclude with, I may be allowed to refer to a recent ruling of the Bombay High Court (50 Bom. L. R. 127) (1948) which is a glaring instance of injustice and defect in the so-called present Hindu Law.

Even Justice Dikshit remarked :— If some of the principles of Hindu Law are not in accord with changing ideas of society, it is for the Legislature to intervene. In this case a gift of a small portion of joint property to Shri Jinasenswami Bhattarak i. e. Jain Jagad guru of Kolhapur for building hostels for Jain-students studying at Dharwar was held invalid as it does not come within the expression 'for pious purposes' of Hindu Law i. e. as defined in Brahmanical Smritis ond Srutis. If Jain Law was prevalent, the case would have decided otherwise. The said gift would have been held *Valid*. This decision is an additional ground for the Jains to claim for codifying Jain Law.

'वीर-वन्दना।'

(श्री० वीरेन्द्रकुमार, एम. ए.)

लेकर अनङ्ग-मोहन यौवन, अधरों पर बङ्किम धनु ताने;
मनसिजकी पुष्प-धनुष-डोरी, तुम तोड चले ओ मस्ताने !
नन्दन-काननमें अप्सरियाँ, बनकमल बिछीं तेरे पथमें;
पद रजका उनको दे पराग, तू लौट चला पावक-रथमें !
वह तीस वर्षका अरुण-तरुण, रतिकी शय्याभी थी प्यासी;
त्रैलोक्य काम-रमणीके परिणयको निकले तुम सन्यासी ! !

बाला-यौवन भोली सूरत, भौहोंमें शत्-सन्धान लिए;
चितवनमें देश काल पर शासन करनेका अभिमान लिए !
अधरों पर वीतराग ममताकी अनासक्त मुस्कान लिए;
उन अवहेलितसी अलकोंमें शाश्वत यौवनका मान लिए !
चिर मोह-रात्रि भवकी अभेद्य, भेदन करने चल पडे वीर !
भीषण जड-चेतन युद्धोंमें, तुम जूझ चले जेता सुधीर ! !

हिंसक पशु-सङ्कुल बीहड वन, दुर्गम गँभीर गिरि-पाटीमें;
तुम निर्भय विचरे हिंसा, भय, साक्षात् मृत्युकी घाटीमें !
निर्वसन दिगम्बर, प्रकृति-नग्न, तुम बिकृति विजेता क्षात्र जात;
पृथ्वी ससागरा लिपटी थी, तव चरणों पर होने सनाथ !
झाडी झंखाड वनस्पतियाँ, वल्लरियाँ भरतीं परिरम्भण;
विषधर विभोर हो लिपट रहे, नङ्गी जङ्घों पर दे चुम्बन !!

नाना विधि जीव-जन्तु कीडे, चींटी, दीमक, सब निर्भय तम;
पृथ्वी, जल, अम्बर, तेज, वायु, सब त्रस थावर जडऔ' जङ्गम !
तेरी समाधिकी समताके उस वीतराग आलिङ्गिनमें;
सब मिलकर एकाकार हुए, निर्बन्धन तेरे बन्धनमें !
कैवल्य-ज्योति आदित्य-पुरुष, ओ तपो हिमाचल शुभ्र धवल;
तेरो चरणोंसे वह निकली वह समताकी गङ्गा ऋजु निश्छल ! !

इस निखिल सृष्टिके अणु-अणुके सङ्घर्ष,.विषमता औ' विरोध;
कल्याण-सरितमें डूब चले, होगया, वैर आमूल शोध !
तेरे पद-नखके निर्झर तट, सब सिंह भैमने, मृगशावक;
पीते थे पानी एक साथ, तेरी छायामें ओ रक्षक !
जिन-चक्रवर्ति, सातों-तत्वों पर हुआ तुम्हारा नव-शासन;
तीनों कालों, तीनों लोकों पर बिछा तुम्हारा सिंहासन ! !

प्राचीन हिंदी गद्यका अभाव : उसके कारण।

(श्री. प्रेमनारायणजी टंडन, एम. ए. साहित्यरत्न, लखनऊ)

हिंदीमें साहित्य-रचना ईसाकी आठवीं शताब्दीमें होने लगी थी। परंतु उस कालके पद्य-कृतियोंकी ही प्रधानता रही, क्योंकि इस प्रकारकी रचनाओंके प्रकारका उद्गम संस्कृत और प्राकृत का उन्नत साहित्य था।[१] वस्तुतः गद्य और पद्यकी प्रारंभिक भाषामें अंतर रहता है। गद्यकी भाषा बोलचालकी होती है, परंतु पद्यकी कुछ न कुछ साहित्यिक रूप लिए हुए। अतः गद्यकी भाषा पद्यकी अपेक्षा जनसाधारण की भाषाके अधिक निकट रहती है। यह इसलिए कि कवियोंको परंपरागत साहित्यकी शिक्षा मिलती है और स्वयं रचना करते समयभी वे अपनी भाषाको संस्कृत और परिमार्जित करनेको प्रयत्नमें लग जाते हैं।

अतएव जिस प्रकार संस्कृत गद्यकी उत्पत्तिका काल निश्चित नहीं है;[२] उसी प्रकार हिंदी गद्यमें रचना किस समयसे आरंभ हुई, यह कहना हमारे आलोचकोंके लिए कठिन रहा है।[३] हमारे साहित्यके आरंभिक इतिहासकार[४] चौदहवीं शताब्दीसे कुछ पूर्व गद्यका अविर्भाव मानते थे, यद्यपि उन्नीसवीं शताब्दीमें ही गद्यके दर्शन पहली बार करनेवालोंकी अब भी कमी नहीं है।[५] वर्तमान इतिहास लेखकोंमें जो चौदहवीं शताब्दीसे नीचे उतरे हैं, उन्होंने[६] बारहवीं शतीमें प्राप्त पट्टे—परवानों को, जिनकी प्रामाणिकता संदिग्ध है, प्राचीन हिंदी गद्यके प्राप्त नमूने मान लिया है। इसके पूर्वकी गद्य रचनाओंका पता अभी तक हिंदी संसारको नहीं लगा है।[७] इससे यह निष्कर्ष निकालना कि विक्रमकी बारहवीं शताब्दीके पहले गद्यमें ग्रन्थ लिखे ही नहीं गये, उचित

---

१. 'हिंदी पर प्राकृत भाषाओंका प्रभाव' शीर्षक लेख (ना. प्र. पत्रिकामें प्रकाशित; लेखक—जगन्मोहन वर्मा)।

२. पृष्ट-२०१, 'संस्कृत साहित्यकी रूपरेखा'—चंद्रशेखर पांडेय और शांतिकुमार नानूराय व्यास – १९४५।

३. पृष्ट-१९९, 'हिंदी भाषा और साहित्य'—श्यामसुंदरदास।

४. पृष्ट-X 'प्रिफेस'—'Our prose can be traced back to the 14th century and even earlier,'—'मिश्रबंधु विनोद,' प्रथम भाग (प्रथम संस्करण)।

५. पृष्ट-८८, 'फुटनोट'—'Vernacular prose appears first in the nineteenth century'—'Classical Sansksit Literature'—A. Berriedale Keith, 1923.

६. पृष्ट-६२८, 'हिंदी भाषा और उसके साहित्यका विकास'—अयोध्यासिंह उपाध्याय।

७. गोरखनाथके गद्यकी चर्चा हमें यहाँ नहीं करनी है—लेखक।

नहीं जान पडता और न यह कहना[८] ही ठीक है कि देश की अस्थिर और अशांत तत्कालीन राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितिके कारण संभवतः साहित्यिक ग्रन्थोंका निर्माण हुआ ही न होगा।

किसी देश अथवा कालमें सब प्रकारके भावोंको व्यक्त करनेकी शक्ति रखनेवाली एक साहित्यिक भाषाके वर्तमान रहने पर, जनताकी बोलचालकी भाषाका स्वतः विकास होना ही यह सिद्ध करता है कि समयको उसकी आवश्यकता थी। दूसरी बात यह कि तत्कालीन अशांत वातावरण कुछ स्थानोंमें और कुछ समय तक किसी प्रकारकी साहित्यिक अथवा सांस्कृतिक उन्नतिके सामूहिक प्रयत्नके अनुकूल भले ही न रहा हो, परंतु साहित्य, विद्या अथवा कलाके प्रति व्यक्तिगत रुचि पर उसका बहुत ही कम प्रभाव पडता है। तीसरे काव्य रचनाके लिए अपनाई जाने पर जो भाषा भावादिव्यंजनकी शक्ति प्राप्त कर लेती है, उसमें गद्य लिखनेमें विशेष कठिनाई नहीं होती। संस्कृत ग्रंथोंका, जिनमें ऐसोंका अभाव है, अनुवाद करनेके लिए प्राचीन गद्यकी उपयुक्तताका समर्थन भी इसी आधार पर किया गया है।[९] अतएव हमारी धारणा है कि चौदहवीं शताब्दीके पूर्व[१०] हिंदी गद्य लिखा कम नहीं गया; आज हमें प्राप्त नहीं है। या तो वह अनेक कारणोंसे नष्ट हो गया, या आज भी अंधकारमें है; प्रकाशमें नहीं आ सका।

इस संबंधमें एक निवेदन और है। सन ६५० से १२५० के आसपास तकके काव्यविकास का ही जब पूर्ण परिचय नहीं मिलता तब गद्यकी प्रगति का विवरण प्राप्त न होनेपर निराश होनेकी बात नहीं है। इस कालके जिन कवियोंके परिचय प्राप्त हुए हैं वे राजपुताना, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रांत, उडीसा, बिहार, और आसाम आदि प्रांतोंके हैं।[११] इससे स्पष्ट है कि इतने समयमें हिंदीका प्रचार इन सभी प्रांतोंमें हो गया था और उज्जैन, श्रावस्ती तथा नालंदा आदि स्थानोंमें विद्या और धर्मके केंद्र थे। शिक्षा और धर्म-प्रचारके लिए गद्यकी आवश्यकता होती ही है। अतएव इन स्थानोंमें गद्य-रचना होनाभी संभव है, यद्यपि गद्य-ग्रंथोंकी संख्या पद्यसे कम ही रही होगी।

एक बात और। संस्कृतकी प्रारंभिक गद्य-रचनाओंके उपलब्ध न होनेका एक कारण उसके एक साहित्यिक इतिहासकारने[१२] यह बताया है कि दंडी, सुबंधु और बाणके अत्यंत उन्नत गद्यके

---

८. पृष्ट–२७१, 'हिंदी भाषा ओर साहित्य'—श्यामसुन्दरदास।

९. पृष्ट–८४३,....yet on account of the high development which our (Bengali) language had already attained through its vast poetical literature, there would be no difficulty experienced by an author in attempting translation into Bengali prose the most abstruse and metaphysical of Sanskrit works.—'हिस्ट्री आव बंगाली लैंग्वेज ऐंड लिटरेचर'–दिनेशचंद्र सेन, १९१३.

१०. पृष्ट–१०, Nothing illustrates more clearly the defects in our tradition than the absence of any early specimen of the prose romance.—'Classical Sanskrit Literature'—A Berriedale Keith, 1923.

११. पृष्ट–१२२, 'मिश्रबंधु-विनोद', प्रथम भाग।

१२. पृष्ट–२०८, 'संस्कृत साहित्यकी रूपरेखा'–चंद्रशेखर पांडेय और शांतिकुमार नानूराय व्यास, १९४५.

प्रभावने अपने पूर्ववर्ती लेखकोंको भलीभाँति आच्छादित कर दिया। इस कथनके सत्यासत्यकी विवेचनाके लिएही यह स्थान उपयुक्त नहीं है, परंतु इतना निश्चित रूपसे कहा जा सकता है कि प्राचीन हिंदी हिंदीके संबंधमें, परिवर्तित परिस्थितिके कारण, यह कथन विशेष महत्व का नहीं है। अस्तु। हिंदी गद्यके अभावके निम्न लिखित कारण बताए गए हैं —

(क) हिंदू राजत्वकालमें पाली और प्राकृतका विकास होने पर भी संस्कृतका पर्याप्त प्रचार और मान था, जिससे नवविकसित हिंदीके साहित्यिकारों की साहित्य-रचनाके लिए ससम्मान यथोचित सुविधाएँ प्राप्त न हो सकीं।[१३] यही नहीं, इसी कारण तत्कालीन हिंदी गद्यके उपेक्षित ग्रंथोंका अभी तक पता नहीं लग सका है।[१४]

(ख) हिंदीके प्रादुर्भावके समय हिंदुओंके जीवनका क्षेत्र संकुचित हो गया था। वे उन दशाओंकी ओर ध्यान ही न दे सके थे जो गद्यके स्वतंत्र विकासमें सहायक होती हैं।[१५]

(ग) साहित्यके प्रचार-संबंधी साधन उस समय सुलभ न थे। राजा महाराजाओंके आश्रयसे हिंदी पहले ही वंचित थी; प्रचार साधनोंके अभावने जनताका भी पूर्ण सहयोग उसे न प्राप्त होने दिया। यहाँ तक कि गद्यमें लिखी कथा-कहानियाँ भी अधिक प्रचलित न हो सकीं। निसंदेह प्रचार साधनकी सुलभता गद्यके विकासमें बड़ी सहायक होती है।[१६]

(घ) हिंदी भाषा-भाषी प्रदेशीय शासकोंने उसके पठन-पाठनके लिए ऐसे विद्यालय नहीं स्थापित किये जिनमें साहित्यिक आलोचना-प्रत्यालोचना द्वारा गद्यकी उन्नतिके लिए प्रयत्न किया जाता।[१७]

(ङ) उक्त सभी कारण एक प्रकारसे गौण थे; कारण, उनका प्रभाव गद्य और पद्य दोनों प्रकार की रचनाओं पर पड़ना चाहिए था और पड़ा भी। अतः गद्यके अभावका प्रधान कारण साहित्यकारों की वह संकुचित मनोवृत्ति थी जो केवल पद्य रचनाके लिए ही उन्हें प्रेरित करती थी और इतनेसेही पूर्ण संतुष्ट भी हो जाने देती थी।[१८] इसी संकुचित दृष्टिकोणने ही स्वांतःसुखाय साहित्य रचनामें प्रवृत्त होनेवाले व्यक्तियोंको भी गद्यका उपेक्षक बना दिया और उसी मनोवृत्तिने अधिकांश शासकोंमें भी गद्यके प्रति विशेष आकर्षण न रहने दिया।

---

१३. पृष्ट–६२६, 'हिंदी भाषा और साहित्यका विकास'—अयोध्यासिंह उपाध्याय।

१४. पृष्ट–१५१, ना. प्र. पत्रिका, भाग ५, में प्रकाशित राधाकृष्णदासका लेख।

१५. पृष्ट–६२६, 'हिंदी भाषा और साहित्यका विकास'—अयोध्यासिंह उपाध्याय।

१६. पृष्ट–८३१, 'History of Bengali Language and Literature में Dinesh Chand Sen ने बँगला गद्यकी वर्तमान उन्नतिके अनेक कारणोंमेंसे एक प्रचार-साधनकी सुलभताकोभी माना है।

१७. पृष्ट–६२१, 'हिंदी भाषा और साहित्यका विकास'—अयोध्यासिंह उपाध्याय।

१८. पृष्ट–४, 'The Tenth Report on the Search of Hindi MSS. for the year 1917-18-19 के संपादक रायबहादुर हीरालालने लिखा है—In older days a writer was nothing if he could not write in verse.

उक्त कारणोंसे चौदहवीं शताब्दीके पूर्व हिंदीमें गद्यके कम ग्रंथ लिखे गए। जिन गद्य-ग्रंथोंकी रचना हुई भी, वे आज प्राप्त नहीं हैं और न उनके रचयिताओंके संबंधमें ही हमारी जानकारी संतोषजनक है। वास्तवमें हमारे यहाँका आचार-विचार कुछ ऐसा रहा है कि कवियों और लेखकोंने अपने संबंधमें कुछ कहना, अपना विज्ञापन करना, कभी अच्छा नहीं समझा; वे अपने संबंधमें प्रायः मौनही रहे। अपने संबंधमें उनकी यह नम्रता अथवा लौकिक प्रसिद्धिके प्रति उनकी यह उदासीनता-इसके ये दो प्रधान कारण थे। फल यह हुआ कि अँग्रेजी साहित्यके इतिहासकारोंको ही अपने प्रथम कवि चासर (मृत्यु सन १४००) के जीवन वृत्तको लेकर यह कहते गर्व होता है कि उनके संबंधमें हमारी जानकारी शेक्सपिअरसे भी अधिक है[१९] और हमें अपने सौ-सवासौ वर्ष पहलेके लेखकों और कवियोंका वृत्त भी ज्ञात नहीं है।

अँग्रेजी गद्य धर्मप्रचारकों का सहारा पाकर बढा और मठों-गिरिजाओंमें सुरक्षित भी रहा। यहाँ तक कि दसवीं शताब्दीके प्राप्त धार्मिक ग्रंथ-उपदेशोंमें प्राचीन बँगला गद्यकी तरह[२०] पद्यके अनुरूप संगीतमय गति मिलती है।[२१] हिंदी गद्यको भी साहित्यके प्रथम विकास-कालमें धर्मप्रचारकोंका आश्रय मिला। धार्मिक उपदेशों और शास्त्रार्थोंके लिए विभिन्न सांप्रदायिक संस्थापकों और प्रचारकोंमें से कुछने उसे अपनाया। निसंदेह उनकी अनेक रचनाएँ गद्यमें होंगी। परंतु वे बहुत काल तक दो कारणोंसे सुरक्षित न रह सकीं। एक तो यह कि उनका पारस्परिक विरोध और संघर्ष बहुत बढा-चढा था जो विपक्षीको नीचा दिखानेके लिए उसका अधिकाधिक अहित करनेको उन्हें प्रेरित करता रहता था। दूसरे विधर्मी आक्रमण कारियोंकी क्रूर दृष्टि कई शताब्दियों तक प्रमुख भारतीय धर्म-स्थानों पर ही जमी-रही जिन्हें विनष्ट करके ही वे शांतिकी साँस लेते थे।

गद्यके प्राचीन ग्रंथोंके उपलब्ध न होनेका तीसरा कारण यह है कि सन १००० से १५०० तक, लगभग ५०० वर्षोंमें विदेशीयोंने भारत पर आक्रमण करके सहस्रोंकी संख्यामें हस्तलिखित ग्रन्थ नष्ट कर दिए। मठ, मंदिर, विहार आदि उपासनागृह और राजकीय पुस्तकालय, दो ही प्रमुख स्थानोंमें उस समय महत्वपूर्ण ग्रंथ संगृहीत रहते थे और मुसलमान आक्रमणकारियोंने दोनोंको ही खूब लूटा और फूँक दिया। इसके प्रमाणमें उदयपूर राजद्वारा संस्थापित और संरक्षित सरस्वती भांडार-पुस्तकालयकी ग्रंथ-सूचीके संपादकका कथन दिया जा सकता है।[२२] भारतके इस प्राचीन

---

१९. पृष्ट-१८, 'History of English Literature'—Andrew Lang-1913.

२०. पृष्ट-८३३, '.....like short riddles and sound more like poetry than prose'—'History of Bengali Language and Literature'— Dinesh Chand Sen.

२१. पृष्ट-३३, 'History of English Literature'—Andrew Lang-1913.

२२. पृ. ५ 'प्राक्कथन'...'Most of the original contents of the Saraswatī Bhandāra Library in Udaipur (one of the oldest library, perhaps the oldest in India) were lost during the ravages carried on by Muslim Kings in this part of country.'—'Catalogue of the MSS. in the Library of H. H. the Mahārānā of Udaipur'—by M. L. Menaria—1943.

पुस्तकालयमें एकत्र बहुत कुछ साहित्यिक निधि विदेशियोंने नष्ट कर दी। जब वीर राजपूतोंके देशमें स्थित उक्त पुस्तकालयकी यह दशा हुई तब उत्तरभारतके उन स्थानोंकी साहित्यिक संस्थाओंको पहुँचाई जानेवाली क्षतिका अनुमान सहजही किया जा सकता है जो आक्रमणकरियोंके मार्गमें पडते थे अथवा जहाँ बसकर उन्होंने हिंदुओंको हर तरहसे दबाया था। इन आक्रमणोंके फलस्वरूप संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश और हिंदी की असीम ग्रंथ-राशि नष्ट हो गई। इस मानवीय आपत्तिसे ऐसे ही ग्रंथ बच सके जो उन निजी, धर्मस्थानिय, सार्वजनिक अथवा राजकीय पुस्तकालयोंमें सुरक्षित थे जहाँ तक आक्रमणकारियोंकी पहुँच आसानीसे नहीं हो सकी।

बचे-बचाए गद्य (और पद्य) ग्रंथों की खोज का कार्य और प्राकृत ग्रंथोंका उपयोग बहुत समयसे हो रहा है; परंतु इससे हिंदीके इतिहासकार संतुष्ट नहीं हैं। क्योंकि न अभी तक उसके आधार पर हिंदीके उत्पत्तिकाल पता लग सका है और न उसके प्रारंभिक रूपका ही निश्चय हो सका है। इस प्रसंगमें अनुसंधान-कार्य-क्षेत्रके संबंधमें एक निवेदन करना है। राजपूतानेको छोडकर उत्तरी भारतका समस्त प्रदेश दसवींसे पंदरहवी शताब्दी तक, जैसा ऊपर कहाजा चुका है, युद्ध-क्षेत्र बना रहा जहाँ एकके बाद दूसरे नये आक्रमणकारोंने देशकी शांति भंगकी, जनताको तलवारके घार उतारा, साहित्य और शिक्षा-केंद्रोंको नष्ट-भ्रष्ट किया और धर्मस्थानोंको खँडहर बना दिया। अतएव मथुरा, वृंदावन, इलाहाबाद, बनारस जैसे हिंदू संस्कृतिके गढोंको छोडकर सभी स्थानोंकी साहित्यिक निधि बहुत कुछ नष्ट हो गई। इस आपत्तिसे बची-बचाइ सामग्रीका रक्षण करनेके लिए भक्तों आचार्यों और कवियोंने राजस्थानके इन हिंदू राजाओंका शरण ली जो मुगल-कालमें ही नहीं, अँग्रेजी साम्राज्य स्थापित हो जानेके अंतरभी अपनी सांस्कृतिक और साहित्यिक स्वतंत्रताकी रक्षा करनेमें बहुत-कुछ समर्थ हो सके।

परंतु हिंदीके हस्तलिखित ग्रन्थोंका खोजकार्य इन सुरक्षित स्थानोंमें कम, उत्तरी भारत—विशेष कर युक्त प्रांत—के उस प्रदेशमें अधिक हुआ जो हिंदी-साहित्यका जन्म होनेके लगभग २०० वर्ष तक अरक्षित, अशांत और युद्धक्षेत्र रहा। यही कारण है कि जो कुछ सामग्री प्राप्त हुई है वह प्रायः सोलहवीं शताब्दीके बादकी है। इनके पूर्वकी चार-पाँच शताब्दियोंमें रचे गए ग्रन्थोंके लिए राजस्थानके व्यक्तिगत, सार्वजनिक और राजकीय, छोटे-बडे सभी पुस्तकालयोंकी खोज होनी चाहिए। डाक्टर श्यामसुंदरदासकाभी, जो खोजकार्यके प्रथम नौ वर्षों तक निरीक्षक रहे थे, यही मत[२४] है कि यदि राजपूतानेमें प्राचीन हिंदी पुस्तकोंकी खोजका काम व्यवस्थित रूपसे किया जाय तो, संभव है, बहुत-कुछ उपयोगी सामग्री प्राप्त हो। अब तक रजवाडोंके हिंदू शासकोंकी रुचि अपने यहाँ सुरक्षित प्राचीन साहित्यिक निधिके उद्धारकी ओर नहीं रही; परंतु स्वतंत्र भारतमें तो अपनी सनातन सांस्कृतिक उन्नतिकी पुनरावृत्तिके लिए वे प्रयत्नशील होंगे, ऐसी आशा की जा सकती है।

---

२३. पृष्ट–२७८, 'हिंदी भाषा और साहित्य'—श्यामसुन्दरदास।
२४. पृष्ट–२७१, 'हिंदी भाषा और साहित्य'—श्यामसुन्दरदास।

भगवान् महावीर।

(रचयिता 'शायर-इ-कायनात' श्री पं० रामकृष्ण मुज्तर, ककोडवी)

[मुज्तर सा० का उर्दूके उदीयमान कवियोंमें उच्च स्थान है। यह नज्म आपने विशेष रूपसे हमारे आग्रह पर रची है। पाठक देखें कि किस खूबीसे उन्होंने भ० महावीरकी शिक्षाओंको लोकके लिये कल्याणकारी बताया है। —सं०]

१

क्या तुम्हें राज[1] यह मालूम है दुनियावालो ?
किसने इन्सानको मुक्तिकी दिखाईं राहें ?
और दुनियाके अंधेरेमें किया किसने प्रकाश ?
किससे पुरनूर[2] हुईं दहरकी जुल्मतगाहें[3] ?

२

किसने हस्तीको दिया पहिले अहिंसाका सबक ?
किसकी शिक्षासे हुये बहमके दिलको दर्शन ?
किसने समझाये हरएक जीवको जीवनसिद्धान्त ?
किसने कुर्बान[4] सचाई पै किया तन मन धन ?

३

आत्मा कहती है, "भगवान महावीर थे वह !"
जिनकी तालीमसे[5] अज्ञान मिटा, ज्ञान हुआ !
जिनकी दृष्टिको नजर आई बकाकी मंजिल,[6]
जिनकी शक्तिसे कठिन मार्गभी आसान हुआ !!

४

वीरने प्रेम-ओ-अहिंसाको बताया है सवाब,[7]
वीरने नफरत[8]-ओ-हिंसाको बताया है गुनाह.[9]
वीरने भेद हकीकतके[10] बताये सबको,
वीरने सबसे कहा, 'पाक करो कल्बो निगाह.'[11]

५

जबही हो सकती है दुनियाकी तरक्की[12] 'मुज्तर' !
देश हर एक बढे आगे लिये सत्यका भेष।
प्राप्त होता है अहिंसाहीसे सच्चा आनन्द,
सारे संसारको है वीरका यही उपदेश !!

---

१. रहस्य. २. प्रकाशमान. ३. जमानेका अंधकारमय वातावरण. ४. न्यौछावर या बलिदान. ५. शिक्षा. ६. निर्वाण भूमि. ७. पुन्य. ८. घृणा या द्वेष. ९. पाप. १०. परमात्माका रहस्य. ११. हृदय और दृष्टि. १२. उन्नति.

अहिंसा और विश्वशान्ति।



"सत्यका प्रकाश और अहिंसाका संरक्षण विश्वशान्तिका पुण्य-पथ है।"

AHIMSA AND WORLD-PEACE.

सुख-शान्ति-चाहता-है-मानव !

'पीडाकी गोदीमें सोया,
खेला दिलके अरमानोंसे।
बिहँसा तो हा-हाकारोंमें,
रूठा तो अपने प्राणोंसे॥
आध्यात्मिक पथ पर बढनेको,
अब क्रान्ति चाहता है मानव!'
सुखशान्ति चाहता है मानव!!

—भगवत्।

अहिंसा और विश्वशान्ति पर माननीय गवरनर महोदय सी. पी.के विचार ।

गवर्मेंट हाउस
नागपूर
ता. ९–७–४८

महात्मा गांधी जो आधुनिक युग के अहिंसाके सबसे बडे दूत थे सदा कहते थे कि अहिंसा धर्मका प्रचार सत्य धर्मके प्रचारके साथही साथ होना चाहिये। उनका विश्वास था और उनकी शिक्षाभी यही थी कि सत्य और अहिंसा दोनो अभिन्न हैं। एकके सिवा दूसरेका विशेष उपयोग नहीं है। अहिंसा धर्मका प्रचार इस समय सारी दुनियाके लिये और विशेष कर हिंदुस्थानके लिये बडे महत्व का है। संपूर्ण मानव समाज और खासकर दुनियाके अत्यंत बलवान राष्ट्र जैसे अमेरिका और रूस यदि इस तत्वको ग्रहण नहीं करते और इसे उपयोगमें नहीं लाते तो कई लोगोको यह साफ साफ दिखाई दे रहा है कि मानव समाजका नाश होनेमें देर नहीं है। ईश्वरने मनुष्यको बुद्धि और दूर दृष्टी दी है और यदि मनुष्य इन गुणोका योग्य समयपर उपयोग करे तो प्रचंड नाश टल सक्ता है। प्रश्न यही है कि क्या मनुष्य खुद होकर अपनी अकल काममें लावेगा और अपना कदम पीछे ले लेगा या अपने इसी रास्तेसे चलकर अपना नाश कर लेगा। यदि सत्य और अहिंसाको कार्यशाली करना है तो लोगोंको अपना चारित्र्य बलवान बनाना चाहिये। युद्धमें जान मालका नुकसान बहुत भारी होता है परंतु चारित्र्यका और भी अधिक। जान मालका नुकसान पूरा किया जा सकता है लेकिन बिगडे हुए चारित्र्य को फिर बनाना मुश्किल है। इसलिये यदि आज दुनियाके राष्ट्र, खासकर वे राष्ट्र जो संहारके शस्त्रोंसे सुसज्य हैं, सत्य और अहिंसाको अपना ध्येय मानते हैं और उसकी पूर्तिके लिये पूरी पूरी कोशीश करते हैं तो मानव जाति निश्चय सुखी होगी, अन्यथा नाश अनिवार्य है।

—मंगळदास पकवासा ।

———

ओ वर्द्धमान !

(श्री० सुरेन्द्रसागरजी जैन, 'प्रचंडिया' साहित्यभूषण, कुरावळी)

मानवताके ओ अलंकार ! वसुधाके चिर अक्षय विराम !
ओ वर्द्धमान ! पतितोद्धारक, ज्योतिर्मय, विभु ! शतशत प्रणाम ! !

प्रकटे तुम भू पर लेकरके दानवताका संहार सुखद,
फिरसे इस जगतीमें लाए मानवताका शृंगार सुखद,
अकरुण, निर्दय जगमें लाए करुणाका पारावार अगम,
आवर्तित करने इस जगको लाए नवीन संसार सुगम,
तुम महामनस्वी युग नेता, युग निर्माता अतिशय ललाम !
ओ वर्द्धमान ! पतितोद्धारक, ज्योतिर्मय, विभु ! शतशत प्रणाम ! !

जर्जरित अकिंचन मानवको, एकाकी तुम कल्याण बने,
अत्याचारोंसे दली-भरी निष्प्राण धराको प्राण बने,
लेरही सभ्यता श्वासें जो अन्तिम, उसको पविमान बने,
युगयुगकी शापित जगतीको चमकीले तुम वरदान बने,
अज्ञान-अँधेरी हुयी दूर, सविता बन चमके ज्ञान-धाम !
ओ वर्द्धमान ! पतितोद्धारक, ज्योतिर्मय, विभु शतशत प्रणाम ! !

तुमने अंगारे चूम चूम जगतीका ताप किया शीतल,
तुमने उद्‌बोधन दे देकर यह जगत जगाया प्रति पलपल,
तुमने मदिराके चषकोंमें सद्‌ज्ञान-सुधाको भरवाया,
तुमने संतोषित किया उसे जो पास तुम्हारेभी आया,
तुमसे वह वाणी स्रजित हुयी, हो गया मुदित सुन ग्राम-ग्राम !
ओ वर्द्धमान, पतितोद्धारक, ज्योतिर्मय, विभु ! शतशत प्रणाम ! !

अपरिग्रह, सत्य, अहिंसासे प्यासी दुनियाँको सींच दिया,
क्रतु-मनुज-मेध, अज-बाधको तो, हिंसाको तुमने दूर किया,
फूटीं नव संस्कृतिकी किसलय मसृण मृदुतादिक धर्म लिए,
आनन्दित जगतीका कण कण हो गया चिरन्तन मर्म लिए,
तुम हृदय हृदयमें बसे, बने-जगके हृदयेश्वर कोटि नाम !
ओ वर्द्धमान ! पतितोद्धारक, ज्योतिर्मय, विभु ! शतशत प्रणाम ! !

लो, आज परिस्थिति ठीक वही, संघर्ष, दैन्य, शोषण, छलबल,
सभ्यता भव्यता मिटी सकल परिव्याप्त चहूँ दिशि है हलचल,
अतएव चीखती 'वैशाली' मेरे लिच्छिवि भगवान कहाँ ?
कण कण वसुधाका बोल रहा करुणाके अहो निधान कहाँ ?
कितनीही मौन पुकारें हैं अब बुला रहीं प्रति दिवस-याम-
" ओ मानवताके अलंकार, वसुधाके चिर अक्षय विराम ! "
" ओ वर्द्धमान ! आओ आओ, ज्योतिर्मय विभु ! शतशत प्रणाम ! "

भगवानके अहिंसा धर्ममें अशान्ति मेंटनेकी शक्ति।*

(ले० श्रीमान् स्व० चम्पतरायजी जैन, विद्याबारिधि, बैरिस्टर-एट-लॉ)

गत महासमरके समय दुनिया महासंकटमें थी, यह हम लोग भूल नहीं सकते। कहते थे कि वह समर शान्तिकी स्थापनाके लिये लडा गया है। किन्तु उस भयानक युद्धको समाप्त हुये इतना समय हो गया, पर शान्ति कहीं भी नहीं दिखती! प्रत्युत आजका वातावरणभी शान्तिके उतनाही विरुद्ध है जितनाकि महासमरके समयमें था। विश्व पुराने मन्तव्यों पर डटा हुआ है—वही पशु-बलकी वृद्धि करने और सबकुछ खुद हडप जानेकी धुन सवार है। वही राष्ट्रीय प्रतियोगिताका संघर्ष परस्पर चल रहा है, जिसके कारण दुनियां छोटे छोटे समर शिबिरोंमें पलट गई है। इससे मौका लगते ही सारे संसारमें आग लग सक्ती है! अब भी बलवान राष्ट्र कमजोर राष्ट्रोंके साथ पहलेही जैसा बर्ताव करते हैं। बडे २ राष्ट्रोंके नेताओंके दृष्टिकोणमें कोई परिवर्तन नहीं हुवा है—सैनिक शक्तिको बढाने और जनसंहारक शस्त्रास्त्रोंको संग्रह करनेमें कोई कमी नहीं हुई है। सारांशतः यदि यह मानाभी जावे कि गतयुद्ध शान्तिस्थापनाके लिए लडे गये थे तो कहना होगा कि वे असफल रहे! आज हमारे राजनैतिक जीवनमें अविश्वास मुख्य स्थान लिये हुवे है, जिसका बुरा परिणाम युद्ध हो सकता है! राजनैतिक वायदे पश्चिमके राष्ट्रोंमें सचाई और ईमानदारीसे नहीं किये जाते, बल्कि राष्ट्रोंके निजी सुभीते और लाभ ही उनमें मुख्य कारण होते हैं। सचमुच ये राजनैतिक नेता इन चालबाजियोंसे सदा विज्ञ रहते हैं और जानते है कि जिन सन्धियोंको वे अपने हस्ताक्षरोंसे सुशोभित करते हैं वह केवल रद्दीके टुकडोंसे बढकर कुछ नहीं हैं। इस दशामें क्या यह संभव है कि स्थायी शान्तिका साम्राज्य 'लीग ऑव नेशन्स' (अब यू० एन० ओ०) अथवा 'फेलोशिप ऑफ् रिकन्सोलेशन' नामक सभाओंद्वारा स्थापित किया जा सकेगा? मैं कहूंगा, कदापि नहीं।

मैं परिणामवादी (Pessimist) किसी हालतमें नहीं बनना चाहता; किन्तु इस बात की ओरसे आँखें मीचेभी कोई नहीं रह सकता कि हमारे राजनैतिक उद्देश्य व सिद्धान्त शान्तिविज्ञानके सर्वथा विरुद्ध हैं। अतः उनसे कांटोंके बिछौने और आंसुओंकी नदियां हमेशा बहेंगी। पहले मानवोंके हृदयोंको बदलना जरूरी है। यह हृदय परिवर्तन सामूहिक रूपमें होना चाहिये। कुछ इनेगिने भले आदमी अशान्ति फैलानेवाले दम्भी पुरुषोंसे भरी दुनियामें कुछ नहीं कर सकते। शान्ति-प्रिय मानव इस जीवनको आजकलके मानवोंसे नितान्त भिन्नरूपमें देखता है। आज तो प्रायः सबका यह उद्देश है कि धन कमाओ और मौज उडाओ (Acquisition and fashion) यही प्रत्येक

---

* स्व० बैरिस्टर सा०ने इस विषयका एक भाषण फ्रांसके नीस नामक नगरमें सन १९२६ में दिया था, किन्तु वह आजभी इतनाही उपयोगी है। अतः उसका हिन्दी भावानुवाद यहां दे रहे है।-का. प्र.

मानव हृदयमें घुसा हुवा है। जबकि शान्ति स्थापनाके लिये इसके विरुद्ध "जीवित रहने और दूसरोंको जीवित रहने देने" (To live and to let live) की उग्र भावना जागृत करनेकी आवश्यकता है। दूसरे शब्दोंमें जो मानव संसारमें शान्तिका साम्राज्य देखना चाहते हैं उनको सबसे पहले मानव हृदय तक अपनी पैठ कर लेना आवश्यक है और उसमें लाभाकांक्षा अथवा फैशनके स्थानपर दूर और पासके पडोसीके प्रति प्रेमभाव एवं प्रत्येक जीवित प्राणिके लिये आदर और स्नेहका श्रोत बहाना आवश्यक है। क्योंकि जबतक मानव प्रत्येक प्राणिके जीवनका आदर नहीं करेंगे, तबतक यह संभव नहीं कि वह अपने पडोसीसे प्रेमव्यवहार कर सकें।

यदि मानव समस्त प्राणियोंको आदर-दृष्टीसे नहीं देखेगा, तो वह किसीभी प्राणी का आदर करही नहीं सकेगा। अलबत्ता जब उसका कुछ मतलब सधता होगा तो वह अवश्य दूसरेके प्रति भलमनसीका बर्ताव करेगा। जरा पशुसंसारको देखिये! उनमें अशान्ति उन्हीं पशुओंके कारण उत्पन्न होती है, जो अपने साथी पशुओंका शिकार करते और उनको निगल जाते हैं। शाकभोजी पशुओंमे यह अशान्ति देखनेको भी नहीं मिलती! हिरन, गाय, कबूतर, किसीको कष्ट नहीं देते—कष्ट पहुचानेवाले तो भेडिया, चीता बाज वगैरह हैं जो हमेशा मारकाट और अशान्ति बढानेमें लगे रहते हैं। यह नियम सर्वथा सर्वत्र लागू है।

अब प्रश्न यह है कि मानवका हृदय-परिवर्तन कैसे किया जावे? बाइबिलकी ठीक शिक्षा है कि 'अपने पडोसी पर वैसेही प्यार कर जैसे तू अपने पर करता है।' (Love thine neighbour as thyself) किन्तु इस शिक्षाका प्रभाव लोकजीवन पर नहीं पडा! इसके दो कारण हैं: (१) ईसाई लोकका विश्वास है कि बाइबिल केवल मानवोंके प्राणोंका आदर करनेका उपदेश देती है—उसका प्रेमसिद्धांत प्रत्येक प्राणिसे लागू नहीं। पशु तो मानव भोजनके लिए बने समझ लिए गए हैं। इसी कारण साधारण मानव जीवनकी इस पवित्रतासे वाकिफ और प्रभावित नहीं हुआ! दूसरे आजकल विचारस्वातंत्र्य अपने चर्मसीमा पर पहुंचा हुआ है, जिसके साथ मानवपर उन आज्ञाओं और प्रथाओंका प्रभाव नहीं पड सकता जो तर्कसिद्ध न हों। इसीलिये कोई दूसरा गाल तमाचेके लिये पेश नहीं करता और न कोटके दावेके जवाबमें कोट व लबादेको बक्श देता है। बाइबिल एवं अन्य धर्मोंके ग्रंथ अलंकृत भाषामें होनेके कारण बिला समझाये ठीकसे नहीं समझे जाते!

अतः जैनधर्मके अनुसार प्रेमसिद्धान्त – अहिंसाका वैज्ञानिक परिचय जानना जरूरी है। उसका परिचय मानवको अपने साथियोंके साथ शांतिपूर्वक रहना सिखा देगा। भारतवर्षमें हम अहिंसावादी लोग अज्ञातकालसे शान्तिपूर्वक रहे थे किन्तु पाश्चात्य राष्ट्र और संस्कृतिके आक्रमणके कारण हमारीभी शान्ति भङ्ग कर दी गई है। भारतीय जनताभी प्रेमसिद्धान्तकी अवज्ञा करने लगी और शक्तिहीन होगई! विरोधियोंका सामना करनेका बल और संगठन उसमें न रहा! जैनधर्म युद्धके सर्वथा विरुद्ध नहीं है। जैनमत केवल आत्मरक्षाको छोडकर शेष सब दशाओंमें उसका निषेध करता है। यदि आप पर कोई आक्रमण करे तो आपको अवश्य अपनी रक्षा करनेका अधिकार है। किंतु आपको स्वयं किसी शान्तिप्रय व्यक्ति या राष्ट्रपर आक्रमण करनेकी धृष्टता नहीं करना चाहिये।

अहिंसा सिद्धांतके विचारमें यह ध्यान रखनेकी बात है कि प्रत्येक कार्यका प्रभाव कर्ता और जिसके प्रतिकार्य किया गया है, उसके ऊपर समान रूपमें पडता है। संभव है कि उस कार्यके प्रभावसे लक्ष्यगत दृश्य व्यक्ति तो बच जावे, परंतु कर्ता नहीं बचता! अपनी बात उसे दृष्टि कम पडती है। होता यह है कि जहां एक कार्य मन-वचन-कायसे किया कि सूक्ष्म पुद्गल (matter) आत्मामें आकर चिपट गया। यह पुद्गल आत्माके स्वभावको बिगाडता है। आत्मा एक अखंड (Simple) पदार्थ है, इसलिए अमर है। संयुक्त पदार्थ (Compounds) ही नाशवान् होते हैं। अलबत्ता पुद्गलके मेलसे-संलग्न हुआ आत्मा स्वतः जन्ममरणका भोक्ता बनता है। पुद्गल आत्माके ईश्वरीय गुणोंको ढक देता है। बाइबिलमें कहा है कि तुम परमात्मा हो: (I have said, 'ye are Gods') यदि आत्मा पुद्गलके दुखदाई संसर्गसे अपनेको छुडा ले तो वह परमात्म-पदको पा सकता है। किन्तु पुद्गल तो जीवात्मामें उसके प्रत्येक विचार, प्रत्येक शब्द और प्रत्येक कर्मके साथ आ रहा है, फिर वह रुके कैसे? निस्सन्देह वह एकदम नहीं रुक सकता। इसके रोकनेके लिये नियमित मार्ग निर्दिष्ट है, जिसका पर्यटक बनना होता है। पुद्गलका आना और बंधना शुभ और अशुभ रूपमें होता है। अतः पहले तो अशुभ पुद्गलका आना रोकना चाहिये। अर्थात् बुरेकर्म नहीं करना चाहिये! फिर धीरे २ पुद्गलका आना सर्वथा रुक जावेगा। इन्द्रिय-वासनाजन्य स्वार्थमई आकांक्षायें ही निःकृष्ट कर्म पुद्गल आश्रवका कारण हैं। अतः वह विचार, वह शब्द, वह कार्य जो स्वार्थसे दूषित नहीं है, इस निःकृष्ट आश्रवको रोकनेमें कारणभूत हैं। इसलिये ही अपने पडोसी पर प्यार करनेसे एक व्यक्ति इस प्रकारके निःकृष्ट आश्रवसे बच जाता है और किसीसे द्वेष करनेसे फिर वह चाहे पशुही क्यों न हो, एक व्यक्ति अपने लिए बहुत बुरी तरहसे कर्मपुद्गलको अपना लेता है। यही कारण है कि बाइबिलकी आज्ञा है कि तू मार मत! (Thou shalt not kill) इस आज्ञामें कोई ऐसा शब्द नहीं है जो इसे किन्हीं खास प्राणियोंके लिये सीमित करता हो। किन्तु आज तो उसे ऐसे पढते है मानो उसमें कहा गया है कि तू आदमीको मत मार (Thou shalt not kill man!) उत्कृष्ट नियम यह स्पष्ट बताता है कि हमें एक पशुको भी क्यों मारना नहीं चाहिये! मारनेकी क्रियासे हम अपने स्वभावको खोते और दुःखी होते है। इसलिये किसीको नहीं मारना स्वयं अपनी रक्षा करना है।

जब हम ऐसा बर्ताव करते हैं कि जिससे दया और प्रेमके भाव हमारे स्वभावमें मन्द और मुर्दा हो जाते हैं एवं द्वेषपूर्ण स्वार्थचक्रकी पुष्टि होती है तो निस्सन्देह हमारा आत्महनन होता है। मानवका भावी जीवन इसके कारण पतित और दुखमय होता है। निरापराध प्राणियोंकी हत्या करनेवालेके हृदयमें यह तीन खोटी दुर्भावनायें जाग्रत हो जातीं है: (१) स्वार्थ, (२) कठोर-हृदयता, (३) अविचार (अविवेक)! वह स्वार्थी है क्योंकि वह अपने क्षणिक सुखके लियेही दूसरेके प्राण लेता है; वह कठोर हृदय है क्योंकि दयाका स्रोत उसके हृदयमें सूख गया है, जो उसे प्राणि हत्यासे अलग रखता! वह अविचारी है, क्योंकि उसे इस बातका ध्यान नहीं है कि उसके इस कृत्यका उसपर क्या असर पडेगा? दुष्ट प्रकृति जीवात्माओंका अगला जन्म निस्सन्देह पशुओंमें होगा!

प्राणिहत्याका निषेध नये अहदनामामें भी है। वहाँ कहा है कि "जा और सीख इसका अर्थ क्या है? मुझे दया चाहिये और बलि नहीं!" जब सालमें एक या दो दफा किसी देवताके

नामपर एक प्राणीके प्राण लेना क्रूरताका कारण है और जिसके लिए दयामय आचरण करनेका उपदेश है तो फिर भला अपने स्वार्थके लिए निर्बाध हिंसा करनेमें उस क्रूरता और अदयाका अन्त कैसे होगा?

संक्षेपमें एक कार्यका जो प्रभाव एक व्यक्तिपर पडता है, वह स्पष्ट है। अतः जैनधर्मकी यह प्रगट शिक्षा है कि वह व्यक्ति जो अपने जीवनमें दया और प्रेमके सिद्धान्त पर अमल करते हैं, वे दूसरेको प्राणरक्षाका दान देनेकाही आनन्द केवल नहीं उठाते, बल्कि वे सचमुच अपना भला करते हैं—लाभ उठाते हैं। इसके विपरीत जो लोभी, स्वार्थी और क्रूर हैं–द्वेषपूर्ण व्यवहार करते है और रक्तपात करके युद्ध मचानेमें खुश होते है, वे न अपनी भलाई करते हैं, और न दूसरोंके मित्र हैं। वे मानवसमाजके सबसे बडे शत्रु हैं।

इस प्रकार यह प्रेमका–अहिंसाका सिद्धान्त है। यदि इसपर अमल करें तो मानव परमात्म-पद की महानता को पावें! यदि वे इसकी उपेक्षा करें तो बाइबिलका यह शाप उनके लिये ही है कि 'तेरे भारसे यह जमीन दूषित है!' (Cursed is ground for thy sake) अतः यदि मानव अपनी भलाई चाहता है तो वह सब मानवों और इतर प्राणियोंकी यथाशक्ति भलाई करे। केवल इस कारण––अहिंसाके अनुयायी होकरही –आपके मनमें, घरमें, कौममें और दुनियामें शान्ति होगी! आशा है "अहिंसा परमो धर्मः" में गर्भित सुनहरा सन्देश संसारके समस्त प्राणियोंके हृदयोंको प्रकाशमान और प्रफुल्लित करेगा! इसीसे लोकमें शान्तिका साम्राज्य स्थापित होगा। अतएव अहिंसा सिद्धान्तको सदैव प्रकाशित कीजिये। अहिंसाही अशान्तिको मेंटनेकी परम शक्ति है!

हे मुक्तिदूत!

उस दिन भूतल पर स्वर्णिम रत्नोंकी वर्षा हो रही थी, मानव चकित लोचनोंसे यह सब निरख रहा था, और जब उसने वर्षाका कारण जाना तो वह खुले हार्यो उल्लास लुटाने लग गया, देवताओंकी बाँछे खिल गयीं और प्रकृति अपना शृङ्गार सजा कर स्वागत करनेके लिए अपलक नयनोंसे तुम्हारी बाट जोहने लगी, तभी—

हे धर्मप्राण!—

तुमने अपने पद-पङ्कजों द्वारा वसुधाको पावन करते हुए सम्पूर्ण संसारमें धर्मकी महत्ताका शंखनाद कर, सत्य और अहिंसाके पावन उपदेशों द्वारा प्राणीमात्रको जगा दिया। मानव उठा, सहसा अपने समक्ष दिव्य-ज्योतिको देख उसके नेत्र टिक न सके, अरे, टिकतेभी कैसे? जब इन्द्रने आपकी शशि-मुखकी सुधाका पान करनेके लिए सहस्र लोचन बनाए तो वह एक मानव, निरीह मानव जिसने तबसे पहले कभी आपकी दिव्य आत्माका दर्शन नहीं किया, कैसे आपका मुखडा देखता, वह तो पापी था, हिंसक था, निरा हिंसक। अरे, वह तुम्हीं तो थे, जिसने इसके सब पापोंको क्षमा करते हुए उसे सदुपदेश दिए और अहिंसाका पाठ पढा मोक्षका मार्ग सुझाया। अतः

हे मुक्ति-दूत!––

'उतर जग पर शांति, अहिंसाके अधिनायक!
सुप्त प्राण फिर जाग उठें, हे, शांति विधायक!!'

सश्रद्धा—नरेशचन्द्र जैन 'हेम'।

विश्वकी विभूति भ० महावीर !

रचयिता: — साहित्यभूषण सुरेन्द्र सागरजी जैन, 'प्रचंडिया' कुरावली (मैनपुरी)

विभुवीरने बताया हमें—
व्यर्थ यह पशु बलि !
व्यर्थ यह नर-बलि !
लाभ नहीं मूक पशुओंके हननमें है।
वह तो निरीह हैं।
उनकेभी प्राण हैं।
अपनेही समान हैं।
कर्मफल तो कर्ताको मिलेगाही।
दुष्कर्म क्षय होते, शुभ कर्म करनेसे !
जीवके हननमें औरभी पाप है।
व्यर्थ यह हिंसा है।
रागद्वेष बढते हैं इसके परिसेवनसे !
परिशोध होना तो असम्भव इससे है !
इसलिए अपनाओ दयाको सत्यको !
अहिंसाके मर्मको समझो और समझाओ!
कुलिश हृदयभी
हो सकता नवनीत-सा !
स्वयमूको जीना है ;
उसी भांति दूसरोंको जीवन दो !
सरल उपाय है !
किसीके अपराधको
क्षमा कर देनेमें होता परितोष है।
होता आत्म-तोष है।
क्षमा वीर-भूषण है।
सरल विचारसे
मृदुल व्यवहारसे
अपने अरातिको
हृदयसे कर सकते विजित हैं।
सत्यमय हो जीवन !
सत्यमय हो क्षनक्षन !
सत्यमयी हो जन-मन !
सांचको आंच क्या ?
जीवन पवित्र हो
शुद्ध हों भावनाएं !
सद् हो कामनाएं !
परमित हो जीवनका मापदण्ड !
संयममय आचरण
हटा सकता है सारे दुखद आवरण !
कंचनको शुद्ध करनेके लिए
तप्त करते हैं जन जलती कृशानुमें।
इसी भाँति अपनाभी जीवन हो तपमयी!
होवें यशस्वी !
ताकि परिशोष हो !
अपनी इस कायासे मनसे धनसे
हो जहाँ तक त्याग करनाही धर्म है।
संग्रह अधिकसे
जागरित तृष्णा अधिक होती !
इसमें परिबद्ध हो होते अनर्थ कर्म !
भूलते हैं धर्म-मर्म !
अहम् मान्यता है बुरीबला !
कर न सकती है यह कुछभी भला ! !
इसी लिए अन्य प्राणियोंके समान

अपनेको जानिए !
सचमुच अकिंचन ही मानिए।
अपनी बहिन सुता,
परिणीता माता पिता,
जैसी हैं वैसी हों अन्य की !
ब्रह्मचारी व्यक्तिको
जगतीके दुस्तर कार्य
होते सरल हैं !
ये है अहिंसाका सत्य मर्म !
येही है धर्म-कर्म !
येही है विश्व प्रेम !
विश्वका प्रत्येक जन
अपनाही बन्धु है !
ऐसे संज्ञानसे
ऐसे श्रद्धानसे
ऐसे चरित्रसे
सचमुच मनुष्य बन सकता है
स्वयं ही — सत्य शिवसुन्दरमय !

ऐसे प्रचार द्वारा भगवान वीरने
लोक कल्याण किया !
दुखित पतित प्राणियोंका त्राण किया !!
अन्धकारका विनाश
ज्ञानका प्रकाश किया !
इस लिए वीरवर हो गए वर्द्धमान !
किया सद् संस्कृतिका निर्माण !
दूर किया क्रन्दन को।
दूर किया बन्धनको।
युग निर्णायक वह विश्व वंद्य
महावीर !
अतिवीर !
लोक पूज्य युगपुरुष
जनताके हृदयमें
अहिंसाकी अमिट छाप डाल गए।
लोक सम्पति वह,
लोक आदर्श वह,
'विश्वकी विभूति हैं' !!

'विश्व—शान्ति—पथ—दर्शक—सन्मति।'

संसार-शान्ति-दायक सुधांशु
हिंसा-राका-ध्वस्तक-प्रकाशकी शीतलांशु-
होती विकीर्ण,
बिमल वीर-विधुसे अजीर्ण;
करतीं प्रमुदित,
म्लान-प्राणि-कुमुदिनी-कलिकावलिको
जो, अधखिलीं रहीं, हिंसानलसे हो तापित !

पर आज,
छाया जगती पर दुख-कलह-राज;
इस दुःख-कलहके ध्वंश हेतु,
जग-शान्ति-सौख्य-साम्राज्य हेतु,
ओ ! विश्व-जनो,
लो, महावीर उपदेश-अमल
हो, शान्ति-मग्न, पा सुखद शान्ति-परिमल !

—वीरेन्द्रप्रसाद जैन।

मांसाहार एवं पैशाचिक बुद्धिहीनता।*

(ले० श्री० डॉ० किशोरीलालजी वर्मा, मे० ओ०, अलीगंज)

हम लोग संसारके क्षणिक जीवनमें कुछ ऐसे भ्रममें पड जाते हैं कि यदि उस जीवन कालका अनुमान लगाया जाय तो शुभकर्मों की रोकड वही पर चढानेके लिये जमामें 'कुछ नहीं' निकल सकता है; जीवन प्रायः कष्टमय है। उसमें सुखाभासकी झलक जो कभी दैव अनुकम्पासे दिखती है, वह स्थायी नहीं। भौतिकसुख इन्द्रिजन्य होनेके कारण सुखाभास है। उसकी तुलना आत्माह्लादसे, शुद्ध आत्मसुखसे नहीं की जा सकती। सच्चे सुखसे शुद्धविचार उत्पन्न होते हैं। विचारोंकी मलिनता सच्चे सुखको नष्ट कर देती है। यह जानबूझकर भी हमलोग दुखी होते और दुखके कारण बनते हैं, आश्चर्य केवल यही है। हम क्यों रोगी हैं? इसलिये कि शरीरमें विकारविष उत्पन्न किया है और वह हमारे ही आचार विचारोंका फल है।

किसी रोगकी पहिचान लक्षणों द्वारा होती है, किन्तु केवल लक्षणोंका जानना उस समय तक व्यर्थ है जबतक कारणका बोध न हो और उसकी चिकित्साका ज्ञान न हो। जो कुछभी शरीरमें विष उत्पन्न होता है वह भोज्य पदार्थोंकी अन्तिम परिणत अवस्था एवं विचारोंके प्रभावसे होता है जो ऐसे भोज्य पदार्थोंकी इच्छा उत्पन्न करते हैं। इसलिये ही चिकित्सकको बहुधा असफलता होती है। वैसे तो कई एक ऐसे भोज्यमदार्थ हैं जिनपर विचार प्रकट किये जा सकते हैं, किन्तु यहां पर मैं केवल मांसाहार पर ही सीमित रहूंगा।

यदि हम स्वयं ठीक नहीं रह सकते तो दूसरे अवश्य ठीक करेंगे। हम लोगोंको पापों और दुष्कर्मोंके लिये कोई दूसरा दंड नहीं देता बल्कि मेरी समझमें पाप और दुष्कर्म स्वयं हमको सजा देते है।

हिपोक्रेटस, जिसने चिकित्सा निकाली और जो शाकाहारका दक्ष डाक्टर था, उसकी यह शिक्षा थी कि भोजनही केवल औषधि है और औषधि केवल भोजन है।

भोजन करना और उसका मलमूत्र बनना अथवा व्यर्थ पदार्थोंका बाहर निकलना, ये दो प्रथक क्रियायें हैं। यदि परिणत भोज्यका व्यर्थ अंश छाटनेमें शरीरके अंगोंपर अधिक प्रभाव पडता अथवा उनकी छिन्नता हो जाती है, तो शरीर शिथिल होकर रोगी हो जाता है जिसे केवल डाक्टर या रोगी जान सकता है।

मांसके आहारसे अंगोंकी शिथिलताके अतिरिक्त किसी और भोजनकी अपेक्षा अधिक

---

* डा० टाल्वाटके अंग्रेजी लेखके आधारसे लिखा हुआ स्वतंत्र लेख —सं.—

शारीरिक क्षति होती है। मांसको पकानेमें उसके जीवन प्रदान करनेवाले मूल कण समाप्त हो जाते हैं और केवल तेजाब एवं नायट्रोजिनिस पदार्थ अर्थात् वायु उत्पादक अन्तिम शेष रह जाते हैं। इन पदार्थोंको ग्रहण करनेका अर्थ केवल क्रमशः आत्मघात करना ही कहा जा सकता है।

पके हुये मांसमें नायट्रोजन मनुष्यकी आवश्यकतासे कहीं अधिक और सलफर तथा फास्फोरस की राख अधिकतर रह जाती है, जिसमे मूत्र सौगुना तेजाबी उस मूत्रके अनुपातसे होता है जो एक अनुमानित भोजनसे बनता है। फल और साग मांसके साथ ग्रहण करनेके उपरान्तभी उनके खारी नमक इस तेजाबका समीकरण नहीं कर सकते है। मेरा अनुभव है कि मांसाहारियोंको बहुधा रक्तदबावके अधिक होनेके रोग शाकाहारियो की अपेक्षा अधिक होते हैं। उनके मूत्राशयभी कमजोर होते हैं।

मिचीगन यूनीवर्सिटीके प्रो० श्री न्यूबर्गका कथन है कि अधिकांशमें अधिक समय तक मांसाहार करनेसे धमनियां मोटी हो जाती हैं और ब्राइट्स डिजीज, सिलसिलबोल अथवा बहुमूत्र और गुर्देकी बीमारियां हो जाती हैं। रूसके प्रमुख डाक्टर एनीच्कोने भी यही प्रमाण दिया है कि कोलेस्ट्रोल जो मांसकी चर्बीका मुख्य अंश है, धमनियोंकी सिकुडन अथवा आर्टीरीयो स्कीलोरीसस उत्पन्न करता है। प्रो० मेकोलम अमेरीकाका एक प्रसिद्ध भोज्य रसायनवेत्ता डाक्टर है। उसका मत है कि मांस कोई और किसी प्रकार मनुष्यके लिये उसके स्वास्थ्यको लाभकारी या आवश्यक भोज्य-पदार्थ नहीं है।

भोज्य पदार्थोंके मुख्यांशकी रसायन क्रियाका खारी अथवा खट्टी या तेजाबी होना ही पाचन क्रियाकी विधि पर प्रभाव डालता है। रक्तकी रसायनाक्रिया साधारणतः ७५ प्रतिशत खारी तथा २५ प्रतिशत खट्टी या तेजाबी होती है। फल तथा सागके नमकभी अधिकसे अधिक खारी और तेजाबी हो सकते है। अतः उनकी मात्राका ठीक अनुपात जानलेना उचित है।

कदाचित् रक्तके तेजाबका अनुपात ठीक रहे और तेजाबी भोजन ग्रहण किया जाय तो भी शरीर कार्य करता है, परन्तु इस अनुपातका घट बढ जाना संकटसे खाली नहीं है।

जो भोज्य पदार्थ खारी नमक बनाते हैं वह तेजाबका समीकरण करते हैं और जो तेजाबी नमक बनाते हैं वह खारका समीकरण करते हैं। इस प्रकारकी क्रियायें और प्रातिक्रियायें जो भोजनसे उत्पन्न होतीं हैं, शरीरकी रसायन क्रियाको ठीक रखतीं हैं। रोटी बिस्कुट और अन्य अन्न पदार्थ तेजाब उत्पन्न करते हैं और फल साग और बादाम आदि खार। यही इस प्रकार रसायन अनुपातको रक्तमें ठीक रखते हैं।

मांस, मछली, अंडा एवं चीज गहरे तेजाबी भोज्य पदार्थ हैं और जब यह पाचनक्रियामें जल जाते हैं तो यह तेजाबी अनुपातको सलफ्यूरिक एसिड यूरिक एसिड और फास्फोरिक एसिडमें परिणत होकर बढा देते हैं। जिससे मूत्ररोग, हृदयकी धमनियोंका रोग और एपोप्लेक्सी एक प्रकारका लकवाका रोग उत्पन्न होता है।

कुछ व्यक्तियोंका ऐसा निराधार विचार है कि मांसके अतिरिक्त अन्य रूपेण शक्ति उत्पन्न नहीं हो सकती। यह पैशाचिक मनोवृत्ति है। ऐसे व्यक्तियोंका हृदय पाषाण है जो पर दुखसे नहीं पसीजता। इनमें दया छू तक नहीं गई है। वे केवल असार संसारके दिखावटी वैभवोंमें लिप्त होकर चूर हो रहे है।

मेजर जनरल सर राबर्ट मेक गेरीसनने जो ब्रिटिश साम्राज्यका प्रमुख भोजनका दक्ष डाक्टर है, कहा है कि यदि अन्न, दूध और ताजे साग विधिपूर्वक ग्रहण किये जावें तो वे मनुष्य शरीरकी बनावट और उसके कार्यक्रमको ठीक रखते हैं। उन्होंने मांसको अनावश्यकीय भोज्य पदार्थ बताया है।

एक साधारण किन्तु निराधार विचार यहभी है कि जो भोजन हम करते हैं उसके अनुसार या उससे ही तत्काल शक्ति उत्पन्न हो जाती है। होता ऐसा कुछ भी नहीं है। शरीरकी युनिट अथवा बनावटके मूल अंश छोटे छोटे कण हैं, जिन्हें अंग्रेजीमें सेल्स cells कहते हैं। यह सेल्स शरीरके भीतर सौ मील प्रति घंटेकी दरसे पृथ्वीके चक्करोंकी गतिके अनुसार दौडते रहते हैं। इस प्रकार यही कण शक्तिके आकर्षणकी लकीरों पर हो कर शक्ति उपार्जन करते रहते हैं, जिससे शरीरमें एक स्फूर्तिका आभास अथवा बिजलीका चार्ज हो जाता है। अतएव शरीरकी प्रथम शक्ति उसके आन्तरिक स्थानसे ही प्राप्त होती है।

डा० बरघोल्ज एक अमेरिकन डाक्टरने बताया है कि प्रत्येक पौधा फल, साग इत्यादिमें दो प्रकारके रेशे होते हैं, जो बिजलीके पोजिटिव और निगेटिव तारोंका काम करते हैं। और जब यह भोजन द्वारा शरीरमें पहुचते हैं तो पाचनक्रियाके अतिरिक्त जो रसायनकी बनावट इत्यादिमें उपयोगी होता है, एक बिजलीको अपने रेशोंकी मिलावट द्वारा शरीरमें उत्पन्न करता है। वही शक्तिको एकत्रित करते हैं और फिर धीरे धीरे उस शक्तिको निकाल देते हैं। इसका उदाहरण इसप्रकार है कि एक गेल्वनो मीटरके सरकिट अथवा तारोंके जुडे हुये घिरावमें सेब लगा दीजिये तो सुई हिलने लगेगी और फिर क्रमशः रुक जायेगी। फिर उस सेबको निकाल कर थोडी देर अलग रख दीजिये। जब उसमें आक्सीजन हवासे प्रवेश कर लेगी तो फिर उसको सरकिटमें लगा दीजिये। वही क्रिया फिर होने लगेगी। इससे यह प्रमाण मिला कि आक्सीजन शरीरमें भोजनद्वाराभी कार्यक्रममें आती है और कार्बन डी आक्साइड निकल जाती है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि भोजनसे कण अथवा सेल्स बनती हैं जो आकर्षण स्थानसे शक्ति उपार्जन करके अपनी दौडसे एक बिजलीकी उत्पत्ति करती है, जिससे शरीरकी गरमी और चलनोफिरनेकी क्रिया होती है। इसीके द्वारा हम अपनी इच्छानुसार चलते फिरते और कार्यक्रम करते हैं। जब उक्त क्रियामें किसी अमुक भोज्य पदार्थसे रुकावट उत्पन्न हो जाती है और जिस अंगमें भी यह सेल्स ठीक दौड नहीं लगा पाती वही अंग शिथिल होकर बीमार हो जाता है। इससे यहभी सिद्ध होता है कि जो शक्ति हमको जीवित रखती है, रुकावट होनेसे तेजीसे हमको मार भी सकती है। किसीका भोजन किसी का विष भी हो सकता है, क्यों कि शरीरकी धमनियोंकी बनावटमें उसकी परिस्थितिके अनुसार अन्तर होता है। कुत्तेका पेट हड्डी हजम कर सकता है, पर मनुष्य नहीं। बादाम कुत्तेको मार

सकते हैं। मनुष्यको लाभकर हैं, नींबूका रस बिल्ली और खरगोशके लिये विष है। कपूरसे किनारी नामका जानवर मर जाता है। कबूतर अफीम अधिकांशमें खा लेता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं।

हमारे शरीरकी बनावट भोजनपर निर्भर है। अतएव उचित भोजन जो शाकाहार है उसको विधिवत ग्रहण करनेसे असाधारण रुकावट नहीं होती और शरीर हृष्टपुष्ट ठीक विचारोंको उत्पन्न करनेमें सहायक होता है।

यह धारणाभी गलत है कि मांससे मांस उत्पन्न होता है, क्यों कि पकने पर उसके जीवित कण नहीं रहते और कण भी भिन्न होते हैं। मांस भोजन मानवको पशु बना देता है।

मैं अब यह बताता हूं कि मांसाहारी जानवरों और मनुष्योंमें क्या अन्तर है।

जितने भी मांस खानेवाले जानवर है उनकी आंते छोटी होती हैं; जैसे शेर। उसकी आंत १५ फीट लम्बी होती है। इसके विपरीत, जितने जीव संतोषी शाकाहारी अथवा मांस न खानेवाले हैं उनकी आतें २६ से ३० फीट तक लम्बी होती हैं, जिससे साग पात लम्बे समय तक सडगल कर पाचनक्रियामें रस बना सके. इसी प्रकारसे मनुष्य और मांसभक्षी पशुके दांतोंमें भी अन्तर है। यदि एक बन्दरको बंद करके मांस खिलाया जावे तो उसे तपेदिक हो जायेगी। सागके भोजनमें कई ऐसे सुन्दर अमूल्य पदार्थ हैं जो मनुष्यको हृष्टपुष्ट रखनेमें लाभकारी होते हैं। सबको न बताकर केवल एक सोयाबीनका ही उल्लेख करूंगा। इसमें लेसीथीन और फासफोरस ब्रह्माण्डकी शक्तिके लिये ठीक अनुपातमें होता है। इसमें बेसीलिस एसिडोफिल्स अर्थात् एक प्रकारके आंतके कीटाणु जो भोजनकी पाचनक्रिया करते हैं अधिक काल तक जीवित रह सकते और बढ सकते हैं। अतः सोयाबीन मांसकी अपेक्षा कहीं अधिक उत्तम वस्तु भोजनकी है।

ऐसा देखा गया है कि बच्चा पैदा होते समय हृष्टपुष्ट होते हुयेभी २० या २१ वर्षकी युवावस्थामें जब उसे स्वस्थ्य होना चाहिये, रोगी बन जाते हैं, यह भोजनकी ही एवं आचार विचारोंका ही दुर्प्रभाव होनेका फल है। प्रत्येक जीवको अपनी उत्पत्ति और बढान कालके अठगुने समयतक जीवित रहना चाहिये, परन्तु मनुष्यकी आयु दूनी भी कठिनतासे हो पाती है। यह सब केवल ठीक और विधिपूर्वक भोजन न प्राप्त करनेकाही दुष्परिणाम है बहुतसे पदार्थोंका मुख्यांश छील कर या अधिक पकाकर नष्ट कर दिया जाता है अथवा मसालोंसे स्वादिष्ट बनानेके लिये ऐसा भोजन किया जाता है जो अंतडियोंकी अंतरश्लिलीको जलाकर छिन्नभिन्न कर देते हैं और पेचिश इत्यादि रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

अतएव इन्द्रिलिप्सा और पैशाचिकताको छोडकर मानवको उचित है कि वह दयाभाव उत्पन्न करे। शरीर पोषण और स्वास्थ्य वर्धनके लिये वह ठीक और स्वाथ्यकर शाकाहारको ग्रहण करे। लोकके सभी महापुरुष शाकाहारी हुये हैं। भ० महावीरही अहिंसाके अवतार थे। उनके उपदेशसे भारतमें शाकाहार विज्ञानको विशेष उन्नति हुई थी। उनके अतिरिक्त श्री गौतमबुद्ध ईसामसीह मुहम्मद सा० ऋषि दयानंद एवं विश्व विभूति म० गांधीके जीवनचरित्र पढिये और देखिये कि वे अहिंसावृत्तिको धारण करके ही महान् हुये थे। शाकाहारही श्रेष्ठ भोजन है।

The Way to Salvation

By Śrī. Walter Leifer, Dringenberg-Westfalen, Germany

[प्रस्तुत लेखमें जरमनीके प्रसिद्ध पत्रकार श्री वाल्टर लीफर सा. ने पाश्चात्य जगतकी विचारसरणीको हिंसासे दूषित ठहरा कर लोकसे खास कर यूरपवालोंसे यह अपील की है कि वे महावीर, बुद्ध और गांधीके सत्य-अहिंसाके संदेशको सुनें और उस पर आचरण करें। 'मुक्तिमार्ग' यही है। —का० प्र०]

The world has been a field of bloody struggles of the nations between themselves. Mankind discovered highest material matters of important effect, but lost the best values, the central values of humanity — interior liberty and human feeling. Especially, the Western world has to suffer from the products which were made by men, but which themselves made men products of a mechanized century. Where is to be found the solution of this problem of the mechanized Occidental world; *where* is the "*mukti-mārga*" for this part of the human community; where is this way to salvation?

If we, men of Western origin, do not find this way themselves, we should open our hearts to the messages of the East, where India has grown fit to become the home of a spiritual humanism, where Tīrthankara Mahāvīra proclaimed: "Towards your fellow creatures be not hostile. All beings hate pains: therefore do not kill them." And where Buddha taught his pupils his supreme truth: "Manopubbangama dhamma, manosetta, mano-maya — Mind goes first in the world; mind is the best; mind is creative." Did we hear this message of Asia – these words of Buddha, Vīra, Rama, Allah – did we Europeans and other Westerners follow the divine gospel of Christ?

Against all the human messages from Asia, we occidentals had our gospel of imperialism, of nationalism, of chauvinism, of class struggles. The wrosest sides of Western thought led to disharmony of the world.

The year 1948 has been for India a year of tragedy and sorrow. It saw the death of the greatest of all the Indians of our time, perhaps the greatest man of the whole century. What he taught, should be heard by us, the Europeans, the Americans etc., the Occidentals, too. Gandhiji, India's and the World teacher, had the remedy to heal our troubled earth: Ahimsa and Satya!

Let us listen to Gandhiji's World Message! Bapu Gandhiji's object was not so much the liberation of India as the liberation of the men and of the world. Violence is the history of men, but non-violence is the dream of the wise, and the struggle between violence and non-violence goes on not in the outer battlefields, but in the hearts of the men.

The cosmic struggle is a perpetual fight between reason and un-reason, between light and darkness, between love and hate. But the world conscience is weakened. To-day all the men of Occidental birth have only one question : How could we save us? This world is far from liberty from fear – Spengler's the German philosopher's warning : "Decline of the West" is realizing itself. But there was one man in our century, who listened to the interior voices of mankind, who saw the best values of all the religions and of the beliefs, who heard the prophets of his own country and who, at the same time, listened to the Gospel of the Mountain. And he was a prophet himself :

" I believe in non-violence. If I believe in this, there is no enemy. This takes me into realms infinitely higher than the world. You may not harbour an uncharitable thought, even in connection with one who may consider himself to be your enemy. The one who follows this doctrine has no place for an enemy. I have no enemy. The only virtue I want to claim is Truth and Non-violence. I lay no claim to super-human powers. I want none. I wear the same corrupt flesh that the weakest of my fellow-beings wears and I am therefore as liable to err as any."

Non-violence is a central value of humanity and its source is the love-born Truth, that truth called by Buddha's pupils " Aryasacca " – Noble Truth. We Europeans have to see that certain qualities of men and women – pity, mercy, humility are progressively weakened in the atmosphere of our men-murdering world.

The world, and especially, the Western part of our Earth is facing a moral crisis graver, perhaps, than the physical damages of the two world wars. The old question of the Heraclean Fate is Evil or Luck? Greed, hatred, self-interest or real greatness in body, mind, and spirit! We can lead men to the better path-Gandhiji's appeal to Ahimsā and Satya-to non-violence and truth could change our spiritual world and is capable, preaching and practising fearlessness and understanding, leading the struggle against the strongholds of greed and evil. Truth and Non-violence are highest qualities we can possess-Gandhiji's call belongs to a man who redeems the whole human race. May be his body reduced to ashes, which are scattered in the eternal waters of India's holy streams-his two values Truth-Satya and Non-violence–Ahimsā (and I would add the third–Love !–that is the eternal source of all !) will penetrate far into space and time and inspire countless generations and point at the way to salvation for a guideless world. The salvation, which Mahāvīra taught to attain by Right Belief, Right knowledge and Right conduct. Remember the precepts of Truth and Ahimsā and turn them into practice, you will be on the right way of Salvation ;

" Clever talking will not work salvation ; how should philosophical instruction do it? Fools, though sinking lower and lower through their sins, believes themselves to be wise man ! "

World Peace.

By Miss Daphne McDowall, Germany.

श्रीमती कुमारी मैकडोवल अंग्रेज महिला हैं और अमरीकन सैनिक क्षेत्रमें सेवाकार्य कर रहीं हैं। विश्वशान्ति पर उनके विचार पठनीय हैं। वह लिखती हैं कि तीन साल पहले जब पिछला महा-युद्ध समाप्त हुआ तब मैं बडी आशा लेकर जर्मनी आई थी। मुझे आशा थी कि वहां पहुँचकर पुद्गल बादमें फंसी हुई दुनियाको आध्यत्मवादका विश्वासी बनाकर आगे बढाऊँगी। मुझे विश्वास था कि नवजीवनके निर्माणका श्रीगणेश वहाँसे हो सकेगा। नैसर्गिक अथवा प्रेरित कार्य कैसाभी हो सदैव अपना फल दिखाता है। विचारोंके भी अपने परिणाम होते है। फिर वे शायद मलेही कार्य-रूपमें शीघ्र परिणत न किए जा सकें। जैसे को तैसा मिलताही है। अतः हिंसासे हिंसा और द्वेषसे द्वेष पनपतेही है। जो युद्ध हिंसा, द्वेष और क्रूरतासे लडे जाते हैं, उनसे हिंसा द्वेष और क्रूरताही बढती हैं। गत महायुद्ध अपने पीछे एक महान पीडा छोड गया है। इस पीडाके कारण मानव एक दूसरेसे द्वेष कर रहे हैं। और यह द्वेष बढते बढते एक दूसरे महायुद्धमें परिणत हो सकता है। कार्य-कारणका सिद्धान्तही यह है कि जो जैसा बोयेगा वह वैसा पायेगा। हां, इस विशेष वातावरणको मेंटनेका एक मात्र उपाय प्रेम-पवित्र और निःस्वार्थ प्रेमही हो सकता है। जैसे एक घरमें प्रेम न होतो लडाई दुःख और झंझटें ही उसमें होतीं हैं। वहही हाल दुनियाका है। किन्तु जिस घरमें सच्चा प्रेम रहता है वहां स्नेह सुख और शांति फैलती है। अतः यदि लोकके अधिकांश मानव एक दूसरेके प्रति सच्चा प्रेम व्यवहार करें तो युद्ध होही नहीं सकता यह निखिल सत्य है और इसके प्राप्त करनेका ही प्रयत्न होना चाहिए किन्तु दुनियांमें ऐसेभी लोग हैं, जो इस सत्यको असंभव मानते है। पर उनको भी यह सत्य माननाही पडेगा। जिन्हें विश्व प्रेमकी शक्तीमें विश्वास है उन्हें दुगनी शक्ति लगा कर इसका विकास चहूँओर करना चाहिए जिससे दूसरे लोग उसका अनु-भव करें, उसे देखें और उसके अनुसार व्यवहार करें। गरीबसे गरीब मानव भी क्षणभरके लिए इससे प्रभावित हुए विना नही रह सकता। इस प्रभावसें वह शक्ति संचय करता जायेगा। त्रुटिओं और परीक्षाओंके बीचमें निकल कर वह बहुत कुछ सीख लेगा। हमारे दैनिक जीवनपर वैयक्तिक अनु-भवोंके अतिरिक्त सामूहिक अनुभवोंका भी असर होता है। हजारों युद्ध लडे जा चुके हैं तो भी लोक यह नहीं समझ पाया हैं कि युद्धसे बरबादी होती है और मानव उन्नतिमें बाधा पडती है। एक व्यक्ति भी जबतक अनुभव विशेषसे प्राप्त शिक्षाको ग्रहण नहीं कर लेता तबतक वह उसीमें पडा रहता है। स्वार्थमय प्रेम कभी सुख नहीं सिरज सकता मानवको यह विश्वास है तो वह निःस्वार्थ भाव से व्यक्तिसे प्रेम करें और जहां वह व्यक्तिसे निःस्वार्थ प्रेम करनेका अभ्यस्त होगा तो समिष्टीसे भी निःस्वार्थ प्रेम करने लगे।

बहुत कम व्यक्ति हैं जो अपने अनुभवोंसे लाभ उठाते है। त्रुटियोंको वे दुहराते रहते हैं। हर कोई जानता है कि शारीरिक दुर व्यवहारसे दुःख होगा पर फिरभी लोग वैसा करते है। ऐसे लोग तो बहुत थोडे हैं जो अपने अनुभवोंका पर्य्ययवेक्षण करके शिक्षा ग्रहण करते हैं। ऐसेभी मनुष्य है, जो पार्थिव हानियां उठाते रहते हैं, किन्तु उन्हें यह अनुभव नहीं होता कि जबतक वह पार्थिव

वस्तुओंकी इच्छाको इनसे सुख होता, माननेकी भ्रान्तिको नहीं छोड़ेंगे तबतक उनको वैसी हानियां उठानाही पड़ेंगी। विनयका महत्व सीखनेके पहले घमंडीका सिर कई बार नीचा होता ही है। मानव अपने विचारोंसे सृष्टि रचता है, किन्तु फिरभी वह यह अनुभव नहीं करता बल्कि अपने सीमित विचारोंके अनुकूलही परिस्थितियोंको बनाता रहता है। जबतक मानव सर्व विजयी विश्व प्रेमका व्यवहार नहीं करता—जबतक मानव अपनी आत्माको नहीं पहिचानता और जबतक वह यह नहीं जानता कि दूसरेको पीडा पहुँचाना स्वयं अपनेको पीडित करता है, क्यों कि सभी प्राणियोंमें एक समान आत्मा है, तबतक वह परिस्थिती की भ्रान्तिसे निकल नहीं सकता है। अतः जीवनका ध्येय विश्व-प्रेमही है। अलबत्ता उसकी प्राप्ति धीरेधीरे होती है और प्रारम्भमें वह कष्ट साध्यही भासता है। किन्तु आध्यात्म अभिज्ञान जानतेही मानवको उनमें रस आता है। ऐसे प्रेम पूर्ण वैयक्तिक प्रयत्नोंद्वारा ही शान्ति स्थापित हो सकेगी; यह शान्तिकि जिसमें मनुष्य पारस्परिक सौहार्दसे रह सकेंगे और उन्नति कर सकेंगे। जब पर्याप्त व्यक्तिया अपनी स्वार्थ पूर्ण इच्छाओं, भयों और द्वेषों पर काबू पा लेंगे तब न तो युद्ध हो सकेंगे और न उनकी आवश्यकता शेष रहेगी। कुमारी मैकडोवलकी यह उच्च भावना सफलीभूत हो, यह कामना है। —सं०]

Three years ago at the end of the war, I came to Germany with great hopes of helping to build up spiritual beliefs which would lift the world out of the material depths in which it was floundering. I hoped to meet many other persons who believed as I did that Germany as it was at the end of the war provided an excellent opportunity to introduce a new way of living effectively.

Action, whether instinctive or resulting from thought, always produces effects. Thoughts also produce effects even if not immediately resulting in action. Both thoughts and actions are causes and their effects are inevitable whether they are immediately obvious or not. As like attracts like, so violence attracts violence and hate attracts hate, and when wars are carried out with violence, hatred and cruelty, they will only engender violence, hatred and cruelty. The recent war has left much misery which causes people to hate one another and this hate will gather and grow until it finds its outlet once more in another war. Hateful thoughts and actions will bear their fruits for this world is a marvel of law and order and each thought or action brings a just rebound according to its nature. There is one factor only which can break this vicious circle and that is love, if it be pure and unselfish. Just as in a household where no love exists one meets with discord, unhappiness and trouble, so the opposite is true and in a house where true love exists one finds harmony, happiness and peace. It would seem that if enough human beings could love unselfishly the state of war could not exist. This is so very obvious and is worth striving to attain, but there are many who believe it to be impossible and who wonder what is going to teach the human being how to love universally.

There are several ways in which he will learn and *is* learning, though very painfully and slowly. Firstly, persons who are aware of the power of

universal love should redouble their efforts in spreading love about them in the spiritual, mental and physical world so that others will feel it, see it and react to it. The poorest man connot fail to be affected by it ; be it only for a moment and the effect will gather strength each time he comes in contact with it. Secondly, he will learn by a long process of trial and error. We all have individual experiencas through which we may learn what is essential to our individual growth and at the same time we take part in group experiences for the same purpose. The world has not yet learned in spite of thousands of wars that war brings no advancement but only retards progress in every way. Similarly, an individual will face endless variations of one and the same experience until he has learned his particular lesson. A man will go through many experiences of unhappy love, for instance, until he finally learns that selfish love can never bring happiness and, realising this, he may then learn to love a person unselfishly. Having loved the one unselfishly he will learn gradually to love all as one–as a whole.

Few individuals are able to benefit from their physical experiences and they continue repeating the same errors such as, to give a common enough example, maltreating their bodies though they know that they will suffer as a result. Fewer still are those who are able to analyse their life experiences more deeply in order to see what can be learned from them. There are people who continually suffer material losses and never realise that this condition will repeat itself until they have lost the desire for material possessions and cease to bhlieve that happiness can be found in them. The constant suffering from loss will eventually teach them to seek their happiness in something more lasting. Those who fear will be faced with whatever causes their fears until they learn to overcome fear. The proud will be dashed to the ground many times before they learn the meaning of humility. Man creates with his thoughts and still he does not realise that conditions repeat themselves even as his thoughts circle always within the same narrow limits. Few are aware of this repetition but repetition there must be until the lessons are learned by *heart*–until man can practise universal love which conquers all things–until man finds his own Self once again and knows that to hurt others is to hurt oneself since all is contained within the Self.

This being the purpose of life, the process is slow and painful in the beginning but gathers momentum as man begins to approach a knowledge of spirit. Every being which finds its way back to Being makes the path more easy for those who have to follow. It is by individual effort only through that peace will be reached, a peace in which men may develop and grow together in harmony. When enough individuals have overcome their own selfish desires, fears and hatred, wars will not be necessary as teachers and will not be able to manifest because there will not be enough material upon which they can feed and exist.

Establishment of World Peace.

By Prof. Hiralal R. Kapadia, M. A.

[श्री० प्रो० हीरालाल रसिकलाल कापडियाने प्रस्तुत लेखमें भ. महावीरके अहिंसा सिद्धान्त की उपयोगिता सिद्ध करते हुये उसके द्वारा विश्वशान्तिकी स्थापना संभव बताई है। प्रत्येक व्यक्ति लोकमें सुख शान्तिका साम्राज्य देखना चाहता है, परंतु वह सुगम नहीं और न मानवका यह स्वप्न अभीतक सर्वाङ्गरूपेण पूर्ण हुआ है। फिरभी विश्वशान्तिको स्थापित करना आवश्यकही है। भ. महावीरने अपने पूर्व भवोंसे निखिल लोकको सत्यानुयायी बनानेका संतत उद्योग किया था। लोकमें असंतोषका एक मुख्य कारण असहिष्णु भाव है। लोग मतभेद होनेपर दूसरे पक्ष की बात सुनना नहीं चाहते हैं और द्वेषको सिरजते हैं। महावीरने मानवको इस त्रुटिसे सावधान किया और उसे अनेकान्त सिद्धान्त बताकर विशाल दृष्टि दी। सत्यके सर्वाङ्गपूर्ण दर्शन परिमित बुद्धि नहीं कर सकती। महावीर जैसे पूर्ण पुरुषही सत्यके सर्वाङ्गीण दर्शन कर सके थे। अतएव उनकी अनेकान्त दृष्टिसे मानव मतभिन्नताजन्य असंतोषका अन्त करके विश्वशान्तिमें बाधक कारण को मिटा सकता है। अनेकान्तवाद वास्तवमें अहिंसाकी ही रूप वाणी, प्रयोगमें—बोलचालमें है। अहिंसाका प्रकाश मानवके कार्य-व्यवहारमें होता है। अनेकान्तमें सभी दृष्टिकोण सन्निहित हैं। अतः अनेकान्तवादी विपक्षीको शत्रु नहीं समझेगा बल्कि वह उसके दृष्टिकोणको समझकर समाधान करेगा। विपक्षी शत्रुकी बात समझने की क्षमता पानेके लिये अत्यन्त नैतिक साहस अपेक्षित है। जैन न्यायमें नयवाद – सप्तभंगी वाणी आदि द्वारा अनेकान्तका विशद विवेचन है। आज अर्द्धसत्य – संदिग्ध भाषण करना बहु प्रचलित है। यह भयंकर है – इससे तो निरा असत्य संभाषण इतना भयंकर न होगा। अनेकांतवाद एकपक्षीय वक्तव्य देनेसे मानवको सावधान करता है। अनेकान्त संशयवाद नहीं, बल्कि सर्वतोपूर्ण सत्य है। वह मानवबुद्धिकी संशयोंको मेटता है। अहिंसा सिद्धान्तका पालन भारतमें गत ३५ वर्षोंसे किया जा रहा है और जैनोंके लिये तो यह सिद्धांत प्राणरूप है। जैन गृहस्थोंके जीवनकी प्रत्येक धारा अहिंसासे अनुप्राणित है। हिंसाका पूर्ण त्याग जैनमुनि करते हैं। अहिंसा की परिधि अनन्त प्रेममें सीमित है। सच्चा अहिंसावादी यह मानेगा कि " वह प्रत्येकसे प्रेम करता है। जो व्यक्ति उसे क्षति पहुंचा चुका है उसके प्रतिभी वह मैत्रीका व्यवहार करता है-कोई उसे क्षमा करो या न करो, वह सबको क्षमा करता है। उसके हृदयमें किसीके प्रति द्वेष नहीं होता। शत्रुके प्रतिभी समताभाव होता है। वस्तुतः अहिंसा सिद्धान्त मैत्री, प्रमोद, कारुण्य और माध्यस्थ भावनाओं पर टिका हुआ है। साथही अहिंसावादी अपनी आकांक्षाओं और आवश्यकताओंको सीमित—अत्यल्प करके सम्पतिका समुचित बटवारा समिष्टिमें होने देता है। यहभी उसका अहिंसा धर्म है। जैन साधु तो परिग्रह नामका एक धागा भी नहीं रखते। महावीरका यह त्यागमय-अपरिग्रह व्रतभी विश्वशान्तिकी स्थापनामें प्रमुख कारण है। एटम बॉब अथवा अन्य घातक शस्त्रास्त्रोंके प्रयोगसे विश्वशान्ति नहीं सिरजी जा सकती। विश्वशान्तिकी स्थापना महावीरके उपर्युक्त प्रकारसे अहिंसा धर्मको पालनेसेही हो सकती है। लोकके राष्ट्रनेताओंको इस सत्यको जल्दी स्वीकारनेमें विश्वका कल्याण है। —का. प्र.]

Everybody hankers after real perfect and eternal happiness. Some persons believe that there can be no such happiness unless there was peace everywhere in the world-the World wherein geographical distance is now no more a barrier for speedy and direct communication. It is rather very very doubtful that the whole world may give up the very idea of raging wars, righteous or unrighteous, civil or otherwise, and may thus create a paradise to live in this very mortal world. This presupposes that the animal-spirit of gaining one's and even at the cost of others', gives way to the golden rule of 'living and letting others live' not because it is paying but it is to be observed for its own sake. This is an ideal — a desideratum which has not been completely fulfilled so far, though cherished by many a noble-minded personage from times immemorial. Even then a serious attempt in this direction means no loss. Not only does it harm none but it adds to the welfare of at least the person who practises it. Let us see what steps have been suggested and followed by Lord Mahāvīra (599 B .C.–527 B. C.) who earnestly cherished the grand desire in his last but two birth to make one and all the human beings embrace Truth in its highest and perfect form, and who left no stone upturned to fulfil this ambitious and highly desirable goal of his.

One of the factors that leads to trouble is lack of Catholic spirit of toleration and broad outlook. Some persons are so very haughty that they think it quite unnecessary to give a patient hearing to others who hold a view different from theirs. If one were to avoid this pitfall, not only one will not lose any thing but one will succeed in getting this trouble nibbed in the very bud. It will be an enormous gain, if one were to go ahead by trying to consider fully other views than one's own-no matter even, if they are two poles asunder and thus seemingly irreconcilable owing to fundamental difference. To try to understand why another individual holds a different-contrary view, requires a great deal of courage and ability. The highest step in this direction, is to come to a final decision, and to boldly pronounce it in unambiguous terms. These are the main steps which, if followed, can eradicate the chance of misunderstanding and misrepresentation so very common in these days, can smoothen spiritual progress and thus lend a helping hand in establishing world peace, a dream of an idealist.

Lord Mahāvīra had wiped out one and all the passions for ever and could therefore perceive and practise Truth-whole Truth, though multifarious, and of which an ordinary man can hardly see even one face or aspect. This Truth is reflected in toto, in his general sermons which have for their adamantine basis, the two eternal principles of *anekāntvāda* and *ahiṁsā*. The former belongs to the domain of speech, a visible force, and the latter to conduct or behaviour, rather difficult to be properly judged at times even by one self.

Anekāntvāda has a number of synonyms such as *syādvāda, saṁhāravāda, vibhajyavāda, saṅkīrṇavāda, ākulavāda, tad-atad-vādā, sarvavastuśabalavāda*

and the like. It means a statement which gives a due place to all the view-points including those of the opponents and rivals and which though, in a way one-sided (as it comes within its own range and recoils on itself) is all-embracing.[1]

This doctrine of the *Jainas* clearly enunciated and fully resorted to by their *Tīrthaṅkaras* is unlimited in sphere; for, not only an epistemological discussion but even a metaphysical question and an ethical one, too, come within its domain. It is the fundamental theorem of the *Jain nyāya*, and it has *nayavāda* and *saptabhaṅgī* as its corrolaries. It is the master-key of opening the heart-locks of different religions. It is the main fountain of temporal and spiritual progress. It is the theory of cumulative truth. Such being the case, if *anekāntavāda* is properly understood, preached and sincerely practised, it will solve a number of our present-day problems without falling a prey to adopting a policy of telling half truths which are more dangerous than naked falsehood. For *anekāntavāda* warns us to guard ourselves from making one-sided statements and regarding them as absolutely true. This *anekāntavāda* is not scepticism-not even pragmatism. It gives a definite answer-only one answer, when the standpoint is specifically mentioned, and it thus never leaves us in doubt about the nature of any object or problem.[2]

Anekāntvāda is *ahiṁsā* in speech, and as such it forms a part and parcel of the noble and ennobling doctrine of *ahiṁsā*. So I shall now say a few words about *ahiṁsā*.

Lord Pārśva (877 B. C.– 777 B. C.), the 23rd *Tīrthaṅkara* of the *Jainas*, propounded the four *yāmas* and Lord Mahāvīra, the last (24th) *Tīrthaṅkara* who flourished in India in this present Huṇḍā-avasarpini-cycle of time, said the same thing when he enunciated the five *mahāvratas* (great vows) viz. abstention from (a) *hiṁsā*, (b) untruth, (c) stealth, (d) non-celibacy and (e) possession (*parigraha*).

The doctrine of *ahiṁsā* has been known and practised in India at least for the last 35,00 years, and it has been the very life-breadth for the *Jainas*, for it permeates all walks and modes of life of even the Jaina laity. Complete cessation from *hiṁsā* is prescribed for the *Jaina* clergy by their *Tīrthaṅkaras* not with a view to furnishing them with an ideal for an ideal sake but with the full understanding that this highest ideal can be so realised in the final and highest stage of their life.

Amongst all the vows, small or great, *ahiṁsā* holds the foremost place, for, it is like a field, and the rest of the vows are like hedges to protect it.

---

1. See *Sammaīpayaraṇa* (III, 21).

2. For a detailed exposition of *anekāntavāda* see my book *The Jaina Religion and Literature* (Vol. I, pp. 160–176) and my introduction (pp. CVII–CXXI) to *Anekāntajayapatākā* (Vol. II).

Ahiṁsā which was translated as Non-violence by Mahatma Gandhi and which means more than this word 'non-violence' when taken in its ordinary sense connotes, is not merely a negative virtue. Its province of love knows no bounds. A true follower of *ahiṁsā* can say-nay assert : I love one and all. I am a friend of even those who have done harm to me through negligence or otherwise, and they, too, are my friends. So I forgive their faults. It does not matter at all, if any one of them does not forgive me. I have love for all the living beings and have enmity for none–not even for the offender.

This doctrine of *ahiṁsā* is based upon the following four cardinal virtues known as *bhāvanās* :— (i) *Maitrī* (amity-love), (ii) *pramoda* (serene joy) (iii) *kāruṇya* (compassion) and (iv) *mādhyasthya* (detachment).[3]

One should curtail one's wants and should set a limit to one's possessions. One should not even dream of depriving others of their legitimate possessions. This one can do, provided one has annihilated the evil attachment to possessions. This means : one should take the vow of *aparigraha* which a *Jaina* Saint is expected to observe in all its bearings. Renunciation of possessions, a corollary of the theorem of *ahiṁsā*, will go a great way in bringing about peace at home and abroad.

It is not the incessant dread or throw of atom-bombs or even deadlier weapons than these that can bring about world-peace. If it is ever to be achieved, it will by the correct understanding and exposition of the gospel of *ahiṁsā* (in thought, word and deed) and its thorough and sincere application regarding diet, dress, occupation—in short, any and every walk of life. Let us hope that the magnates of the world who delight in drinking deep from the fountain of rank materialism will soon realise this and quickly commence to wear the golden diadem of spiritualism (*adhyātmavāda*) studded with priceless jewels in the form of the *mahāvratās* freely given by every sagacious seer of the world.

---

3. For further particulars about *ahiṁsā* the reader may refer to my paper intitled " The Doctrine of Ahiṁsā in the Jain Canon." It is being published in instalments in the " Journal of the University of Bombay." Two have been already published in Arts Nos. 21 (pp. 89–118) and 22 (pp. 72–96); and the third is in press.

The Urgent Necessity of Universal Love and Non-Violence.

By Śrī Thomas H. Lawrence, Liverpool.

श्री टॉमस लॉरेन्स सा० ब्रिटिश सेनामें एक अफसर है। जैनधर्मकी शिक्षासे वह प्रभावित हुये है। इस लेखमें उन्होंने विश्वशान्तिके लिये अहिंसाको अचूक औषधि बताया है। वह लिखते हैं कि तीसरा एटम-युद्ध प्रारंभ हो उसके पहलेही लोकको अहिंसाधर्मानुयायी हो जाना आवश्यक है। मानवने अभीतक—युद्धका विनाश और हाहाकार देखकरभी—पशुबलकी निरर्थकता नहीं पहचानी और अहिंसाकी उपयोगिता नहीं जानी, यह आश्चर्य है। मानव परमात्माको भूले हुये है। यहूदी कहता है कि जो तुमको अप्रिय है उसका प्रयोग अपने पडोसी पर मत करो। अरब कहता है कि अपने साथी भाईके साथ वैसा व्यवहार मत करो जैसा वह तुम्हारे प्रति नहीं चाहता। इसपर भी फिलस्तीनमें यहुदी और अरब रक्तपातमें संलग्न है। ईसाई कहता है कि लोकमें शान्ति हो-मानवोंमें समभाव फैले। किन्तु ईसाई ईसाई आपसमें बराबर लडते आ रहे हैं। हिंदू-जैन-बौद्ध-पारसी-कन्फ़्यूजियन आदि सभी धर्मवाले समभाव की बात कहते है। किन्तु उनके ही अनुयायी बच्चे-बूढों-जवान—औरतों सबका वध करते हुये नहीं हिचकते। मानव भूल गया है कि द्वेषसे द्वेषका अन्त नहीं होता। प्रेम सर्वजयी है, किन्तु मानवको उसकी शक्तिमें विश्वास नहीं। मानवको भूलजाना चाहिये कि वह भारतीय, अंग्रेज, चीनी, अमरीकन, रूसी, पोल, फ्रेन्च, ग्रीक, अरब आदि है। वह अन्तर्राष्ट्रीय 'मानव' बन जावे और भाषाका भेद भुला दे। म०गांधीने अपने विश्वप्रेम और अहिंसाके प्रयोगोद्वारा विशेष सफलता पाई थी। अमरीकाके एटम बॉम्बसेभी अधिक सफल वह हुये। लोक सत्य और अहिंसाकी शक्तिको पहिचानता जा रहा है और यह दिन जल्दी आनेवाला है जब लडनेवाले केवल राष्ट्रनेतागण ही रह जायेंगे। जनमत उनका साथ नहीं देगा और तब युद्धहो ही नहीं सकेंगे। अतएव विश्वशान्तिके लिये अहिंसाका प्रचार होना आवश्यक है। सब देशोंमें अहिंसाधर्मकी शिक्षा देनेकी प्रबंध होना चाहिये। लोकका कल्याण इसीमें है। —का० प्र०]

It is imperative that the creed of Universal Love and practice of Non-Violence be accepted by the nations of the world before we stupidily hurtle into the atomic war of self-destruction.

World wars have come and gone bringing only bitter grapes as the fruits of victory.

Already, atomic weapons of annihilation are being hammered out on the anvils of nations East and West and Scientists the world over are probing deeper and deeper into the diabolic plans for Bacteriological warfare.

The blood upon the fields; the entrails in the dust; the nibbled towns; the glass eyed children and broken emaciated women clinging to more broken and tattered men in clotted sadden unproud uniforms are the harvestings of

war. Mankind has still not realised the futility of conquest by force and fails to see the greater possibilities of Victory in Universal Love and non-violence. Man has strayed away from God and Sanity....God is left out of the councils of men and Love is locked out of the world's bedchamber.

The Jew says " whatever you do not wish your neighbour to do unto you do not unto him." The Arab says " Let none of you tread a brother in a way he himself would dislike to be treated.." Although their ideologies differ they both possess the universal soul and yet in Palestine they screep their Torahs and their Korans and slaughter, crying aloud against their neighbours actions...

" Peace on Earth, Goodwill unto all men " says the Christian world and yet since first the words were uttered Christian has fought Christian and not been averse to invoking the aid of the almighty for his side !

All Religions have that one wonderous Golden Universal Rule so admirably expressed in Hinduism :

" The True Rule is to do by the things of others as you do by your own."

Jainism, Buddhism, Zoroastrianism, Confucianism, Taoism, and the Bahai Cause say the same, wording it differently and for all that we still girt our armour on and go out and slaughter our brothers, his children and take unto ourselves his women and leave them raped among the nibble that was once his civilisation...and when we return we find he has done likewise to our possessions and hatred is the more engendered. In our blind fury we forget that Hatred cannot kill Hatred...only Love can and all through the centuries, ever since Time began love has waited and still waits.

Man is still afraid to take the risk of Love and Non-Violence working the miracle he has so long striven by force of arms to gain a world of Non-Violence, Universal Love and Peace.

He must forget that he is Indian, British, Chinese, American, Russian, Pole or French, Spanish, Greek, Egyptian, Syrian, Arab or Jew...He must be first and foremost International. He must break down the Barrier of language and then he must tear down the veil of ignorance. These two things keep Universal Love and Non-violence from creating the wonderous glorious Golden World of Peace we seek.

Mahatma Gandhi achieved more by his belief and practice of Universal Love and Non-Violence than America did with her two atom bombs upon Nagasaki and Hiroshima.
